www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com

67 YEARS देशबन्धु

पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु

रायपुर, मंगलवार, 29 अप्रैल 2025 । वर्ष – 67 । अंक –13 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु. प्रेस पंजीयन- 06072/59




- व्यापार की बदहाली और भारत
- भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर टिकी हैं सबकी निगाहें

पृष्ठ 6

- पाकिस्तान को एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में डाले भारत : ओवैसी
- गाजा में इजरायली हवाई हमले में 43 फिलिस्तीनी मारे गए

पृष्ठ 7

केएल राहुल टी-20 में वापसी करेंगे : पीटरसन

पृष्ठ 8


# पहलगाम अटैक कश्मीरियत पर हमला : उमर

## मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला का आतंकवादी हमले पर विधानसभा में भावुक संबोधन

- मृतकों के परिजन से क्या कहूं, माफी के लिए शब्द नहीं
- पहलगाम हमले में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी गई
- विधानसभा ने एक स्वर में आतंकी हमले की निंदा की



जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा लोगों की चुनी हुई हुकूमत की जिम्मेदारी नहीं है, लेकिन मुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री होने के नाते मैंने इन्हें बुलाया था। मेजबान होने के नाते मेरी जिम्मेदारी थी कि इन्हें सुरक्षित भेंजू, नहीं भेज पाया।

**जम्मू,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। जम्मू-कश्मीर विधानसभा में सोमवार को पहलगाम हमले में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी गई। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा- मेजबान होने के नाते मैं सुरक्षा के लिए जिम्मेदार था। इन लोगों के परिजन से मैं कैसे माफी मांगू। मेरे पास कोई शब्द नहीं है। विधानसभा में पास प्रस्ताव में कहा गया कि पहलगाम हमला कश्मीरियत पर हमला है। उमर ने कहा- जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा लोगों की चुनी हुई हुकूमत की जिम्मेदारी नहीं है, लेकिन मुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री होने के नाते मैंने इन्हें बुलाया था। मेजबान होने के नाते मेरी जिम्मेदारी थी कि इन्हें सुरक्षित भेंजू, नहीं भेज पाया। उमर ने कहा- उन बच्चों से क्या कहता, जिन्होंने अपने वालिद को खून में लिपटा हुआ देखा। उस नेवी अफसर की विधवा को क्या कहूं, जिन्हें शादी किए हुए ही चंद दिन हुए थे। कुछ लोगों ने पूछा कि क्या कसूर था हमारा। हम पहली बार कश्मीर आए थे छुट्टी मनाने के लिए। इस छुट्टी का जिंदगी भर खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

विधानसभा में पास प्रस्ताव में कहा गया कि ऐसे आतंकी हमले 'कश्मीरियत', देश की एकता, शांति तथा सद्भावना पर सीधा हमला हैं। विधानसभा ने पीड़ितों और उनके परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए उनके दुख में सहभागी बनने का संकल्प जताया। विधानसभा ने जम्मू और कश्मीर के लोगों की ओर से हमले के बाद दिखाए गए एकजुटता, करुणा और साहस की सराहना की। प्रस्ताव में यह भी बताया गया कि प्रदेशभर में शांतिपूर्ण प्रदर्शन हुए और लोगों ने पर्यटकों को सपोर्ट किया। जम्मू कश्मीर विधानसभा ने एक स्वर में पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की।

### प्रधानमंत्री मोदी व रक्षा मंत्री राजनाथ ने की बैठक

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बीच सोमवार को एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। यह बैठक प्रधानमंत्री आवास, 7 लोक कल्याण मार्ग पर हुई। प्रधानमंत्री मोदी और रक्षामंत्री के बीच यह बैठक करीब 40 मिनट तक चली। पीएम मोदी के पास जाने से पहले रक्षामंत्री ने सोमवार को ही आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी से रक्षा मंत्रालय में मुलाकात की थी। माना जा रहा है कि इस मुलाकात के दौरान राजनाथ सिंह ने सेना प्रमुख से सेना की तैयारी, पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद उठाए गए कदम और सीमाओं की स्थिति की जानकारी ली।

### वायुसेना को तैयार रहने के आदेश

पाकिस्तानी सेना की सीमा पर बढ़ती हलचल के मद्देनजर दो मिनट के भीतर भारतीय वायुसेना को तैयार रहने के लिए कहा गया है। रक्षा सूत्रों के अनुसार, ऐसा कदम दोनों देशों के बीच आरंभ हुए वाक्युद्ध तथा सैनिक तैयारियों के मद्देनजर उठाया गया है। इस बीच सीमा पर पाकिस्तानी तैयारियों के मद्देनजर जहां हाई अलर्ट जारी किया गया है वहीं दोनों पक्षों के बीच एलओसी के कई सेक्टरों में होने वाली गोलाबारी थमी नहीं है। सेनाधिकारी इस बात की पुष्टि करते हैं कि पाक सेना ने जम्मू कश्मीर की सीमाओं पर अपने फौजियों की >> शेष पृष्ठ 7 पर >

### न्यूयॉर्क टाइम्स का दावाः भारत कर रहा हमले की तैयारी

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत चुप नहीं बैठेगा और पाकिस्तान पर हमला जरूर करेगा। अमेरिकी अखबार द न्यूयॉर्क टाइम्स ने चार डिप्लोमेट्स के हवाले से यह दावा किया है। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट है कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम >> शेष पृष्ठ 7 पर >

# प्रदेश के कई क्षेत्र नक्सल मुक्त अंतिम सफलता बहुत निकट : साय



**रायपुर,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज मंत्रालय स्थित अपने कार्यालय में छत्तीसगढ में नक्सल उन्मूलन अभियान की समीक्षा की। बैठक में गृह मंत्री विजय शर्मा, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव गृह मनोज पिंगुआ, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अरुण देव गौतम, विशेष डीजी नक्सल ऑपरेशंस, सीआरपीएफ और अन्य सुरक्षा बलों के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक का मुख्य फोकस प्रदेश की आंतरिक सुरक्षा स्थिति और नक्सल उन्मूलन अभियानों की प्रगति रहा।

- मुख्यमंत्री ने की नक्सल उन्मूलन अभियान की समीक्षा

मुख्यमंत्री साय ने बैठक में कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में प्रदेश को नक्सलमुक्त बनाने के संकल्प के साथ दृढ़ता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि मार्च 2026 तक नक्सलवाद का समूल उन्मूलन करना हमारा लक्ष्य है और इस दिशा में हम हर संभव प्रयास कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने सुरक्षा बलों के अधिकारियों और जवानों के अदम्य साहस, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए कहा कि उनकी बहादुरी के कारण आज प्रदेश के कई क्षेत्र नक्सल प्रभाव से मुक्त हो चुके हैं। उन्होंने सुरक्षा बलों के मनोबल को और ऊंचा बनाए रखने के लिए उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि अंतिम सफलता अब बहुत निकट है। मुख्यमंत्री साय ने विशेष रूप से यह निर्देश दिया कि नक्सल विरोधी अभियानों में आपसी समन्वय और सूचना संकलन तंत्र को मजबूत किया करते हुए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि नक्सल उन्मूलन केवल एक अभियान नहीं, बल्कि बस्तर और छत्तीसगढ़ के भविष्य को सुरक्षित करने का मिशन है, जिसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार्य नहीं है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि बीजापुर, सुकमा और दंतेवाड़ा जैसे जिलों में सुरक्षा और विकास दोनों को साथ लेकर चलना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्थानीय समुदायों का विश्वास जीतने के लिए संवाद बढ़ाया जाए और क्षेत्र में विकास कार्यों को तेज गति से पूरा किया >> शेष पृष्ठ 7 पर >

## सार संक्षेप

### दिल्ली में आयुष्मान वय वंदना कार्ड की शुरुआत

**नई दिल्ली।** दिल्ली में 70 वर्ष या उससे अधिक उम्र के बुजुर्गों के लिए आज से आयुष्मान वय वंदना कार्ड का वितरण शुरू हो गया। इस कार्ड के जरिए बुजुर्गों को 10 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिलेगा, जिसमें 5 लाख रुपये आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) के तहत और 5 लाख रुपये का अतिरिक्त स्वास्थ्य बीमा दिल्ली सरकार देगी। इस योजना की शुरुआत दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में एक भव्य समारोह में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने की।

### तमिलनाडु में 30 से अधिक बांग्लादेशी गिरफ्तार

**चेन्नई।** दिल्ली पुलिस ने तमिलनाडु के कांचीपुरम जिले के मंगडू और कुनराथुर इलाकों में अवैध रूप से रहने के आरोप में 30 से अधिक बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को इन लोगों की मौजूदगी की गुप्त सूचना मिली थी, जिसके बाद छापेमारी कर यह कार्रवाई की गई। गिरफ्तार किए गए लोगों में महिलाएं और बुजुर्ग भी शामिल हैं। सभी को फिलहाल कोलप्पकम के एक सामुदायिक कल्याण केंद्र में रखा गया है।

### चारधाम यात्रा के लिए ऑफलाइन पंजीकरण शुरू

**हरिद्वार।** उत्तराखंड के तीर्थ स्थल हरिद्वार में चारधाम यात्रा के लिए ऑफलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया सोमवार सुबह 7 बजे से ऋषिकुल मैदान में शुरू हो गई है। इस अवसर पर देश के विभिन्न राज्यों से आए श्रद्धालुओं में गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। सुबह से ही तीर्थयात्री लंबी-लंबी कतारों में खड़े होकर अपने पंजीकरण की प्रतीक्षा करते नजर आए। ऋषिकुल मैदान में स्थापित चारधाम यात्रा पंजीकरण केंद्र पर इस बार विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। पंजीकरण प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए 20 काउंटर स्थापित किए गए हैं।

### महाराष्ट्र के भंडारा में हादसा, चार लोगों की मौत

**भंडारा।** महाराष्ट्र के भंडारा में एक सड़क हादसा सामने आया है, जहां चार लोगों की मौत हो गई है। जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है। यह भीषण दुर्घटना मुंबई-कोलकाता राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित भंडारा शहर के निकट बेला गांव में बीती रात हुई। बताया जा रहा है कि एक बोलेरो गाड़ी रायपुर से नागपुर की ओर जा रही थी।

# तहव्वुर राणा की एनआईए हिरासत 12 दिन और बढ़ी

**नई दिल्ली,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। पटियाला हाउस कोर्ट की विशेष अदालत ने 26/11 मुंबई हमलों के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा की राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की हिरासत 12 दिन और बढ़ा दी है। एनआईए ने अदालत से राणा की हिरासत बढ़ाने का अनुरोध किया था, जिस पर सुनवाई के बाद अदालत ने फैसला सुरक्षित रखते हुए सोमवार को आदेश सुनाया। राणा की 18 दिन की एनआईए हिरासत खत्म होने के बाद उसे कड़ी सुरक्षा के बीच विशेष न्यायाधीश चंदर जीत सिंह की अदालत में पेश किया गया। सुनवाई के दौरान एजेंसी ने दलील दी कि 17 साल पुराने आतंकी हमलों की साजिश के जाल को समझने और उससे जुड़े अन्य साजिशकर्ताओं तक पहुंचने के लिए राणा की हिरासत आवश्यक है। उसने यह भी कहा कि जांच के लिए उसे विभिन्न स्थानों पर ले जाना जरूरी है।



- कड़ी सुरक्षा के बीच विशेष न्यायाधीश की अदालत में पेश किया गया

एनआईए की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता दयान कृष्णन और विशेष लोक अभियोजक नरेंद्र मान ने पैरवी की, जबकि दिल्ली विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिवक्ता पीयूष सचदेवा ने राणा का प्रतिनिधित्व किया। पिछले रिमांड आदेश में अदालत ने एनआईए को निर्देश दिया था कि वह हर 24 घंटे में तहव्वुर राणा की मेडिकल जांच कराए और उसे हर दूसरे दिन अपने >> शेष पृष्ठ 7 पर >

# प्रधानमंत्री का सर्वदलीय बैठक में न आना शर्म की बात : खरगे

**जयपुर,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि यह देश की बदकिस्मती है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में वह शामिल नहीं हुए। खरगे आज यहां 'संविधान बचाओ' रैली को संबोधित कर रहे थे। पहलगाम आतंकी हमले के बाद दिल्ली में हुई सर्वदलीय बैठक का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, कि यह हमारे देश की बदकिस्मती है कि बैठक में सभी पार्टी के लोग आए लेकिन मोदी जी नहीं आए। उन्होंने कहा कि यह शर्म की बात है। उन्होंने कहा, 'देश के स्वाभिमान को जब धक्का लगा तो आप बिहार में चुनावी भाषण करते रहे लेकिन आप दिल्ली नहीं आ सके। क्या आपके लिए दिल्ली दूर है बिहार से? बात तो बड़ी बड़ी करते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, 'सबसे ऊपर देश है, उसके बाद पार्टी और धर्म होगा। देश के लिए सब लोगों को एकजुट होना चाहिए।'' उन्होंने कहा कि इस देश में सबसे श्रेष्ठ संविधान है जिसके तहत ही हमारा लोकतंत्र चलता है। उन्होंने आगे कहा कि आज जब देश में संकट की घड़ी है, तब लोग एकजुट होकर रहना चाहते हैं, लेकिन भाजपा अपने सोशल मीडिया हैंडल के ज़रिए लोगों को बांटने में लगी है।





### राष्ट्रपति मुर्मु ने पद्म पुरस्कार प्रदान किए

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन में 2025 के लिए पद्म अवॉर्ड्स दिए। साल की पहली पद्म सेरेमनी में 71 हस्तियों को पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री से सम्मानित किया गया। जबकि बाकी हस्तियों को जल्द ही एक अलग समारोह में सम्मानित किया जाएगा। सोमवार को हुई 4 पद्म विभूषण, 10 पद्म भूषण और 57 पद्म श्री पुरस्कार दिए गए।

### जेएनयू छात्र संघ चुनाव
## अध्यक्ष समेत तीन पदों पर लेफ्ट की जीत

**नई दिल्ली,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। जेएनयू छात्रसंघ चुनाव में लेफ्ट समर्थित उम्मीदवारों ने अध्यक्ष समेत चार में से तीन पदों पर जीत हासिल की है। वहीं संयुक्त सचिव पद पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के उम्मीदवार वैभव मीणा ने जीत दर्ज की है। एबीवीपी के मुताबिक, जेएनयू छात्र संघ चुनाव में उनकी यह जीत ऐतिहासिक है। चुनाव नतीजों के मुताबिक, जेएनयू छात्र संघ चुनाव में अध्यक्ष पद पर आईसा-डीएसएफ गठबंधन के नीतीश कुमार विजयी रहे। एबीवीपी की शिखा स्वराज यहां दूसरे नंबर पर रही हैं। उपाध्यक्ष पद पर आईसा-डीएसएफ गठबंधन की उम्मीदवार मनीषा को जीत मिली है। महासचिव के पद पर भी आईसा-डीएसएफ की ही उम्मीदवार मुंतेहा फातिमा ने जीत हासिल की। संयुक्त सचिव पद की बात करें तो इस पद पर एबीवीपी के उम्मीदवार वैभव मीणा को जीत मिली है।

### सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस जारी कर जवाब मांगा
# डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर अश्लीलता मामले में एक्शन ले सरकार

**नई दिल्ली,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को ऑनलाइन अश्लील कंटेंट की स्ट्रीमिंग पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने केंद्र सरकार और 9 ओटीटी-सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने कहा कि याचिका एक गंभीर चिंता पैदा करती है। केंद्र को इस पर कुछ कदम उठाने की जरूरत है। यह मामला कार्यपालिका या विधायिका के अधिकार क्षेत्र में आता है। ऐसे भी हम पर आरोप हैं कि हम कार्यपालिका के अधिकार क्षेत्र में दखल देते हैं। फिर भी हम नोटिस जारी कर रहे हैं। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि ओटीटी और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर कंटेंट को लेकर कुछ रेगुलेशन पहले से मौजूद हैं। सरकार और नए नियम लागू करने पर विचार कर रही है। याचिकाकर्ता की ओर से एडवोकेट विष्णु शंकर जैन पेश हुए।

### कैशलेस योजना में देरी पर सरकार को फटकार

सुप्रीम कोर्ट ने मोटर दुर्घटना के पीड़ितों के इलाज के लिए कैशलेस योजना में देरी पर केंद्र सरकार को फटकार लगाई है। शीर्ष अदालत ने केंद्र से कहा कि आप बड़े-बड़े राजमार्ग बना रहे हैं, लेकिन वहां सुविधाओं के अभाव में लोग मर रहे हैं। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि 8 जनवरी के आदेश के बावजूद केंद्र न तो निर्देश का पालन किया और न ही समय बढ़ाने की मांग की। शीर्ष अदालत ने कहा कि मोटर वाहन अधिनियम की धारा 164ए को 1 अप्रैल, 2022 को तीन साल की अवधि के लिए लागू किया गया था। लेकिन केंद्र ने दावेदारों को अंतरिम राहत देने के लिए योजना बनाकर इसे लागू नहीं किया।

# सरकार ने लगाया 16 यूट्यूब चैनलों पर प्रतिबंध

**नई दिल्ली,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। सरकार ने भारत, भारतीय सेना और सुरक्षा एजेन्सियों के बारे में भड़काऊ, झूठे, भ्रामक और सांप्रदायिकत सद्भावना को बिगाड़ने वाली सनसनीखेज सामग्री का प्रसारण करने वाले पाकिस्तान के 16 यूट्यूब चैनलों पर प्रतिबंध लगा दिया है। सरकारी सूत्रों ने सोमवार को बताया कि यह प्रतिबंध केन्द्रीय गृह मंत्रालय की सिफारिश पर तत्काल प्रभाव से लगाया गया है। जिन यूट्यूब चैनलों प्रतिबंध लगाया गया है, उनमें डॉन न्यूज, समा टीवी, ऐरे न्यूज और जियो न्यूज प्रमुख हैं। ये चैनल पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद दोनों देशों के बीच उपजी तनावपूर्ण स्थिति के मद्देनजर भ्रामक और सनसनीखेज सामग्री का प्रसारण कर रहे हैं। सरकार ने इसके अलावा इरशाद भट्टी, बी ओ एल न्यूज, रफ्तार, द पाकिस्तान रेफरेन्स, समा स्पोर्टस्, जीएनएन, उजैर क्रिकेट, उमर चीमा एक्सक्लुसीव, असमा सिराजी और मुनीब जैसे यू ट्यूट चैनलों पर प्रतिबंध लगाया है।

- गृह मंत्रालय की सिफारिश पर तत्काल प्रभाव से लगाया

# मुख्यमंत्री सुशासन फेलोशिप की शुरुआत

**रायपुर,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य के युवाओं को शासन और नीति निर्माण की प्रक्रिया से जोड़ने के लिए एक ऐतिहासिक पहल करते हुए 'मुख्यमंत्री सुशासन फेलोशिप' कार्यक्रम की शुरुआत की है। यह कार्यक्रम भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रायपुर और छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन एवं अभिसरण विभाग के सहयोग से चलाया जाएगा। यह दो वर्षीय एमबीए डिग्री कार्यक्रम विशेष रूप से छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों के लिए तैयार किया गया है, ताकि राज्य की प्रतिभाओं को प्रशासन में योगदान देने का अवसर मिल सके।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राज्य के होनहार युवाओं को शासन से जोड़ना और उन्हें नीति निर्माण में भागीदार बनाना इस फेलोशिप का मूल उद्देश्य है। यह कार्यक्रम सुशासन की दिशा में एक बड़ा कदम है। सभी चयनित विद्यार्थियों की ट्यूशन फीस राज्य सरकार द्वारा वहन की जाएगी। 50 हजार रुपए मासिक विद्यार्थियों को उनकी सेवाओं और प्रशिक्षण अवधि के लिए सम्मानजनक छात्रवृत्ति दी जाएगी। आईआईएम रायपुर में पढ़ाई के साथ-साथ छात्र विभिन्न विभागों और जिलों में प्रशासनिक अनुभव भी प्राप्त करेंगे। साथ ही छात्र अपने प्रोजेक्ट्स और नीतिगत सुझाव सीधे मुख्यमंत्री को प्रस्तुत कर सकेंगे। आवेदक छत्तीसगढ़ के मूल निवासी होने चाहिए। अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष >> शेष पृष्ठ 7 पर >

- राज्य के मूल निवासियों के लिए तैयार किया गया है दो वर्षीय एमबीए पाठ्यक्रम

**हालात** जम्मू-कश्मीर में पहलगाम आतंकी हमले के बाद सामान्य हो रहे हालात

# शहर को फिर से जीवंत होते देखकर स्थानीय लोगों में खुशी

- सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 28 अप्रैल (देशबन्धु)। ब्लैक ट्यूजडे अर्थात 22 अप्रैल के दुखद आतंकवादी हमले के बाद, पहलगाम, जो कभी पर्यटकों से गुलजार रहता था, में पर्यटकों की संख्या में कमी देखी गई। पहलगाम की सड़कें, जहां आमतौर पर प्रतिदिन 5,000 से 7,000 पर्यटक आते थे, हमले के बाद के दिनों में एकदम शांत थीं।**

*हालांकि, घटनाओं के एक सुखद मोड़ में, पर्यटकों का वापस लौटना शुरू हो गया है, और स्थानीय लोग शहर को फिर से जीवंत होते देखकर बहुत खुश हैं। हाल के दिनों में, विदेशी और घरेलू पर्यटकों ने एक बार फिर पहलगाम की सुंदर सड़कों पर टहलना शुरू कर दिया है। शहर में एक बार फिर पर्यटकों को घूमते हुए देखकर स्थानीय लोगों में उम्मीद की नई किरण जगी है, जो लंबे समय से अपने आतिथ्य के लिए जाने जाते हैं। टूरिस्टों की वापसी त्रासदी से शहर के उबरने की दिशा में एक नया कदम है। वापस लौटने वालों में राहुल और अमृता पर्यटक भी शामिल थे, जिन्होंने कश्मीर की बेजोड़ सुंदरता और यहां के गर्मजोशी से स्वागत करने वाले लोगों की प्रशंसा की। क्रोएशियाई पर्यटक राहुल कहते थे कि घटना के बारे में सुनने के बावजूद, हम यहां पूरी तरह से सुरक्षित महसूस कर रहे थे। लोग अविश्वसनीय रूप से दयालु हैं, और कश्मीर की सुंदरता हमारी उम्मीद से कहीं बढ़कर है। हम यहां आकर बहुत खुश हैं और हर पल का आनंद ले रहे हैं। एक अन्य क्रोएशियाई पर्यटक, जो कई बार कश्मीर आ चुका है का कहना था कि कश्मीर हमेशा से मेरा पसंदीदा गंतव्य रहा है। यहां के लोग बहुत ही मिलनसार हैं, और मैंने कभी भी असुरक्षित महसूस नहीं किया। मेरा समूह पहली बार कश्मीर का अनुभव कर रहा है, और वे इसे बहुत पसंद कर रहे हैं। स्थानीय लोग भी पर्यटकें को वापस आते देखकर उतने ही रोमांचित हैं, खासकर इतने कठिन समय के बाद। वे एकजुट होकर अपनी ताकत दिखा रहे हैं, कई स्थानीय व्यवसायों ने नियमित संचालन फिर से शुरू कर दिया है और सामान्य स्थिति की भावना प्रदान की है। शहर में एक स्थानीय मार्च भी देखा गया है, जहां निवासियों ने गर्व से राष्ट्रीय ध्वज उठाया, आतंक के खिलाफ एकजुट होकर खड़े हुए। सूरत, गुजरात के मोहम्मद इब्राहिम जैसे पर्यटकों ने भी पहलगाम में पर्यटन की वापसी पर अपने विचार साझा किए। वे कहते थे कि शुरू में तो हम खबर सुनकर चिंतित थे।*

# देश

**उवाच**

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पूरा देश एकजुट होकर इस्लामिक आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहा है। केंद्र और राज्य सरकारें कंधे से कंधा मिलाकर आतंकवाद के सफाए के लिए प्रतिबद्ध हैं।

–बाबूलाल मरांडी, भाजपा नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 38.0 | 25.0 |
| मुंबई | 31.0 | 28.0 |
| कोलकाता | 29.0 | 24.0 |
| चेन्नई | 32.0 | 29.0 |

# पहलगाम घटना के पीछे जो भी सवाल उठे उसका जवाब देना चाहिए : कांग्रेस

## पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करते हुए इसे नृशंस बताया

**सूरत**, 28 अप्रैल (एजेंसियां)। महाराष्ट्र कांग्रेस नेता बालासाहेब थोराट सोमवार को गुजरात के सूरत में एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे। उन्होंने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा करते हुए इसे नृशंस बताया। साथ ही उन्होंने कहा कि इस घटना के पीछे जो भी सवाल उठे हैं, सरकार को उनका जवाब देना चाहिए। उन्होंने अपनी ही पार्टी के नेता विजय वडेट्टीवार के उस बयान पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया, जिसमें वडेट्टीवार ने कहा था कि आतंकियों के पास इतना समय नहीं है कि वह धर्म पूछकर मारें। उन्होंने कहा कि यह घटना बहुत दुखद है। यह मानवता के लिए कलंक है। इस घटना की निंदा ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी ने भी की है। सर्वदलीय बैठक में भी हमारी पार्टी ने इस घटना की जोरदार निंदा की है। साथ ही कांग्रेस पार्टी ने घोषणा की है कि इस मामले में सरकार जो भी एक्शन लेगी, कांग्रेस पार्टी उस एक्शन के साथ है। हालांकि जो सवाल इस घटना के पीछे हैं, सरकार को उनका जवाब देना चाहिए। आगे उन्होंने महाराष्ट्र के ही कांग्रेस नेता



**आतंकी हमले के मामले में सरकार जो भी एक्शन लेगी कांग्रेस पार्टी उस एक्शन के साथ है : बालासाहेब थोराट**

विजय वडेट्टीवार के उस बयान पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया, जिसमें वडेट्टीवार ने कहा था कि आतंकियों के पास इतना समय नहीं है कि वह धर्म पूछकर मारें। हालांकि उन्होंने कहा कि आतंकवादियों ने इस हमले में निर्दोष लोगों को मारा, जिसमें जम्मू-कश्मीर के मुस्लिम भी मारे गए। उन्होंने लोगों को बचाने का प्रयास किया और इस दौरान आतंकवादियों के हाथों मारे गए। थोराट ने कांग्रेस नेता उदित राज के अपनी ही पार्टी के सांसद शशि थरूर पर भाजपा प्रवक्ता की तरह बोलने के आरोप पर उन्होंने कहा कि इस पर बोलना उचित नहीं। बता दें कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत हो गई थी। यह हमला ऐसे समय हुआ था, जब पूरे देश से पर्यटक कश्मीर की वादियों में घूमने गए थे।

## आतंकवाद की बेटी 'नफरत' परोसने वालों पर हो कार्रवाई : दानिश अली



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के नेता और पूर्व सांसद कुंवर दानिश अली ने भाजपा नेता निशिकांत दुबे के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा आतंकवाद की बेटी 'नफरत' परोसने वालों पर वास्तविक कार्रवाई हो। दानिश अली ने एक्स पर कहा कि नया चेहरा नहीं निशिकांत दुबे। पुराने चेहरे हैं आपके ही अदनान सामी भाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय पासपोर्ट दिया और आपकी सीमा भाभी भी मोदी राज में आराम से हिंदुस्तान में रह रही हैं। अंदर कौन घुसा, किसने घुसाया पहले आईने में झांकिए। आतंकवाद की बेटी 'नफरत' परोसने वालों पर असली कार्रवाई हो। उन्होंने नफरत और सांप्रदायिकता को आतंकवाद की दो बेटियां करार देते हुए कहा कि इसके खिलाफ भी लड़ाई लड़ने की आवश्यकता है। लोकतांत्रिक समाज में नफरत और सांप्रदायिकता के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने एक्स पर सोमवार को कहा कि पाकिस्तानी आतंकवाद का एक नया चेहरा अब सामने आया, लगभग पांच लाख से ऊपर पाकिस्तानी लड़कियां भारत में शादी कर हिंदुस्तान में रह रही है, आज तक उनको भारत की नागरिकता नहीं मिली है। अंदर घुसे इन दुश्मनों से लड़ना कैसे।

# संजीव मुखिया के खिलाफ पेशी वारंट

**पटना**, 28 अप्रैल (एजेंसियां)। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 के प्रश्न पत्र लीक मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो सीबीआई की बिहार में पटना स्थित एक विशेष अदालत ने अन्य मामले में जेल में बंद अभियुक्त संजीव मुखिया के खिलाफ पेशी वारंट जारी करने का आदेश दिया। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश सुनील कुमार सिंह की अदालत में एक आवेदन दाखिल कर सीबीआई ने संजीव मुखिया को इस मामले में न्यायिक हिरासत में लिए जाने के लिए पेशी वारंट जारी करने का अनुरोध किया था, जिसे स्वीकार करते हुए अदालत ने पेशी वारंट जारी करने का यह आदेश दिया है। गौरतलब है कि 5 मई 2024 को पूरे देश में नीट 2024 की परीक्षा आयोजित की गई थी। इस परीक्षा के दौरान गड़बड़ी करने के आरोप में पटना के शास्त्रीनगर थाना प्रभारी अमर कुमार ने कुछ लोगों को गिरफ्तार किया और शास्त्रीनगर थाना कांड संख्या 358/2024 के रूप में एक प्राथमिकी दर्ज की थी। बाद में मामला आर्थिक अपराध ईकाई को सौंप दिया गया। उसके बाद प्रश्न पत्र लीक होने का मामला उजागर हुआ और केंद्र सरकार ने मामले की जांच सी बी आई को सौंप दी। सीबीआई 23 जून 2024 को अपनी प्राथमिकी आरसी 224/2024 के रुप में दर्ज करने के बाद अनुसंधान कर रही है। अदालत में यह मामला आरसी 6 ई/2024 के रूप में दर्ज है। इस मामले में अभी तक 49 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। सीबीआई ने इस मामले में 01 जुलाई 2024 को 13 अभियुक्तों के खिलाफ मूल आरोप पत्र दाखिल किया था।

# कर्नाटक सरकार को अस्थिर करने का किया जा रहा प्रयास : शिवकुमार

## उपमुख्यमंत्री ने की भाजपा व जद एस की आलोचना

**बैंगलुरु**, 28 अप्रैल (एजेंसियां)। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) तथा जनता दल-सेक्युलर (जद-एस) पर राज्य की कांग्रेस सरकार को स्थिर करने का आरोप लगाया और कहा कि इनके मंसूबे कभी सफल नहीं होने देंगे। शिवकुमार ने संवाददाताओं से कहा कि भाजपा और जद (एस), कर्नाटक में कांग्रेस सरकार को गिराने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन कांग्रेस 2028 के विधानसभा चुनाव में सत्ता में फिर वापसी करेगी। उन्होंने सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि, प्रशासन ने चार लाख करोड़ रुपए से अधिक का बजट पेश किया है और वह सभी के लिए समान अधिकार और समान जीवन के सिद्धांत के साथ काम कर रहा है। उपमुख्यमंत्री ने भाजपा और जद (एस) की ईर्ष्या करने की आलोचना की तथा महिलाओं, किसानों, युवाओं के कल्याण और रोजगार सृजन में उनके योगदान पर सवाल उठाया। अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने टिप्पणी करते हुए कहा कि भाजपा पिछले दरवाजे से कर्नाटक सरकार को अस्थिर करने का प्रयास कर रही है तथा उन्होंने कांग्रेस नेताओं को एकजुट रहने की चेतावनी दी



है। इस बीच मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने भाजपा के इस दावे का खंडन किया कि गारंटी योजनाओं के कारण राज्य का खजाना खाली हो गया है। उन्होंने रविवार को 1,000 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास को वित्तीय स्थिरता का सबूत बताया।

मुख्यमंत्री ने कांग्रेस सरकार के खिलाफ भाजपा के जनआक्रोश यात्रा अभियान को भी निराधार और झूठ से भरा बताते हुए केंद्र और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पिछले ग्यारह वर्षों में आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में भारी वृद्धि के लिए जिम्मेदार होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस सरकार, केंद्र की भाजपा सरकार के विपरीत, विकास कार्यों और कल्याणकारी योजनाओं के लिए प्रतिबद्ध है और उन्होंने भाजपा पर बिना जन समर्थन के सत्ता में आने के लिए आदतन पिछले दरवाजे का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया।

# डॉ. राजकुमार बने रहेंगे रिम्स के निदेशक

**रांची**, 28 अप्रैल (एजेंसियां)। झारखंड उच्च न्यायालय में राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) के निदेशक डा. राजकुमार को हटाए जाने को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति दीपक रौशन की एकल पीठ ने तत्काल प्रभाव से 17 अप्रैल 25 के आदेश को स्थगित कर दिया है। वहीं राज्य सरकार और अन्य को नोटिस जारी करते हुए शपथ पत्र के माध्यम से जबाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। इस मामले की विस्तृत सुनवाई अगले मंगलवार 6 मई को होगी।

बता दें कि हटाए जाने के बाद डॉ राजकुमार ने न्याय के लिए हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।दरअसल, स्वास्थ्य मंत्री सह रिम्स शासी परिषद के अध्यक्ष डॉ. इरफान अंसारी ने रिम्स निदेशक डॉ. राजकुमार को तत्काल प्रभाव से निदेशक पद से हटाने से जुड़ा पत्र जारी कर दिया था। उन्होंने प्रशासनिक अक्षमता का हवाला देते हुए उन्हें पद से हटाने का आदेश जारी किया था। उनकी दलील थी कि



- **झारखंड हाई कोर्ट ने हटाए जाने के आदेश पर लगाई रोक**
- **अदालत ने राज्य सरकार से मांगा जवाब**
- **छह मई को होगी मामले की अगली सुनवाई**

निदेशक के पद पर रहने के बावजूद उन्होंने कैबिनेट, शासी परिषद और विभाग के स्तर पर लोकहित में लिए गए निर्णय और निर्देशों का पालन नहीं किया था। लिहाजा, रिम्स अधिनियम 2002 द्वारा निर्धारित उद्देश्यों को पूर्ण करने में डॉ. राजकुमार की सेवा संतोषजनक नहीं पाई गई। इसलिए रिम्स नियमावली 2002 के नियम-9 (छह) का हवाला देकर लोकहित्त में डॉ. राजकुमार को तीन महीने का वेतन और भत्ता देते हुए तत्काल प्रभाव से निदेशक के पद से हटा दिया गया था। इस निर्णय पर मुख्यमंत्री का अनुमोदन प्राप्त होने की बात भी कही गई थी।

### 17 अप्रैल को दिया था आदेश

स्वास्थ्य मंत्री ने 17 अप्रैल को रिम्स डायरेक्टर को तत्काल प्रभाव से हटा दिया था। इसे लेकर अधिसूचना जारी कर दी गई थी। जिसमें लिखा गया था कि संजय गांधी पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज लखनऊ के न्यूरो सर्जरी विभाग के तत्कालीन प्राध्यापक डॉ. राज कुमार को राज्य सरकार द्वारा रिम्स रांची का निदेशक नियुक्त किया गया था। अधिसूचना संख्या 264/रिम्स दिनांक 31.01.2024 के तहत उन्हें तीन वर्षों के लिए यह जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

## डॉ.राजकुमार ने हाइकोर्ट में दी थी चुनौती

स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के आदेश को डॉ. राजकुमार ने हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। उन्होंने आदेश को नेचुरल जस्टिस और रिम्स नियमावली का सीधा उल्लंघन बताया था। उन्होंने अपनी याचिका में इस बात का जिक्र किया था कि उनका पक्ष लिए बगैर उन्हें पद से हटा दिया गया है जबकि उनकी नियुक्ति तीन वर्ष के लिए हुई थी। उन्होंने न्याय के गुहार लगाते हुए पूरे मामले के निष्पक्ष जांच करते हुए स्वास्थ्य मंत्री के 17 अप्रैल के आदेश को निरस्त करने की मांग की थी। उल्लेखनीय है कि रिम्स निदेशक डॉ. राजकुमार को स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने 17 अप्रैल 2025 को देर रात आदेश निकाल कर तत्काल प्रभाव से रिम्स निदेशक पद से हटा दिया था। इसके बाद रिम्स की डीन डॉ शशिबाला सिह ने 18 अप्रैल 2025 को अपराह्न तीन बजे कार्यकारी व्यवस्था के तहत रिम्स की प्रभारी निदेशक का पदभार

# तेलंगाना में जोरदार वापसी करने के लिए बीआरएस पूरी तरह है तैयार : केटीआर

## रजत जयंती बैठक में दिखी पार्टी की ताकत

**हैदराबाद**, 28 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) पार्टी कार्यकारी अध्यक्ष के टी रामा राव (केटीआर) ने कहा कि पार्टी की रविवार को वारंगल में आयोजित रजत जयंती बैठक के बाद साफ हो गया है कि पार्टी तेलंगाना में जोरदार वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार है। सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर केटीआर ने कहा कि अभूतपूर्व संख्या में उपस्थित होकर केसीआर गारु जी में अपना अटूट विश्वास जताने के लिए तेलंगाना का धन्यवाद। उन्होंने कहा कि देश के इतिहास में सबसे बड़ी राजनीतिक सभाओं में से एक इस बैठक की सावधानीपूर्वक योजना बनाई गई और इसे त्रुटिहीन तरीके से अंजाम दिया गया। बीआरएस पार्टी की ताकत बैठक में पूरी तरह से दिखी, जबकि राज्य पुलिस द्वारा यातायात कुप्रबंधन के कारण लाखों लोग कार्यक्रम स्थल तक नहीं पहुंच सके।



### पार्टी कार्यकर्ताओं से एकजुट होने का किया आह्वान

केसीआर ने भविष्य के आंदोलनों का व्यक्तिगत रूप से नेतृत्व करने की शपथ ली, केटीआर ने पार्टी कार्यकर्ताओं से कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार की विफलताओं, अन्याय और भ्रष्टाचार के खिलाफ तीव्र संघर्ष के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं और मीडिया टीमों से सरकार की अक्षमताओं को उजागर करने और हर कदम पर विपक्ष के दुष्प्रचार का मुकाबला करने का आग्रह किया, ताकि लोगों तक स्पष्ट संदेश मिल सके।

# आतंकी तंत्र को ध्वस्त करने में जुटी जम्मू-कश्मीर पुलिस

## आतंकी गतिविधियां संचालित करने वालों के घरों पर की छापेमारी

**जम्मू**, 28 अप्रैल (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने आतंकी तंत्र को ध्वस्त करने के लिए एक अहम कार्रवाई करते हुए सोमवार को डोडा और किश्तवाड़ जिलों में कई आतंकवादियों के घरों पर एक साथ छापे मारे। यह आतंकवादी इस समय सीमा पार कर चुके हैं और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) एवं पाकिस्तान के लिए काम कर रहे हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि डोडा और किश्तवाड़ जिलों में रहने वाले आतंकवादियों के घरों पर छापे मारे जा रहे हैं। यह लेकिन वर्तमान में पीओके और पाकिस्तान से काम कर रहे हैं। इस दौरान दोनों जिलों में कई स्थानों पर छापे मारे गए। उन्होंने कहा कि घरों को सील नहीं किया गया है लेकिन तलाशी के दौरान इलेक्ट्रॉनिक गैजेट, आपत्तिजनक दस्तावेज और संबंधित सामग्री जब्त की



गई है। सूत्रों ने बताया कि तलाशी से सबूत जुटाने और आतंकियों के उन समर्थकों और हमदर्दों की पहचान करने में भी मदद मिलेगी जो इन पहाड़ी इलाकों में छिपकर जमीनीतौर पर उनके लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि छापेमारी अभी जारी है। गौरतलब है कि 2023 में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की विशेष अदालत ने पुलिस के अनुरोध पर किश्तवाड़ जिले के 23 उन आतंकवादियों के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किए थे।

## मणिपुर में दो उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर के सुरक्षा बलों ने पिछले 24 घंटों के दौरान एक अभियान के दौरान पूर्वी जिले इंफाल के लामलाई- थाने के अंतर्गत वन कार्यालय के पास सावोमबुंग गेट से दो कथित उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। मणिपुर पुलिस ने असामाजिक तत्वों और बदमाशों से चोरी और झपटमारी की घटनाओं को सुलझाने के उद्देश्य से चलाए गए विशेष अभियान के दौरान सात वाहनों को सफलतापूर्वक बरामद किया है।


**कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फायनैंस लिमिटेड**

CAPRI GLOBAL HOUSING FINANCE LIMITED

**पंजीकृत एवं कार्पोरेट कार्यालय 502,** टावर-ए, पेनिन्सुला बिजनेस पार्क, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई-400013
**सर्किल कार्यालय पता –** 9बी, द्वितीय तल, पूसा रोड, नई दिल्ली-110005

**मांग सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3(1) के अधीन। अधोहस्ताक्षरी, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के तहत कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फायनैंस लिमिटेड (सीजीएचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी है। प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के साथ पठित उक्त नियमावली के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचनाएं जारी की थीं, जिनमें निम्नलिखित कर्जदार(रों) ("उक्त कर्जदार(रों)") से उनको जारी की गई संबंधित मांग सूचना(ओं) में वर्णित राशियां, जो नीचे भी दी गई हैं, चुकाने की मांग की गई थी। उपरोक्त के संबंध में, एतद्द्वारा, उक्त कर्जदार(रों) को, एक बार पुनः, यहां नीचे दी गई राशियों का भुगतान सीजीएचएफएल को, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक, ऋण अनुबंध के साथ पठित अन्य दस्तावेजो/प्रलेखों, यदिकोई, जो उक्त कर्जदार(रों) द्वारा निष्पादित किया गया है, के तहत देय आगे ब्याज सहित, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने हेतु सूचना दी जाती है। उक्त कर्जदार(रों) द्वारा ऋण की प्रतिभूति के लिए निम्नलिखित आस्तियां सीजीएचएफएल के पास बंधक रखी गई हैं।

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/गारंटर (रों) का नाम | मांग सूचना तिथि और राशि | प्रतिभूत आस्ति का वर्णन (अचल सम्पत्ति) |
|---|---|---|---|
| 1. | (ऋण खाता संख्या **LNHLRAP000040400** (पुराना) 50300000801650 (नया) (रायपुर शाखा) श्री नुकला कोटेश्वर राव (कर्जदार) श्रीमती धनलक्ष्मी (सह-कर्जदार) | 25-04-2025 रु. 5,91,784 (24-04-2025 तक) | **सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड :** भूमि और भवन के रूप में सम्पत्ति, क्षेत्रफल परिमाप 1250 वर्ग फीट, जो संत कबीरदास वार्ड नंबर 17, पुराना खसरा नंबर 397/2 तथा नया खसरा नंबर 397/19, पटवारी हल्का नंबर 40, आर.एन.एम. रायपुर-1, ग्राम उरकुरा (मठपारा), नगर निगम बीरगांव, तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ़-492003 में स्थित है। चौहद्दी : पूरब : रोड, पश्चिम : मनोहर की भूमि, उत्तर : रोड, दक्षिण : जानकी का मकान |

यदि उक्त कर्जदार सीजीएचएफएल को उपरोक्तानुसार भुगतान करने में विफल रहेंगे, सीजीएचएफएल द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के अधीन उपरोक्त प्रतिभूत आस्तियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रारंभ की जाएगी, जिसकी लागत और परिणामों की जोखिम के लिए उक्त कर्जदार पूर्णरूपेण जिम्मेदार होंगे। उक्त कर्जदार उक्त अधिनियम के तहत, सीजीएचएफएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना, उपरोक्त आस्तियां बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से अंतरित नहीं कर सकते हैं। कोई भी व्यक्ति जो उक्त अधिनियम के प्रावधानों अथवा तदधीन विरचित नियमों का उल्लंघन करता है अथवा उल्लंघन हेतु अभिप्रेरित करता है, उक्त अधिनियम के तहत दी गई व्यवस्था के अनुसार कारावास तथा/अथवा आर्थिक दण्ड का भागी होगा।

स्थान : रायपुर
तिथि : 29-04-2025

हस्ता./–, (प्राधिकृत अधिकारी)
वास्ते कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फायनैंस लिमिटेड (सीजीएचएफएल)



**छत्तीसगढ शासन वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग नारायणपुर वनमण्डल नारायणपुर**

**काष्ठागार नारायणपुर का ई-ऑक्सन का संक्षिप्त विवरण**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि, नारायणपुर वनमण्डल के अंतर्गत नारायणपुर काष्ठागार में संग्रहित पुराना ईमारती काष्ठ का ई-ऑक्सन द्वारा निर्वतन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि, ई-ऑक्सन में भाग लेवें। ई-ऑक्सन की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस एवं समय पर संबंधित वनमण्डल / वन काष्ठागार नारायणपुर से प्राप्त की जा सकती हैं।

नीलाम दिनांक-07.05.2025 नीलाम समय प्रातः 12.00 बजे से

| | नया वनोपज (काष्ठ) | | | |
|---|---|---|---|---|
| | ईमारती काष्ठ | | बल्ली | डेंगरी |
| प्रजाति | नग | घ.मी. | (नग में) | (नग में) |
| साल | 1077 | 142.924 | 193 | 69 |
| साजा | 881 | 86.653 | 133 | 99 |
| बीजा | 134 | 14.221 | 6 | 7 |
| धावडा | 727 | 70.326 | 176 | 82 |
| तेन्दू | 28 | 3.43 | 7 | 0 |
| तिन्सा | 37 | 4.514 | 12 | 4 |
| कर्रा | 0 | 0 | 0 | 6 |
| मोदे | 2 | 0.499 | 0 | 0 |
| जामुन | 14 | 2.576 | 0 | 0 |
| अन्य | 976 | 92.327 | 351 | 122 |
| योग्य | 3876 | 417.47 | 878 | 389 |

| | पुराना वनोपज (काष्ठ) | | | |
|---|---|---|---|---|
| | ईमारती काष्ठ | | बल्ली | डेंगरी |
| प्रजाति | नग | घ.मी. | (नग में) | (नग में) |
| साल | 5144 | 701.917 | 0 | 66 |
| बीजा | 120 | 17.251 | 1 | 2 |
| सागीन | 186 | 14.721 | 4 | 27 |
| साजा | 50 | 5.813 | 9 | 3 |
| धावड़ा | 17 | 2.273 | 4 | 0 |
| हल्दू | 5 | 0.479 | 1 | 0 |
| तेन्दू | 16 | 2.153 | 12 | 9 |
| जामून | 16 | 3.186 | 0 | 0 |
| अन्य | 66 | 7.029 | 5 | 5 |
| योग | 5620 | 754.822 | 36 | 112 |

निरस्त कर पुनः नीलाग में रखे वनोपज (काष्ठ)

| | ईमारती काष्ठ | | बल्ली | डेंगरी |
|---|---|---|---|---|
| प्रजाति | नग | घ.मी. | (नग में) | (नग में) |
| अन्य | 274 | 20.935 | | |

01. क्रेताओ को ई-ऑक्सन के पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-कार्मस पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
02. क्रेताओ को ई-ऑक्सन के पूर्व क्रय लॉटो के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई. एम. डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
03. लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई-कार्मस पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉगइन करके देख सकते है ।
04. ई-ऑक्सन में लॉट क्रय के पश्चात् प्रथम क्रेता को 40 सेंकड का समय प्राप्त होगा उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेंकड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेंकड का समय प्राप्त होगा।

दूरभाष क्रमांक- नारायणपुर वनमण्डल, नारायणपुर (07781-252228)

05. लॉट है। ईमारती काष्ठ नया- 81 लॉट, पुराना 91 लॉट एवं पूर्व में विक्रय पश्चात् निरस्त हुए लॉट 02 लॉट कुल174 लॉट है।

वनमण्डलाधिकारी,
नारायणपुर वनमण्डल, नारायणपुर

जी-252600540



**Raipur Municipal Corporation**
White House Azad Chowk Rd. Neat Mahila Police Thana, Chottapara, Janta Colony, Raipur Chhattisgarh 492001
Phone 0771 2336700 Email : dc_rmc@rediffmail.com

**RFP NOTICE**

NIT No. 79/FINANCE/RMC/2025 Date: 25.04.2025"
RFP for Engagement of Consultant Internal/ Pre-audit of Raipur Municipal Corporation for Management reporting

| System Tender No | Name of Work | EMD | RFP Document Fee |
|---|---|---|---|
| 167524 | RFP for Engagement of Consultant intersal/Pre-audit for Management reporting | INR 50.000/- | INR 2,000/- |

1. RFP documents can be seen downloaded from the said portal the website https://eprocgstate.govin and
2. The RFP can he postponed or cancelled at any time due to administrative vasons and no claim shall be entertained on this account.
3. Modifications/Amendments/Corrigendum, if any shall not be advertised in the newspaper hut shall be pubished in the departmental website only. The undersigned reserves the right to change the terms and conditions, select/reject any application without assigning any reason thereof.
4. The eligible bidder may submit their bid with the RFP document along with EMD as detailed in RFP document. The Bid must be delivered through Registered post/Speed post only on address below to reach hy 20/05/2025 by 05:00 PM No personal deliver will be entertained

घरों से निकले वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

Addl. Commissioner
Raipur Municipal Corporation
Raipur Chhattisgarh



**ICICI Bank**

**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, सतपाल चैम्बर्स, ढांड कॉम्प्लेक्स, राजभवन के पीछे, गौरवपथ, रायपुर, छत्तीसगढ़-492001

**सार्वजनिक नोटिस**

आईसीआईसीआई बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल संपत्ति के लिए आयोजित होने वाली नीलामी, जो टाइम्स ऑफ इंडिया एवं देशबंधु में 06 अप्रैल, 2025, पृष्ठ संख्या 8 पर प्रकाशित हुई थी, कुछ तकनीकी कारणों से अगली सूचना तक रद्द कर दी गई है। स्थगित की गई नीलामियों की सूची नीचे दी गई है:-

| क्र. सं. | कर्जदार(रों/सह-कर्जदारों/ ज़मानतदारों के नाम/ | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती सुमित्रा (कर्जदार), बलवंत सिंह (सह-कर्जदार) LBRPR00003446507, LBRPR00004877710, LBRPR00004252541. | एल.आई.जी. ब्लॉक नं. 74 फ्लैट नं. 880, दीनदयाल आवास योजना ग्राउंड फ्लोर, ख. नं. 655, मौजा-हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी कबीर नगर, रायपुर छत्तीसगढ़। क्षेत्रफल- 495 वर्ग फीट | मई 15, 2025 को सु. 11:00 बजे तक |

तिथि : अप्रैल 29, 2025
स्थान : रायपुर (छत्तीसगढ़)

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड



**Bandhan Bank**

रीजनल ऑफिस: नेताजी मार्ग, मीठाखली छः रास्ते के पास, एलिसब्रिज, अहमदाबाद-06. फोन : +91-79-26421671-75

**सांकेतिक आधिपत्य (कब्जा) सूचना**

एतदर्थ सूचना दी जाती है कि वित्तिय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पूर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित प्रर्वतन अधिनियम, 2002 कि धारा 13(12) एवं प्रतिभूतिहित प्रर्वतन नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पढते हुए अधिनियम के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत प्राधिकृत अधिकारी ने खाते(अकाउंट) के सामने उल्लेखित तिथि को डिमांड नोटिस (मांग पत्र) भेजा था व नोटिस प्राप्ति के 60 दिवस के अन्दर राशि की मांग की गई थी। ऋणी द्वारा भुगतान करने में असफल रहने पर कर्जदार और आम जनता को नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है की अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उपरोक्त अधिनियम कि धारा 13 की उपधारा(4) सपठित नियम 8 के तहत नीचे लिखे लोन खातों में वर्णित बंधक सम्पत्ति का सांकेतिक कब्जा ले लिया है। अतः आप कर्जदार और आम जनता को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित संपत्तियों के बारे में कोई व्यवहार न करें और इन संपत्तियों के साथ किसी व्यवहार पर वह राशि, ब्याज, खर्च एवं शुल्क के साथ बैंक को चुकाना होगा। सुरक्षित सम्पत्ति को रिडीम/वापस लेने के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) में उपलब्ध प्रावधानों के तहत ऋणियों का ध्यान आमंत्रित किया जाता है।

| ऋणियों के नाम, गेरन्टर और ऋण खाता सं. | बंधक संपत्ति का विवरण (प्रतिभूती आस्तियां) | मांगपत्र की तिथि | सांकेतिक कब्जे की तिथि | कुल बकाया राशि, मांगपत्र की तारीख तक |
|---|---|---|---|---|
| राजेंद्र सिंह सिकरवार शिव कुमारी सिकरवार 20008630000154, 20008630000149, | सभी अचल संपत्ति जो एलआईजी नं.95, क्षेत्रफल 96 वर्ग मीटर अटल विहार योजना, सी.जी. हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, आरएनएम अर्जुनी, ग्राम-अर्जुनी, बलौदा बाजार, रायपुर, छत्तीसगढ स्थित है और जो आवरित हैः उत्तर की और- एलआईजी नंबर 96, पूर्व की और- एलआईजी नंबर 93, पश्चिम की और- सड़क, दक्षिण की और- सरकारी भूमि | 03.09.2024 | 22.04.2025 | रू.4,30,031.72 |
| ओमप्रकाश कोशले तीर्थराज कोशले सत्यप्रकाश खोले 20008630000029 | सभी अचल संपत्ति जो खसरा नंबर 1162/4, क्षेत्रफल 1787 वर्ग फीट, पीसीएच नंबर 15, वार्ड क्रमांक 08, गौरव पथ, बलौदा बाजार, जिला: बहटापारा, सी.जी. स्थित है और जो आवरित हैः उत्तर की ओर- विक्रेता का प्लॉट, पूर्व की ओर- तिवारी का घर, पश्चिम की ओर- सड़क, दक्षिण की ओर- सड़क | 13.01.2025 | 22.04.2025 | रू.7,91,022.81 |
| अब्दुल खलील खान फरजाना बेगम 20008510004086, 20008510004099 | सभी अचल संपत्ति जो गाँव गुढ़ियारी, प.ह.नं. 107/23, आरएनएम रायपुर1, तहसील और जिला: रायपुर, खसरा नं. 271, 273, 281/2, क्षेत्रफल 500 वर्ग फीट, छत्तीसगढ़ स्थित है और जो आवरित हैः उत्तर की ओर- सड़क, पूर्व की ओर- साहू की ज़मीन, पश्चिम की ओर- सिन्हा की ज़मीन, दक्षिण की ओर- लोधी की ज़मीन | 22.01.2025 | 22.04.2025 | रू.3,20,758.36 |

स्थानः रायपुर-बहटापारा
तारीखः 29/04/2025

प्राधिकृत अधिकारी
बंधन बैंक लिमिटेड

## सिनेमाघरों में री-रिलीज होगी 'बाहुबली', दूसरे भाग ने पूरे किए आठ साल

चेन्नई। अभिनेता प्रभास और राणा दग्गुबत्ती स्टारर ब्लॉकबस्टर फिल्म 'बाहुबली' सिनेमाघरों में फिर से रिलीज को तैयार है। निर्माताओं ने फिल्म के दूसरे भाग के आठ साल पूरे होने की खुशी में दर्शकों को यह जानकारी दी। निर्माताओं ने ऐलान करते हुए बताया कि फिल्म इस साल अक्टूबर में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फिर से रिलीज होगी। फिल्म निर्माता शोबू यार्लागड्डा की फर्म अर्का मीडिया ने एसएस राजामौली के निर्देशन में बनी ब्लॉकबस्टर के बारे जानकारी देने के लिए एक्स हैंडल का सहारा लिया। उन्होंने लिखा कि इस खास दिन पर मुझे आप सभी को यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि हम इस साल अक्टूबर में बाहुबली फिल्म की भारतीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फिर से रिलीज की योजना बना रहे हैं।

# प्रोटीन से भरपूर 'सत्तू' का सेवन गर्मियों में है वरदान

■ सत्तू में फाइबर की मात्रा होती है अधिक ■ झारखंड, बिहार, पंजाब, उत्तराखंड और यूपी में होता है सत्तू का सेवन

**नई दिल्ली,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। गर्मी की मार से बचने के लिए लोग अलग-अलग किस्म की ड्रिंक पीते हैं, ताकि वे भीषण गर्मी में किसी बीमारी का शिकार न हो पाएं। हम आपको एक ऐसी देशी ड्रिंक के बारे में बताएंगे, जिसे पीने से न केवल शरीर हाइड्रेट रहता है, बल्कि यह पीने में भी काफी पौष्टिक होता है। दरअसल, यहां बात 'सत्तू' की हो रही है, जिसे गर्मी में वरदान कहना गलत नहीं होगा।

'सत्तू' एक पारंपरिक भारतीय आहार है, जिसे गर्मियों के दौरान पोषण और ताजगी का खजाना माना जाता है। 'सत्तू' स्वादिष्ट होने के साथ-साथ सेहत के लिए भी बेहद फायदेमंद है। यह शरीर को ठंडक, ऊर्जा और पोषक तत्व प्रदान करता है, जो हर वर्ग के लोगों के लिए लाभकारी है।

नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन में प्रकाशित (नवंबर, 2021) रिपोर्ट के मुताबिक, गर्मियों में सत्तू का ठंडा करने वाला गुण इसे एक शानदार पेय बनाता है। इसमें फाइबर की मात्रा अधिक होती है और ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम, जो पाचन को बेहतर करता है। फाइबर मल त्याग को सामान्य करता है, कोलेस्ट्रॉल कम करने में मदद करता है और पाचन तंत्र को स्वस्थ रखता है। यह प्रोटीन, कैल्शियम, मैग्नीशियम, आयरन जैसे खनिजों से भरपूर होता है, जो शरीर के लिए बहुत फायदेमंद हैं।



'सत्तू' भारतीय उपमहाद्वीप में काफी लोकप्रिय है। इसका सेवन भारत के कई हिस्सों जैसे झारखंड, बिहार, पंजाब, उत्तराखंड और यूपी में किया जाता है। यह गेहूं, चना, जौ और अन्य अनाज से बनाया जाता है और इसमें प्रोटीन, फाइबर, विटामिन और खनिज भरपूर मात्रा में होते हैं। 'सत्तू' शरीर को ठंडा रखने का काम करता ही है। साथ ही इसका सेवन करने से पाचन क्रिया भी दुरुस्त रहती है और यह शरीर को ऊर्जा भी प्रदान करता है। इसके अलावा, 'सत्तू' के सेवन को वजन घटाने में भी कारगर माना जाता है।

'सत्तू' का सेवन शरबत, लड्डू, पराठा और चपाती के रूप में किया जा सकता है। इसका शरबत गर्मियों में प्यास बुझाने के लिए एक बेहतरीन पेय माना जाता है, जो शरीर को गर्मी से बचाता है और तापमान भी ठंडा करने का काम करता है। इसके अलावा, सत्तू में अघुलनशील फाइबर प्रचुर मात्रा में होता है, जो आंतों के स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद है। यह कब्ज, एसिडिटी और भारी या चिकने भोजन से होने वाली समस्याओं से राहत दिलाता है।

साथ ही सत्तू का ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है, जो डायबिटीज रोगियों के लिए बहुत अच्छा है। यह खून में शर्करा के स्तर को नियंत्रित रखता है और ब्लड प्रेशर को भी संतुलित करता है। इसमें मौजूद उच्च फाइबर कोलेस्ट्रॉल की समस्या वाले लोगों के लिए फायदेमंद है।

# रूबीना दिलैक का ग्रीन साड़ी में देसी अवतार

**मुंबई,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। टीवी एक्ट्रेस रूबीना दिलैक का फैशन सेंस कमाल का है। उनके स्टाइल के लाखों लोग दीवाने हैं। वह अक्सर सोशल मीडिया पर अपने नए लुक की तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। एक्ट्रेस ने अपना लेटेस्ट फोटोशूट इंस्टाग्राम पर शेयर किया है, जिसे देख फैंस अपना दिल हार बैठे हैं। उनका यह फोटोशूट अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। लेटेस्ट फोटोशूट में रूबीना ग्रीन कलर की साड़ी में नजर आ रही हैं। अपने देसी अंदाज को बेहतरीन बनाने के लिए उन्होंने बालों को खुला रखा है और कानों में हैवी ईयरिंग्स पहने हुए हैं। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा- 'इश्क और मुश्क छिपाए नहीं छुपता।'

इस लेटेस्ट फोटोशूट पर एक्ट्रेस निशा रावल ने कमेंट किया- 'हमेशा प्यार बांटती रहो।' एक्ट्रेस आकांक्षा सिंह ने कमेंट में लव इमोजी शेयर किया। वहीं एक यूजर ने कमेंट में लिखा- 'अनारकली।' इससे पहले उन्होंने ब्राउन कलर के गाउन में अपना फोटोशूट शेयर किया था, जिसमें नेट का दुपट्टा उनकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम कर रहा था। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए रूबीना ने कैप्शन दिया- 'सुनहरी धूप ने कुछ इस तरह से छुआ' बता दें कि रुबीना दिलैक ने 'मिस शिमला' समेत कई ब्यूटी कॉन्टेस्ट में अवॉर्ड्स अपने नाम किए हैं। एक्ट्रेस बनने से पहले वह आईएएस अधिकारी बनना चाहती थीं। इसके लिए वह चंडीगढ़ में तैयारी भी कर रही थीं। इस दौरान अपनी एक फ्रेंड के कहने पर उन्होंने 'छोटी बहू' सीरियल के लिए ऑडिशन दिया और सेलेक्ट हो गईं। यहां से उन्होंने एक्टिंग में जाने का फैसला किया और सीरियल में राधिका का रोल निभाया।



झुमके ने खींचा फैंस का ध्यान

# गुजरात के अमलसाड़ चीकू को मिला जीआई टैग



नई दिल्ली, 28 अप्रैल (एजेंसियां)। हाल ही में अमलसाड़ी चीकू को जीआई टैग मिला है। जीआई यानी जियोग्राफिकल इंडिकेशन टैग, किसान इससे आह्लादित हैं। अपने दिखने में कोमल, चिकने परत वाले फल को वैश्विक बाजार तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। बाकी चीकू की तरह ही इसके फायदे अनगिनत हैं।

यह पाचन में सुधार करता है, इम्युनिटी बूस्ट करता है और चेहरे की चमक बढ़ाता है। इसमें फाइबर, विटामिन सी, और एंटीऑक्सीडेंट होते हैं जो हमारी सेहत का ख्याल रखते हैं। अमलसाड़ी चीकू की बात करें तो ये असाधारण मिठास, बढ़िया बनावट और अच्छी शेल्फ लाइफ के लिए जाना जाता है। जीआई टैग तस्दीक करता है कि ये विशिष्ट और गुणों से भरपूर है। अमलसाड़ नवसारी जिले में है।

वैसे भी चीकू फल ही कई गुणों की खान है। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ साइंस एंड रिसर्च में प्रकाशित स्टडी के मुताबिक, इसमें मौजूद विटामिन ए, बी, सी, ई, कैल्शियम, फाइबर, मैग्नीशियम, मैंगनीज, पोटैशियम, एंटीऑक्सीडेंट के साथ फाइबर समेत कई पोषक तत्व हड्डियों और फेफड़ों से संबंधित समस्याओं को दूर करने के साथ ही पाचन तंत्र को मजबूत करने में सहायक होते हैं। इतना ही नहीं, ये आंखों की रोशनी बनाए रखने में भी फायदेमंद होते हैं।

अब इस टैग से स्थानीय किसानों को आर्थिक लाभ और अंतरराष्ट्रीय पहचान मिलने की उम्मीद है। जीआई टैग किसी भी उत्पाद को वो मुकाम देता है जो उसकी खूबी से जुड़ा होता है। जैसे बनारसी साड़ी या फिर गया के सिलाव का खाजा। यह टैग स्थानीय कारीगरों और उत्पादकों को आर्थिक लाभ पहुंचाता है साथ ही, यह उपभोक्ताओं को यह भरोसा दिलाता है कि वे असली और उच्च गुणवत्ता वाला उत्पाद खरीद रहे हैं।

अमलसाड़ चीकू या सपोडिला, भौगोलिक संकेतक टैग प्राप्त करने वाली गुजरात की 28वीं वस्तु बन गया है। अमलसाड़ चीकू के जीआई क्षेत्र में गणदेवी तालुका के 51 गांव, जलालपुर तालुका के 6 गांव और नवसारी तालुका के 30 गांव शामिल हैं, जो कुल उत्पादन में 30 प्रतिशत का योगदान देते हैं।

# 13 साल बाद टीवी इंडस्ट्री में वापसी करने जा रहे राजेश जैस, 'वसुधा' में आएंगे नजर

**मुंबई,** 28 अप्रैल (एजेंसियां)। अभिनेता राजेश जैस 13 साल के लंबे अंतराल के बाद जी टीवी के शो 'वसुधा' से टेलीविजन इंडस्ट्री में वापसी करने जा रहे हैं। शो में वह गांव के एक ईमानदार, अनुशासित व्यक्ति के किरदार में नजर आएंगे, जिसका नाम सूर्या सिंह राठौड़ है। राठौड़ की दुनिया उसकी बेटी दिव्या के इर्द-गिर्द घूमती है। एक बहुत ही मजबूत और सिद्धांतवादी किरदार होने के नाते, सूर्या की एंट्री से 'वसुधा' में एक नया मोड़ आने की उम्मीद है। 'वसुधा' के साथ वापसी को तैयार अभिनेता ने अपना उत्साह शेयर करते हुए कहा कि लगभग 13 साल बाद टेलीविजन पर वापसी करना एक बेहद संतोषजनक अनुभव रहा। मैंने हमेशा अरविंद बब्बल के कहानी कहने और अनुशासन के नजरिए की प्रशंसा की है, उनके साथ पहले भी एक फिल्म और एक धारावाहिक में काम किया है।



उन्होंने कहा कि सूर्या सिर्फ एक पिता नहीं है, वह वफादारी और गहरे मूल्यों से बना व्यक्ति है। ऐसे व्यक्ति की भूमिका निभाना, जो अपनी बेटी के लिए बेस्ट करने की कोशिश करता है, चुनौतीपूर्ण है। ऐसी भूमिकाएं निभाने की लालसा हर अभिनेता में होती है।

अपने शूटिंग के अनुभव को शेयर करते हुए उन्होंने कहा कि जयपुर में शूटिंग करने से एक नई एनर्जी मिली और मुझे एक नए रूप और व्यक्तित्व में कदम रखने में बहुत मजा आया। पिछला एपिसोड देखने से मुझे अपने पुराने टेलीविजन के दिनों की याद आ गई, जो संतोषजनक है। इस तरह की बारीक कहानी को टाइट शेड्यूल के तहत पूरा करने के लिए क्रिएटिव टीम को क्रेडिट दिया जाना चाहिए। 'वसुधा' के कलाकार और निर्देशक की टीम कमांडो की तरह काम करती है, जो केंद्रित, सटीक और भावुक है, उनके समर्पण को सलाम।

# अष्टांग योग के हैं अनंत लाभ

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री दुखूराम ध्रुव पिता बुधूराम ध्रुव साकिन ग्राम सीतापार, थाना वो तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) ने भूमि स्वामी हक की धर्मराज पिता कृष्ण कुमार के ग्राम मोटियारीडीह, प.ह.नं. 08, रा.नि.मं. दामाखेड़ा, तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) में स्थित असिंचित कृषि भूमि जिसका खसरा नं.557/2 रकबा 1.3100 हे. को क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया है, और अपने पक्ष में विक्रय अनुबंध निष्पादित करा लिया गया है और रजिस्ट्री दिनांक को ही मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त सौदे में तय रकम विक्रेता धर्मराज पिता कृष्ण कुमार पंजीयन कार्यालय में पंजीकृत विक्रय निष्पादन के समय सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रदान की जावेगी।

अत: जिस किसी व्यक्ति, संस्था या निकाय इत्यादि को उक्त संव्यवहार या उसके किसी भाग के स्वत्व आधिपत्य या अंतरण के संबंध में कोई आपत्ति या दावा हो तो वह इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर सुसंगत दस्तावेजों सहित लिखित में प्रस्तुत करें। समयावधि उपरांत उक्त संपत्ति का पंजीयन मेरे पक्षकार द्वारा करवा लिया जावेगा तदोपरांत की गई कोई भी आपत्ति या दावा अवैध एवं शून्य माना जावेगा तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी।

सो सूचना जाने।
दिनांक: 28/04/25

भवदीय
तफज्जुल हुसैन
(अधिवक्ता)

### आम सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री दुखूराम ध्रुव पिता बुधूराम ध्रुव साकिन ग्राम सीतापार, थाना वो तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) ने भूमि स्वामी हक की देवकुमार पिता सरजू के ग्राम मोटियारीडीह, प.ह.नं. 08, रा.नि.मं. दामाखेड़ा, तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) में स्थित असिंचित कृषि भूमि जिसका खसरा नं.557/1, रकबा 0.4000 है. को क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया है, और अपने पक्ष में विक्रय अनुबंध निष्पादित करा लिया गया है और रजिस्ट्री दिनांक को ही मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त सौदे में तय रकम विक्रेता देवकुमार पिता सरजू पंजीयन कार्यालय में पंजीकृत विक्रय निष्पादन के समय सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रदान की जावेगी।

अत: जिस किसी व्यक्ति, संस्था या निकाय इत्यादि को उक्त संव्यवहार या उसके किसी भाग के स्वत्त्व आधिपत्य या अंतरण के संबंध में कोई आपत्ति या दावा हो तो वह इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर सुसंगत दस्तावेजों सहित लिखित में प्रस्तुत करें। समयावधि उपरांत उक्त संपत्ति का पंजीयन मेरे पक्षकार द्वारा करवा लिया जावेगा तदोपरांत की गई कोई भी आपत्ति या दावा अवैध एवं शून्य माना जावेगा तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी।

सो सूचना जाने।
दिनांक : 28/04/25

भवदीय
तफज्जुल हुसैन
(अधिवक्ता)

### न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला बालोद (छ.ग.)
**फार्म-अ**
**सार्वजनिक सूचना**
**(नियम-6 देखिये)**

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक खेमन्त कुमार आ. श्री सेवन्त कुमार जाति कोष्टा आयु 28 वर्ष निवासी वार्ड नं. 16 ग्राम माटी पो. भंवरमरा थाना व तह. डौण्डीलोहारा जिला बालोद छ.ग. एवं आवेदिका भुवनेश्वरी देवांगन आ. श्री अशोक कुमार देवांगन, जाति-कोष्टा आयु 28 वर्ष निवासी वेलदार पारा चांपा थाना व तह. चांपा जिला जांजगीर चांपा छ.ग. द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 धारा 05 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 02.05.2025 के पूर्व अधोहस्ताक्षरी के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा वह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 04.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।
आगामी तिथि 02.05.2025

अपर कलेक्टर
एवं विशेष विवाह अधिकारी
मुहर जिला बालोद (छ.ग.)

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) महासमुंद, जिला महासमुंद (छ.ग.)
**ईश्तहार**
क्रमांक/187/वा-1/अविअ./2025
महासमुंद, दिनांक 25.04.2025
ग्राम-महासमुंद, प.ह.नं. 42
जयश्री महोबिया पति रामखिलावन महोबिया जाति बरई निवासी ग्राम महासमुंद तहसील वा जिला महासमुंद (छ.ग.)...... आवेदिका
विरूद्ध
छ.ग. शासन .......... अनावेदक

एतद् द्वारा सर्वसाधारण ग्राम महासमुन्द प.ह.न. 42 तहसील व जिला महासमुंद (छ.ग.) को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका जयश्री महोबिया पति रामखिलावन महोबिया, जाति बरई निवासी ग्राम महासमुन्द तहसील वा जिला महासमुंद (छ.ग.) द्वारा ग्राम महासमुन्द, प.ह.नं. 42, तहसील व जिला महामसुंद में स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नम्बर 1761/6 रकबा 0.0170 हेक्टे. भूमि को कृषि भिन्न मद आवासीय प्रयोजन में पुनर्निर्धारण हेतु भूमि का व्यपवर्तन करानेआवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है। अतएव आवेदक/आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन भूमि व्यपवर्तन के संबंध में जिस किसी को भी कोई उजर, दावा, आपत्ति हो तो ईश्तहार जारी दिनांक से 07 दिवस के भीतर कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर स्वत: अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। तत्पश्चात् प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 25.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा के साथ ईश्तहार ग्राम एवं स्थानीय समा समाचार में प्रकाशन हेतु जारी।

मुहर अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
महासमुंद

### न्यायालय तहसीलदार तहसील पिपरिया, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)
**ईश्तहार**
ई कोर्ट क्र. ब/121 वर्ष 2024-2025
ग्राम खैरवार प.ह.नं. 15

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनहरण पिता समारू निवासी खैरवार तहसील पिपरिया जिला कबीरधाम द्वारा अपने पुत्री दामनी के जन्म प्रमाण पत्र शासकीय कार्य में आवश्यकता पड़ने से जारी कराने हेतु आवेदन, शपथपत्र, पंचनामा, एंव अनुपलब्धता, प्रस्तुत किया गया है। जिसमें आवेदक के पुत्री दामनी का जन्म दिनांक 15.10.2021 को ग्राम खैरवार में हुई है।

अत: उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में नियत समय व तिथि तक दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 11.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया।
पेशी दिनांक 30.04.2025

मुहर तहसीलदार
पिपरिया

### न्यायालय तहसीलदार आरंग जिला-रायपुर (छ.ग.)
**ईश्तहार**
रा.प्र.क्र. अ/06 वर्ष 2024-25
आरंग, दिनांक 24.03.2025
ग्राम आरंग प.ह.नं. 29

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक गिरधर लाल पिता झाडूराम निवासी केंवशी साहू पारा आरंग, तहसील आरंग, तहसील आरंग, जिला रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम आरंग प.ह.नं. 29 रा.नि.मं. आरंग स्थित भूमि खसरा नं. 3407/6 का रकबा 0.0160हे. भूमि (1722.23 वर्गफीट) भूमि खातेदार सुमरन बाई पिता झाडूराम वगैरह के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। हक त्यागकर्तागण द्वारा पंजीकृत बैनामा दिनांक 07/03/2025 Book No- v Volume No. 4567 Pages 214 To 240 With Document No.CG-2024-25-104-1-3905 को आवेदक के नाम पर पारिवारिक व्यवस्था के अनुसार हक त्याग किया गया है। हक त्याग के आधार पर आवेदक का नाम आवेदित भूमि पर दर्ज करने हेतु प्रकरण भूईया से दर्ज होकर इस न्यायालय में प्रकरण प्रारंभ किया गया।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो स्वयं उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 02.04.2025 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 24.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर तहसीलदार
आरंग

### कार्यालय कार्यपालन अभियन्ता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दन्तेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

**मैनुअल पद्धति निविदा सूचना प्रथम बार निरस्तीकरण आदेश**

क्रमांक/463/लेखा/निविदा/ग्राम.यां.सेवा/2025 दन्तेवाड़ा दिनांक 24.04.2025

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा सूचना (सिविल कार्य हेतु Advertiesment No-252600192) क्रमांक-392/लेखा/ग्रा.यां.सेवा/2025, दन्तेवाड़ा दिनांक 08.04.2025 एवं (विद्युतीकरण कार्य हेतु Advertiesment No-252600193) क्रमांक-396/लेखा.ग्रा.यां.सेवा/2025, दन्तेवाड़ा दिनांक 08.04.2025 के द्वारा निविदा जारी किया गया था, किन्तु अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

कार्यपालन अभियन्ता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग (दन्तेवाड़ा)
जी-252600519 जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

### कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लो.नि.वि., बेमेतरा संभाग बेमेतरा, जय स्तंभ चौक, बेमेतरा जिला-बेमेतरा (छ.ग.)
ज्ञाप क्र. 2018/व.ले.लि./2025-26 बेमेतरा दिनांक 25.04.2025

**भाव पत्र**

इस संभाग अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में व्ही.आई.पी. आगमन पर एवं शासकीय कार्यक्रमों के आयोजन हेतु होने वाले समारोह हेतु किराया भंडार सामग्री के भाव पत्र (कोटेशन) रजिस्टर्ड / स्पीड पोस्ट के द्वारा बंद लिफाफे में आमंत्रित की जाती है। इच्छुक योग्य टेंट हाउस प्रतिष्ठान निम्नानुसार तिथि में आवेदन प्रस्तुत कर सकते है, विवरण निम्नानुसार है:-

1. आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि 09.05.2025
2. कोटेशन प्रस्तुत करने की तिथि 16.05.2025
3. कोटेशन खोलने की तिथि 23.05.2025

आवेदन पत्र के साथ निम्नानुसार दस्तावेज / प्रमाण पत्र की प्रति प्रस्तुत करना आवश्यक होगा -

**आवश्यक अर्हताएं:-**
1. टेंट हाउस प्रतिष्ठान के मालिकाना तथा लाईसेंस की प्रति होना चाहिये।
2. जी.एस.टी. पंजीयन की प्रति। (फार्म 3-बी)
3. टेंट हाऊस प्रतिष्ठान का विगत 3 वर्षों में टेंट हाउस कार्यक्रम संपादन का औसत वार्षिक टर्न ओवर कम से कम रू. 50.00 लाख होना आवश्यक है, तत्संबंध मे प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
4. विगत 3 वर्षों में छ.ग. राज्य में संपादित महत्वपूर्ण कम से कम 2 व्ही.व्ही.आई.पी. (राज्यपाल / मुख्यमंत्री) कार्यक्रम संपादित किये जाने, जिसमे प्रति कार्य के लागत कम से कम रू. 30.00 लाख होने का अनुभव प्रमाण पत्र, जो कार्यपालन अभियंता / समकक्ष अथवा उच्च अधिकारी से हस्ताक्षरित हो।

**विस्तृत शर्ते किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में देखी जा सकती है।**

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग,
जी-252600539 बेमेतरा संभाग बेमेतरा (छ.ग.)

### न्यायालय नजूल अधिकारी, भाटापारा जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
**ईश्तहार**
रा.प्र.क.202504211100055
अ/20 (3) वर्ष - 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण राजेश कुमार पिता कमल किशोर मंत्री एवं अन्य 01 निवासी संजय वार्ड भाटापारा ने नगर भाटापारा स्थित नजूल भूमि शीट क्रमांक 11-डी, प्लाट नंबर 65 क्षेत्रफल 188 वर्गमीटर (2023 वर्गफुट), निर्धारण 22.55 रुपये भूमि आवेदकगण एवं अनावेदक बजरंग लाल पिता कमल किशोर मंत्री के नाम पर संयुक्त रूप से नजूल अभिलेख में दर्ज है। अनावेदक द्वारा अपने हिस्से को पंजीकृत हक्त्याग विलेख दिनांक 03/04/2025 के माध्यम से आवेदकगण के पक्ष में हक्क्त्याग निष्पादित किया गया है। उक्त हक्क्त्यागपत्र के आधार पर आवेदित भूमि के नजूल अभिलेख से अनावेदक का नाम विलोपित किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। आवेदकगण अपने आवेदन पत्र के साथ हक्क्त्यागपत्र की छायाप्रति एवं शपथपत्र प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

उक्त नामांतरण के संबंध में जिस किसी को आपत्ति / दावा करना हो तो अपना आपत्ति दावा प्रकरण सुनवाई हेतु नियत दिनांक 08/05/2025 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त दिनांक पश्चात् प्राप्त आपत्ति / दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील नजूल अधिकारी भाटापारा

### न्यायालय नजूल अधिकारी, भाटापारा जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
**ईश्तहार**
रा.प्र.क.202504211100058
अ/20 (3) वर्ष - 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका निर्मला किंगरानी पति नानक किंगरानी निवासी स्टेशन वार्ड भाटापारा, तहसील - भाटापारा ने नगर भाटापारा स्थित नजूल भूमि शीट क्रमांक 12-सी, भूखंड क्रमांक 128/1, क्षेत्रफल - 75 वर्गमीटर (807.00 वर्गफुट) निर्धारण 56.00 रूपये भूमि को अनावेदक/विक्रेता मनोहर लाल आर्य पिता परमानन्द आर्य से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 27/03/2025 को बैनामा कीमती 31,07,000.00 रुपये अक्षरी इकतीस लाख सात हजार रुपये में क्रय किया है। उक्त विक्रय विलेख के आधार पर आवेदित भूमि के नजूल अभिलेख से अनावेदक / विक्रेता का नाम विलोपित कर आवेदिका अपने नाम से नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। आवेदिका अपने आवेदन पत्र के साथ विक्रयपत्र की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

उक्त नामांतरण के संबंध में जिस किसी को आपत्ति / दावा करना हो तो अपना आपत्ति दावा प्रकरण सुनवाई हेतु नियत दिनांक 08/05/2025 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त दिनांक पश्चात् प्राप्त आपत्ति / दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील नजूल अधिकारी भाटापारा

### न्यायालय नजूल अधिकारी, भाटापारा जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
**ईश्तहार**
रा.प्र.क.202504211100059
अ/20 (3) वर्ष - 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सरोजनी साहू पति डूमेन्द्र साहू निवासी - ईश्वर प्रसाद धुरंधर वार्ड भाटापारा, तहसील -भाटापारा ने नगर भाटापारा स्थित नजूल भूमि शीट क्रमांक 6-अ, भूखंड क्रमांक-175-176 शा.का टुकड़ा, क्षेत्रफल-169 वर्गमीटर में से 84.5 वर्गमीटर (909.22 वर्गफुट) निर्धारण 10.55 रूपये भूमि को अनावेदक/विक्रेता विरेन्द्र शर्मा पिता कृपालदत्त शर्मा से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 18/03/2025 को बैनामा कीमती 5,36,000.00 रुपये अक्षरी पांच लाख छत्तीस हजार रुपये में क्रय किया है 7 उक्त विक्रय विलेख के आधार पर आवेदित भूमि पर आवेदिका अपने नाम से नामांतरण कर रिकार्ड दुरुस्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। आवेदिका अपने आवेदन पत्र के साथ विक्रयपत्र की छायाप्रति एवं शपथ पत्र प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

उक्त नामांतरण के संबंध में जिस किसी को आपत्ति / दावा करना हो तो अपना आपत्ति दावा प्रकरण सुनवाई हेतु नियत दिनांक 08/05/2025 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त दिनांक पश्चात् प्राप्त आपत्ति / दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील नजूल अधिकारी भाटापारा

### न्यायालय नजूल अधिकारी, भाटापारा जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
**ईश्तहार**
रा.प्र.क.202504211100057
अ/20 (3) वर्ष - 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अनंत नारायण दुबे पिता जनकलाल दुबे निवासी बलभद्र वार्ड, भाटापारा तहसील-भाटापारा ने नगर भाटापारा स्थित नजूल भूमि शीट क्रमांक 10-डी, भू-खण्ड क्रमांक 114/7, क्षेत्रफल 115 वर्गमीटर, निर्धारण 20.00 रुपये भूमि नजूल अभिलेख में धारक जनकलाल दुबे पिता शिवदयाल दुबे के एकल नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि के धारक जनकलाल दुबे पिता शिवदयाल दुबे की दिनांक 08.01.2003 को मृत्यु हो जाने के कारण नजूल अभिलेख से उनके नाम विलोपित कर उनके विधिक वारिसानों के नाम से फौती नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। आवेदक अपने आवेदन पत्र के साथ शपथपत्र, मेंटेनेंस खसरा, मृत्यू प्रमाण पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

उक्त नामांतरण के संबंध में जिस किसी को आपत्ति / दावा करना हो तो अपना आपत्ति दावा प्रकरण सुनवाई हेतु नियत दिनांक 08/05/2025 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त दिनांक पश्चात् प्राप्त आपत्ति / दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील नजूल अधिकारी भाटापारा

### न्यायालय तहसीलदार/कार्यपालिक मजिस्ट्रेट भाटापारा (छत्तीसगढ)
**ईश्तहार**
रा.प्र.क्र.....ब/ 121 वर्ष 2024-25
ग्राम- हथनीपारा वार्ड भाटापारा
प.ह.नं. 40 तह.भाटापारा

एतद व्दारा सर्व साधारण को ईश्तहार के व्दारा सुचित किया जाता है आवेदक विजय साहू पिता गिरधारी निवासी हथनीपारा वार्ड भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) के द्वारा अपने दादा गंगाराम साहू (मृतक के पिता का नाम-उदयराम साहू, माता का नाम-बिसाहिन) की मृत्यु दिनांक 15/07/1978 को (स्थान) हथनीपारा वार्ड भाटापारा तहसील भाटापारा का मृत्यु पंजीयन करने हेतु रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु मुख्य नगर पालिका परिषद भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छत्तीसगढ़) को जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छत्तीसगढ़ जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत निर्देश देने हेतु शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र एवं पार्षद का प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसके सबंध में प्रकरण विचाराधीन है, तथा दिनांक 07/05/25 को सुनवाई हेतु नियत है।

अत: उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति पेश करना हो तो नियत पेशी तारीख 07/05/25 तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 24/04/25 को न्यायालय के पद मुहर सहित जारी किया गया।

सील तहसीलदार/कार्यपालिक दण्डाधिकारी
भाटापारा (छत्तीसगढ)

### NAME CHANGE
It is informed to the general public that I, GUMAN SINGH S/O KASHI RAM SAHU resident of HOUSE NO. 276, WARD NO. 13, DEWADA, TEDESARA, RAJNANDGAON (C.G.) 491441 have changed my old name GUMAN SINGH S/O KASHI RAM SAHU so in future I should be recognized by my new name that is GUMAN SINGH SAHU S/O KASHI RAM SAHU in all Government and other documents.

GUMAN SINGH SAHU
HOUSE NO. 276, WARD NO. 13, DEWADA, TEDESARA, RAJNANDGAON (C.G.) 491441

# पंचायतों को सशक्त बनाकर अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता : मुख्यमंत्री

**रायपुर,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज मंत्रालय महानदी भवन में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि पंचायतों को सशक्त बनाकर राज्य के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुँचाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पंचायतें हमारी विकास यात्रा की पहली कड़ी हैं, और ग्रामीण विकास के लिए संचालित योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रत्येक गरीब परिवार को पक्का आवास देने का जो संकल्प लिया गया है, उससे जुड़े सभी कार्य समय-सीमा में पूरे किए जाएं। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 'मोर दुआर-साय सरकार' अभियान के अंतर्गत चल रहे सर्वेक्षण कार्य की समीक्षा करते हुए 20 लाख से अधिक परिवारों के सर्वेक्षण पूर्ण होने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

श्री साय ने पीएम जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों के लिए स्वीकृत आवासों के समय पर निर्माण और सतत समीक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, पीएम आवास से संबंधित कार्यों की रियल टाइम ट्रैकिंग पर विशेष जोर देते हुए किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए।



मुख्यमंत्री साय ने मनरेगा के कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिक से अधिक रोजगार सृजन और कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर बल दिया।

मुख्यमंत्री साय ने 15वें वित्त आयोग, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज योजना, महतारी सदन, जिला एवं जनपद पंचायत विकास निधि, मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना तथा स्वामी विवेकानंद युवा प्रोत्साहन योजना सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने त्रिस्तरीय पंचायती राज प्रतिनिधियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले सदस्यों को पंचायती राज दिवस पर सम्मानित करने की योजना पर भी चर्चा की।

**नियद नेल्लानार योजना से ग्रामीणों को मिला नया संबल**

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती निहारिका बारिक ने जानकारी दी कि नियद नेल्लानार योजना के तहत ग्राम पंचायतों में मनरेगा के अंतर्गत 6,324 नए जॉब कार्ड बनाए गए हैं। बस्तर संभाग की 4 ग्राम पंचायतों के 8 गांवों में पहली बार योजना के अंतर्गत कार्य प्रारंभ हुए हैं।

साथ ही 913 जॉब कार्डधारी परिवारों के 3,134 सदस्यों को पहली बार मनरेगा में रोजगार मिला है। मुख्यमंत्री साय ने स्वामी विवेकानंद युवा प्रोत्साहन योजना के माध्यम से नियद नेल्लानार योजना में शामिल गांवों के युवाओं के लिए प्राथमिकता से भ्रमण कार्यक्रम आयोजित करने पर अपनी खुशी जाहिर की और इसे निरंतर जारी रखने के निर्देश दिए।

श्री साय ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत राज्य में बन रही और प्रस्तावित सड़कों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचलों को मुख्य सड़कों से जोड़ने में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की महत्वपूर्ण भूमिका है।

मुख्यमंत्री ने इन सड़कों के निर्माण, मरम्मत और रखरखाव कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएम जनमन योजना के तहत स्वीकृत सड़कों के कार्यों को भी तय समय में पूर्ण करने पर बल दिया। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में 42 हजार किलोमीटर से अधिक सड़कें प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत आती हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के संकल्प के अनुरूप 'लखपति दीदी' पहल के तहत ग्रामीण परिवारों की महिलाओं को स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। मिशन के अंतर्गत प्रत्येक परिवार की एक महिला सदस्य को स्व-सहायता समूहों से जोड़कर लाभकारी आजीविका गतिविधियों से जोड़ा गया है।

# जनता को अब दवा आपूर्ति एवं अस्पताल निर्माण की समस्त जानकारी मिलेगी

**रायपुर,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की दिशा में एक बड़ी पहल की है। माननीय मुख्यमंत्री जी के निर्देशन व माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी के सतत मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा विकसित (ड्रग प्रोक्योरमेंट एंड डिस्ट्रीब्यूशन मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम) पोर्टल को अब आम नागरिकों के लिए सार्वजनिक कर दिया गया है। इस कदम से स्वास्थ्य सेवाओं की निगरानी अब केवल अधिकारियों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि आमजन भी सीधे इन सूचनाओं तक पहुंच बना सकेंगे।

■ **स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य सेवाओं में डिजिटल पारदर्शिता की अभिनव पहल**

इस पोर्टल के माध्यम से प्रदेश के सभी स्वास्थ्य संस्थानों—जैसे मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल, सीएचसी और पीएचसी—में दवा और चिकित्सीय उपकरणों की आपूर्ति, वितरण, स्टॉक की स्थिति और यहां तक कि निर्माणाधीन अस्पताल भवनों की प्रगति को भी रियल-टाइम में देखा जा सकता है।

**पोर्टल की प्रमुख सुविधाएं**

दवा एवं उपकरण खरीदः पोर्टल पर सभी निविदाएं, स्वीकृत आपूर्तिकर्ता और अनुबंध मूल्य सूची सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हैं।

वितरण प्रणालीः दवाओं की डिलीवरी, स्टॉक की वर्तमान स्थिति और लंबित मांग की जानकारी दिन-प्रतिदिन अपडेट होती है।

वाहन ट्रैकिंगः दवा परिवहन में लगे वाहनों की लाइव लोकेशन और उनके रूट की जानकारी भी नागरिक देख सकते हैं।

अधोसंरचना निगरानीः निर्माणाधीन मेडिकल संस्थानों की प्रगति, बजट और योजनागत विवरण अब जनता की नज़रों में हैं।

प्रबंध संचालक श्रीमती पद्मिनी भोई ने इस पहल के बारे में कहा, "पारदर्शिता केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि आमजन यह जान सकें कि उनके स्वास्थ्य के लिए सरकार द्वारा खर्च किया जा रहा प्रत्येक संसाधन कहां और कैसे उपयोग हो रहा है। यह पोर्टल उसी दिशा में एक प्रभावी कदम है।

श्रीमती भोई ने यह भी स्पष्ट किया कि पोर्टल न केवल स्वास्थ्य सेवाओं की दक्षता में अभिवृद्धि करेगा, बल्कि कार्य में पारदर्शिता, भ्रष्टाचार नियंत्रण तथा नागरिकों के विश्वास में वृद्धि हेतु एक प्रभावशाली माध्यम सिद्ध होगा। यह पहल छत्तीसगढ़ राज्य में सुशासन की दिशा में एक अनुकरणीय प्रयास है, जो भविष्य की स्वास्थ्य सेवा योजनाओं को सशक्त आधार प्रदान करेगी।

# वाहनों में एचएसआरपी नंबर प्लेट अनिवार्य

**रायपुर,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सरकार के परिवहन विभाग ने वाहन मालिकों की सुविधा और सुरक्षा के मद्देनज़र एक बड़ी पहल शुरू की है। अब वाहन पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) लगवाना अनिवार्य कर दिया गया है। इसके लिए विभाग ने किसी भी प्रकार की बिचौलिया व्यवस्था या धोखाधड़ी से बचाव के लिए विशेष अभियान छेड़ दिया है।

■ **एचएसआरपी नंबर प्लेट के लिए परिवहन विभाग की वेबसाईट का ही उपयोग किये जाने की अपील**

सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा एचएसआरपी के संबंध में जारी दिशा-निर्देशों, केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 एवं केन्द्रीय मोटरयान नियम 1989 के प्रावधानों, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना जारी की है, जिसके परिपालन में छत्तीसगढ़ राज्य में 1 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत प्रत्येक वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह (एचएसआरपी) लगाया जाना अनिवार्य किया गया है, जिसे लागू कर प्रक्रिया प्रारंभ किया जा चुका है। वाहन स्वामी अधिकृत विभागीय वेबसाइट cgtransport.gov.in के माध्यम से सीधे आवेदन कर वाहन में लगाने की प्रक्रिया को संपन्न कर सकते है।

विगत दिनों से यह शिकायतें मिल रही है कि एचएसआरपी लगाने के नाम पर आम लोगों से धोखाधड़ी की जा रही है। धोखाधड़ी करने वाले ऐसे लोग नंबर प्लेट बनाने के साथ ही होम डिलीवरी करने का झांसा देकर वाहन मालिकों से ठगी कर रहे हैं, जिसमें गूगल प्लेटफार्म में छद्म तरीके से एचएसआरपी पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन ठगी करने का प्रयास किया जा रहा है।

अतः जन-जागरूकता की दृष्टि से परिवहन विभाग ने आम जनता एवं वाहन मालिकों से पुरजोर अपील की है कि वे अधिकृत विभागीय वेबसाइट cgtransport.gov.in के माध्यम से सीधे ऑनलाइन आवेदन कर वाहन में एचएसआरपी लगाने की प्रक्रिया को संपन्न करें, ताकि किसी प्रकार की धोखाधड़ी व स्कैम से बचा जा सके।

# अमलीपदर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 24 घंटे में गूंजीं खुशियों की 6 किलकारी

■ **अंधेरे में मोबाइल की रोशनी बन गई जिंदगी की किरण**
■ **डॉक्टरों ने अंधेरे में मोबाइल की रोशनी में कराई महिला की सफल डिलीवरी**

**गरियाबंद,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले के अमलीपदर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बीते 24 घंटों के खुशियों की छह किलकारियां गूंजीं। ये किलकारियां सिर्फ नवजात शिशुओं की नहीं थीं, बल्कि मुश्किल हालात में उम्मीद की नई किरण भी बनीं। तेज आंधी और बारिश के कारण अस्पताल में लगातार 18 घंटे तक बिजली बाधित रही, मगर इन विषम परिस्थितियों में भी डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों ने हार नहीं मानी। मोबाइल फोन की छोटी-सी रोशनी के सहारे उन्होंने सुरक्षित प्रसव कराते हुए माँ और शिशु की जिंदगी बचाई।





जानकारी के अनुसार, रविवार रात आए तेज आंधी-तूफान के चलते पूरे इलाके की बिजली आपूर्ति ठप हो गई थी। स्वास्थ्य केंद्र में सोलर सिस्टम की व्यवस्था थी, लेकिन लगातार 10 घंटे उपयोग के कारण अंतिम प्रसव के ठीक पहले ही उसकी बैटरी पूरी तरह डाउन हो गई। बिजली न होने के कारण अस्पताल का ऑपरेशन थिएटर और प्रसव कक्ष अंधेरे में डूब गया। ऐसे कठिन हालात में भी डॉक्टरों और स्टाफ ने हार नहीं मानी। मोबाइल फोन की फ्लैशलाइट के सहारे प्रसव कराया। स्वास्थ्यकर्मियों ने पूरी सजगता और सूझबूझ के साथ प्रसव संपन्न कराया। एक हाथ में मोबाइल और दूसरे हाथ से जिंदगी को थामने की जद्दोजहद, यह दृश्य अस्पताल में मौजूद हर किसी के लिए अविस्मरणीय बन गया। इस दौरान सीएचसी में लीलाबाई निषाद, सदराई बाई गोड़, हीरा बाई, बुनादी बाई निषाद, रूखमणी बाई और उलसो बाई टंकेश्वर गोड़ ने नवजात को जन्म दिया। डिलीवरी के बाद सभी नवजात शिशु और उनकी माताएं स्वस्थ हैं।

अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर इंद्रजीत भारद्वाज ने बताया कि सीमित संसाधनों और अंधेरे के बीच स्टाफ ने जिस सेवा भावना और समर्पण का परिचय दिया, वह अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि पांच प्रसव के बाद सोलर की बैटरी डाउन होने से अंधेरा हो गया था। यदि डॉक्टरों और नर्सों ने तत्काल मोबाइल लाइट के भरोसे प्रसव का निर्णय न लिया होता, तो महिला और उनके परिजनों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ सकता था। सफल ऑपरेशन में लीला, खुशबू और चित्रा सिस्टर का योगदान रहा।

वहीं स्थानीय लोगों ने भी डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों के इस अदम्य साहस और सेवा-भावना की जमकर सराहना की है। उनका कहना है कि संकट की इस घड़ी में अमलीपदर सीएचसी में जो जज्बा और समर्पण देखने को मिला, वह पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है।

**कर्रेगट्टा पहाड़ पर ऐतिहासिक ऑपरेशन**

# हिड़मा-देवा समेत 1,000 से ज्यादा नक्सली घेरे में,10,000 जवान मैदान में

**बीजापुर,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। बीजापुर जिले से एक बड़ी खबर सामने आई है। कर्रेगट्टा पहाड़ की दुर्गम चोटियों पर नक्सलियों के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा और निर्णायक ऑपरेशन बीते 100 घंटों से लगातार जारी है। इस ऑपरेशन में छत्तीसगढ़, तेलंगाना और महाराष्ट्र से 10,000 से अधिक सुरक्षाबल के जवानों ने मोर्चा संभाला है और नक्सलियों को चारों ओर से घेर रखा है।

सूत्रों के अनुसार, नक्सली संगठन के शीर्ष कमांडर माड़वी हिड़मा, देवा और विकास अपनी बटालियन नंबर-1 के साथ इस घेरे में फंसे हुए हैं। कर्रेगट्टा पहाड़, जो बीजापुर और तेलंगाना की सीमा पर स्थित है और लगभग 5,000 फीट ऊंचा है, नक्सलियों का एक मजबूत गढ़ माना जाता रहा है।

**भीषण गर्मी और विषम चुनौतियों के बीच ऑपरेशन**

44 से 45 डिग्री तापमान और कम ऑक्सीजन स्तर की कठिन परिस्थितियों में भी सीआरपीएफ, डीआरजी, एसटीएफ, कोबरा, ग्रेहाउंड्स और महाराष्ट्र के सी-60 कमांडो पूरे 7 किलोमीटर के दायरे में क्षेत्र को घेरकर लगातार अभियान चला रहे हैं। ड्रोन और सैटेलाइट से हर गतिविधि पर बारीकी से नजर रखी जा रही है। हाल ही में जवानों को पहाड़ में एक विशाल गुफा मिली है, जिसे नक्सलियों का ठिकाना माना जा रहा है।



अब तक तीन महिला नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं और 100 से अधिक आईईडी भी निष्क्रिय किए गए हैं। भीषण गर्मी और डिहाइड्रेशन के कारण कुछ जवानों को एयरलिफ्ट कर भद्राचलम ले जाया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है। अनुमान है कि यह ऑपरेशन एक हफ्ते से लेकर एक महीने तक जारी रह सकता है।

**नक्सलियों की वार्ता की पेशकश**

ऑपरेशन के बीच, नक्सली संगठन भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के उत्तर-पश्चिम सब जोनल ब्यूरो के प्रभारी रूपेश ने एक पत्र जारी कर सरकार से शांति वार्ता की अपील की है। पत्र में उन्होंने ऑपरेशन रोकने और वार्ता शुरू करने की मांग की है। हालांकि, सुरक्षा बलों ने इस अपील को दरकिनार करते हुए ऑपरेशन की गति और बढ़ा दी है।

**हिड़मा और देवा: सुरक्षाबलों के मुख्य लक्ष्य**

45 लाख रुपये के इनामी नक्सली कमांडर माड़वी हिड़मा को 2013 के झीरम घाटी हमले समेत कई बड़े हमलों का मास्टरमाइंड माना जाता है। वहीं देवा, बटालियन नंबर-1 का प्रमुख, भी सुरक्षाबलों के निशाने पर है। खुफिया एजेंसियों के मुताबिक, कर्रेगट्टा पहाड़ में 1,000 से 2,000 के बीच नक्सली मौजूद हो सकते हैं।

**ऑपरेशन का उद्देश्य**

इस विशाल अभियान का उद्देश्य न केवल नक्सली नेटवर्क को खत्म करना है, बल्कि इस क्षेत्र में स्थायी सुरक्षा कैंप स्थापित करना भी है। केंद्र सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार ने 2026 तक नक्सलवाद को जड़ से खत्म करने का संकल्प लिया है, और यह ऑपरेशन उसी दिशा में एक निर्णायक कदम है।

बीजापुर में तीन हेलीपैड्स को हाई अलर्ट पर रखा गया है, और डीजीपी तथा गृहमंत्री विजय शर्मा जल्द ही ऑपरेशन स्थल का दौरा कर सकते हैं। यह ऑपरेशन देश की सुरक्षा और स्थायित्व के लिए एक ऐतिहासिक प्रयास है। विषम परिस्थितियों में अपने प्राणों की बाजी लगाकर राष्ट्र की रक्षा कर रहे वीर जवानों के साहस को नमन। जनता से भी अपील है कि सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को दें।

# राजिम मेले के बाद त्रिवेणी संगम पर प्लास्टिक प्रदूषण का संकट, प्रशासन की उदासीनता उजागर

**नवापारा,** 28 अप्रैल (देशबंधु)। पवित्र चित्रोत्पला महानदी त्रिवेणी संगम, जो धार्मिक और पर्यावरणीय दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, आज प्लास्टिक प्रदूषण की चपेट में है। हाल ही में आयोजित राजिम मेले के दौरान नदी किनारे बिछाई गई हजारों प्लास्टिक की बोरियाँ अब भी नदी में पड़ी हुई हैं, जिससे नदी का जल, जलीय जीव-जंतु और समग्र पारिस्थितिकी तंत्र संकट में है।



मेले के आयोजन के लिए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा बिछाई गई ये प्लास्टिक बोरियाँ आयोजन समाप्त होने के बाद हटाई नहीं गईं। इसके अलावा, पर्यावरण विभाग ने भी इस गंभीर समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं दिया है। परिणामस्वरूप, नदी किनारे फैला प्लास्टिक कचरा न केवल जल को दूषित कर रहा है, बल्कि मछलियों सहित अन्य जलीय जीवों के लिए घातक बन रहा है। यह स्थिति स्थानीय समुदाय के स्वास्थ्य और त्रिवेणी संगम की पवित्रता के लिए भी खतरा है स्थानीय निवासियों ने प्रशासन की इस लापरवाही पर रोष जताया है। उनका कहना है कि मेले के बाद सफाई और कचरा प्रबंधन की कोई व्यवस्था नहीं की गई, जिसके कारण यह धार्मिक स्थल अपनी प्राकृतिक सुंदरता और आध्यात्मिक गरिमा खो रहा है।

पर्यावरण विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो नदी का पारिस्थितिकी तंत्र अपूरणीय क्षति झेल सकता है। इस गंभीर मुद्दे पर जिला प्रशासन, लोक निर्माण विभाग और पर्यावरण विभाग से त्वरित कार्रवाई की अपेक्षा है ताकि महानदी और त्रिवेणी संगम का पर्यावरणीय और धार्मिक महत्व सुरक्षित रहे।

# उड़नदस्ता दल ने जप्त किया 32 नग अर्जुन और 4 नग साजा प्रजाति की अवैध लकड़ियां

**धमतरी,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। वन परिक्षेत्र धमतरी के अंतर्गत ग्राम रीवागहन में आज वन विभाग के उड़नदस्ता दल द्वारा ग्राम रीवागहन में चेतन साहू के सॉ मिल का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान पर मिल में अवैध रूप से रखे गये अर्जुन एवं साजा प्रजाति की लकड़ी को जप्त किया गया। वनमण्डलाधिकारी श्रीकृष्ण जाधव के निर्देश और संयुक्त वनमंडलाधिकारी मनोज विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में सहायक परिक्षेत्र अधिकारी कुरूद, परिसर रक्षक कुरूद और गवाहों की उपस्थिति में लकड़ी का नापजोख की गई। अर्जुन प्रजाति लकड़ी 32 नग-3.700 घ.मी. और साजा प्रजाति लकड़ी 4 नग-0.303 घ.मी. जप्त किया गया। इसके साथ ही संबंधित के विरूद्ध वन अपराध प्रकरण जारी कर अपराध पंजीबद्ध किया गया। कार्यवाही में धमतरी रेंजर संदीप सोम, एरावत सिंह मधुकर डिप्टी रेंजर कुरूद, उड़नदस्ता दल के सदस्य उमेश सिंह, डिप्टी रेंजर, ज्ञानचंद कश्यप डिप्टी रेंजर, नरेश उपाध्याय, डिप्टी रेंजर अर्जुन निर्मलकर, परिक्षेत्र सहायक उत्तर धमरी, शशिकांत साहू, बीट फॉरेस्ट ऑफिसर धमतरी एवं भगतराम चेलक, बीट फॉरेस्ट ऑफिसर कुरूद रहे।



# अश्लील हरकत के आरोप में युवक पर हुआ एफआईआर

**तिल्दा-नेवरा,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। अश्लील हरकत के आरोप में तिल्दा-नेवरा पुलिस ने एक युवक के खिलाफ एफ आई आर दर्ज किया है। मामला बिते दिन का है, मिली जानकारी के मुताबिक बीते दिन 26 अप्रैल को तिल्दा-नेवरा निवासी एक 17 वर्षीय नाबालिग बालिका सिंधी पंचायत भवन के सामने अपने बहनों के साथ मेमोस खा रहे थे, इसी दरम्यान आरोपी युवक मौके पर कार से आये और पिडिता को देखकर कार को रोककर सिर से इशारा करते हुए कही और चलने को कहा, जिससे पिडिता भयभीत होकर अपने मामा को जोर से आवाज लगाया। आवाज सुनकर पिडिता के मामा मौके पर आकर कार के सामने खड़े होकर पिडिता




नाबालिग से आवाज लगाने का कारण पूछा, पिडिता ने सारी घटना की जानकारी अपने मामा को दिया, तदुपरांत पिडिता के मामा व युवक के मध्य वाद विवाद हुआ वहीं बताया जा रहा है कि पिडिता नाबालिग को इसके पूर्व में भी आरोपी युवक जो उनके घर के समीप निवास करता है, इनके द्वारा अश्लील इशारा किया गया था, जिसकी जानकारी पिडिता ने अपने माता पिता को भी दिया था। इस मामले की शिकायत पिडिता पक्ष के द्वारा तिल्दा-नेवरा थाना में दर्ज करायी गई है, पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता बी एन एस 2023 धारा 79 एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम धारा 12 के तहत कार्रवाई किया है।

**0 नई दिल्ली।** युवा कांग्रेस ने पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में आज यहां पाकिस्तान उच्चायोग के बाहर प्रदर्शन कर इसे कायराना हरकत बताया और कहा कि यह हमला मानवता के खिलाफ सबसे बड़ा अपराध है। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता वरुण पांडेय ने बताया कि श्री चिब के नेतृत्व में बड़ी संख्या में एकत्रित हुए युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने आयोग के बाहर प्रदर्शन किया और पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी की।

**NECC**

| 29.04.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 410 | 68 | 155 |
| चिल्हर | 6 | 90 | 180 |
| डिलीवरी | 425 सैकड़ा | | |

दर्जन अंडा 70 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

**उल्टा पुल्टा**

काफी दिनों बाद चिंटू पार्क में घूमने गया, घर लौटकर उसने अपनी पत्नी को बताया- जानती हो लोग मुझे भगवान मानने लगे हैं।

पत्नी- ये तुमने कैसे जाना।

चिंटू- जब मैं पार्क में गया था, वहां पर औरतें मुझे देख कर बोली, हे भगवान तू फिर आ गया।

## संपादकीय

### लोक सेवा : समय सीमा-जवाबदेही ज़रूरी

छत्तीसगढ़ सरकार ने एक महत्वपूर्ण फैसले में लोक सेवा गारंटी के दायरे में कुछ और महत्वपूर्ण सेवाओं को लाया है। व्यवसाय और उद्योग से सम्बन्धित 13 सुविधाएं अब लोक सेवा गारंटी के तहत लाई गई हैं। उम्मीद है कि इस फैसले से लोगों को अनेक मामलों में सुविधाएं बढ़ेंगी। उक्त दोनों ही क्षेत्र में निवेश के इच्छुक लोगों को विभिन्न अनुमतियां आसानी से मिल सकेंगीं। समयबद्ध तरीके से काम करने में नाकामी की जवाबदेही सम्बन्धित अधिकारियों की मानी जायेगी। आशा है कि इस प्रावधान से इन सुविधाओं को अधिक पारदर्शितापूर्वक तथा तेज गति से उपलब्ध कराये जाने का मार्ग प्रशस्त होगा। विभिन्न विभागों की कार्य क्षमता तो बढ़ेगी ही, लोगों का विश्वास भी शासकीय प्रणाली में बन सकेगा।

शनिवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जिन 13 सेवाओं को गारंटी के तहत लाया है, उनमें नगर नियोजन, जल संसाधन व पर्यावरण सम्बन्धी मंजूरियां, औद्योगिक लाइसेंस, माप-तौल प्रमाणन आदि हैं। इनका सम्बन्ध उद्योग, जल संसाधन, पर्यावरण मंडल, बिजली बोर्ड, विधिक माप विज्ञान, नगर नियोजन, वाणिज्य और उद्योग विभाग से है। इन सेवाओं को लोक सेवा गारंटी के दायरे में लाने का उद्देश्य कारोबार तथा उद्योगों की स्थापना एवं उनके संचालन को आसान बनाना है जो 'ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस' कहलाता है।

इनसे सम्बन्धित अनुमतियों के लिये 45 से 60 दिनों की समय सीमा तय की गयी है जो आवेदक को प्राप्त हो जानी चाहिये। यदि ऐसा न हुआ तो उसका जिम्मेदार सम्बन्धित अधिकारी को माना जायेगा। सामान्य नागरिकों के अलावा व्यवसायियों तथा उद्योगपतियों को इस फैसले से लाभ होगा जो विभिन्न तरह की मंजूरियों के लिये विभिन्न कार्यालयों का चक्कर लगाते रहते हैं। समय सीमा निर्धारित होने तथा जवाबदेही तय करने के बाद प्रक्रिया में तेजी आयेगी तथा स्वयं इन विभागों की दिलचस्पी आवेदनों को तत्काल निराकृत करने में होगी। इससे प्रदेश में व्यवसाय तथा उद्योग लगाने के लिये लोगों का उत्साह बढ़ेगा।

छग को सतत विकसित होते देखकर स्थानीय हों या बाहरी व्यक्ति, वह बड़ी संख्या में किसी न किसी तरह का छोटा-मोटा व्यवसाय या औद्योगिक इकाइयां लगाना तो चाहता है, लेकिन लालफीताशाही के चलते निरुत्साहित हो जाता है। उसकी दिलचस्पी जल्दी ही खत्म हो जाती है। हर काम के लिये उसे विभिन्न कार्यालयों के चक्कर तो लगाने ही पड़ते हैं, एक-एक अनुमति के लिये भी उसे एक से दूसरे अधिकारी की प्रदक्षिणा करनी पड़ती है। कहने को तो प्रदेश में एकल खिड़की व्यवस्था भी लागू की गयी है परन्तु वह वास्तविक रूप से निवेश के इच्छुकों को बहुत संतुष्ट नहीं कर पाती और न ही उनके कामों का जल्दी निपटान होता है। इसका मूल कारण है विभिन्न कामों के लिये समय सीमा का निर्धारण न होना और अधिकारियों की जवाबदेही न होनी। लोक सेवा के अंतर्गत सभी तरह की सुविधाओं की उपलब्धता का यही पैटर्न होना चाहिये।

# कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान और माचकोट जंगल में मिला मेढ़क की एक और प्रजाति

## चिरिक्सेनस साइमस मेंढक बहुत छोटे आकार का मात्र 27 मिलीमीटर होता है : प्रो. सुशील दत्ता



**जगदलपुर,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। बस्तर में मेंढक की चिरिक्सेनस प्रजाति की उपस्थिति है। इसका पता शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धरमपुरा के प्राणी विज्ञान विभाग के प्रमुख प्रोफेसर डा. सुशील दत्ता और जूलाजिकल सर्वे आफ इंडिया के वैज्ञानिक डा. प्रत्युष महापात्र ने लगाया है। दोनों लंबे समय से बस्तर में जीव जंतुओं की नई-नई प्रजातियों की खोज कर रहे हैं। बस्तर ही नहीं छत्तीसगढ़ में भी मेंढक की चिरिक्सेनस प्रजाति की उपस्थिति इसके पहले नहीं पता चली थी। डा. सुशील दत्ता ने हमारे संवाद दाता से चर्चा में बताया कि बस्तर में इसे मिलाकर अब तक मेंइक की 21 प्रजातियों की उपस्थिति साबित हो चुकी है।

**आसाम एशिएन ट्री फ्राग के नाम से जाना जाता है:** बस्तर में अब तक मेंढक की 21 प्रजातियों की खोज की जा चुकी है। चिरिक्रेनस साइमस छोटे आकार का मेंढक है। हाल ही मिला इस प्रजाति के मेंढक का आकार मात्र 27 मिलीमीटर है। चिरिक्सेनस साइमस ग्रेसियन आसाम एसियन ट्री फ्राग नाम से जाना जाता है। यह असम, मिजोरम, त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, बांग्लादेश और भूटान पाया जाता है। इसकी विशेष बात यह है कि यह स्वस्थ जंगल में ही पाया जाता है। कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान सहित माचकोट वन क्षेत्र में इस प्रजाति की उपस्थिति से साबित होता है कि बस्तर के जंगल स्वस्थ है। चिरिक्सेलस साक्ष्मस आहईयर बन के वृक्षशेप मेंढक है। पानी में प्रजनन करते हैं और वनस्पतियों में अंडे देते हैं और अंडों को मिनर वेरिया कनिंगा मिल चुका है मेवक की एक अन्य प्रजाति मिनर वैरिया कनिगा (पति) गोविन अनाति के रूप में बस्तर में साल 2010 से लगातार देखा जा रहा है। यह शीत ऋतु में प्रजनन करता है। हाल ही में सर्वेक्षण अध्ययन के दौरान इसे भी देखा गया है। डा. प्रत्युष महापात्र ने बताया कि जीव जंतुओं की प्रजातियों की खोज केवल देखकर फोटो खींच लेने से नहीं होता बल्कि सैपल एकत्र करने टेक्सोनोमीक अध्ययन के लिए मानिक्यूलर स्तर तक प्रयोग किए जाते है और प्रजातियां सिद्ध की जाती है। अलग-अलग स्थान पर पाए गए लेकिन एक समान दिखाने बाली प्रजातियों में भिन्नता का पता लगाकर नामकरण किया जाता है। बताया गया कि बस्तर में पाई गई मेढक की नई प्रजाति से संबंधित रिपोर्ट छत्तीसगढ़ बायोडायवर्सिटी बोर्ड द्वारा प्रकाशित पुस्तक में विस्तार से की गई है। भागसर घोसलों में सुरक्षित रखते है ताकि लायी बनने तक नमी बनी रहे इसको आवाज को सुनकर इस प्रजाति को चिन्हित किया जा सकता है।

प्रोफेसर सुशील दत्ता ने बताया कि पर्यावरण के लिए जैव विविधता काफी महत्वपूर्ण होता है। नए प्रजाति के जो भी जीव जंतु मिलते हैं उनके विषय में गहन अध्ययन कर सूक्ष्मता से जांच की जाती है। यहां तक कि उनका डीएनए परीक्षण कर उनकी समूह जाती का पता लगाया जाता है और उसकी विशेषताओं को संकलित किया जाता है।

# कांग्रेस ने चित्रकोट से निकाली इंद्रावती बचाओ यात्रा



**जगदलपुर,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बच के नेतृत्व में चित्रकूट से इंद्रावती बचाओ यात्रा सोमवार को प्रारंभ हुआ। इस यात्रा में काफी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हो रहे हैं। कांग्रेस के नेताओं ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार की जनविरोधी नीतियों के चलते बस्तर का लोकतांत्रिक अधिकार खतरे में व बस्तर की जीवनदायिनी इंद्रावती नदी सूखने के कगार पर है, जिसको लेकर कांग्रेस बस्तर के प्रभावित किसानों के साथ मिलकर इंद्रावती को बचाने हेतु बड़ी लड़ाई लड़ने को तैयार है। छत्तीसगढ़ पीसीसी चीफ दीपक बैज के निर्देश पर बस्तर संभाग सहित प्रदेश कांग्रेस के नेतागण व कार्यकर्ता भी चित्रकोट के लोहंडीगुड़ा से लेकर जगदलपुर तक का विशाल पदयात्रा कर इंद्रावती के अस्तित्व को बचाने, किसानों के हुए फसल नुकसान हेतु मुआवजे, बस्तर में बढ़ते भीषण जलसंकट सहित अन्य महत्वपूर्ण मांगों को लेकर कलेक्टर कार्यालय का घेराव कर इस निरंकुश, जनविरोधी, पर्यावरण विरोधी, किसान विरोधी और कुंभकर्णीय नींद में सोई भाजपा सरकार को जगाने का कार्य करेगी।

# परशुराम जयंती पर कल निकलेगी भव्य शोभायात्रा




**जगदलपुर,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। शहर में सर्व ब्राह्मण समाज और सर्व हिन्दू समाज की ओर से भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव भव्य रुप से मनाया जाएगा। भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव पर शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। उक्त जानकारी सर्व ब्राह्मण समाज के सदस्यों ने आयोजित पत्रवार्ता में दी है। सर्व ब्राह्मण समाज के सदस्य रंजीत पांडेय ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी भगवान परशुराम का जन्मोत्सव शहर में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि आगामी 30 अप्रैल को सुबह 9 बजे शहर के अनुपमा चौक में भगवान परशुराम की पूजा अर्चना की जाएगी। वहीं शाम चार बजे मां दंतेश्वरी मंदिर में पूजा करने के बाद एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा शहर के मुख्य मार्ग संजय बाजार, चांदनी चौक, स्टेट बैंक चौक से मेन रोड, गोल बाजार से होते हुए वापस सिरहासार पहुंचेगी। इस दौरान समाज के लोगों के द्वारा शोभायात्रा में पुष्प वर्षा भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि जो वरिष्ठ जन शोभायात्रा में चलने में असमर्थ है, वह सिरहासार में बैठकर भजन कीर्तन कर सकेंगे। वहीं शोभायात्रा की समाप्ति के बाद सिरहासार में भगवान परशुराम जी की महाआरती की जाएगी। भगवान परशुराम जी की महाआरती के पश्चात वहीं नजदीक में स्थित मावली माता मंदिर में श्रदालुओं को प्रसाद वितरण किया जाएगा। पत्रवार्ता के दौरान उपस्थित समाज की महिला सदस्य ने बताया कि भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव पर सभी श्रद्धालु पीले रंग के वस्त्र पहनकर आएंगे। वहीं सर्व ब्राह्मण समाज के संभागीय अध्यक्ष संजीव शर्मा ने बताया कि समाज के द्वारा बीते कई वर्षों से अनुपमा चौक का नाम भगवान परशुराम जी के नाम पर रखने की मांग की जा रही है। इसलिए भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव के अवसर पर अनुपमा चौक में पूजा अर्चना करने के बाद समाज के सदस्यों के द्वारा प्रशासन से अनुपमा चौक का नाम बदलकर भगवान परशुराम जी के नाम करने का आग्रह किया जाएगा। पत्रवार्ता के दौरान सर्व ब्राह्मण समाज के संभागीय अध्यक्ष संजीव शर्मा, रंजीत पांडेय समेत समाज के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।

# निगम से अनुमति प्राप्त करने के बाद ही शहर में लगेंगे विज्ञापन

- चांदनी चौक, एयरपोर्ट चौक, पनामा चौक, सिटी कोतवाली चौक, संपूर्ण डिवाईडर एवं पेड़ में फ्लेक्स लगाने पर लगा प्रतिबंध
- 24 घंटे के अंदर विज्ञापन ट्रॉली हटाने का निगम ने दिया निर्देश

**जगदलपुर,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर पालिका निगम जगदलपुर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विभिन्न चौक चौराहों पर विज्ञापन ट्राली खड़ा किया जाता है। विगत दिनों आंधी तूफान आने से ट्रॉली सड़क पर गिरा होना पाया गया, साथ ही यातायात बाधित भी हो रहा है। कभी भी दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। निकाय क्षेत्र के अंतर्गत समस्त विज्ञापन ट्रॉली बंद करने का निर्णय निगम ने लिया है। निगम ने 24 घंटे के अंदर निकाय क्षेत्र से विज्ञापन ट्रॉली हटाने का निर्देश दिया है अन्यथा निगम द्वारा ट्राली जप्ती एवं जुर्माना की कार्रवाई की जाएगी। निगम क्षेत्र में बिना अनुमति से विज्ञापन होर्डिंग लगाया जाता है जो कि अवैधानिक कृत्य है। निगम ने विज्ञापन होर्डिंग लगाने के पूर्व निम्न शर्तो का पालन करने कहा गया है। विज्ञापन होर्डिंग्स का निगम से अनुमति प्राप्त करने के बाद ही लगाया जाएगा। साथ ही प्रत्येक होर्डिंग्स में प्रकाशक एवं मुद्रक का नाम अंकित करना अनिवार्य है तथा विज्ञापन होर्डिंग्स लगाने का तिथि कब से कब तक लगाना है वह भी निगम ने अंकित करने कहा गया है। राजनीतिक, धार्मिक, सामाजिक, जन्मदिवस एवं अन्य विज्ञापनों को बिना अनुमति के न लगाने का निर्देश निगम में दिया है। निगम ने चांदनी चौक, एयरपोर्ट चौक, पनामा चौक, सिटी कोतवाली चौक एवं संपूर्ण डिवाइडर तथा विद्युत पोल, पेड़ में फ्लेक्स विज्ञापन लगाने पर प्रतिबंध लगाया है। निगम ने उक्त शर्तों का पालन किया जाना सुनिश्चित किया है अन्यथा निगम द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। महापौर संजय पांडे एवं राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा के द्वारा नागरिकों से अपील किया गया है कि शहर अव्यवस्थित हो रहा है। गंदगी भी फैल रहा है जिसके कारण स्वच्छता रैंकिंग हमारा गिरता है। सभी जिम्मेदार नागरिक इस बात को जरूर अमल करेंगे। सभी नागरिक बिना अनुमति के फ्लेक्स ना लगाए, नगर निगम द्वारा बनाए गए नियम के अनुसार ही हम सब मिलकर शहर विकास पर ध्यान देंगे।

# जगरगुंडा के साप्ताहिक बाजार में लगा स्वास्थ्य शिविर



**विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने किया स्वास्थ्य जाँच**

**सुकमा,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार दूरस्थ क्षेत्र जगरगुंडा के साप्ताहिक हाट बाजार में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। स्वास्थ्य शिविर में विशेषज्ञ डॉ. अनमय (जनरल सर्जन), डॉ. विवेक (बाल रोग विशेषज्ञ) और डॉ. अखिलेश (जो जिला अस्पताल में पदस्थ हैं) ने मरीजों का स्वास्थ्य जाँच कर इलाज किया। शिविर में लगभग 55 ग्रामीण स्वास्थ्य जांच के लिए पहुंचे थे। यह शिविर जगरगुंडा के साप्ताहिक बाज़ार के दिन लगाया गया था, ताकि अधिक से अधिक लोगों को शिविर का लाभ मिल सके। यह >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# बस्तर में कनेक्टिविटी विस्तार के लिए सड़क एवं पुल-पुलिया निर्माण को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ करें पूर्ण : डॉ. कमलप्रीत सिंह



- समय-सीमा में कार्यों को पूर्ण नहीं करने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश
- सचिव लोक निर्माण विभाग डॉ. कमलप्रीत सिंह ने की विभागीय निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा

**जगदलपुर,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। सचिव लोक निर्माण विभाग डॉ. कमलप्रीत सिंह ने कहा कि बस्तर अंचल की स्थानीय आवश्यकता के मद्देनजर यहां पर कनेक्टिविटी विस्तार के लिए सड़क एवं पुल-पुलिया निर्माण कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ संचालित कर अनुबंध के अनुसार नियत समय-सीमा में पूर्ण करें। साथ ही महत्वपूर्ण भवन निर्माण कार्यों को वरीयता देकर तेजी के साथ संचालित कर शीघ्र पूर्ण करें। वहीं राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण में ज्यादा ध्यान केंद्रीत करें और भारत माला प्रोजेक्ट सड़क को जोड़ने वाली सड़कों सहित 10 वर्ष से अधिक पुराने राज्य मार्गों के नवीनीकरण कार्य को प्राथमिकता देकर पूर्ण करने पर फोकस करें। वर्किंग सीजन में निर्माण कार्यों में अद्यतन प्रगति लाने के लिए टीम भावना के साथ काम कर आशाजनक रिजल्ट हासिल करें। सचिव लोक निर्माण विभाग डॉ. कमलप्रीत सिंह सोमवार को स्थानीय कलेक्टोरेट के प्रेरणा सभागार में बस्तर राजस्व संभाग अंतर्गत लोक निर्माण विभाग में संचालित निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा के दौरान उक्त निर्देश दिए। उन्होंने बारिश के पहले पूर्ण होने वाले पुल-पुलिया के लिए एप्रोच मार्ग अनिवार्य रूप से बनाए जाने की आवश्यकता निरूपित करते हुए कहा कि इन पुल-पुलिया में एप्रोच मार्ग निर्मित होने से आम जनता को आवाजाही में मदद मिलेगी। सचिव लोक निर्माण डॉ. सिंह ने विभाग में संचालित सड़क, पुल-पुलिया और भवन निर्माण कार्यों की कार्यवार प्रगति की जानकारी ली और निर्देशित किया कि हरेक निर्माण कार्य की कार्यादेश के साथ ही सम्बन्धित निर्माण कार्य को योजनाबद्ध ढंग से नियमित तौर पर संचालित करने हेतु पर्याप्त निर्माण सामग्री, मशीनरी, उपकरण और श्रमिकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने सहित निर्धारित तकनीकी मापदंडों एवं गुणवत्ता के मानकों के अनुरूप कार्य को पूर्ण करें। निर्माण कार्यों में निर्धारित तकनीकी मापदंडों एवं गुणवत्ता के मानकों के अनुपालन करवाने के लिए नियमित तौर पर क्षेत्र भ्रमण कर निर्माण कार्यों की सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें।

**ठेकेदारों की क्षमता के अनुरूप काम देने पर बल:** सचिव लोक निर्माण ने ठेकेदारों को उनकी क्षमता के अनुरूप कार्य देने पर बल देते हुए कहा कि सम्बन्धित ठेकेदार के पास प्लांट, मशीनरी, उपकरण इत्यादि पर्याप्त संसाधन की उपलब्धता को अनिवार्य रूप से दृष्टिगत रखें और एक साथ तीन-चार निर्माण कार्य लेकर रखने वाले ठेकेदारों के कार्यों की मॉनिटरिंग पर अधिक ध्यान केंद्रीत करें। निर्माण कार्यों को नियमित तौर पर संचालित नहीं करने वाले, कार्य में धीमी प्रगति वाले, अतिरिक्त समय देने के पश्चात भी निर्माण कार्य में प्रगति नहीं लाने वाले तथा काम को लम्बे समय तक बंद रखने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध अनुबंध की शर्तों के तहत कार्रवाई करें। वहीं काम को अपूर्ण छोड़कर जाने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध काली सूची में शामिल करने सहित किसी भी निविदा प्रक्रिया से बाहर रखने सम्बन्धी कड़ी कार्रवाई करें।

**उपयुक्त स्थल पर करें भवन निर्माण:** सचिव लोक निर्माण ने सार्वजनिक भवन निर्माण के लिए उपयुक्त स्थल का चयन को प्राथमिकता देने पर जोर देते हुए कहा कि सार्वजनिक भवनों तथा आवासों का सदुपयोग सुनिश्चित हो, इसे दृष्टिगत रखते हुए ऐसे स्थलों पर सड़क, पेयजल एवं बिजली की उपलब्धता सहित उक्त सुविधाओं को आसानी से सुलभ कराए जाने की स्थिति >> शेष पृष्ठ 9 पर >

भावपूर्णश्रद्धांजली

जन्मतिथि 01.01.1965

देहावसान 29.04.2013



स्व. शिवदयाल सिंह तोमर

आपके उदार व्यक्तित्व का आलोक
सदा हमारे प्रगति पथ को प्रकाशित
करता रहे अपने कर्तव्य के प्रति
निष्ठा और लगन हमें निरंतर प्रेरणा
देती रहे आप की स्मृतियां आशीवदि
के रूप में सदैव हमारे साथ रहें...

बारहवीं पुण्यतिथि

सत्यभान सिंह जादौन उर्फ
शेखर (भांजा) दन्तेवाड़ा

# दिव्यांग पार्वती के लिए सुशासन का सुखद संदेश



**दंतेवाड़ा,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन की परिकल्पना को मूर्त रूप देने के लिए सुशासन तिहार तीन चरणों में लागू किया गया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान कर सुशासन की अवधारणा को साकार करना है। इस प्रकार सुशासन तिहार के तहत जिले में प्राप्त आवेदनों के समाधान की प्रक्रिया के अंतर्गत समाज कल्याण विभाग द्वारा भी आवेदकों की समस्याओं को निराकृत करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

कटेकल्याण विकासखंड के ग्राम पंचायत कटेकल्याण (डोंगरीगुड़ा पारा) निवासी दिव्यांग महिला एवं चलने फिरने में असमर्थ श्रीमती पार्वती नाग के लिए भी सुशासन तिहार एक सुखद संदेश लेकर आया। दिव्यांग श्रीमती नाग ने सुशासन तिहार के प्रथम चरण में आवेदन देकर अपनी कठिनाइयों को साझा किया था। उनकी समस्या पर त्वरित संज्ञान लेते हुए प्रशासन ने व्यक्तिगत रूप से उनसे संपर्क साधा और उन्हें ट्राई साइकिल प्रदाय कर सबसे जरूरी आवश्यकताओं की पूर्ति की। एक दिव्यांगजन के लिए सबसे कठिन समस्या दैनिक आवाजाही की होती है और पार्वती नाग भी इसी समस्या से जुझ रही थी। इसे दृष्टिगत रखते हुए समाज कल्याण विभाग द्वारा की गई इस सहायता से पार्वती नाग और उनके परिजनों ने शासन का आभार जताते हुए कहा कि यह पहल उनके जीवन में आत्मनिर्भरता लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने छत्तीसगढ़ शासन और जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया, जिनके प्रयासों से उन्हें यह सहायता समय पर उपलब्ध हो सकी। ट्राई साइकिल मिलने पर पार्वती नाग ने भावुक होते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, पहली बार मुझे लगा कि सरकार सीधे हमारे दुख-दर्द को समझ रही है। मैंने जो आवेदन किया था, उस पर इतनी जल्दी कार्यवाही होगी, मैंने कभी सोचा भी नहीं था।

बहरहाल प्रशासन द्वारा किए गए समुचित सहयोग से अब श्रीमती नाग को न केवल आवश्यक सुविधा उपलब्ध हुई है, बल्कि उनका जीवन भी पहले से कहीं अधिक सहज और सम्मानजनक हो गया है। सुशासन तिहार के माध्यम से सरकार की यह पहल न केवल समस्याओं के समाधान तक सीमित है, बल्कि इससे पार्वती नाग जैसे आमजनों में शासन के प्रति विश्वास और आशा का संचार किया है। उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार के तहत जिले में पहले चरण (8 से 11 अप्रैल) के दौरान जिले के पंचायत, ब्लॉक एवं नगरीय निकाय कार्यालयों में समाधान पेटियों और ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से लगभग 38 हजार116 आवेदन प्राप्त हुए। दूसरे चरण (12 अप्रैल से 4 मई) के अंतर्गत संबंधित विभागों के अधिकारी, आवेदकों से सीधे संवाद कर उनके आवेदन का समाधान सुनिश्चित कर रहे हैं।

- समाज कल्याण विभाग ने दी ट्राई साइकिल
- सीएम विष्णु के सुशासन की परिकल्पना साकार
- हितग्राही और परिजनों ने सरकार व प्रशासन को दिया धन्यवाद

# घर-घर जाकर समझाया पोषण का महत्व

**दंतेवाड़ा,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। महिला बाल विकास विभाग द्वारा दी गई जानकारी अनुसार जिले में कुपोषण के मध्यम और गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों को चिन्हांकित कर प्रत्येक माह उनके घर जाकर पोषण संबंधी जानकारी दी जा रही है। पोषण व्यवहार में सकारात्मक बदलाव पर जोर दिया जा रहा है।



विशेषज्ञों के मतानुसार 3 वर्ष से कम उम्र के बच्चे अधिकतर कुपोषण के शिकार होते हैं, जबकि उनका अधिकांश समय घर पर ही बीतता है और उनकी देखभाल की जिम्मेदारी परिवार की ही होती है। बाल पोषण की जानकारी के अभाव में परिवारजन बच्चे की सही देखभाल नहीं कर पाते, जिससे बच्चा धीरे-धीरे कुपोषण का शिकार हो जाता है। इस क्रम में सेक्टर नकुलनार, अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं पर्यवेक्षिकाओं द्वारा ग्राम पंचायत श्यामगिरी के घर-घर जाकर गृह भेंट के माध्यम से बच्चों के पालकों को बालकों के खान-पान से संबंधित जानकारी दी जा रही है। इस दौरान ग्राम श्यामगिरी के ही 2 माह के आयुष नामक शिशु की माता मीना को गृह भेंट के दौरान समझाया गया कि बच्चे के छह माह तक केवल स्तनपान कराना चाहिए। इस अवधि में बच्चे की पानी की आवश्यकता भी माँ के दूध से पूरी हो जाती है, इसलिए अलग से पानी देने की आवश्यकता नहीं है। साथ ही, बच्चे के सभी निर्धारित टीकाकरण समय पर कराना जरूरी है। मीना को यह भी सलाह दी गई कि वह अपने आहार में हरी साग-भाजी, मुनगा (सहजन) और मौसमी फल जैसी उपलब्ध पोषक चीजों को शामिल करें। सेक्टर नकुलनार में सुपोषण अभियान के तहत गर्भवती, धात्री महिलाओं और कुपोषित बच्चों को प्रतिदिन गर्म भोजन भी प्रदान किया जा रहा है। इस संबंध में मीना ने बताया कि वह नियमित रूप से आंगनबाड़ी केंद्र जाकर भोजन ग्रहण कर रही हैं। उल्लेखनीय है कि कुपोषण के खिलाफ जंग तभी सफल होगी जब माता-पिता और परिवारजन अपने पोषण व्यवहार में बदलाव लाएंगे। इस लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए, सभी सेक्टर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित कर यह सुनिश्चित किया गया कि गृह भेंट के दौरान कुपोषित बच्चों को रेडी-टू-ईट खाद्य सामग्री की निर्धारित मात्रा वितरित करने के लिए परिवारों को प्रेरित किया जाए।

- माताओं को दी स्तन पान की जानकारी
- बाल पोषण पर परिजनों को किया जागरूक
- महिला एवं बाल विकास विभाग की पहल

# पीएम ने दी विज्ञान के क्षेत्र में बढ़ने की प्रेरणा : नंदलाल

**दंतेवाड़ा,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। कटेकल्याण ब्लॉक के मंडल कटेकल्याण, बूथ क्रमांक 170 में जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने कार्यकर्ताओं और जन प्रतिनिधियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात को सुना।



इस दौरान प्रधानमंत्री श्री मोदी ने विशेष रूप से दंतेवाड़ा जिले में संचालित साइंस सेंटर का उल्लेख करते हुए उसकी महत्ता पर प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री ने बताया कि कैसे यह साइंस सेंटर ग्रामीण और आदिवासी अंचल के बच्चों के लिए विज्ञान और तकनीकी शिक्षा का एक सशक्त मंच बन रहा है। उन्होंने इसे दंतेवाड़ा के नवाचार और प्रगतिशील सोच का प्रतीक बताया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने यह भी कहा कि इस तरह के प्रयासों से बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित होता है और जिले के भविष्य को एक नई दिशा मिलती है। साइंस सेंटर न केवल शैक्षणिक क्षेत्र में बल्कि जिले के समग्र विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री मुड़ामी ने इस अवसर पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा दंतेवाड़ा के साइंस सेंटर का उल्लेख करना जिले के लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने कहा कि यह हम सभी के लिए प्रेरणा है कि हम शिक्षा और विज्ञान के क्षेत्र में और बेहतर कार्य करें तथा बच्चों को आधुनिक शिक्षा से जोड़ें। श्री मुड़ामी ने उपस्थित कार्यकर्ताओं से भी आह्वान किया कि वे इस उपलब्धि को आमजन तक पहुँचाएँ और जिले के बच्चों को साइंस सेंटर का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित करें। सभी ने मन की बात कार्यक्रम को ध्यानपूर्वक सुना और प्रधानमंत्री के संदेश से प्रेरित होकर क्षेत्र के विकास में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान मंडल अध्यक्ष कटेकल्याण लक्ष्मीनारायण टेकाम, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजमन ठाकुर, मासा राम, पूर्व मंडल अध्यक्ष सोमडू कोर्राम, जनपद सदस्य पवन कर्मा, सागर मरकाम, सुरेश कवासी, बलि पोडियामी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

- मन की बात में साइंस सेंटर का जिक्र गौरव का क्षण
- नवाचार ने बच्चों में विकसित की वैज्ञानिक सोच
- कटेकल्याण में कार्यकर्ताओं के साथ सुनी पीएम के मन की बात

# दूर करें झिझक, मासिक धर्म एक सामान्य प्रक्रिया

**दंतेवाड़ा,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत ग्राम बड़ेगुडरा के स्कूलों में छात्राओं को मासिक धर्म (पीरियड्स) के बारे में विगत दिवस जागरूक किया गया। इस जागरूकता अभियान के तहत बताया गया कि मासिक धर्म महिलाओं के जीवन का एक स्वाभाविक व महत्वपूर्ण हिस्सा है, लेकिन इसके बारे में खुलकर बात करने में आज भी झिझक महसूस की जाती है। मासिक धर्म एक सामान्य प्रक्रिया है और सभी किशोरी बालिकाओं को इसकी सही जानकारी होना बेहद जरूरी है।



पहली बार पीरियड्स होने पर बालिकाओं में डर, असमंजस और चिंता होना स्वाभाविक है। ऐसे समय में सही मार्गदर्शन से न सिर्फ उनका आत्मविश्वास बढ़ाया जा सकता है, बल्कि वे इस दौरान भी सामान्य जीवन जी सकती हैं। इस तरह सभी किशोरियों को इसकी सही जानकारी देने में माताएं, बड़ी बहनें, शिक्षिकाएं व अन्य महिलाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि पीरियड्स के दौरान शरीर को अतिरिक्त पोषण की जरूरत होती है। हरी सब्जियां, ताजे फल, दूध, दही, अंडे और सूखे मेवे जैसे पौष्टिक आहार को प्राथमिकता देनी चाहिए, साथ ही पर्याप्त पानी पीते रहना जरूरी है। इसके अलावा छात्राओं को इस अवधि में अत्यधिक मीठे, तले-भुने, मैदे से बने और मसालेदार भोजन से बचने की सलाह दी गई। इसके साथ ही किशोरियों में आयरन की कमी (एनीमिया) को दूर करने के लिए आयरन फोलिक एसिड की नीली गोली सप्ताह में एक बार देना अनिवार्य बताया गया। कई बार किशोरियों में आयरन की कमी से कार्य क्षमता में गिरावट, पढ़ाई में ध्यान की कमी, भूख न लगना, शारीरिक विकास में बाधा और रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी देखी जाती है। भविष्य में गर्भावस्था के दौरान जटिलताएं भी उत्पन्न हो सकती हैं। इसे देखते हुए विभाग द्वारा 10 से 19 वर्ष तक के किशोरियों के लिए 'साप्ताहिक आयरन फोलिक एसिड अनुपूरण कार्यक्रम' व्हीआईएफएस के तहत नियमित रूप से आयरन की गोलियां वितरित की जा रही हैं।

- बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत जागरूकता अभियान
- किशोरी बालिकाओं को दी विस्तृत जानकारी
- भ्रम दूर करने शिक्षिका, माता और बड़ी बहनों की अहम भूमिका

# जिला पंचायत में कल कार्यशाला

**दंतेवाड़ा,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। वन अधिकार अधिनियम अंतर्गत सामुदायिक वन संसाधन अधिकार की प्रक्रिया को सुदृढ करने, मान्यता प्राप्त ग्राम सभाओं एवं उनकी समितियों को प्रशिक्षण प्रदान करने तथा स्वयं सहायता समूहों को वन आधारित आजीविका, लघु वनोपज संग्रहण, भंडारण और प्रसंस्करण में विभाग के साथ दक्ष बनाने के संबंध में विभागीय समन्वय हेतु भूमगादी ऑर्गेनिक फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के सहयोग से कलेक्टर की अध्यक्षता में एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन 30 अप्रैल को जिला पंचायत के प्रशिक्षण कक्ष में किया गया है। इस संबंध में इस कार्यशाला में संबंधित अधिकारी और कर्मचारियों को नियत तिथि एवं समय को उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

# कुआकोंडा के छात्रों का शानदार मलखम्ब प्रदर्शन

**दंतेवाड़ा,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला प्रशासन एवं समग्र शिक्षा दंतेवाड़ा के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय बाल समागम का भव्य आयोजन ज्ञान नगरी जावंगा के ऑडिटोरियम में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक चैतराम अटामी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा उपस्थित रहे।



यह आयोजन जिले के पोटाकेबिन एवं कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों में आयोजित ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन समारोह था, जिसमें बच्चों ने संगीत, नाटक, नृत्य, मलखम्ब, आर्ट एंड क्राफ्ट, ड्रॉइंग-पेंटिंग, कंप्यूटर साक्षरता एवं खेलकूद जैसे विभिन्न गतिविधियों में प्रशिक्षण प्राप्त किया था। प्रशिक्षण हेतु विशेषज्ञ मास्टर ट्रेनर्स का सहयोग लिया गया था, जिससे बच्चों ने अत्यंत उत्साहपूर्वक भागीदारी की थी। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने बच्चों द्वारा लगाई गई गतिविधि-आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया और बच्चों की प्रतिभा तथा आयोजकों के प्रयासों की भूरी-भूरी प्रशंसा की। शिविर के दौरान हुई गतिविधियों का संकलित वीडियो भी प्रस्तुत किया गया, जिसे खूब सराहा गया। अपने संबोधन में विधायक श्री अटामी ने बच्चों की प्रतिभा और सीखने की लगन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। इस क्रम में उनके द्वारा मलखम्ब में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पोटाकेबिन कुआकोंडा-2 के बच्चों एवं उनके मास्टर ट्रेनर को 5-5 हजार रुपये का नकद पुरस्कार भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ श्री नाहटा ने आयोजन को अत्यंत सराहनीय बताते हुए विभागीय अधिकारियों एवं अधीक्षकों के प्रयासों की प्रशंसा की तथा सभी शिक्षकों और कर्मचारियों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने ग्रीष्मकालीन शिविर में सीखे नृत्य, गीत एवं नाटक प्रस्तुत किए, जिसे सभी उपस्थित अतिथियों ने भरपूर सराहा। श्रेष्ठ आयोजन के लिए अधीक्षक पोटाकेबिन गोडरे, कुआकोंडा-1, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय गीदम एवं पोटाकेबिन कारली को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला शिक्षा अधिकारी एस.के. अंबस्ट, जिला मिशन समन्वयक हरीश प्रताप सिंह गौतम, सहायक परियोजना समन्वयक राजेंद्र पांडेय द्वारा किया गया।

- विधायक चैतराम ने की सराहना, बांटा ईनाम
- जिला स्तरीय बाल समागम में निखरी प्रतिभाएं
- ग्रीष्मकालीन शिविर में बौद्धिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का प्रशिक्षण

# सुशासन तिहार के तहत किसानों को बी-1 व किसान किताब का किया गया वितरण

**सुकमा,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले में सुशासन तिहार के अंतर्गत किसानों के राजस्व संबंधी प्रकरणों का तीव्र गति से निराकरण किया जा रहा है। इस अभियान के तहत किसानों द्वारा किए गए आवेदनों के निराकरण के साथ-साथ उन्हें बी-1 तथा किसान किताब का वितरण भी किया जा रहा है। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के कुशल निर्देशन तथा मार्गदर्शन में यह कार्य प्रभावी ढंग से संपन्न हो किया जा रहा है। सुशासन तिहार के दौरान किसानों और नागरिकों से प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध निराकरण कर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि किसी भी व्यक्ति के आवेदन निराकरण में विलंब न हो।



कलेक्टर श्री ध्रुव ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त प्रत्येक आवेदन का संवेदनशीलता के साथ त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निराकरण करें। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य जनता को सुगम, पारदर्शी और भरोसेमंद सेवाएं प्रदान करना है। सुशासन तिहार के अंतर्गत सुकमा तहसील में किसानों को बी-1 प्रतिलिपि का वितरण किया जा रहा है, वहीं कोंटा तहसील में किसानों को उनकी किसान किताब सौंपी जा रही है। इन दस्तावेजों के वितरण से किसानों को अपनी भूमि का स्पष्ट विवरण उपलब्ध हो रहा है, जिससे बंटवारा, नामांतरण, ऋण स्वीकृति तथा अन्य भूमि संबंधी कार्यों में उन्हें विशेष सुविधा मिलेगी। जिला प्रशासन द्वारा विशेष शिविरों का आयोजन कर किसानों को उनके दस्तावेज मौके पर ही प्रदान किए जा रहे हैं। भूमि अभिलेखों के डिजिटलीकरण और अद्यतन प्रक्रिया को भी इस दौरान और तेज कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ शासन के मंशानुरूप प्रत्येक नागरिक को उनके भूमि अभिलेख अद्यतन स्थिति में उपलब्ध कराया जा रहा है।

राजस्व संबंधी कार्यों में तेजी, लोगों को मिल रही बड़ी सुविधा

## प्रादेशिकी का शेष...

### जगरगुंडा के साप्ताहिक बाजार...

शिविर उन नागरिकों के लिए विशेष रूप से सहायक सिद्ध हुआ जो स्वास्थ्य केंद्र तक नहीं पहुँच पाते। शासन के इस कल्याणकारी पहल से ग्रामीणों को उनके हाट बाज़ार में ही स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रहा है। पीपीआइए फेलो आर्कजा कुठियाला भी डॉक्टरों के साथ उपस्थित थीं, ताकि वे नागरिकों की समस्याओं को समझ सकें और उन्हें संबंधित विभागों तक पहुँचाया जा सके।

### बस्तर में कनेक्टिविटी विस्तार...

का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने इस सम्बंध में भवन निर्माण हेतु स्थानीय प्रशासन से समन्वय स्थापित कर उपयुक्त स्थल चयनित किए जाने के निर्देश दिए।

**सड़क सुरक्षा को ध्यान रखकर करें सड़कों का निर्माण**

सचिव लोक निर्माण ने सड़कों के निर्माण में सड़क सुरक्षा के मानकों का परिपालन करने पर बल देते हुए कहा कि दुर्घटना को रोकने के लिए बेहतर प्रयास करें। दुर्घटनाजन्य स्थलों को चिन्हित कर संकेतक बोर्ड, डिवाईडर, गति अवरोधक को उपयुक्त स्थान पर लगाने सहित ब्लिंकर भी लगाएं। इन सभी सुरक्षा सम्बन्धी मानकों को ध्यान रखकर सड़क निर्माण हेतु कारगर कार्ययोजना तैयार करें। बैठक में लोक निर्माण विभाग के अधीन आरआरपी फेज-एक के प्रगतिरत कार्यों, आरसीपीएलडब्ल्यूईए के कार्यों सहित समस्त योजनाओं के सड़क, भवन एवं सेतु निर्माण तथा राष्ट्रीय राजमार्ग अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों, वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में शामिल निर्माण कार्यों की प्राक्कलन प्रगति इत्यादि की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विजय भतपहरी सहित मुख्य अभियंता लोक निर्माण बस्तर परिक्षेत्र जीआर रावटे, मुख्य अभियंता सेतु निर्माण एसके कोरी, मुख्य अभियंता विद्युत एवं यांत्रिकी टीआर कुंजाम और बस्तर एवं कांकेर मण्डल के अधीक्षण अभियंता, बस्तर परिक्षेत्र अंतर्गत भवन एवं सड़क, सेतु, राष्ट्रीय राजमार्ग एवं विद्युत एवं यांत्रिकी के सभी कार्यपालन अभियंता तथा निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदार उपस्थित रहे।

# जिपं अध्यक्ष नंदलाल से जन प्रतिनिधियों ने की भेंट

**दंतेवाड़ा,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला पंचायत कार्यालय में आज जनपद पंचायत गीदम की अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला भास्कर और उपाध्यक्ष दिनेश कौशल के नेतृत्व में जनपद सदस्यों, कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों का प्रतिनिधिमंडल जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्रीय समस्याओं और विकास कार्यों की आवश्यकता को लेकर विस्तृत चर्चा की।



बैठक में ग्रामीण विकास, सड़क मरम्मत, पेयजल संकट, स्वास्थ्य सुविधाओं की सुलभता तथा शैक्षणिक संस्थानों में मूलभूत सुविधाओं के जैसे कई महत्वपूर्ण मुद्दे प्रमुखता से उठाए गए। जनसमस्याओं की गंभीरता को देखते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष श्री मुड़ामी ने तत्परता दिखाते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जयंत नाहटा से तुरंत मुलाकात की।

श्री नाहटा ने सभी उठाए गए बिंदुओं को गंभीरता से लेते हुए तत्काल संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं का समाधान किया जाए। श्री नाहटा ने कहा कि जनप्रतिनिधियों और जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करते हुए विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा। उनकी त्वरित कार्रवाई और सकारात्मक पहल की सभी प्रतिनिधियों ने सराहना की। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जिला पंचायत प्रशासन क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध है और आने वाले समय में जनता को और बेहतर सुविधाएँ प्रदान की जाएंगी। प्रतिनिधिमंडल ने जिला पंचायत अध्यक्ष का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए अपेक्षा जताई कि जिला प्रशासन क्षेत्रीय विकास में निरंतर सकारात्मक पहल करता रहेगा।

इस अवसर पर जनपद पंचायत गीदम अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला भास्कर, उपाध्यक्ष दिनेश कौशल, मंडल अध्यक्ष गीदम सुधराम भास्कर, जनपद सदस्य पवन कर्मा, जिला राम कोर्राम, रामूराम आलमी, मडाराम वेक, श्रीमती अनिता नेताम, श्रीमती झूनकी कड़की, जनपद उपाध्यक्ष दंतेवाड़ा रमेश गावड़े, जनपद सदस्य भूमे वेट्टी, श्रीमती गीता यादव, श्रीमती रुचिका, सरपंच मनोज कोर्राम, पूर्व मंडल अध्यक्ष श्याम ठाकुर, पूर्व मंडल अध्यक्ष सोमडू कोर्राम, सरपंच पवन (गढ़मिरी), रमेश यादव और लक्ष्मण लेकाम समेत कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

- गीदम के विकास के मुद्दे पर लंबी चर्चा
- सीईओ जयंत से तत्काल मिले जिपं अध्यक्ष
- स्वास्थ्य, पेयजल, शिक्षा के मुद्दे पर त्वरित कार्रवाई का आग्रह

# हिन्दू संगठन ने पहलगाम में मृत लोगों को कैंडल जलाकर दी श्रद्धांजलि



**बागबाहरा,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। सर्व हिंदू समाज संगठन ने पहलगाम में हुए हमले में मृत लोगों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित कर आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। ताकि जम्मू कश्मीर में शांति का माहौल बना रहे। लोग वहां के खूबसूरती पर्यटन का लाभ ले सकें। बागबाहरा शहर भाजपा मंडल एवं सर्व हिंदू समाज संगठन के द्वारा झलप चौक में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें हमारे हिन्दू धर्म के निर्दोष पर्यटकों ने अपनी जान गवाई है। उन दिवंगत आत्माओं को भगवान अपने श्री चरणों में जगह दे। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में हिंदूओं के ऊपर नरसंहार में हुए आतंकी हमले की कड़ी निदा करते हुए आतंकियों के खिलाफ तत्काल कार्यवाही कर उसे कड़ी सजा मिलनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार से यही विनती गुजारिश करते हैं। जो भी आतंकी इस घटनाक्रम में सम्मिलित है। उसका खात्मा हो जाना चाहिए। क्योकि आतंकवादी कब कहाँ पर हमला कर दे उसका कोई ठिकाना नहीं। आतंकवादी संगठन का सफाया कर पुनः जम्मू कश्मीर के पहलगाम में शांति का माहौल बना रहे। ताकि पर्यटको को भारत का स्वर्ग जम्मू कश्मीर का जो सदियों से चला आ रहा है वह बरकार बना रहे।

# अनियमितताओं को लेकर मीडिया प्रतिनिधियों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**कोण्डागांव,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। महिला एवं बाल विकास विभाग में कथित अनियमितताओं के विरोध में जिले के मीडिया प्रतिनिधियों ने सोमवार को कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना से मुलाकात कर शिकायत सौंपी। मुलाकात के दौरान जिला के लगभग सभी प्रमुख मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच कर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया है। वहीं मीडिया प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ठोस कार्रवाई नहीं होती है तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे।

प्रेस क्लब जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सोनपिपरे और शैलेश शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर कोण्डागांव की प्रशासक स्वीटी दास के खिलाफ लगातार गंभीर शिकायतें मिल रही है। आरोप है कि एक मामले में प्रशासक ने एक नाबालिग गर्भवती बालिका को संरक्षण देने, न्याय के लिए कार्रवाई करने के बजाय आरोपी के साथ आरोपी के घर भेज दिया, अब नाबालिग बालिका एक बच्चे की मां बन चुकी है। वहीं एक अन्य हालिया प्रकरण में पति-पत्नी के विवाद में नियमों को दरकिनार कर किसी अन्य महिला को सेंटर में बुलाकर प्रताड़ित किया गया और करीब डेढ़ घंटे तक कमरे में बंद रखा गया।

इन्हीं घटनाओं को लेकर कुछ मीडिया प्रतिनिधि जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी अवनी बिस्वाल से प्रतिक्रिया लेने पहुंचे थे, लेकिन आरोप है कि अधिकारी ने प्रतिनिधियों के साथ दुर्व्यवहार किया। मीडिया प्रतिनिधियों का कहना है कि सवाल है कि जिला अधिकारी क्या सच में विभाग के कामकाज से अनजान हैं? अब तक शिकायतों पर कोई स्पष्ट कार्रवाई क्यों नहीं हुई हैं ? कहीं विभागीय कर्मचारियों को जिला अधिकारी का संरक्षण तो नहीं मिल रहा ?



- महिला एवं बाल विकास विभाग में
- कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

मीडिया प्रतिनिधियों ने इन सभी घटनाओं से आक्रोशित होकर कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना को सामूहिक ज्ञापन सौंपा और विभागीय अनियमितताओं पर सख्त कार्रवाई की मांग की। प्रतिनिधियों ने स्पष्ट किया कि यदि शीघ्र प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो वे चरणबद्ध आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

**सखी वन स्टॉप सेन्टर मामले पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष ने लिया संज्ञान**

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव श्रीमती किरण चतुर्वेदी के द्वारा 28 अप्रैल को दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित सखी वन स्टॉप सेन्टर कोण्डागांव के केन्द्र प्रशासक पर केस निपटाने हेतु एक लाख रूपये की मांग की शिकायत एवं सखी सेन्टर को धन की उगाही का अड्डा बनाकर पीड़ित महिलाओं युवतियों एवं नाबालिक पीड़िता से अभद्रतापूर्वक व्यवहार करने तथा रूपयों की मांग की शिकायत को अत्यंत संवेदनशील एवं गंभीर मामला पाते हुए नाबालिक पीड़िताओं के उत्पीड़न, प्रताड़ना के संबंध में प्रकाशित तथ्यों के आधार पर स्वयं संज्ञान लेकर सामाचार पत्र में प्रकाशित तथ्यों की सत्यता की जांच कर समेकित कार्यवाही करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन प्रेषित करने एवं उक्त मामले के संबंध में पन्द्रह दिवस के भीतर कार्यवाही करते हुए विस्तृत जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव को निर्देशित किया गया है।

# विधायक व कलेक्टर ने पर्यटन विकास को लेकर केरावाही और कोपाबेड़ा जलाशय का किया निरीक्षण

**कोण्डागांव,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। कोंडागांव जिले में पर्यटन विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कोंडागांव विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेंडी तथा कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने 28 अप्रैल को केरावाही और कोपाबेड़ा जलाशय का दौरा किया।



विधायक एवं कलेक्टर ने ग्राम केरावाही स्थित जलाशय का निरीक्षण करते हुए क्षेत्र में पर्यटन की संभावनाओं का आंकलन किया। उन्होंने वहां नौकायन सुविधा प्रारंभ करने, उद्यान निर्माण तथा पर्यटकों के लिए सुविधाओं के सुव्यवस्थित विकास हेतु जल संसाधन विभाग, वन विभाग और जिला पंचायत को विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने एवं सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए शीघ्र पर्यटन गतिविधियां प्रारंभ करने के भी निर्देश दिए। पर्यटन गतिविधियों के संचालन हेतु ग्रामवासियों के समूहों को प्रशिक्षण दिलाने को कहा, जिससे ग्रामीण युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिल सके।

इसके उपरांत विधायक सुश्री उसेंडी और कलेक्टर श्रीमती पन्ना ने नगर पालिका परिषद कोंडागांव के अंतर्गत कोपाबेड़ा जलाशय पहुंचकर सौंदर्यीकरण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने जलाशय में नगर से आने वाले गन्दे पानी को साफ करने के लिए एसटीपी स्थापित करने हेतु प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही सिंचाई की सुविधा को देखते हुए जलाशय के गेटों की मरम्मत कराने के निर्देश जल संसाधन विभाग को दिए। उन्होंने जलाशय के गहरीकरण सहित सभी निर्माणाधीन कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

इस अवसर पर नगर पालिका परिषद कोंडागांव के अध्यक्ष नरपति पटेल, दीपेश अरोरा, सरपंच, स्थानीय जनप्रतिनिधि, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई सहित जल संसाधन एवं वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# धनोरा पुलिस ने 8 आरोपियों के विरूद्ध किया कार्रवाई

**कोण्डागांव,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। धनोरा पुलिस द्वारा 8 आरोपियों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 3 के तहत कार्यवाही किए गए होने के सम्बन्ध में जानकारी देते बताए गए अनुसार 27 अप्रैल को जरिये मुखबीर सूचना प्राप्त होने पर कि ग्राम करमरी के जंगल में कुछ व्यक्ति ताष के 52 पत्ते से रूपया पैसे का दॉव लगाकर हार जीत का जुआ खेल रहे हैं। पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव वाय.अक्षय कुमार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव कौशलेन्द्रदेव पटेल तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी केशकाल अरूण कुमार नेताम के मार्गदर्शन व उप पुलिस अधीक्षक (साईबर सेल) सतीश भार्गव के नेतृत्व में उक्त सूचना की तस्दीकी हेतु थाना धनोरा तथा सायबर सेल कोण्डागांव टीम गठित कर मुखबीर के बताए स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी कर दबिस दी गई, जुआ खेलते कुछ जुआरी पुलिस पार्टी को देखकर जंगल की ओर भाग गए मौके पर ताष के 52 पत्ते से रूपये पैसे का दांव लगाकर हार जीत का जुआ खेलते 08 जुआरियों को पकड़ा गया। जिनके पास व फड़ से जुमला रकम 10,440 रूपये, 52 पत्ती ताष, एक नग तिरपाल 06 नग मोटर सायकल को जप्त करके सुर्यकांत पिता चन्दन सिंह नागे 37 वर्ष निवासी धनोरा कालोनीपारा, मनोज पिता रामलखन गुप्ता 40 वर्ष निवासी धनोरा, करन पिता रामकुमार नाग 22 वर्ष निवासी धनोरा मण्डलीपारा, विपिन पिता बुधराम सेठिया 32 वर्ष निवासी धनोरा, नकलेश कुमार पिता चैनसिंह कचलाम 34 वर्ष निवासी सुकबेड़ा, उमेश कुमार पिता मंगलराम नाग 26 वर्ष निवासी कोनगुड़ नयापारा, दीपक पिता मनीराम जैन 30 वर्ष निवासी कोनगुड़ मांझीपारा एवं धमेन्द्र पिता सुरेश अतकारी 35 वर्ष निवासी धनोरा बाजारपारा पर जुआ खेलने के आरोप में कार्यवाही की गई। सम्पूर्ण कार्यवाही में उप पुलिस अधीक्षक (साईबर सेल) सतीश भार्गव, निरीक्षक राजकुमार सोरी थाना प्रभारी धनोरा, सउनि रजऊराम सुर्यवंशी, प्रधान आरक्षक विजय पारेश्वर, आरक्षक बन्नूराम सोरी, महाराम चिरेन्द्र, शैलेश ठाकुर, हृदय कुमार बघेल, धनसिंह नेताम, गोपनीय सैनिक राजेश नाग, मनोहर दिवान तथा सायबर सेल टीम सउनि दिनेश डहरिया, प्रधान आरक्षक अजय बघेल, रितुराज, आरक्षक परमेश्वर साहू, अजय देवांगन, संतोष कोड़ोपी, बिरजू सोरी का कार्य सराहनीय रहा।

# जनप्रतिनिधि सम्मेलन का भव्य आयोजन

**कोण्डागांव,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। कोंडागांव जिले के स्थानीय फॉरेस्ट ऑक्शन हाल के सभागार में आज 'जनप्रतिनिधि सम्मेलन' का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य विषय 'एक देश, एक चुनाव' रहा, जिस पर जिले के विभिन्न जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों ने गंभीर विमर्श किया।

इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक सुश्री लता उसेंडी एवं बस्तर संभाग प्रभारी दीपेश अरोरा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।




**कोंडागांव में 'एक देश, एक चुनाव' विषय पर हुआ सार्थक विमर्श**

सुश्री लता उसेंडी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहाकि 'एक देश, एक चुनाव की अवधारणा देश को राजनीतिक स्थिरता प्रदान करने और विकास कार्यों को गति देने का एक सशक्त माध्यम बन सकती है। बार-बार होने वाले चुनावों से समय और धन दोनों की हानि होती है। एक साथ चुनाव से प्रशासनिक व्यवस्था मजबूत होगी और जनप्रतिनिधि विकास कार्यों पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकेंगे।'

दीपेश अरोरा ने अपने वक्तव्य में कहा कि 'लोकतंत्र को प्रभावी और सशक्त बनाने के लिए 'एक देश, एक चुनाव' अत्यंत आवश्यक है। इससे चुनावी खर्चों में भारी कमी आएगी और जनप्रतिनिधियों को जनता के लिए काम करने का अधिक समय मिलेगा। इससे देश विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकेगा।'

सम्मेलन में जिले के विभिन्न पंचायत जनप्रतिनिधियों, पार्षदों तथा क्षेत्र के नागरिकों ने भाग लिया। सभी ने 'एक देश, एक चुनाव' के विचार का स्वागत करते हुए इसे राष्ट्रहित में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम का संचालन अत्यंत सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। आयोजकों ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था को और सशक्त बनाने हेतु निरंतर संवाद बनाए रखने का संकल्प लिया। इसमें मुख्य रूप से सेवक राम नेताम, प्रेम सिंह नाग, नन्द लाल राठौर, नरपति पटेल, यशोदा कश्यप, रामदाई नाग, अनीता कोर्राम, दयाराम पटेल, कुलवंत चहल, रामेश्वरी पोयाम, सुषमा खोपरागडे, हितेंद्र झा, सोनमणि पोयाम, धन्जू मरकाम, असलम खान, सखा कोर्राम आदि उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### कलेक्टर श्रीमती पन्ना ने सुनी आमजनों की समस्याएं



**कोण्डागांव,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। कोंडागांव कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने 28 अप्रैल को जिला कार्यालय में अपने कक्ष से बाहर विभिन्न समस्याओं और मांग को लेकर पहुंचे नागरिकों के पास जाकर मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनी। इस दौरान उन्होंने एक एक करके नागरिकों की समस्याओं से अवगत हुए और संबंधित अधिकारियों को उनके निराकरण हेतु निर्देशित किया।

# शादी का झांसा देकर पीड़िता का शारीरिक शोषण करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

**कोण्डागांव,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। शादी करने का झांसा देकर पीड़िता का शारीरिक शोषण करने वाले आरोपी को पीड़िता लच्छिन्दर नेताम की रिपोर्ट पर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजे जाने के मामले में पुलिस द्वारा दी गई जानकारी अनुसार आरोपी लच्छिन्दर नेताम पिता ऊसारू नेताम 24 वर्ष निवासी तोड़म थाना व जिला कोण्डागांव छ.ग. के द्वारा पीडिता के साथ, मैं तुमसे प्यार करता हूं तुमसे शादी करना चाहता हूं बोलकर शादी का प्रलोभन देकर, पीड़िता के साथ उसकी इच्छा के विरूद्ध लगातार शारीरिक संबंध बनाकर बलात्कार किया। पीड़िता की लिखित रिपोर्ट पर थाना कोंडागांव में अपराध क्रमांक 146/2025 धारा 376(2)(ढ), 506 भा.द.वि.का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव वाय अक्षय कुमार आईपीएस के द्वारा तत्काल आरोपी को गिरफ्तार करने निर्देश प्राप्त होने पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव कौशलेंद्र देव पटेल के मार्गदर्शन में एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कोंडागांव रूपेश कुमार के पर्यवेक्षण मे थाना कोंडागांव के द्वारा टीम गठित कर फरार आरोपी लच्छिन्दर नेताम के संबंध में पता तलाश किया गया, जो कि अपने निवास में मिला, जिसे अभीरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर, आरोपी ने पीड़िता के साथ बलात्कार करना स्वीकार किया जिस पर आरोपी को 26 अप्रैल को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष न्यायिक रिमांड हेतु प्रस्तुत किया जहां से न्यायिक रिमांड प्राप्त कर आरोपी को जेल में भेजा गया है । सम्पूर्ण कार्यवाही में निरी.सौरभ उपाध्याय, स.उ.नि.शांति यादव, स.उ.नि.राजकुमार कोमरा, प्र.आर.अशोक मरकाम एवं थाना कोण्डागांव टीम का विशेष योगदान रहा।

# आईएनएस प्रशिक्षक और अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी देंगे कोचिंग

**दंतेवाड़ा,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन शासकीय उ.मा.वि. दन्तेवाड़ा के खेल मैदान / इंडोर स्टेडियम दन्तेवाड़ा एवं एकलव्य खेल परिसर जावंगा में आयोजन किया जा रहा है। कुणाल दुदावत कलेक्टर जिला-दन्तेवाड़ा के निर्देशानुसार क्रिकेट, कबड्डी, थाई बॉक्सिंग, कुश्ती जिला मुख्यालय में एवं एकलव्य खेल परिसर जावंगा, गीदम में व्हालीबाल, कराते, तीरंदाजी, एथलेटिक्स, थाई बॉक्सिंग, फुटबाल खेल का प्रशिक्षण आईएनएस प्रशिक्षक एवं अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों द्वारा दिया जावेगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जि.प.एवं जिला खेल अधिकारी दन्तेवाड़ा जयंत नाहटा द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में प्रथम बार ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आवासीय आयोजन किया जा रहा है। इससे जो दूर दराज के खिलाड़ी जो खेल प्रशिक्षण से वंचित रह जाते थे वे भी अच्छी डाइट एवं सुविधा के साथ रह कर उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेगें। खिलाड़ियों हेतु प्रयुक्त होने वाले खेल उपकरण एवं किट जिला प्रशासन द्वारा प्रदाय किया जावेगा।



- ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर में पारंगत होंगे खिलाड़ी
- दंतेवाड़ा और खेल परिसर जावंगा में एक साथ आयोजन
- 21 दिवसीय शिविर में खिलाड़ियों का पूरा ध्यान

आवश्यकतानुसार खिलाड़ियों के खाली समय में कक्षा अनुसार उनके अध्ययापन की भी व्यवस्था किया जा रहा है। इस शिविर में लगभग 450 बालक / बालिका खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है। विभाग द्वारा जिले के सभी खेल संगठनो/संघो, जिले के खेल प्रेमियों/पालको से अपील की गई है कि इस शिविर में अधिक से अधिक संख्या में खिलाड़ियों को सम्मिलित करावें। अधिक जानकारी हेतु मोबाइल नम्बर-7999208788, 7000858493, 9770102517, 7001667644 में संपर्क किया जा सकता है।

# डॉ. अंबेडकर सम्मान सभा भव्यता के साथ संपन्न

**कोण्डागांव,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी, जिला कोंडागांव के तत्वावधान में भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में फॉरेस्ट ऑक्शन हॉल, कोंडागांव में 'डॉ.भीमराव अंबेडकर सम्मान सभा' का आयोजन भव्यता के साथ संपन्न हुआ।



इस कार्यक्रम में कोंडागांव विधायक लता उसेंडी ने अपने उद्बोधन में डॉ.अंबेडकर के सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज जो अधिकार हमें प्राप्त हैं, उनमें डॉ.अंबेडकर जी का अप्रतिम योगदान है। उन्होंने उपस्थितजनों से आह्वान किया कि वे डॉ.अंबेडकर के विचारों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। सभा की अध्यक्षता एवं संचालन वरिष्ठ नेताओं द्वारा किया गया। सभी वक्ताओं ने डॉ.अंबेडकर के जीवन आदर्शों, उनके संघर्षों और संविधान में उनके योगदान की महत्ता को विस्तार से बताया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से दीपेश अरोरा, सेवक राम नेताम, प्रेम सिंह नाग, नन्द लाल राठौर, नरपति पटेल, यशोदा कश्यप, रामदाई नाग, अनीता कोर्राम, दयाराम पटेल, कुलवंत चहल, रामेश्वरी पोयाम, सुषमा खोपरागडे, हितेंद्र झा, सोनमणि पोयाम, धन्जू मरकाम, असलम खान, सखा कोर्राम सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभा के अंत में सभी ने डॉ.अंबेडकर के सपनों के भारत के निर्माण हेतु समर्पण भाव से कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला संगठन के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का उल्लेखनीय योगदान रहा।

# शादी करने का झांसा देकर किया पीड़िता का शारीरिक शोषण

**पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी हुआ गिरफ्तार**

**कोण्डागांव,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। थाना कोंडागांव क्षेत्र के अंतर्गत शादी करने का झांसा देकर पीड़िता का शारीरिक शोषण करने वाले मामले में पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी पीलाम्बर तिवारी को गिरफ्तार करके न्यायिक रिमांड पर भेजे जाने के सम्बन्ध में पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार आरोपी पीलाम्बर प्रसाद तिवारी पिता मुनाराम तिवारी 22 वर्ष निवासी करमरी थाना माकड़ी व जिला कोण्डागांव के द्वारा पीडिता के साथ, मैं तुमसे प्यार करता हूं तुमसे शादी करना चाहता हूं बोलकर शादी का प्रलोभन देकर, पीड़िता के साथ उसकी इच्छा के विरूद्ध लगातार शारीरिक संबंध बनाकर बलात्कार किया। पीड़िता की लिखित रिपोर्ट पर थाना कोंडागांव में अपराध क्रमांक 147/2025 धारा 64(2)(ढ), 64(2)(ट), 351(3) भा.दं.वि. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव वाय अक्षय कुमार आपीएस के द्वारा तत्काल आरोपी को गिरफ्तार करने निर्देश प्राप्त होने पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव कौशलेंद्र देव पटेल के मार्गदर्शन में एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कोंडागांव रूपेश कुमार के पर्यवेक्षण मे थाना कोंडागांव के द्वारा टीम गठित कर फरार आरोपी पीलांबर प्रसाद तिवारी के संबंध में पता तलाश किया गया, जो कि अपने निवास में मिला, जिसे अभीरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर, आरोपी ने पीड़िता के साथ बलात्कार करना स्वीकार किया। जिस पर आरोपी को 26 अप्रैल को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष न्यायिक रिमांड हेतु प्रस्तुत किया गया। न्यायिक रिमांड प्राप्त कर आरोपी को जेल में भेजा गया। सम्पूर्ण कार्यवाही में निरी.सौरभ उपाध्याय, स.उ.नि.शांति यादव, स.उ.नि.दिनेश पटेल, प्र.आर. अशोक मरकाम एवं थाना कोण्डागांव टीम का विशेष योगदान रहा।

# लंबित प्रकरणों के शीघ्र निपटारे व सुदृढ़ पुलिसिंग व्यवस्था के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध समीक्षा बैठक

**कोण्डागांव,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। 28 अप्रैल को पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव वाय. अक्षय कुमार (भा.पु.से.) के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित सभागार में एक उच्च स्तरीय अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस), थाना प्रभारीगण, एवं राजपत्रित पुलिस अधिकारीगण उपस्थित रहे।



बैठक में जिले के समस्त थानों में दर्ज लंबित अपराध प्रकरणों, वारंट/समंस की तामिली, असामाजिक तत्वों पर प्रभावी कार्यवाही, एवं जन-जागरूकता अभियानों की समीक्षा की गई तथा निम्नानुसार दिशा-निर्देश जारी किए गए।

**जारी किए गए मुख्य निर्देश -**

1. लंबित अपराधों की त्वरित विवेचना- पुलिस अधीक्षक द्वारा थानों में लंबित गंभीर अपराध प्रकरणों की केस डायरी का अवलोकन कर तत्काल विवेचना पूर्ण कर न्यायालय में चालान प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

पुराने लंबित मामलों हेतु विशेष जांच दल गठित कर एक सप्ताह के भीतर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश।

2. वारंट एवं समंस तामिली अभियान- लंबित समंस एवं वारंटों की तामिली शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने हेतु थाना प्रभारियों को विशेष अभियान चलाने के निर्देश।

3. जनसुनवाई और फरियादियों की संतुष्टि- थानों में आने वाले फरियादियों से मित्रवत व्यवहार, उनकी शिकायतों पर तत्काल प्राथमिकता से कार्रवाई एवं जनविश्वास कायम रखने हेतु संवेदनशीलता बनाए रखने के निर्देश।

4. चलित थाना एवं गांव स्तर पर समाधान- दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में चलित थाना के माध्यम से स्थानीय स्तर पर शिकायतों का निराकरण, साथ ही सामुदायिक पुलिसिंग को प्रोत्साहित करने के निर्देश।

5. विजिबल पुलिसिंग एवं संध्या पेट्रोलिंग- सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में प्रतिदिन नियमित संध्या पेट्रोलिंग करने एवं असामाजिक तत्वों पर सतत निगरानी रखने के निर्देश। भीड़भाड़ वाले स्थानों, स्कूलों, बाजार, एटीएम आदि संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु निर्देशित किया गया।

6. साइबर क्राइम एवं जन-जागरूकता- साइबर अपराध, बैंक फ्रॉड, एटीएम धोखाधड़ी से बचाव हेतु जन-जागरूकता कार्यक्रम, कार्यशालाएं, पोस्टर एवं सूचना अभियान संचालित करने के निर्देश। प्रत्येक थाना में साइबर अपराध शिकायतों की तत्काल जांच हेतु साइबर सहायक अधिकारी नामित करने का आदेश।

बैठक में कौशलेंद्र देव पटेल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोंडागांव, रूपेश कुमार डाण्डे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) कोंडागांव, समस्त राजपत्रित अधिकारीगण, अनुविभागीय अधिकारीगण (पुलिस) एवं थाना प्रभारीगण उपस्थित रहे।

# मोटर सायकल चोरी करने वाले व खरीदने वाले को किया गिरफ्तार

**कोण्डागांव** 28 अप्रैल (देषबन्धु)। मोटर सायकल चोरी करने वाले एवं खरीदने वाले मामले में आरोपीगणों के कब्जे से चोरी का मोटर सायकल जप्त करने के साथ गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजे गए होने के सम्बन्ध में कोण्डागांव पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी असीम शाह ने थाने में आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 25 अप्रैल को वह अपनी मोटर सायकल क्र. सीजी 27 एन 4954 को अपने दुकान के सामने रखा था, जिसे किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया है कि रिपोर्ट पर थाना कोण्डागांव में अपराध क्र.148/2025 धारा 303 (2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव वाय अक्षय कुमार आईपीएस से निर्देश प्राप्त हुआ था कि आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाय, जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेंद्र देव पटेल एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी रूपेश कुमार के मार्गदर्शन में आरोपी का लगातार पता तलाश किया जा रहा था। मुखबीर से सूचना प्राप्त होने हुआ कि मनोज विश्वकर्मा द्वारा मोटर सायकल बेचने के लिए ग्राहक ढूंढ रहा है, जिसे अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया गया, जिसने अपने साथियों के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार्य किया और चोरी की मोटर सायकल को उमरकोट निवासी राजू परमानिक के पास बेचना बताया, तब राजू परमानिक को उमरकोट जाकर पूछताछ किया, जिसने चोरी का मोटर सायकल खरीदना स्वीकार्य किया। तब आरोपीगणों के खिलाफ अपराध सबूत पाये जाने से आरोपी मनोज विश्वकर्मा पिता श्यामलाल 30 वर्ष निवासी नहरपारा थाना और जिला कोण्डागांव एवं राजू परमानिक पिता गोपाल 42 वर्ष निवासी उमरकोट जिला नवरंगपुर उड़ीसा को विधिवत 27 अप्रैल 2025 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है। उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही निरीक्षक सौरभ उपाध्याय, स.उ.नि.चिंताराम ध्रुव, प्रआर 90 नरेन्द्र देहरी, एवं थाना कोंडागांव का विशेष योगदान रहा।

**आरोपीगणों के कब्जे से चोरी का मोटर सायकल जप्तकर भेजा गया न्यायिक रिमाण्ड पर**

उल्टा पुल्टा

एक अमेरिकी डॉक्टर भारत आया. बस स्टैंड पर एक किताब देखते ही उसे दिल का दौरा पड़ गया.
20 रुपये की इस किताब का नाम था- 30 दिनों में डॉक्टर कैसे बनें.

संपादकीय

## लोक सेवा : समय सीमा-जवाबदेही ज़रूरी

*छत्तीसगढ़ सरकार ने एक महत्वपूर्ण फैसले में लोक सेवा गारंटी के दायरे में कुछ और महत्वपूर्ण सेवाओं को लाया है। व्यवसाय और उद्योग से सम्बन्धित 13 सुविधाएं अब लोक सेवा गारंटी के तहत लाई गई हैं। उम्मीद है कि इस फैसले से लोगों को अनेक मामलों में सुविधाएं बढ़ेंगी। उक्त दोनों ही क्षेत्र में निवेश के इच्छुक लोगों को विभिन्न अनुमतियां आसानी से मिल सकेंगीं। समयबद्ध तरीके से काम करने में नाकामी की जवाबदेही सम्बन्धित अधिकारियों की मानी जायेगी। आशा है कि इस प्रावधान से इन सुविधाओं को अधिक पारदर्शितापूर्वक तथा तेज गति से उपलब्ध कराये जाने का मार्ग प्रशस्त होगा। विभिन्न विभागों की कार्य क्षमता तो बढ़ेगी ही, लोगों का विश्वास भी शासकीय प्रणाली में बन सकेगा।*

*शनिवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जिन 13 सेवाओं को गारंटी के तहत लाया है, उनमें नगर नियोजन, जल संसाधन व पर्यावरण सम्बन्धी मंजूरियां, औद्योगिक लाइसेंस, माप-तौल प्रमाणन आदि हैं। इनका सम्बन्ध उद्योग, जल संसाधन, पर्यावरण मंडल, बिजली बोर्ड, विधिक माप विज्ञान, नगर नियोजन, वाणिज्य और उद्योग विभाग से है। इन सेवाओं को लोक सेवा गारंटी के दायरे में लाने का उद्देश्य कारोबार तथा उद्योगों की स्थापना एवं उनके संचालन को आसान बनाना है जो 'ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस' कहलाता है।*

*इनसे सम्बन्धित अनुमतियों के लिये 45 से 60 दिनों की समय सीमा तय की गयी है जो आवेदक को प्राप्त हो जानी चाहिये। यदि ऐसा न हुआ तो उसका जिम्मेदार सम्बन्धित अधिकारी को माना जायेगा। सामान्य नागरिकों के अलावा व्यवसायियों तथा उद्योगपतियों को इस फैसले से लाभ होगा जो विभिन्न तरह की मंजूरियों के लिये विभिन्न कार्यालयों का चक्कर लगाते रहते हैं। समय सीमा निर्धारित होने तथा जवाबदेही तय करने के बाद प्रक्रिया में तेजी आयेगी तथा स्वयं इन विभागों की दिलचस्पी आवेदनों को तत्काल निराकृत करने में होगी। इससे प्रदेश में व्यवसाय तथा उद्योग लगाने के लिये लोगों का उत्साह बढ़ेगा।*

*छग को सतत विकसित होते देखकर स्थानीय हों या बाहरी व्यक्ति, वह बड़ी संख्या में किसी न किसी तरह का छोटा-मोटा व्यवसाय या औद्योगिक इकाइयां लगाना तो चाहता है, लेकिन लालफीताशाही के चलते निरुत्साहित हो जाता है। उसकी दिलचस्पी जल्दी ही खत्म हो जाती है। हर काम के लिये उसे विभिन्न कार्यालयों के चक्कर तो लगाने ही पड़ते हैं, एक-एक अनुमति के लिये भी उसे एक से दूसरे अधिकारी की प्रदक्षिणा करनी पड़ती है। कहने को तो प्रदेश में एकल खिड़की व्यवस्था भी लागू की गयी है परन्तु वह वास्तविक रूप से निवेश के इच्छुकों को बहुत संतुष्ट नहीं कर पाती और न ही उनके कामों का जल्दी निपटान होता है। इसका मूल कारण है विभिन्न कामों के लिये समय सीमा का निर्धारण न होना और अधिकारियों की जवाबदेही न होनी। लोक सेवा के अंतर्गत सभी तरह की सुविधाओं की उपलब्धता का यही पैटर्न होना चाहिये।*

# आने वाले दस वर्षों की जरूरत के हिसाब से पानी की व्यवस्था पर हो काम : साय

## आउटर में विकसित हो रहे नए रिहायशी इलाकों में प्राथमिकता से उद्यान बनाएं



- अटल विश्वास पत्र पर प्रमुखता से अमल करने के दिए निर्देश
- सभी शहरों की स्वच्छता रैंकिंग में हो सुधार

**रायपुर**, 28 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने मंत्रालय में आयोजित बैठक में विभाग द्वारा किए जा रहे बड़े कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने चालू वित्तीय वर्ष की प्राथमिकताओं पर चर्चा कर विभाग द्वारा संचालित केंद्र और राज्य शासन की योजनाओं के मैदानी स्तर पर क्रियान्वयन की भी जानकारी ली।

श्री साय ने बैठक में अधिकारियों को शहरों में आने वाले दस वर्षों की जरूरत के हिसाब से पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने की कार्ययोजना बनाने और उन पर काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने शहरों के आउटर में विकसित हो रहे नए रिहायशी इलाकों में प्राथमिकता से उद्यान बनाने को कहा, ताकि बच्चों को खेलने-कूदने तथा बड़े-बुजुर्गों को वॉकिंग, जॉगिंग, योग और शारीरिक व्यायाम के साथ ही आमोद-प्रमोद की जगह सुलभ हो सके। मुख्यमंत्री ने सभी नगरीय निकायों में अटल विश्वास पत्र पर प्रमुखता से अमल करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी शहरों में साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त करते हुए भारत सरकार द्वारा जारी स्वच्छता की अपनी वर्तमान रैंकिंग में सुधार लाने को कहा। उन्होंने शहरों को सुंदर और स्वच्छ बनाने जन भागीदारी बढ़ाने के साथ ही इंदौर जैसे बेहतर सफाई व्यवस्था वाले शहरों में नगर निगमों के आयुक्तों को अध्ययन के लिए भेजने को कहा।

नगरीय प्रशासन विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए शहरी आबादी से सटे ग्रामीण क्षेत्रों में अन्य विभागों से समन्वय बनाकर बुनियादी शहरी सुविधाएं विकसित करने को कहा। इससे निकट भविष्य में समीपवर्ती ग्रामीण इलाकों के नगरीय निकाय में शामिल होने या नए नगरीय निकाय के रूप में अस्तित्व में आने पर शहरों के मुताबिक व्यवस्थाएं और जन सुविधाएं विकसित करने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में काम पूरा करने पर जोर देते हुए निर्धारित समयावधि में काम पूरा करने वाले निकायों के लिए रिवार्ड-सिस्टम बनाने का सुझाव दिया। उन्होंने निर्माण और विकास कार्यों की प्रगति की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए एप या ऑनलाइन सिस्टम तैयार करने को कहा। मुख्यमंत्री ने रायपुर नगर निगम की तरह अन्य नगरीय निकायों में भी संपत्ति कर की वसूली के लिए ऑनलाइन सिस्टम विकसित करने पर जोर दिया। इससे लोग घर बैठे या अपने कार्यस्थल से ही मोबाइल या कम्प्यूटर से संपत्ति कर जमा कर सकेंगे जिससे राजस्व संग्रहण में बढ़ोतरी होगी। उन्होंने अगले एक वर्ष में सभी निकायों में ऑनलाइन संपत्ति कर जमा करने की व्यवस्था तैयार करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने मोर संगवारी योजना के तहत घर पहुंच दस्तावेज बनाने की व्यवस्था को केंद्र सरकार के डिजी-लॉकर से लिंक करने को कहा। इससे नागरिकों के दस्तावेज स्थायी रूप से उनके डिजी-लॉकर में सुरक्षित रहेंगे। इससे योजना संचालन के व्यय में भी कमी आएगी।

उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री श अरुण साव ने बैठक में बताया कि नगर निगमों में निर्माण कार्यों की प्रगति एवं साफ-सफाई की नियमित मॉनिटरिंग हो रही है। सभी नगरीय निकायों में वर्तमान जरूरतों के मुताबिक सेट-अप के पुनरीक्षण और निकायों के वर्गीकरण की कार्यवाही की जा रही है। बड़े विकास कार्यों, शहरों की आवश्यकता एवं भावी जरूरतों के मुताबिक शहरी विकास को गति देने इस साल मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना शुरू की जा रही है। इसके लिए 500 करोड़ का प्रावधान रखा गया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), पीएम स्वनिधि, अमृत मिशन तथा स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के साथ ही विभिन्न निकायों में बन रहे अटल परिसरों तथा नालंदा परिसरों की प्रगति की भी समीक्षा की।

# 35 आईएफएस इधर से उधर, कई डीएफओ का तबादला

**रायपुर**, 28 अप्रैल (देशबन्धु)। राज्य सरकार ने सोमवार रात प्रदेश के आईएफएस अफसरों में बड़ा फेरबदल किया है। इसमें 35 आईएफएस अफसर प्रभावित हुए हैं। प्रदेश के 21 डीएफओ (वनमंडलाधिकारी) बदल दिए गए हैं। अब तक जिले संभाल रहे ज्यादातर डीएफओ को अरण्य भवन तथा वन संरक्षक दफ्तरों में अटैच कर दिया गया है। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद डीएफओ के मामले में इसे बड़ा फेरबदल माना जा रहा है। शासन ने सभी को 7 दिन के भीतर नया पदभार ग्रहण करने के आदेश दे दिए गए हैं। सूत्रों के मुताबिक अधिकांश डीएफओ को रूटीन में हटाया गया है। तेंदूपत्ता मुआवजा स्कैम की वजह से सुकमा डीएफओ को सस्पेंड किया गया था। वहां नए अफसर की तैनाती की गई है।




- कई मौजूदा डीएफओ को बुलाया गया अरण्य भवन

वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से जारी आदेश के तहत आलोक कुमार तिवारी को वन मुख्यालय, विवेकानंद झा को अरण्य भवन, सतोविषा समाजदार को उदंती सीतानदी रिजर्व का प्रभारी सीसीएफ, स्टायलो मंडावी को इंद्रावती टायगर रिजर्व में सीसीएफ, गुरुनाथन एन को अरण्य भवन, प्रियंका पांडेय को अरण्य भवन, प्रणय मिश्रा को डेपुटेशन पर वन मंत्रालय तथा रमेश कुमार जांगड़े को लघु वनोपज संघ में तैनात किया गया है। इसी तरह, गणवीर धम्मशील को डीएफओ बलौदाबाजार, पंकज राजपूत को डीएफओ खैरागढ़, प्रभाकर खलखो को सीएफ-प्लानिंग अंबिकापुर, अरविंद पीएम को डीएफओ रायगढ़, मयंक पांडेय को डीएफओ महासमुंद, सत्यदेव शर्मा को वन विकास निगम, जितेंद्र कुमार को डीएफओ धरमजयगढ़, संजय यादव को वन विकास निगम, शमा फारूकी को अरण्य भवन, प्रेमलता यादव को अरण्य भवन, दिव्या गौतम को डीएफओ केशकाल, मयंक अग्रवाल को डीएफओ कोरबा, चूड़ामणि सिंह को डीएफओ कोंडागांव, अभिषेक जोगावत को डीएफओ सरगुजा, आलोक कुमार वाजपेयी को डीएफओ बलरामपुर, श्रेजय शेखर को संचालक जंगल सफारी, शशिकुमार को डीएफओ जशपुर, रौनक गोयल को डीएफओ कांकेर, ग्रीष्मी चांद को डीएफओ मरवाही, चंद्रशेखरन शंकर सिंह परदेशी को डीएफओ कोरिया, अभिनव कुमार को डीएफओ मुंगेली, हिमांशु डोंगरे को डीएफओ जांजगीर-चांपा, निखिल अग्रवाल को डीएफओ कवर्धा, नीरज की डीएफओ बिलासपुर, अक्षय दिनकर भोंसले को डीएफओ सुकमा, दीपेश कपिल को डीएफ दुर्ग तथा एस नवीन कुमार को कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान जगदलपुर का संचालक बनाया गया है।

# उरला-सिलतरा में गिरे ओले, राजधानी में अंधड़-बूंदाबांदी





- दोपहर बाद मौसम बदला, शाम तक ठंडी, आज भी रहेगी गर्मी से राहत

**रायपुर**, 28 अप्रैल (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर और आसपास के इलाके में दोपहर तक तो हल्की गर्मी पड़ी, लेकिन दोपहर 3 बजे से मौसम बदलने लगा। सबसे ज्यादा बदलाव शहर के उत्तरी हिस्से उरला-सिलतरा के आसपास देखने में आया। वहां अंधड़ के साथ बूंदाबांदी शुरू हुई और फिर छोटे साइज के ओले गिरे। तकरीबन 15 मिनट तक ओले गिरते रहे। इस दौरान तेज बारिश भी हुई। नया रायपुर में भी ओले गिरने की खबर आई है। इधर, घने शहरी इलाके में भी शाम 4 बजे के आसपास धूलभरी आंधी चली, लेकिन हवा काफी ठंडी थी। इससे महसूस हो रहा था कि आसपास बारिश हो रही है। शाम करीब 4 बजे लगभग पूरे शहर में हल्की बारिश या बूंदाबांदी हुई। इससे तापमान में एक घंटे के भीतर 6 डिग्री की गिरावट हुई और शाम 4 बजे पारा उतरकर 34 डिग्री पर पहुंच गया। मौसम विशेषज्ञों ने मंगलवार को भी हल्के बादल और दोपहर के बाद तेज हवा के आसार जताए हैं।

रायपुर में इस सीजन में पहली बार ओले गिरे हैं। इससे पहले सरगुजा और बिलासपुर संभाग में एक-दो जगह ओले पड़ चुके हैं। सिलतरा के औद्योगिक इलाके में देर तक बारिश के साथ छोटे-छोटे ओले बरसे हैं। हालांकि ओलावृष्टि ऐसी नहीं थी कि इनकी परत ही जम जाए। बारिश के दौरान ही ओले पिघल गए। लेकिन अंधड़ सभी जगह चले हैं। आमतौर से रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग संभागों में मई के अंत में अंधड़ शुरू होते हैं, जो नौतपे के अंत तक चलते हैं और धीरे-धीरे प्री-मानसून रेन में तब्दील हो जाते हैं। हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि अप्रैल अंत में भी दो-तीन दिन के लिए मौसम का बदलाव रिकार्ड किया जा चुका है। इस लिहाज से मौसम में यह बदलाव नया नहीं है। प्राइवेट वेदर एजेंसी एक्यूवेदर ने आज रात तापमान 25-26 डिग्री के आसपास रहने तथा मंगलवार को दोपहर 38 डिग्री तक पहुंचने की संभावना जताई है।

# गड्ढे में गिरकर बच्चे की मौत, जिम्मेदार अधिकारियों-ठेकेदार पर कार्रवाई की मांग




- परिजनों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर सौंपा ज्ञापन

**रायपुर**, 28 अप्रैल (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर के रामनगर में पिछले दिनों सीवरेज गड्ढे में गिरकर एक मासूम की मौत हो गई थी। परिजनों में शोक का माहौल है और प्रशासन के प्रति गहरी नाराजगी भी दिखाई दे रही है। घटना के बाद लगभग दो सप्ताह के बाद मासूम के परिजन सोमवार को रायपुर कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। परिजनों ने आरोप लगाया कि अब तक इस मामले में प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है। हालांकि, नगर निगम ने इससे पहले तीन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए निलंबन और विभागीय जांच के आदेश जारी किए हैं।

7 वर्षीय मासूम के परिजन आज कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे, यहां उन्होंने लगभग दो सप्ताह बीत जाने के बाद भी प्रभावी कार्रवाई नहीं होने पर आक्रोश जताया। परिजनों ने जिम्मेदार ठेकेदार और अधिकारियों पर अब तक एफ आई आर नहीं होने का विरोध किया। दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर न्याय दिलाने के लिए कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन गया। जिसमें बताया गया कि 14 अप्रैल को नगर निगम के अधिकारियों की लापरवाही के चलते सेप्टिक टैंक के बाजू में खोदे गये कच्चा सोख्ता गड्ढे के पानी में मेरे 7 वर्ष के पुत्र की गिरकर मौत हो गई थी, जिसमें पुलिस ने मर्ग कायम किया है लेकिन पुलिस द्वारा इन अधिकारियों के खिलाफ आज दिनांक तक कोई भी कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है।

**अधिकारियों को सस्पेंड, ठेकेदार को नोटिस : निगम आयुक्त**

मामले के संबंध में निगम आयुक्त विश्वदीप ने जानकारी देते हुए बताया कि लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया गया है। इसके अलावा ठेकेदार को नोटिस भेजा गया है। वहीं जांच रिपोर्ट के आधार पर ही आगे ही कार्रवाई की जाएगी।

# पहली बार अपराधियों की संपत्ति जब्त कर उसे पीड़ितों को दिलवाएगी पुलिस



आईजी अमरेश ने रायपुर समेत 5 जिलों में शुरू करवाया एक्शन

**रायपुर**, 28 अप्रैल (देशबन्धु)। रायपुर महासमुंद, बलौदाबाजार, धमतरी और गरियाबंद जिलों की पुलिस अब अपराधियों की संपत्ति जब्त कर इसे उन लोगों को मुआवजे के तौर पर दिलवाने के लिए कानूनी कार्रवाई करेगी, जो वास्तव में उस अपराधी से पीड़ित हुए हों। आईजी अमरेश मिश्रा ने पूरी रेंज के पांच जिलों में यह पहल की है। सोमवार को आईजी अमरेश ने रायपुर एसएसपी डा. लाल उमेद सिंह, महासमुंद एससपी आशुतोष सिंह, बलौदाबाजार एसपी भावना गुप्ता, धमतरी एसपी सूरज सिंह परिहार तथा गरियाबंद एसपी निखिल राखेचा समेत रेंज के आला पुलिस अफसरों की बैठक में इन जिलों में पीड़ितों को अपराधियों की संपत्ति से कंपन्सेशन दिलवाने की पहल की है। माना जा रहा है कि अगर आने वाले दिनों में ऐसा कुछ होता है, तो यह पहली बार होगा। आईजी अमरेश ने पांचों जिलों के एसपी तथा आला अफसरों को निर्देश दिए हैं कि संगठित अपराधियों को तोड़ने के लिए अपराध से अर्जित की गई संपत्ति की जब्ती के साथ-साथ इस दिशा में भी एक्शन लेना है कि पीड़ितों को हर्जाना यानी इसी संपत्ति से दिलवाया जा सके।

आईजी अमरेश ने कहा कि इसके लिए अपराध की जांच करनेवाले अफसरों को ई-साक्ष्य एवं आई-ओ मितान पोर्टल का उपयोग करना चाहिए। सभी एसपी को दोबारा निर्देशित किया गया है कि उनके यहां नशे की अवैध बिक्री से संबंधित एनडीपीएस एक्ट के मामलों में अपराधी की आर्थिक जांच यानी भी होना चाहिए, ताकि अपराध से अर्जित की गई प्रापर्टी जब्त और कुर्की की जा सके। समीक्षा बैठक में आईजी अमरेश का फोकस रायपुर समेत सभी जिलों में ट्रैफिक का सिस्टम तैयार करना था। उन्होंने कहा कि हर जिले की पुलिस ऐसे कदम उठाए जिससे हादसों में कमी नजर आने लगे। इसके लिए अवैध पार्किंग, मालवाहक वाहन में सवारी बिठाने वाले वाहन मालिकों के खिलाफ अलग से कार्रवाई करते हुए उन्हें बाउण्डओवर भी करना चाहिए। आईजी ने सख्ती से कहा कि ढाबों में शराबखोरी रोकी जाए।

# पंजीयन विभाग में तकनीकी क्रांति, जनता के लिए 10 नई सुविधाएं लागू




- मंत्री ओपी चौधरी ने समीक्षा, बैठक में दी जानकारी

**रायपुर**, 28 अप्रैल (देशबन्धु)। पंजीयन विभाग में आम जनता की सुविधा और पारदर्शिता बढ़ाने के उद्देश्य से कई बड़े बदलाव किये जा रहे हैं। पंजीयन मंत्री ओपी चौधरी ने विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ आज समीक्षा बैठक कर विगत वित्तीय वर्ष के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में जिलेवार प्राप्त राजस्व, पंजीबद्ध दस्तावेजों और मुदांक एवं आरआरसी प्रकरणों पर चर्चा हुई। साथ ही फील्ड लेवल पर आ रही तकनीकी समस्याओं को लेकर सुझाव भी लिए गए।

मंत्री चौधरी ने बताया कि शासन ने नागरिकों की सहूलियत के लिए कई सुविधाएं शुरू की हैं, जैसे- होम विजिट के माध्यम से पंजीयन, तत्काल अपॉइंटमेंट की व्यवस्था, पारिवारिक दान व हकत्याग में पंजीयन शुल्क मात्र 500 रुपये तय किया गया है। इन प्रयासों का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के लिए सभी पंजीयन कार्यालयों में फ्लैक्स और बैनर लगाने के निर्देश भी दिए गए हैं।

**राज्य को मिला 2979 करोड़ का राजस्व**

पंजीयन विभाग ने विगत वर्ष राज्य के लिए 2979 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया।

श्री चौधरी ने विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों की इस उपलब्धि पर सराहना करते हुए निर्देश दिए कि कार्य में संवेदनशीलता बरती जाए तथा राजस्व अर्जन के साथ-साथ पक्षकारों के हितों का भी पूरा ध्यान रखा जाए।

उन्होंने जानकारी दी कि विभागीय सेटअप का पुनरीक्षण कर नए पदों का सृजन किया गया है, जिससे दस्तावेजों की जांच और पंजीयन प्रक्रिया और बेहतर हो सकेगी आम जनता की सुविधा के लिए पंजीयन विभाग में 10 नई सुविधाएं जोड़ी जा रही हैं।

इनमें आधार आधारित प्रमाणीकरण सुविधा, ऑनलाइन सर्च एवं डाउनलोड की सुविधा, भारमुक्त प्रमाण पत्र की सुविधा, एकीकृत कैशलेस भुगतान की सुविधा,

व्हाट्सएप मैसेज सेवाएं, डिजीलॉकर की सुविधा, ऑटो डीड जनरेशन की सुविधा, डिजीडॉक्यूमेंट की सुविधा, घर बैठे रजिस्ट्री की सुविधा, स्वतः नामांतरण की सुविधा शामिल है।

श्री चौधरी द्वारा विभाग के पंजीयन अधिकारियों को इन सभी नए प्रावधानों को लागू करने के पूर्व जानकारी दी गई तथा इनके प्रभावी रूप से सफल क्रियान्वयन करने तथा आम जनता को सहयोग करने के लिए निर्देशित किया गया।

44वीं पुण्यतिथि : श्रद्धांजलि



स्व. श्री तिलोकचंद शिवानी
सागर जैसा स्नेह आपका, कल्पतरु सी छाया,
दया, धर्म, कृपा, करुणा का प्रकाश सदा फैलाया।
आपके आदर्शों पर चलकर आपको
श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं...
श्रद्धानवत : रमेश एवं शिवानी परिवार
मारुति डेयरी एवं मारुति स्टोर्स
कटोरातालाब, रायपुर मो. 98271-27390, 78288-79560, 74007-01000

**भगवान परशुराम प्राकट्य दिवस कल, 3 को शोभा यात्रा**

**महासमुंद** 28 अप्रैल (देशबंधु)। सर्व ब्राह्मण समाज महासमुंद के तत्वावधान में भगवान विष्णु के छठवें अवतार भगवान परशुराम जी का प्राकट्य दिवस 30 अप्रेल बुधवार को सुबह 9 बजे आश्रम रोड स्थित ब्रह्म निवास में मनाया जायेगा।

# नयी शिक्षा नीति में स्कील्स पर जोर



## नवीन महाविद्यालय में हुआ व्याख्यान

**रायपुर**, 28 अप्रैल (देशबन्धु)। नयी शिक्षा नीति 2020 में इसीलिए स्कील्स पर बहुत जोर दिया गया है। छात्र पढ़ाई के साथ ही साथ अपनी स्कील्स को बढ़ाने, परिमार्जित करने की ओर विशेष ध्यान दें तभी वे सफलता की सीढ़ियाँ चढ़ पाएंगे। ये कहना था अग्रसेन महाविद्यालय पुरानी बस्ती रायपुर की अंग्रेजी विभाग की प्राध्यापिका डॉ. डॉली पाण्डे का जो आज शासकीय नवीन महाविद्यालय गुढ़ियारी रायपुर के हिन्दी विभाग की ओर से आयोजित व्याख्यान माला जिसका विषय था 'संप्रेषण कौशल और रचनात्मक लेखन' में विशिष्ट वक्ता की हैसियत से बोल रही थीं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दिल्ली से पधारे देशकाल सोसायटी के सचिव संजय कुमार ने कहा कि छत्तीसगढ़ में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। ये ज़मीन रचनात्मक रूप से बहुत उर्वर, जहाँ ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त कवि विनोद कुमार शुक्ल आपके शहर रायपुर में ही रहते हैं जिनकी लेखनी की अपनी निजी विशिष्टता है, जो किसी और की नकल नहीं है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मधुलिका अग्रवाल ने छात्रों को संप्रेषण कौशल और रचनात्मक लेखन को मांजने की उक्तियां भी बताई। उन्होंने परीक्षा में कैसे अच्छे नंबर लाए जाएँ की जानकारी प्रदान की। कार्यकम की संयोजिका एवं संचालिका थीं, शासकीय नवीन महाविद्यालय गुढ़ियारी, रायपुर के हिन्दी विभाग की अध्यक्षा डॉ. वंदना कुमार। धन्यवाद ज्ञापन किया महाविद्यालय की वाणिज्य विभाग की प्राध्यापिका डॉ. स्मिता बर्गे ने। इस अवसर पर महाविद्यालय के बी. ए. बी. एस-सी. बी. कॉम. द्वितीय सेमेस्टर के समस्त छात्र-छात्राएं एवं महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक डॉ. शुभ्रा मिश्रा, डॉ. आशा दुबे, लोकेश सतपथी, श्रीमती मधु उर्वशा. डॉ. कुसुम चन्द्राकर आदि उपस्थित थे।

# शादी का प्रलोभन देकर दैहिक शोषण का आरोपी गिरफ्तार

**दुर्ग**, 28 अप्रैल (देशबन्धु)। शादी का प्रलोभन देकर एक युवती के साथ दैहिक संबंध बनाने और किसी को भी इसकी जानकारी देने पर गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देने के मामले में मोहन नगर पुलिस ने एक आरोपी गोविंद यादव (38) को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। न्यायालय से आरोपी को जेल भेज दिया गया है। इनके अलावा अन्य 3 मामलों में भी तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। मोहन नगर पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार गत 27 अप्रेल को एक पीड़िता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसे शादी का प्रलोभन देकर गोविंद यादव नामक 38 वर्षीय व्यक्ति ने उससे दैहिक संबंध बनाया है। आरोपी ने इस बारे में किसी को भी बताने पर गाली गलौच कर उसे जान से मारने की धमकी भी दी है। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 69, 296, 351 (2) बीएनएस कायम कर मामले की विवेचना की और आरोपी की तलाश कर उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से न्यायालय के आदेश पर आरोपी को जेल भेज दिया गया।

# सेवा निवृत्ति उपरांत सम्मान समारोह का करेंगे बहिष्कार : प्रदीप मिश्र

**रायपुर**, 28 अप्रैल (देशबन्धु)। रविवि के सेवानिवृत कर्मचारियों ने छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालयीन पेंशनर्स कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार मिश्र और सचिव तीर्थ राम यादव ने बताया कि विवि प्रत्येक वर्ष एक मई को स्थापना दिवस मनाता है विवि इस वर्ष अपना 62 वां स्थापना दिवस मनाने जा रहा है प्रत्येक स्थापना दिवस को पूरे वर्ष भर के वि वि अपने सभी सेवानिवृत कर्मचारियों को बुला कर उनको शॉल, श्रीफल और मोमेंटों के साथ पीपीओ की कॉपी देकर सम्मानित करना चाहिए लेकिन विवि द्वारा ऐसा कभी नहीं किया गया यह चिंतनीय तथ्य है। प्रदीप मिश्र ने बताया कि विवि का सेवानिवृत कर्मचारियों ने अपने जीवन के 30-40 वर्ष विवि की सेवा में पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करते हुए लगा देता है तब इन सेवानिवृत कर्मचारियों को सेवानिवृति माह में ही ससम्मान बिदाई क्यो नहीं दी जाती इसकी अपेक्षा वि वि से वो कर्मचारी करता है। ज्ञातब्य हो कि सेवानिवृत कर्मचारियों को अपने ही सी पी यफ और अर्जित अवकाश नगदीकरण की राशि लेने के लिए तीन से चार माह तक भुगतान नही हो पाता और कर्मचारी चक्कर पे चक्कर लगाते रह जाते हैं कर्मचारी के इन पैसे को भुगतान करने के लिए माननीय कार्य परिषद की स्वीकृति की प्रत्याशा में भी भुगतान किया जा सकता है माननीय कार्य परिषद भी कर्मचारीयों के द्वारा एक एक पैसे प्रतिमाह अपने वेतन से कटवा कर कर्मचारी जमा करता है यह बात जानते हुए कार्य परिषद इन पैसों को कभी नहीं रोकती तब वि वि के कुलपति और कुलसचिव क्यों रोकने का बार बार प्रयास करते हैं। विदित हो कि ऐसा ही राम खिलावन के सी पी यफ की राशि माननीय कार्य परिषद की स्वीकृति के उपरांत भी तीन से चार माह तक भुगतान को रोके रखा था सेवा निवृत कर्मचारियों ने जब हड़ताल किये तब जाकर भुगतान नवम्बर दिसम्बर में वि वि ने किया था। ज्ञातब्य हो कि सेवानिवृत कर्मचारियों ने अपने ही सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह का बहिस्कार 25 अप्रेल 2025 की बैठक में निर्णय लेकर वि वि के इतिहास में पहली बार करने का निर्णय लिया है सेवानिवृत कर्मचारियों की उक्त बैठक में में वि वि के बी यस राजपूत, रूप चंद साहू, श्रवण सिंह ठाकुर, तीर्थ राम यादव प्रदीप मिश्र, बसंत अवसर, सोनसाय ठाकुर, प्रकाश सिंह ठाकुर, सुरेंद्र वर्मा, नारायण तिवारी, अलख राम साहू, बृज मोहन यादव आदि कर्मचारीयों ने हिस्सा लिया।

**रविवि कर्मचारियों को ससम्मान विदाई क्यों नहीं दी जाती**

# इशरे रायपुर सब चैप्टर के सिद्धांत शर्मा अध्यक्ष बने



**रायपुर**, 28 अप्रैल। आज के पदभार ग्रहण समारोह का आयोजन एनआईटी रायपुर के गोल्डन टावर में धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में इशरे के रीजनल डायरेक्टर अमरेन्द्र गोस्वामी उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता बीते वर्ष के अध्यक्ष रवि जग्गी ने की। इस अवसर पर नए अध्यक्ष के रूप में सिद्धांत शर्मा ने इशरे रायपुर सब चैप्टर की अध्यक्षता की शपथ ली। साथ ही, प्रेसिडेंट इलेक्ट के रूप में प्रियांश डस्सानी ने भी शपथ ग्रहण की। सचिव पद पर संध्या सिंह और कोषाध्यक्ष पद पर दिलीप महोबे ने भी अपने पद की जिम्मेदारी संभाली। कार्यक्रम की शुरुआत एक पेड़ माँ के नाम के रूप में पौधारोपण के साथ हुई, जो पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देता है। अधिवेशन के दौरान, सोनम माहेश्वरी ने बी टेक्निकल प्रेजेंटेशन भी दिया जिसमें उन्होंने स्मार्ट एवं सस्टेनेबल इशरे के बारे में चर्चा की। उनकी प्रस्तुति ने सभी का ध्यान खींचा और पर्यावरण-मित्र तकनीकों के प्रति जागरूकता बढ़ाई। इशरे एक अग्रणी संस्था है जो एचवीएसी एण्ड आर उद्योग में शिक्षा और रोजगार सृजन के माध्यम से देश की प्रगति में योगदान दे रहा है। यह संस्था तकनीकी शिक्षा और उद्योग से जुड़े लोगों के बीच संवाद स्थापित कर, नवाचार व कौशल विकास को बढ़ावा देती है।

# बृजधाम यात्रा से लौटे श्रद्धालुओं का स्वागत



**रायपुर**, 28 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सकल गुजराती समाज द्वारा आयोजित बृजधाम यात्रा का रायपुर वापिस पहुंचने पर बैंड - बाजे के साथ भव्य स्वागत किया गया।

समाज के अध्यक्ष कौशिक कट्टा ने बताया कि रायपुर सहित राजनांदगांव, हैदराबाद, नागपुर आदि शहरों के कुल 111 श्रद्धालु शामिल हुए। 22 अप्रैल को प्रारंभ हुई इस यात्रा में यमुना महारानी का करीब 15 नावों में बैठकर 111 चुनरियों से पूजन एवं मनोरथ श्रृंगार विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इसके अतिरिक्त मथुरा, वृन्दावन, बरसाना के गोकुल मंदिर, महाप्रभु जी बैठक, रमण रेती, चौरासी खंभा मंदिर, बांके बिहारी मंदिर, निधिवन, प्रेम मंदिर, कृष्ण जन्म स्थान, राधारानी मंदिर, दानघाटी, जतिपुरा मुखारविंद मंदिर, मानसी गंगा आदि मंदिरों के दर्शन करते हुए 27 अप्रैल को यात्रा समाप्त हुई।

इस यात्रा में रेखा रायचुरा, डॉ. मृणालिका ओझा, प्रेरणा भट्ट, हितेश रायचुरा, कमलेश नथवानी, मनीष सोनी, राजेश जोबनपुत्रा, दिव्या राजेंद्र फौजदार, भावना कट्टा, शिवांगी पोमल, हर्षा राजेश शाह, ज्योति हितेश परमार सहित अन्य श्रद्धालु शामिल हुए।

# राजेश मूणत ने मनाया जन्मदिवस प्रदेशभर से मिली शुभकामनाएं



**रायपुर**, 28 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं रायपुर पश्चिम विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी के विधायक श्री राजेश मूणत ने आज 28 अप्रैल को अपना जन्मदिन सादगीपूर्ण ढंग से मनाया। इस अवसर पर उन्होंने प्रातः अग्रसेन चौक स्थित प्रसिद्ध गणेश मंदिर में विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की जनता की सुख-समृद्धि की कामना की। श्री मूणत ने सभी शुभचिंतकों और समर्थकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा, आप सभी के स्नेह, विश्वास और शुभकामनाओं के लिए हृदय से आभारी हूं। मेरा सदैव प्रयास रहेगा कि जनता की सेवा और क्षेत्र के विकास हेतु निरंतर कार्य करता रहूं। दिनभर उनके निवास पर शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा रहा। आम नागरिकों से लेकर भाजपा कार्यकर्ता, नेता, और प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोग उन्हें शुभकामनाएं देने पहुंचे।

# निराश्रितों को 6 माह से पेंशन नहीं

**दुर्ग**, 28 अप्रेल (देशबन्धु)। बहुजन समाज पार्टी दुर्ग शहर विधानसभा इकाई ने निराश्रित व अन्य पेंशनधारियों को विगत 6 माह से पेंशन भुगतान न होने पर आज कलेक्टर जनदर्शन में ज्ञापन सौंपकर सभी पेंशनधारियों को शीघ्र ही पेंशन भुगतान करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपे जाने का नेतृत्व करते हुए बसपा के शहर विधानसभा अध्यक्ष सचिन गवई ने कहा है कि एक तरफ सरकार महतारी वंदन योजना के नाम पर वाहवाही लूट रही है वहीं इन निराश्रित पेंशनधारियों पर ध्यान नहीं दे रही है। ज्ञापन में बताया गया है कि छत्तीसगढ़ सरकार के समाज कल्याण विभाग द्वारा पेंशनधारियों को निराश्रित पेंशन विकलांग पेंशन व अन्य पेंशन राशि दी जाती है मगर इन वर्गो से लोगों को 6 माह से पेंशन राशि नहीं दी गई है। उन्होंने यह राशि पात्रता प्राप्त लोगों को तत्काल उपलब्ध कराने की मांग की है।

# अक्षय तृतीया की धूम, गुड्डे-गुड़ियों की जगह-जगह लगी दूकानें

**दुर्ग**, 28 अप्रेल (देशबन्धु)। नगर में अक्षय तृतीया की धूम शुरू हो गई है। बाजार गुड्डी गुड़ियों के साथ ही मौर मुकुट, पोशाक, मटका इत्यादि की दूकानें सजने लगी है। हर साइज की रंग बिरंगी गुड्डी गुड़ियों की जोड़ी 60 से 120 रूपयों में, इनके मौर मुकुट व अन्य पोशाकें भी 5 रूपये से लेकर 50 रूपये में उपलब्ध है। शहर के प्रत्येक बाजारों व गली मोहल्लों में गुड़ियों की दूकानें सज गई है। अक्षय तृतीया (अक्ती) के दिन गुड्डा गुड़ियों के साथ ही सचमुच के वर वधु के विवाह भी कराये जाते है। लोक मान्यता है कि इस दिन शादी कराने के लिये कोई मुहूर्त नहीं देखना पड़ता। अक्षय तृतीया 30 अप्रेल को है।



दुर्ग शहर की प्रत्येक नई पुरानी बस्ती में गुड्डी गुड्डा की शादी अक्ती पर कराई जाती है। सिकोला भाठा, सिकोला बस्ती, मिलपारा, बोरसी, बघेरा, पोटियाकला, से लेकर नयापारा, पंचशील नगर, कसारीडीह, केलाबाड़ी बस्तियों से लेकर नई नई कालोनियों में भी गुड्डा गुड़ियों की शादी की रस्में की जाती है। पूरा वार्ड पूरी कालोनी के लोग इस आयोजन में शामिल होते है। इसके अभी से तैयारियां भी जहां तहां नजर आने लगी है।

इसी तरह व्यस्कों के विवाह को लेकर भी लोगों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। शहर के सभी मंगल भवन, बैंड बाजे, डीजे व रथ वाले पहले से ही बुक है। यहीं हाल केटरिंग, इत्यादि वालों का है। यहां तक कि लोग विभिन्न मैदानों, कालोनियों में खाली पड़े मकानों में भी व्यवस्था कर वैवाहिक कार्यक्रमों की तैयारियां कर रहे है। पिछले दो तीन दिन से मौसम का रूख देखकर भी लोगों में चिंता बनी हुई है। ज्यादातर लोग वाटर प्रुफ पंडाल बना रहे है। शादी विवाह, बारात को देखते हुए बस व ट्रेन में भी लोगों को यात्रा की जगह नहीं मिल रहीं है।

# जागते रहो भारत यात्रा राजनांदगांव पहुंची

**राजनांदगांव**, 28 अप्रैल (देशबन्धु)। जन सहयोग आधारित 100 दिवसीय महिला अपराध मुक्ति अभियान च्जागते रहो भारत यात्रा च्च 08 मार्च 2025 को माउन्ट आबू से आरम्भ होकर महाराष्ट्र होते हुए राजनांदगाँव जिले के ग्राम सोमनी पहुँची। ग्रामवासियों द्वारा जागते रहो भारत यात्रा के साथियों का शाल श्रीफल एवं फूलमाला से जोरदार स्वागत किया। सक्रिय ग्रामीण विकास मण्डल हरियाणा के वर्तमान अध्यक्ष, सुब्बाराव शिक्षा संस्कारशाला के संस्थापक और गांधियन सोसायटी इण्डिया से जुड़े राजेन्द्र कुमार जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम इक्कीसवीं सदी की सभ्य दुनियां के सभ्य लोग हैं। मानव सभ्यता का आधार परस्पर प्रेम, विश्वास, सम्मान और समानता के मूल सिद्धांतों पर टीका होना चाहिए। लेकिन विज्ञान, प्रौद्योगिकी और भौतिक विकास के क्षेत्र में आशा अनुरूप वृद्धि के साथ मानव मूल्यों में उसी गति से पतन हम सबकी चिन्ता और चिन्तन का विषय है। आधी आबादी आज भी असमानता और असुरक्षा का सामना करने के लिए अभिशप्त है। महिला अपराध और दुष्कर्म की आए दिन होने वाली घटनाओं ने भारतीय जनमानस को गहरी चिन्ता में डाल दिया है। महामहिम राष्ट्रपति महोदया ने भी इस पर चिन्ता व्यक्त करते हुए लिखा है कि महिला दुष्कर्म की जघन्य घटनाओं को जल्दी भूल जाना हमारी घिनौनी मानसिकता का परिचायक है। वास्तव में गहरी चिन्ता का कारण यह है कि जब तक एक महिला अथवा चार साल की अबोध बालिका के साथ हुए अमानवीय क्रूरतम अपराध की चर्चा अखबार या टेलीविजन के पर्दे पर रहती है हमें याद रहता है और जैसे ही मीडिया से गायब हमारी स्मृति से भी गायब हो जाती है। कई बार ऐसा महसूस होता है कि हम केवल अपने घर को दुष्कर्म की पीड़ा से महफूज़ देख निश्चिन्त हो जाते हैं। जागते रहो भारत यात्रा की सहयोगी संस्था जन कल्याण सामाजिक संस्थान के अध्यक्ष श्री योगेन्द्र प्रताप सिंह ने यात्रा की प्रसंसा करते हुए कहा कि हम ग्रामवासियों का सौभाग्य है।



## निधन

### नैतिक (इशू) सांखला



**नवापारा राजिम** 28 अप्रैल। नगर के वरिष्ठ उद्योगपति एवं जैन समाज के वरिष्ठ देवराज सांखला के सुपोत्र नैतिक (इशू) सुपुत्र-युवराज साखला उम्र 17 वर्ष का 27 अप्रेल रात्रि 12.35 बजे राजिम में निधन हो गया। उसकी अंतिम यात्रा संध्या 4 बजे निज निवास राधा कृष्णा मंदिर के सामने से निकाली गई। उनकी इस अंतिम यात्रा में नगर के गणमान्य नागरिक, सामाजिक एवं परिजन शामिल थे।

### चंपा बेन पटेल



**दुर्ग**, 28 अप्रैल। प्रतिष्ठित समाज सेवी चंपाबेन पटेल (गुजराती समाज दुर्ग) का निधन 28 अप्रैल को सुबह 6.30 बजे डेनवर (संयुक्त राष्ट्र अमेरिका) में हो गया है। वे 86 वर्ष उम्र की थीं और अपने छोटे पुत्र दिलीप भाई पटेल के डेनवर (यूएसए) के यहां थी। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई है। अपने पीछे दो पुत्र हितेश भाई पटेल, दिलीप भाई पटेल, चार पुत्री इंदु बेन, लता बेन, उर्मिला बेन कल्पना बेन सहित भरापूरा परिवार छोड़ गई है। उनके निधन पर गुजराती पाटीदार समाज ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

### शकीला बेगम



**रायपुर**, 28 अप्रैल। मरहूम नाजिर ख़ान (राज्य परिवहन) की अहेलिया राजू, सब्बीर, वसीम की वालिदा शकीला बेगम 60 वर्षीय का इंतकाल हो गया है जिनकी मय्यत सुबह 10 बजे उनके मकान तात्यापारा दाना भाई पेटी वाले के बाजू से मौदहपारा कब्रिस्तान ले जाई जाएगी। जनाजे की नमाज मौदहापारा कब्रिस्तान में होगी।

# ओलावृष्टि से किसानों की फसल बर्बाद, सर्वे कराकर मुआवजा शीघ्र दे सरकार : रश्मि

**महासमुंद**, 28 अप्रैल (देशबन्धु)। कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश के किसान धूमधाम से अक्ती त्यौहार मनाने की तैयारी कर रहे थे लेकिन वहीं प्रदेश के कुछ जिलों में मौसम ने करवट ली है जिसकी वजह से बारिश और ओले गिरने से किसानो में मायूसी छा गई। बारिश और ओलों की वजह से खेतों में लगे फसल खराब हो रहे हैं, किसानों को इससे गंभीर नुकसान हुआ है। तेज हवा, बारिश और ओलों से खड़ी फसल गिर गई है। उन्होंने कहा कि महासमुंद जिले के अनेकों गांव में ओला वृष्टि से किसानों की फसल खराब होने की जानकारी आई है। किसान पहले से भारी आर्थिक तंगी से गुजर रहा है और अब इस प्राकृतिक आपदा की वजह से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। फसलों में हुए नुकसान का सर्वे कराकर मुआवजा दिलाने का काम शासन तत्काल प्रारंभ करे। डॉ रश्मि चंद्राकर ने बताया कि रबी फसल जिले के हजारों किसानों का तेज आंधी, बारिश व ओलावृष्टि से फसल पूरी तरह चौपट हो गई है। यहां के किसानों के समक्ष अब आर्थिक संकट पैदा हो गया है।कई किसान ऋण लेकर खेती कर रहे थे लेकिन बारिश के कारण फसल पूरी तरह बर्बाद हो गया है। डॉ रश्मि चंद्राकर ने बताया कि ऐसी उम्मीद किसानो को नहीं थी। जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि ने जिला प्रशासन से विज्ञप्ति जारी कर बेमौसम हुए बारिश और ओलावृष्टि से हुए नुकसान को लेकर मुआवजा और आर्थिक सहायता की मांग की है। बेमौसम बरसात और ओलावृष्टि से आम के फल भी बर्बाद हो गए। इस बार आम की बेहतर पैदावार की उम्मीद थी, फलों से आम के पेड़ लदे थे, लोगों को उम्मीद थी कि आम इस बार किसानों को समृद्ध बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। आम के पेड़ों पर लदे आम नष्ट हो गए लेकिन ओलावृष्टि के कारण सब कुछ नष्ट हो गया। एक झटके में सबकुछ समाप्त हो गया डॉ रश्मि चंद्राकर ने बताया कि किसान फसलों की देखभाल बच्चों की तरह करते थे लेकिन एक झटके में सबकुछ समाप्त हो गया। खेतों में जो भी लगा था सब नष्ट हो गया, कर्जा लेकर किसानों ने खेती बारी किये थे, लेकिन सब खत्म हो गया और अब कर्ज के बोझ से दब गए हैं मुआवजा राशि मिलनी चाहिए।



# कांकेर घाटी को विश्व धरोहर घोषित कराने प्रयास

## गठित कमेटी में दुर्ग साइंस कॉलेज की दो शोधार्थी शामिल

**दुर्ग**, 28 अप्रैल (देशबन्धु)। बस्तर की कांगेर घाटी को यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थानों की सूची में शामिल कराने हेतु छत्तीसगढ़ शासन एवं भारत सरकार प्रयासरत् है। पिछले माह यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहरों की सूची में कांगेर घाटी को टेम्परेरी तौर पर शामिल किया गया है। इसे पूर्ण रूप से स्थायी तौर पर विष्व धरोहरों की सूची में शामिल कराने हेतु प्रयास तेज करने तथा अन्य आवश्यक मुद्दों पर विचार करने हेतु वन विभाग जगदलपुर कार्यालय में उच्च स्तरीय बैठक हुई। इस कमेटी के विशेषज्ञ सदस्यों के रूप में साइंस कालेज, दुर्ग की शोध छात्रा कु. स्वप्ना गुप्ता तथा कु. अलशिमा बसु रे को शामिल किया गया है। भूविज्ञान विषय में हाल ही में कु. स्वप्ना गुप्ता ने कांगेर घाटी क्षेत्र में विद्यमान कुटुबसर गुफा तथा अन्य गुफाओं की उत्पति एवं विकास विषय पर हेमचंद यादव वि.वि. दुर्ग से साइंस कालेज दुर्ग के भूविज्ञान विषय के सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव के मार्गदर्शन तथा डॉ. श्रीनिवास देशमुख के सहमार्गदर्शन में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। कमेटी की दूसरी विशेषज्ञ सदस्य कु. अरूणिमा बसु रे वर्तमान में साइंस कालेज दुर्ग के भूविज्ञान विभाग के डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में जगदलपुर स्थित दलहन सागर तालाब में उपस्थित जलकुंभी के दुष्प्रभाव पर शोध कार्य कर ही है। ये दोनों शोध छात्राएं शासकीय काकतीय पीजी कालेज, जगदलपुर में अतिथि सहायक प्राध्यापक के रूप में भी अपनी सेवाएं दे रही है। समिति की गत दिवस आयोजित बैठक में कांगेर घाटी को यूनेस्कों की विश्व धरोहर सूची में स्थायी रूप से शामिल करने पर बल दिया गया। समिति की बैठक में वन विभाग जगदलपुर के श्री गुप्ता, कांगेर घाटी नेषनल प्रोजेक्ट के डायरेक्टर चूड़ामणि, वन विशेषज्ञ अप्रितम झा, भारतीय वाइल्ड लाइफसंस्थान के डॉ. भूमेश तथा भूगर्भशास्त्र के विशेषज्ञ के रूप में डॉ. स्वप्ना गुप्ता एवं कु. अरूणिमा बसु रे शामिल थे। भूगर्भशास्त्र भी इन दोनों शोधार्थियों की उपलब्धि पर विभागाध्यक्ष डॉ. एस. डी. देशमुख, प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, शोध निर्देशक शासकीय काकतीय महाविद्यालय जगदलपुर के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तथा भूविज्ञान के विभागाध्यक्ष अमितांशु शेखर झा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी है।



# रविभवन के व्यापारियों ने दुकानें बंद कर जताया आक्रोश

## आतंकी हमले में मारे गए दिनेश मिरानिया के परिजनों को दो करोड़ की सहायता की मांग



**रायपुर,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में रायपुर के कारोबारी दिनेश मिरानिया सहित 25 से अधिक निर्दोष सैलानियों की जान चली गई। इस हमले के विरोध में सोमवार को रविभवन व्यापारी संघ ने सभी दुकानों को सांकेतिक रूप से सुबह से दोपहर 1 बजे तक बंद रखा और आतंकवाद के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त किया।

रविभवन क्षेत्र की सभी दुकानें बंद रहीं। बड़ी संख्या में व्यापारी एकत्र हुए और दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित की। व्यापारी संघ के अध्यक्ष जय नानवानी ने बताया कि दिनेश मिरानिया परिवार के इकलौते कमाने वाले सदस्य थे। उनके निधन से पूरा व्यापारी समाज शोकाकुल है। सभी व्यापारियों ने सरकार से मांग की है कि दिनेश मिरानिया के परिवार को 2 करोड़ रुपए की सहायता राशि दी जाए ताकि उनके परिवार का भरण-पोषण सुचारु रूप से हो सके।

### आतंकवाद के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने की मांग

जय नानवानी ने कहा कि यह हमला सिर्फ व्यक्तियों पर नहीं, बल्कि पूरे देश पर हमला है। उन्होंने सरकार से आतंकवाद के खिलाफ कड़े कदम उठाने की मांग करते हुए कहा, च्अगर जरूरत पड़ी तो हम युद्ध के लिए भी तैयार हैं। हम सरकार के हर निर्णय में उसके साथ हैं।

### सड़क या चौराहे का नाम दिनेश मिरानिया के नाम पर रखने मांग

व्यापारी नेता योगेश अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री से चर्चा हुई है, जिसमें उन्होंने आश्वासन दिया है कि रायपुर शहर में किसी एक सड़क या चौराहे का नाम दिनेश मिरानिया के नाम पर रखा जाएगा। 13वीं पूजा के बाद परिवार और समाज के लोग बैठकर इस पर चर्चा करेंगे और इसे आगे बढ़ाएंगे। साथ ही, 2 करोड़ रुपए की सहायता राशि के लिए भी जोर दिया जाएगा।

आज रविभवन क्षेत्र के कारोबारियों ने एकजुटता दिखाते हुए दोपहर 1 बजे तक पूरा व्यवसाय बंद रखा। दिनेश मिरानिया सहित सभी दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी गई। यह सभी के लिए दुख की घड़ी है। सरकार आतंकवादियों को कड़ी से कड़ी सजा दे।

### व्यापारियों ने एकजुट होकर जताया आक्रोश

रविभवन व्यापारी संघ द्वारा आयोजित इस सांकेतिक बंद में व्यापारियों ने न केवल अपनी दुकानों को बंद रखा, बल्कि दिवंगतों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना भी की। सभी व्यापारियों ने आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर सख्त कार्रवाई की मांग की और कहा कि इस तरह के कायराना हमलों का मुंहतोड़ जवाब दिया जाना चाहिए।

### चरणदास महंत श्रद्धांजलि देने दिनेश के निवास पहुंचे



विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कश्मीर पहलगाम आतंकी हमले में दिवंगत स्व. दिनेश मिरानिया के निवास रायपुर समता कॉलोनी पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित की है।

नेता प्रतिपक्ष ने स्व. दिनेश मिरानिया के शोकाकुल परिवारजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया, कहा दुःख की इस घड़ी में हमारी पूर्ण संवेदनाएं मिरानिया परिवार के साथ है।

इस दौरान छत्तीसगढ़ सह प्रभारी श्रीमती जरिता लेफ्तलांग, रायपुर पूर्व महापौर प्रमोद दुबे, छत्तीसगढ़ कांग्रेस विधायक दल के सचिव अमित पाण्डेय, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस वरिष्ठ प्रवक्ता घनश्याम राजू तिवारी, छाया पार्षद श्री विकास अग्रवाल सहित कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### दिनेश मीरानिया को कटोरा तालाब में दी गई श्रद्धांजलि



सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा आज नेताजी चौक कटोरा तालाब पर जम्मू कश्मीर पहलगाम में 28 निर्दोष पर्यटक शहीद हुए उनको मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी गई। सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने कहा कायर आतंकी संगठनों ने निर्दोष पर्यटक पर हमला किया उसकी हम निंदा करते है आज के प्रदर्शन में सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ पार्षद अमर गिदवानी डॉ एन डी गजवानी सुनील कुकरेजा नितिन कृष्णानी राहुल चंदानी तेजकुमार बजाज धनेश मटलानी रितेश वाधवा मनोहर चंदानी डॉ गोपाल चावला मनीष पंजवानी चंदर देवानी महेश खिलनानी आकाश बजाज उपस्थित थे।

# दिनेश मिरानिया की बेटी की पढ़ाई का सारा खर्च अब राजकुमार कॉलेज प्रबंधन उठाएगा



**टी एस सिंहदेव की पहल पर लिया गया फैसला**

**रायपुर,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। पहलगाम आतंकी हमले में रायपुर के व्यापारी दिनेश मिरानिया भी मारे गए। दुःख की घड़ी में पीड़ित परिवार की मदद के लिए पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने संवेदनशील पहल की है। उन्होंने मृतक दिनेश मिरानिया की बेटी की शिक्षा 12वीं कक्षा तक मुफ्त करने के लिए राजकुमार कॉलेज प्रबंधन से सिफारिश की थी। जिसके बाद प्रबंधन ने बेटी लक्षिता मिरानिया की 12वीं कक्षा तक के लिए मुफ्त कर दिया है।

पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने मिरानिया परिवार से मुलाकात के बाद यह सिफारिश की थी, ताकि शहीद के परिवार को दुःख की घड़ी में सहारा मिल सके। व्यापारी दिनेश मिरानिया की बेटी लक्षिता मिरानिया राजकुमार कॉलेज की 9वीं कक्षा में पढ़ाई कर रही है।

इसे लेकर पूर्व डिप्टी सीएम टी एस सिंहदेव ने कहा कि लगातार बाहर रहने के कारण मैं उनसे (मिरनिया परिवार) से मिलने नहीं जा पाया था। पिछली शाम मैने परिजनों से मुलाकात की थी। जहां जानकारी में आया कि उनका बेटा पुणे में रहकर कॉलेज की पढ़ाई कर रहा है, अभी उसका पहला साल है और बेटी 9वीं कक्षा में है, जो राजकुमार क्लॉज में ही पढ़ती है। राजकुमार कॉलेज प्रबंधन ने ये फैसला लिया है कि उनके आगे की पढ़ाई का सारा खर्चा प्रबंधन करेगा। अब 9वीं से लेकर 12वीं तक की पढ़ाई मुफ्त में होगी।

समता कॉलोनी रायपुर के स्टील कारोबारी दिनेश मिरानिया (45 वर्ष) सपरिवार अपनी सालगिरह मनाने जम्मू-कश्मीर गए थे। वे 22 अप्रैल को मिनी स्विट्जरलैंड कहे जाने वाले बैसरन घाटी में घूम रहे थे। उनके साथ पत्नी नेहा, बेटा शौर्य और बेटी लक्षिता मौजूद थे। इस दौरान अचानक आतंकियों ने कायराना हमला कर दिया। आतंकियों ने धर्म और नाम पूछकर दिनेश मिरानिया की गोली मारकर हत्या कर दी।

# गोस्वामी समाज द्वारा 4 मई को शंकराचार्य जन्मोत्सव मनाई जाएगी

**रायपुर,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज के द्वारा 04 मई रविवार को राजधानी रायपुर के शहीद स्मारक भवन में भगवान श्री आद्य जगतगुरु शंकराचार्य जन्मोत्सव की धूमधाम से मनाने की तैयारी में प्रदेश स्तर के गोस्वामी समाज के पदाधिकारी जूटे हुए हैं कार्यक्रम मंत्रोच्चार के साथ सुबह 10ः00 बजे से शुरू होगा7पूजा अर्चना पश्चात शंकराचार्य पर केन्द्रित ब्याख्यान होगा अतिथि स्वागत होगा 7 कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अरुण साव, अध्यक्षता माननीय महापौर मीनल चौबे जी एवम रामसुंदर दास महाराज मंडलेश्वर एवम पीठाधीश्वर दुधाधारी मठ विशिष्ठ अतिथि होंगे श्री श्री 1008श्री महंत विवेक गिरी महाराज थानापति गौर कांपा आश्रम (मुंगेली) विशिष्ठ अतिथि एवम सच्चिदानंद गिरी राष्ट्रीय अध्यक्ष दिल्ली विशिष्ट अतिथि होंगे अतिथि महंत गण होंगे 7 कार्यक्रम को सफल बनाने प्रदेश अध्यक्ष मोहन पुरी कोषाध्यक्ष सुधीर बन महासचिव संजय गिरी कार्यक्रम संयोजक प्रभाकर बन जिला अध्यक्ष वेदपुरी गोस्वामी कोषाध्यक्ष रमेश पुरी सचिव योगेन्द्र पुरी प्रचार सचिव हेमंत बन कपिल पुरी संरक्षक लिल्लार पुरी, चित्रसेन गिरी हरभूशन गिरी एवम सभी जिलो द्वारा वृहद् स्तर से तैयारी की जा रही है।

# खारुन नदी में डूबे दो दोस्त



**1 की मिली लाश दूसरे की तलाश जारी**

**रायपुर,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में खारुन नदी में डूबे दो युवकों में से एक की बॉडी बरामद कर ली गई है, जबकि दूसरे की तलाश अभी जारी है। रेस्क्यू अभियान चलकर आज सुबह अर्जुन यादव की बॉडी बरमाद की गई। वहीं, दूसरे युवक भूपेश भूडे की तलाश एसडीआरएफ की टीम द्वारा जारी है। यह घटना मुजगहन थाना क्षेत्र के काठाडीह सात पाखर डैम के पास की है।

जानकारी के अनुसार, दो युवक अर्जुन और भूपेश ने अपने दोस्तों के साथ संडे एन्जॉय करने के लिए प्लानिंग की। सभी नहाने के लिए खारुन नदी पत्रकारिता कॉलेज के पास एनीकेट पहुंचे थे। नहाने के दौरान एक युवक का पैर फिसल गया और वह पानी में डूबने लगा। ये देखते ही दूसरे युवक ने अपने दोस्त को बचाने के लिए गहरे पानी में चले गया। हादसे में दोनों डूब गए। अचानक दोनों नदी में डूब गए। अर्जुन यादव नवा रायपुर का निवासी था, जबकि भूपेश भूडे जोरा का निवासी है।

हादसे की सूचना डायल 112 मौके पर पहुंची, तत्काल बाद स्ष्ठक्रस्न रायपुर की टीम सर्च अभियान में जुट गई। रेस्क्यू में टीम को सुबह सफलता मिली, एक युवक का शव बरामद कर लिया गया। नदी से युवक के शव को बाहर निकालकर टीम ने स्थानीय पुलिस को सौंप दिया है।

# पूर्व राज्यपाल के नाम से फर्जी पत्र जारी करने वाला 5 साल बाद मप्र से गिरफ्तार



**कस्टडी के लिए छत्तीसगढ़ पुलिस हुई रवाना**

**रायपुर,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश की पूर्व राज्यपाल अनुसुईया उइके के कार्यकाल के दौरान राजभवन में हुई एक जालसाजी के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। करीब 5 साल बाद मध्यप्रदेश की छिंदवाड़ा पुलिस ने आरोपी अजय वर्मा उर्फ अजय रामदास को गिरफ्तार कर लिया है, जिसे लेने के लिए छत्तीसगढ़ पुलिस रवाना हो गई है।

सितंबर 2019 में छत्तीसगढ़ की तत्कालीन राज्यपाल अनुसुईया उइके के दस्तखत के साथ एक फर्जी पत्र वायरल हुआ था, जिसमें भाजपा विधायकों की खरीद-फरोख्त की बातें लिखी गई थीं। इस पत्र के वायरल होने के बाद अनुसुईया उइके के निर्देश पर विशेष सचिव ने इसकी शिकायत सिविल लाइन थाने में की थी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए सिविल लाइन थाने में तत्काल एफआईआर दर्ज कर इसकी जांच की जा रही थी, वहीं अब इस मामले में आरोपी को छिंदवाड़ा से गिरफ्तार किया गया है, जिसे लेने के लिए छत्तीसगढ़ पुलिस छिंदवाड़ा रवाना हो गई है।

# अग्रवाल सभा का चुनाव 15 जून को सहमति से अध्यक्ष चुनने होगा प्रयास

**रायपुर,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। अग्रवाल सभा का चुनाव 15 जून को अग्रसेन धाम छेरीखेड़ी में प्रातः 11 बजे से आयोजित की गई है। आम सहमति से अध्यक्ष चुनने का प्रयास किया जाएगा। इसके बाबजूद अग्रवाल सभा रायपुर की कार्यकारिणी बैठक में में लिए गए निर्णयानुसार रमेश चंद्र अग्रवाल अंबिकापुर वाले को मुख्य चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है। इसके साथ ही डाक्टर राजेश खेमका, विनय बज़ाज़, गोपाल अग्रवाल सीए और प्रमोद जैन को सहायक चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है।

सहायक चुनाव अधिकारी प्रमोद जैन ने बताया अग्रवाल सभा की आम सभा 15 जून को श्री अग्रसेन धाम छेरीखेड़ी में प्रातः 11 बजे आयोजित की गई है। जिसमें सर्वसम्मति से या आम सहमति से अध्यक्ष के चुनाव का प्रयास किया जाएगा। सर्वसम्मति न होने की स्थिति में मतदान होगा। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा उसी दिन चुनाव अधिकारी करेंगे। कार्यकारिणी बैठक 20 अप्रैल में उस दिन तक आए सदस्यता के लिए आवेदनों को स्वीकृत किया गया था। जिसके अनुसार 14463 सदस्य हैं जिन्हें चुनाव में मतदान करने की पात्रता है। सदस्यता सूची श्री अग्रसेन भवन जवाहर नगर में सदस्यों के अवलोकनार्थ उपलब्ध है। सदस्यता सूची का अवलोकन कर सदस्य त्रुटि सुधार के लिए चुनाव अधिकारी के समक्ष दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

# स्वास्थ्य मंत्री ने किया डीकेएस अस्पताल का औचक निरीक्षण



**खराब पड़े एसी को 24 घंटे में ठीक करने या बदलने के निर्देश**

**रायपुर,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आज रायपुर के डीकेएस अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया और मरीजों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना। मरीजों ने अस्पताल प्रबंधन द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं और व्यवहार के बारे में अपने अनुभव साझा किए।

निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने पाया कि अस्पताल के कई वार्डों में एयर कंडीशनर (एसी) खराब हैं, जिसके कारण मरीजों को गर्मी में असुविधा हो रही है। इसे गंभीरता से लेते हुए श्री जायसवाल ने अस्पताल प्रबंधन को 24 घंटे के भीतर सभी खराब एसी को ठीक करने या नए एसी स्थापित करने के निर्देश दिए हैं।

स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और आरामदायक वातावरण प्रदान करना हमारी प्राथमिकता है और ऐसी स्थिति में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिया कि मरीजों की सुविधाओं और स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी कमी को तत्काल दूर किया जाए।

# बॉडी बिल्डिंग और पावर लिफ्टिंग का नेशनल चयन




**रायपुर,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। छग बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन और पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के तत्वाधान में ताम्रकार प्लेटिनम फिटनेस जिम लाखेनगर में बॉडी बिल्डिंग और पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन रविवार को हुआ।

छग बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के महासचिव मानिक ताम्रकार और छग पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के महासचिव प्रदीप क्षत्रिय ने बताया कि इस प्रतियोगिता में छग की बॉडी बिल्डर एवं पावर लिफ्टिंग की टीम चयनित हुआ मुख्य निर्णायक हेमंत परमाले शशि साहू राजेश साहू केसरी सीखा मातासरण साहू श्याम लाल धुर्वे सुरेश पटेल योगेश साहू प्रदीप क्षत्रिय थे प्रतियोगिता के मुख्य अतिथियों दुर्गेश साहू प्रोटीन विला के मालिक और विशेष अतिथि श्रवण सिंह ठाकुर सरपंच पाटन एवं पूर्व पार्षद गुड़ियारी के पुरुषोत्तम देवांगन थे चयनित बॉडी बिल्डर में सन्नी साहू लीला राम नेताम कन्हैया लाल यादव परमानंद टांडी डोमेन्द्र साहू छगन साहू कुबेर यादव भरत मंडावी संजय ध्रुव प्रवीण जाधव ये पुरुष वर्ग मे महिला वर्ग से कुमारी अंशु कटियार चुने गए उसी प्रकार पावर लिफ्टिंग में सब जूनियर स्ट्रांग मेन वेंकटेश्वर साहू नागेश्वर साहू जूनियर में अजीत कांसकर आलोक शर्मा सोमेश सिंह ठाकुर राकेश पटेल सीनियर में विक्की ऊईके रवि नेताम मास्टर वर्ग में रोहित कुमार चौधरी एवं 78 वर्षीय नवीन चंद्र कपूर महिला वर्ग में आस्था झा चुने गए।

अन्य चयनित पावर लिफ्टर में महिला में रूपाली देशमुख रोशनी पटेल यशोदा धुर्वे मुस्कान गंधर्व मुस्कान देवांगन पुरुष वर्ग मे सागर सिंह मनस्वी कुमार अर्जुन साहू ऋषभ कुकरेजा अनूज सिंह अर्थ द्विवेदी सुरेश सिंह आयुष खांडेकर अनिमेष नायक कीर्ति यादव प्रतियोगिता में 51000 कैश एवं सभी विजयी खिलाड़ी को कप और मैडल से सम्मानित किए गए पावर लिफ्टर 2 से 4 मई को आगरा जाएंगे और बॉडी बिल्डर 17 से 18 मई को गाजियाबाद नेशनल खेलने जाएंगे टीम के मैनेजर एवं कोच प्रदीप क्षत्रिय होंगे।

# माहेश्वरी सभा के राजेश तापड़िया अध्यक्ष एवं आलोक बागड़ी महामंत्री निर्वाचित




**रायपुर,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। रविवार को माहेश्वरी सभा की आमसभा माहेश्वरी भवन डूंडा मे संपन्न हुई। भगवान शिव की पूजा आराधना के बाद माहेश्वरी भवन का नवनिर्मित तृतीय तल का लोकार्पण किया गया। निर्माण के मुख्य सहयोगी माँ चण्डी ट्रस्ट एवं मुरलीधर केला परिवार के हाथों लोकार्पण समारोह हुआ। शॉल, दुपट्टा, पुष्पगुच्छ देकर सभी सहोयोगियो का सम्मान किया गया। फिर चुनाव अधिकारी गोपाललाल जी राठी ने निर्विरोध चुनाव होने की एवं नवनिर्वाचित कार्यकारिणी की घोषणा की। इसमें अध्यक्ष पद पर राजेश तापड़िया उपाध्यक्ष शंकरलाल मोहता, महामंत्री आलोक बागड़ी, कोषाध्यक्ष राजकुमार राठी, सहमंत्रीं के लिये विष्णु सारडा एवं सहकोषाध्यक्ष के लिए संदीप मर्दा चुने गये। कार्यकारिणी मे मनोज तापड़िया, श्रीगोपाल सारडा, राजेश राठी, शंकर डागा, सूर्यप्रकाश राठी, नवरत्न माहेश्वरी, दीपक डागा, जितेश मोहता, प्रसन्ना गट्टानी, राजू मूँदडा, दीपक लड्ढ़ा, सुभाष राठी चुने गये। मार्गदर्शक मण्डल मे गोकुलदास डागा, संपत काबरा, गोपाल लाल राठी एवं कमल राठी रहेंगे। समारोह मे राष्ट्रीय महिला महामंत्रानी ज्योति राठी, राष्ट्रीय पदाधिकारी नारायण राठी, प्रदेश सभा के अध्यक्ष सुरेश मूँधडा एवं श्रीमती कृष्णा दम्मानी विशेष रूप से उपस्थित थे। बड़ी संख्या मे माहेश्वरी सभा के सदस्य उपस्थित थे। उपरोक्त जानकारी माहेश्वरी सभा के मीडिया प्रभारी विष्णु सारडा ने दी।

# प्रदेश में बाल संरक्षण के लिए बनाई गई कार्ययोजना



**राज्य बाल संरक्षण समिति की कार्यकारिणी एवं आमसभा की बैठक**

**रायपुर,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। राज्य बाल संरक्षण समिति की कार्यकारिणी एवं आमसभा की बैठक आज महानदी भवन, मंत्रालय में संपन्न हुई। बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग की सचिव एवं समिति की अध्यक्ष श्रीमती शम्मी आबिदी ने बाल संरक्षण और कल्याण के लिए समन्वित कार्ययोजना पर जोर दिया।

बैठक में विभिन्न विभागों के साथ व्यापक समन्वय कर मिशन वात्सल्य योजना और किशोर न्याय अधिनियम के प्रभावी कार्यान्वयन पर ध्यान केंद्रित किया गया। मिशन वात्सल्य के तहत प्रदेश में संचालित 112 बाल देखरेख संस्थाओं में 2099 बच्चे निवासरत हैं, इनमें से 1307 बच्चे नियमित स्कूलों में पढ़ रहे हैं, 48 बच्चे ओपन स्कूल के जरिए शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं और 36 बच्चों को व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 1888 बच्चों के आधार कार्ड, 1198 के बैंक खाते और 1042 के स्मार्ट कार्ड बनाए गए हैं।

सचिव ने इन बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं और कौशल प्रशिक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2024-25 में 108 बच्चों को दत्तक ग्रहण के जरिए परिवार मिला, 1433 बच्चों को स्पांसरशिप योजना का लाभ मिला और 108 बच्चों को पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के तहत सहायता प्रदान की गई। बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के तहत इस वर्ष अब तक 337 बाल विवाह रोके गए। चाईल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181 और आपात सेवा 112 के एकीकरण पर चर्चा हुई, साथ ही इनके प्रचार-प्रसार के लिए निर्देश दिए गए। समिति ने मिशन वात्सल्य के तहत प्रशिक्षण, प्रचार-प्रसार और 2023-24 के ऑडिट कार्ययोजना को मंजूरी दी। राज्य की बाल संरक्षण नीति का ड्राफ्ट तैयार करने की प्रगति भी साझा की गई। बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग के संचालक पदुम सिंह एल्मा, स्कूल शिक्षा विभाग की संयुक्त सचिव सुश्री फरिहा आलम तथा गृह विभाग, स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, वित्त विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, तकनीकी शिक्षा विभाग, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, रेलवे एवं एनआईसी के प्रतिनिधि शामिल हुए।

## संपादकीय

### लोक सेवा : समय सीमा- जवाबदेही ज़रूरी

*छत्तीसगढ़ सरकार ने एक महत्वपूर्ण फैसले में लोक सेवा गारंटी के दायरे में कुछ और महत्वपूर्ण सेवाओं को लाया है। व्यवसाय और उद्योग से सम्बन्धित 13 सुविधाएं अब लोक सेवा गारंटी के तहत लाई गई हैं। उम्मीद है कि इस फैसले से लोगों को अनेक मामलों में सुविधाएं बढ़ेंगी। उक्त दोनों ही क्षेत्र में निवेश के इच्छुक लोगों को विभिन्न अनुमतियां आसानी से मिल सकेंगीं। समयबद्ध तरीके से काम करने में नाकामी की जवाबदेही सम्बन्धित अधिकारियों की मानी जायेगी। आशा है कि इस प्रावधान से इन सुविधाओं को अधिक पारदर्शितापूर्वक तथा तेज गति से उपलब्ध कराये जाने का मार्ग प्रशस्त होगा। विभिन्न विभागों की कार्य क्षमता तो बढ़ेगी ही, लोगों का विश्वास भी शासकीय प्रणाली में बन सकेगा।*

*शनिवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जिन 13 सेवाओं को गारंटी के तहत लाया है, उनमें नगर नियोजन, जल संसाधन व पर्यावरण सम्बन्धी मंजूरियां, औद्योगिक लाइसेंस, माप-तौल प्रमाणन आदि हैं। इनका सम्बन्ध उद्योग, जल संसाधन, पर्यावरण मंडल, बिजली बोर्ड, विधिक माप विज्ञान, नगर नियोजन, वाणिज्य और उद्योग विभाग से है। इन सेवाओं को लोक सेवा गारंटी के दायरे में लाने का उद्देश्य कारोबार तथा उद्योगों की स्थापना एवं उनके संचालन को आसान बनाना है जो 'ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस' कहलाता है।*

*इनसे सम्बन्धित अनुमतियों के लिये 45 से 60 दिनों की समय सीमा तय की गयी है जो आवेदक को प्राप्त हो जानी चाहिये। यदि ऐसा न हुआ तो उसका जिम्मेदार सम्बन्धित अधिकारी को माना जायेगा। सामान्य नागरिकों के अलावा व्यवसायियों तथा उद्योगपतियों को इस फैसले से लाभ होगा जो विभिन्न तरह की मंजूरियों के लिये विभिन्न कार्यालयों का चक्कर लगाते रहते हैं। समय सीमा निर्धारित होने तथा जवाबदेही तय करने के बाद प्रक्रिया में तेजी आयेगी तथा स्वयं इन विभागों की दिलचस्पी आवेदनों को तत्काल निराकृत करने में होगी। इससे प्रदेश में व्यवसाय तथा उद्योग लगाने के लिये लोगों का उत्साह बढ़ेगा।*

*छग को सतत विकसित होते देखकर स्थानीय हों या बाहरी व्यक्ति, वह बड़ी संख्या में किसी न किसी तरह का छोटा-मोटा व्यवसाय या औद्योगिक इकाइयां लगाना तो चाहता है, लेकिन लालफीताशाही के चलते निरुत्साहित हो जाता है। उसकी दिलचस्पी जल्दी ही खत्म हो जाती है। हर काम के लिये उसे विभिन्न कार्यालयों के चक्कर तो लगाने ही पड़ते हैं, एक-एक अनुमति के लिये भी उसे एक से दूसरे अधिकारी की प्रदक्षिणा करनी पड़ती है। कहने को तो प्रदेश में एकल खिड़की व्यवस्था भी लागू की गयी है परन्तु वह वास्तविक रूप से निवेश के इच्छुकों को बहुत संतुष्ट नहीं कर पाती और न ही उनके कामों का जल्दी निपटान होता है। इसका मूल कारण है विभिन्न कामों के लिये समय सीमा का निर्धारण न होना और अधिकारियों की जवाबदेही न होनी। लोक सेवा के अंतर्गत सभी तरह की सुविधाओं की उपलब्धता का यही पैटर्न होना चाहिये।*

उल्टा पुल्टा

एक अमेरिकी डॉक्टर भारत आया. बस स्टैंड पर एक किताब देखते ही उसे दिल का दौरा पड़ गया.
20 रुपये की इस किताब का नाम था- 30 दिनों में डॉक्टर कैसे बनें.

## शहर में अक्षय तृतीया की धूम, गुड्डे-गुड़ियों की लगी जगह-जगह दूकानें

**दुर्ग**, 28 अप्रेल (देशबन्धु)। नगर में अक्षय तृतीया की धूम शुरू हो गई है। बाजार गुड्डी गुड़ियों के साथ ही मौर मुकुट, पोशाक, मटका इत्यादि की दूकानें सजने लगी है। हर साइज की रंग बिरंगी गुड्डी गुड़ियों की जोड़ी 60 से 120 रूपयों में, इनके मौर मुकुट व अन्य पोशाकें भी 5 रूपये से लेकर 50 रूपये में उपलब्ध है। शहर के प्रत्येक बाजारों व गली मोहल्लों में गुड़ियों की दूकानें सज गई है। अक्षय तृतीया (अक्ती) के दिन गुड्डा गुड़ियों के साथ ही सचमुच के वर वधु के विवाह भी कराये जाते है। लोक मान्यता है कि इस दिन शादी कराने के लिये कोई मुहूर्त नहीं देखना पड़ता। अक्षय तृतीया 30 अप्रेल को है।



दुर्ग शहर की प्रत्येक नई पुरानी बस्ती में गुड्डी गुड्डा की शादी अक्ती पर कराई जाती है। सिकोला भाठा, सिकोला बस्ती, मिलपारा, बोरसी, बघेरा, पोटियाकला, से लेकर नयापारा, पंचशील नगर, कसारीडीह, केलाबाड़ी बस्तियों से लेकर नई नई कालोनियों में भी गुड्डा गुड़ियों की शादी की रस्में की जाती है। पूरा वार्ड पूरी कालोनी के लोग इस आयोजन में शामिल होते है। इसके अभी से तैयारियां भी जहां तहां नजर आने लगी है।

इसी तरह व्यस्कों के विवाह को लेकर भी लोगों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। शहर के सभी मंगल भवन, बैंड बाजे, डीजे व रथ वाले पहले से ही बुक है। यहीं हाल केटरिंग, इत्यादि वालों का है। यहां तक कि लोग विभिन्न मैदानों, कालोनियों में खाली पड़े मकानों में भी व्यवस्था कर वैवाहिक कार्यक्रमों की तैयारियां कर रहे है। पिछले दो तीन दिन से मौसम का रूख देखकर भी लोगों में चिंता बनी हुई है। ज्यादातर लोग वाटर प्रुफ पंडाल बना रहे है। शादी विवाह, बारात को देखते हुए बस व ट्रेन में भी लोगों को यात्रा की जगह नहीं मिल रहीं है।

## नगर निगम क्षेत्र में उपलब्ध शासकीय व नजूल भूमि की विस्तृत जानकारी की मांग



**दुर्ग**, 28 अप्रेल (देशबन्धु)। नगर निगम दुर्ग के एमआईसी प्रभारियों ने आज कलेक्टर अभिजीत सिंह से भेंट कर उन्हें ज्ञापन सौंपकर दुर्ग नगर निगम सीमा में उपलब्ध शासकीय भूमि की विवरण सहित पूरी जानकारी मांगी। साथ ही अतिक्रमण हटाने व बढ़ते अवैध कब्जों की रोकथाम को लेकर भी चर्चा की। एमआईसी प्रभारियों ने कलेक्टर से एक अनुभवी राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी की सेवाएं नगर निगम दुर्ग को देने की मांग की ताकि समय पर नजूल की जमीनों का नापजोख तथा अन्य वैधानिक स्थिति भी मालूम की जा सके।

- **एमआईसी प्रभारियों ने सौंपा कलेक्टर को ज्ञापन**
- **शहर में अतिक्रमण हटाने प्रशासनिक सहयोग पर भी दिया जोर**

उल्लेखनीय है कि नगर निगम दुर्ग पिछले लंबे समय से विस्तार ले रहा है। नये मोहल्लों व नई कालोनियां बन रही है। जिस तरह नई कालोनियां व नये निर्माण कार्य बढ़ रहे है उसी तरह अवैध कालोनियों व मकानों के निर्माण की सूचनाएं भी निगम प्रशासन को मिल रही है। इसकी वजह से शहर में मकानों व कालोनियों को लेकर नये नय ➢➢ शेष पृष्ठ 9 पर ➢

## वित्त वर्ष 25-26 में 50 करोड़ की राजस्व वसूली का लक्ष्य

**दुर्ग**, 28 अप्रेल (देशबन्धु)। नगर निगम के राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में वित्तीय वर्ष 25-26 के लिये 50 करोड़ रूपयों का लक्ष्य तय किया गया है। बैठक की अध्यक्षता कर रही महापौर अलका बाघमार ने निर्देश दिया है कि एक मई से अब सभी रूकावटों को दूर कर वसूली के लक्ष्य पर ध्यान रखें और 50 करोड़ की राजस्व वसूली करेगें। उल्लेखनीय है कि वर्ष 24-25 के वित्तीय वर्ष में नगर निगम द्वारा 40 करोड़ से ऊपर की वसूली कर कीर्तिमान बनाया है। बैठक में बाजार प्रभारी चंद्रशेखर चंद्राकर भी थे। इन दोनों नेताओं ने अधिकारियों को चेतावनी दी है कि राजस्व वसूली के मामले में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।



- **नगर निगम की राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक**

आज की राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में महापौर श्रीमती बाघमार ने सभी करदाताओं को बतायें कि कर जमा नहीं करने पर 1 हजार पेनाल्टी व 1 हजार रूपये पेनल चार्ज लगता है। बैठक में सहायक राजस्व निरीक्षकों को डिमांड के विरूद्ध मकान की संख्या, एवं संपत्ति ➢➢ शेष पृष्ठ 9 पर ➢

## एक राष्ट्र-एक चुनाव के प्रस्ताव को लेकर सामान्य सभा की बैठक आज

**दुर्ग**, 28 अप्रेल (देशबन्धु)। नगर निगम की सामान्य सभा की बैठक कल 29 अप्रेल को दोपहर 3 बजे से निगम परिसर में स्थित मोतीलाल सभाभवन में आहूत की गई है। बैठक का एक मात्र एजेंजा वन नेशन वन इलेक्शन है। महापौर अलका बाघमार की उपस्थिति में होने वाली बैठक की अध्यक्षता निगम सभापति श्याम शर्मा करेगें।

इस संबंध में पता चला है कि राज्य शासन ने प्रदेश की नगरीय निकायों को मौखिक रूप से आदेशित किया है कि वन नेशन वन इलेक्शन की पूरी अवधारणा पारिभाषित करते हुए नगर निगम की सामान्य सभा में प्रस्ताव पारित कराया जायें। प्रस्ताव को पारित कर राज्य शासन को भेजा जाएं। नगर निगम द्वारा कल की सामान्य सभा में वन नेशन वन इलेक्शन के पक्ष में जो प्रस्ताव रखा जा रहा है उसमें कहा गया है कि एक राष्ट्र एक चुनाव एक क्रांतिकारी कदम है जो भारत के लोकतंत्र को मजबूत पारदर्शी और कुशल बना सकता है। इससे न केवल सरकार के कार्यो में निरंतरता आयेगी बल्कि राष्ट्रीय एकता और अखंडता भी सुदृढ़ होगी। उल्लेखनीय है कि गत दिवस एमआईसी की बैठक में यह प्रस्ताव पारित किया जा चुका है।

## शादी का प्रलोभन देकर दैहिक शोषण का आरोपी गिरफ्तार

**दुर्ग**, 28 अप्रेल (देशबन्धु)। शादी का प्रलोभन देकर एक युवती के साथ दैहिक संबंध बनाने और किसी को भी इसकी जानकारी देने पर गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देने के मामले में मोहन नगर पुलिस ने एक आरोपी गोविंद यादव (38) को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। न्यायालय से आरोपी को जेल भेज दिया गया है। इनके अलावा अन्य 3 मामलों में भी तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

मोहन नगर पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार गत 27 अप्रेल को एक पीड़िता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसे शादी का प्रलोभन देकर गोविंद यादव नामक 38 वर्षीय व्यक्ति ने उससे दैहिक संबंध बनाया है। आरोपी ने इस बारे में किसी को भी बताने पर गाली गलौच कर उसे जान से मारने की धमकी भी दी है। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 69, 296, 351 (2) बीएनएस कायम कर मामले की विवेचना की और आरोपी की तलाश कर उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से न्यायालय के आदेश पर आरोपी को जेल भेज दिया गया।

## भिलाई केनाल रोड चौड़ीकरण को लेकर रहवासियों ने जनदर्शन में की शिकायत

**दुर्ग**, 28 अप्रेल (देशबन्धु)। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रु व एवं हितेश पिस्दा ने साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 120 आवेदन प्राप्त हुए।

संत रविदास नगर, वार्ड क्रमांक 37 केम्प.2 भिलाई में नहर किनारे केनाल रोड चौड़ीकरण को लेकर रहवासियों ने



**शराब दुकान के विरोध और बिजली पोल की मांग को लेकर भी पहुंचे**

जनदर्शन में शिकायत की। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि पूर्व में रोड चौड़ीकरण हेतु जो मार्किंग की गई थी, वह 30 फीट के मानक के अनुसार थी और उसका लिखित नोटिस भी प्रभावितों को दिया गया था, लेकिन अब 40 फीट की सर्वे नाप कर कार्यवाही की जा रही हैए जिससे उनका शेष बचा दुकान/मकान भी प्रभावित हो रहा है। नागरिकों ने मांग की है कि नहर किनारे बनने वाली केनाल रोड की चौड़ाई अधिकतम 20 फीट तक सीमित रखी जाए, ताकि शासन की योजना के अंतर्गत सड़क का निर्माण भी सुचारू रूप से हो सके और स्थानीय रहवासियों को उनके मकानों व दुकानों के नुकसान से भी बचाया जा सके। इस पर डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव ➢➢ शेष पृष्ठ 9 पर ➢

## निराश्रितों को 6 माह से पेंशन नहीं, बसपा ने की तत्काल भुगतान की मांग

**दुर्ग**, 28 अप्रेल (देशबन्धु)। बहुजन समाज पार्टी दुर्ग शहर विधानसभा इकाई ने निराश्रित व अन्य पेंशनधारियों को विगत 6 माह से पेंशन भुगतान न होने पर आज कलेक्टर जनदर्शन में ज्ञापन सौंपकर सभी पेंशनधारियों को शीघ्र ही पेंशन भुगतान करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपे जाने का नेतृत्व करते हुए बसपा के शहर विधानसभा अध्यक्ष सचिन गवई ने कहा है कि एक तरफ सरकार महतारी वंदन योजना के नाम पर वाहवाही लूट रही है वहीं इन निराश्रित पेंशनधारियों पर ध्यान नहीं दे रही है। ज्ञापन में बताया गया है कि छत्तीसगढ़ सरकार के समाज कल्याण विभाग द्वारा पेंशनधारियों को निराश्रित पेंशन विकलांग पेंशन व अन्य पेंशन राशि दी जाती है मगर इन वर्गो से लोगों को 6 माह से पेंशन राशि नहीं दी गई है। उन्होंने यह राशि पात्रता प्राप्त लोगों को तत्काल उपलब्ध कराने की मांग की है।

## "ड्रग्स के विरूद्ध जंग" गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं की सार्थक पहल

**दुर्ग**, 28 अप्रेल (देशबन्धु)। शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के एंटी ड्रग कमेटी के तत्वाधान में छात्राओं द्वारा नषामुक्त समाज में युवाओं की भूमिका के अन्तर्गत सामाजिक जागरूकता हेतु विभिन्न कार्यक्रमों जैसे - निबन्ध, स्लोगन, पोस्टर एवं रैली द्वारा ड्रग्स विरोधी अभियान चलाया जा रहा है।



महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव के मागदर्शन ने बताया कि मादक पदार्थों के अवैध वितरण और उपयोग को रोकने के लिए किए गए प्रयासों के अन्तर्गत छात्राओं ने विभिन्न आयोजनों के माध्यम से लगातार मादक पदार्थों के विरूद्ध अभियान से नशामुक्त समाज के निर्माण में अपना योगदान दे रही है। समय-समय पर छात्राओं को विषय-विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन एवं सलाह प्रदान की जाती है तथा उन्होनें बताया कि हमारा महाविद्यालय मादक पदार्थ मुक्त परिसर है साथ ही महाविद्यालय के आस-पास स्थित दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया जाता है। प्रभारी प्राध्यापक रेशमा लाकेश ने बताया कि स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु. दीपिका मिर्चे, द्वितीय स्थान पर कु. काजल खेलवार तथा कु. जागेश्वरी तृतीय स्थान पर थी। निबंध प्रतियोगिता में कु. लिलेश्वरी साहू प्रथम स्थान, कु. किरण निषाद द्वितीय स्थान एवं तृतीय स्थान पर मोनिका निर्मलकर थी। पोस्टर ➢➢ शेष पृष्ठ 9 पर ➢

## वृद्धाश्रम में दंत एवं नेत्र परीक्षण शिविर

**दुर्ग**, 28 अप्रेल (देशबन्धु)। ओम सत्यम शिक्षण एवं जन विकास समिति द्वारा वद्धाश्रम पुलगांव में दंत एवं नेत्र चिकित्सा शिविर लगाकर वृद्धजनों के दांतों एवं नेत्रों की जांच की गई। दोनों ही रोगों से जो मरीज पीड़ित पाये गये उन्हें दवाईयां व समझाइश दी गई। शिविर में दंत रोगियों को टूथ पेस्ट भी दिया गया। इसी तरह नेत्र संबंधी शिकायतों से पीड़ित मरीजों का जिला अस्पताल में नेत्र परीक्षण कर उन्हें उचित मार्गदर्शन किया गया। इस अवसर पर वृद्धाश्रम प्रबंधक ➢➢ शेष पृष्ठ 9 पर ➢

## 22 वीं ऑल इंडिया एग्री स्पोटर्स में भाग लेने कामधेनु विवि की टीम कल होगी अयोध्या रवाना



**दुर्ग**, 28 अप्रेल (देशबन्धु)। दाऊ श्री वासुदेव चन्द्राकर कामधेनु वि.वि. दुर्ग की टीम 22वीं अखिल भारतीय अन्तर कृषि वि.वि. खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने 29 अप्रैल को आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी वि.वि. कुमारगंज, अयोध्या (उप्र) रवाना होगी। टीम में कामधेनु वि.वि. अंतर्गत संचालित पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय अंजोरा, दुग्ध प्रौघोगिकी महाविद्यालय, रायपुर एवं मात्स्यिकी महाविद्यालय, कवर्धा में अध्ययनरत् 40 छात्र.छात्राएं शामिल हैं जो अंतर कृषि विश्वविद्यालय एग्री स्पोट्र्स में सहभागिता हेतु दुर्ग से रवाना होंगे। टीम मैनेजर क्रीडा अधिकारी एवं विश्वविद्यालय के नोडल अधिकारी एबीएस.दीवान तथा डॉ.शबीर अनंत हैं।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉण्केशब दास ने बताया कि 22वीं अखिल भारतीय अंतर कृषि ➢➢ शेष पृष्ठ 9 पर ➢

## एसयूसीआई ने मनाया स्थापना दिवस




दुर्ग, 28 अप्रेल (देशबन्धु)। सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट) ने सिकोला बस्ती में अपना 78 वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर पहलगाम आतंकी हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई। सरकार से पीड़ित परिवारों को पर्याप्त मुआवजा देने की मांग की गई।

कार्यक्रम के प्रारंभ में मार्क्सवादी दार्शनिक कामरेड शिवदास घोष के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। एमयूसीआई के ➢➢ शेष पृष्ठ 9 पर ➢

## अभा नौजवान सभा के सम्मेलन में नए पदाधिकारियों का चयन

**दुर्ग**, 28 अप्रेल (देशबन्धु)। अखिल भारतीय नौजवान सभा (एआईवाईएफ) का त्रिवार्षिक सम्मेलन भिलाई स्टील मजदूर सभा (एटक) के महासचिव विनोद कुमार सोनी की अध्यक्षता में किया गया। सम्मेलन में समाज से जुड़े विभिन्न ज्वलंत



मुद्दों पर चर्चा कर निर्णय लिये गये। सम्मेलन में संगठन के 1 व 2 मई के नारायणपुर में होने वाले राज्य सम्मेलन की तैयारियों को लेकर भी चर्चा कर निर्णय लिये गये। सम्मेलन में संगठन के वरिष्ठ नेता शमीम कुरैशी ने विगत तीन वर्षो में नौजवान सभा द्वारा जिले में किये गये कार्यो का विवरण दिया। संगठन के इतिहास व उपलब्धियों की जानकारी महासचिव विनोद सोनी ने दी।

सम्मेलन में पहलगाम के शहीदों को मौन श्रद्धांजलि देने के साथ ही आतंकवाद की उक्त घटना के आरोपियों ➢➢ शेष पृष्ठ 9 पर ➢

## आध्यात्मिक गुरु माता अमृतानंदमयी संस्थान की 25 शोधार्थी ग्रामीण क्षेत्रों में रिसर्च करने पहुंची

**दुर्ग**, 28 अप्रेल (देशबन्धु)। दुर्ग जिला निषाद समाज एवं राष्ट्रीय समन्वय समिति के अनुरोध पर केरल की प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु माता अम्मा के नाम से लोकप्रिय अमृतानंदमयी की 25 स्टूडेंट जिसमें दक्षिण अफ्रीका जिंबॉब्वे के स्टूडेंट की टीम दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के ग्राम कोटनी एवं मोहलाई पिपरछेड़ी सरपंच तथा गांव के महिलाओं स्व.सहायता समूहों से मुलाकात कर विस्तृत चर्चा की। बिरेन्द्र निषाद ने बताया कि सभी स्टूडेंट 8 दिनों तक रिसर्च करेगी टीम का उद्देश्य यहां का वातावरण रोजगार



**महिलाओं को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने पर जोर**

जल संकट एग्रीकल्चर जैसों विषय पर रिसर्च करना तथा महिलाओं को विभिन्न कौशलों एवं लघु उद्योगों में प्रशिक्षित कर उन्हें आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। मां अमृतानंदमयी के अमृतपुरी केरल स्थित मुख्यालय से संचालित यह संस्था विश्वभर में मानवीय सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और आपदा राहत जैसे क्षेत्रों में कार्यरत है। अमृता विश्व विद्यापीठम विश्वविद्यालय एवं अमृता विद्यालय स्कूल इसके प्रमुख शैक्षणिक संस्थान हैं। यह संगठन कर्म योग आधारित कार्यशैली को अपनाता है और इसे तीन हजार से अधिक निवासियों एवं हजारों स्वयंसेवकों का सहयोग प्राप्त है। एम्ब्रेसिंग द वर्ल्डश् के नाम से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय इस संस्था से प्रतिदिन लाखों लोग माता अमृतानंदमयी के आशीर्वाद के लिए संपर्क करते हैं।

## कांकेर घाटी को यूनेस्को विश्व धरोहर घोषित कराने प्रयास

### गठित कमेटी में दुर्ग साइंस कॉलेज की दो शोधार्थी शामिल

**दुर्ग**, 28 अप्रेल (देशबन्धु)। बस्तर की कांगेर घाटी को यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थानों की सूची में शामिल कराने हेतु छत्तीसगढ़ शासन एवं भारत सरकार प्रयासरत् है। पिछले माह यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहरों की सूची में कांगेर घाटी को टेम्परेरी तौर पर शामिल किया गया है। इसे पूर्ण रूप से स्थायी तौर पर विष्व धरोहरों की सूची में शामिल कराने हेतु प्रयास तेज करने तथा अन्य आवश्यक मुद्दों पर विचार करने हेतु वन विभाग जगदलपुर कार्यालय में उच्च स्तरीय बैठक हुई। इस



कमेटी के विशेषज्ञ सदस्यों के रूप में साइंस कालेज, दुर्ग की शोध छात्रा कु. स्वप्ना गुप्ता तथा कु. अलशिमा बसु रे को शामिल किया गया है। भूविज्ञान विषय में हाल ही में कु. स्वप्ना गुप्ता ने कांगेर घाटी क्षेत्र में विद्यमान कुटुबसर गुफा तथा अन्य गुफाओं की उत्पति एवं विकास विषय पर हेमचंद यादव वि.वि. दुर्ग से साइंस कालेज दुर्ग के भूविज्ञान विषय के सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव के मार्गदर्शन तथा डॉ. श्रीनिवास देशमुख के सहमार्गदर्शन में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। कमेटी की दूसरी विशेषज्ञ सदस्य कु. अरूणिमा बसु रे वर्तमान में साइंस कालेज दुर्ग के भूविज्ञान विभाग के डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव के मार्गदर्षन में जगदलपुर ➢➢ शेष पृष्ठ 9 पर ➢

# सड़क दुर्घटना में युवक-यवती की मौत



**भिलाईनगर**, 28 अप्रैल (देशबन्धु)। कोहका अंवतीबाई चौक के पास सोमवार तड़के एक हादसे में युवक युवती की दर्दनाक मौत हो गई। घटना कार के असंतुलन खो देने के कारण होना बताया गया है। घटना तड़के 4 बजे के की बताई जा रही है। युवक.युवती कार पर सवार थे और चौक के पास पोल से टकरा जाने से यह हादसा हुआ है। मौके पर ही दोनों की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शवों को सुपेला मरच्यूरी भेजा। फिलहाल स्मृति नगर चौकी पुलिस हादसे की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार हादसा कोहका के पास अवंती बाई चौक से कुरुद जाने वाली सड़क पर हुआ है। मृतकों की पहचान नंदिनी रोड छावनी निवासी आलोक साहू 28 और भिलाई नगर निवासी पूजा 27 के तौर पर हुई है। पुलिस के अनुसार दोनों सुबह कार से जा रहे थे। तेज रफ्तार के कारण कार का बैलेंस बिगड़ा और कार पोल से टकरा गई। हादसे में कार के सामने वाला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने मामले की सूचना डायल 112 को दी। इसके बाद स्मृति नगर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने 108 एम्बुलेंस को बुलाया और दोनों को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला भेजवाया। सुपेला अस्पताल में डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद उनके शव को वहीं मर्चुरी में रखवा दिया गया है। हादसे की सूचना दोनों के परिजनों को दे दी गई है।

# केनाल रोड निर्माण के लिए आगे का सर्वे शुरु

## बारिश के पहले होगा सर्वे का कार्य



**भिलाईनगर** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में निर्माणाधीन केनाल रोड के सीमांकन हेतु सर्वे का कार्य आज से शुरु कर दिया गया है। आज आज सुबह 8 बजे 18 नबंर रोड राजीव चौंक से आगे का सर्वे शुरू हुआ। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय स्वयं मौके पर पहुंचकर उसका निरीक्षण किए। केनाल रोड से प्रभावित हो रहे लोगो से बात कर उन्हें केनाल रोड की उपयोगिता के बार में बताया। जिसका मकान पुरी तरह प्रभावित हो रहा है, उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत किफायती दर पर आवास आबंटन किया जायेगा। इसके लिए प्रभावितों को आवेदन करना होगा। सर्वे के साथ साथ प्रधानमंत्री आवास योजना की टीम फार्म लेकर चल रही है। केनाल रोड का निर्माण पीडब्लूडी विभाग द्वारा किया जाएगा। जो सड़क के मध्य से 12 मीटर दाये एवं 12 मीटर बाये के क्षेत्रफल में बनेगा। 24 मीटर का सुविधा युक्त सड़क बनेगा। नीचे से पाईप लाईन होगा। जिसके माध्यम से नाली, पानी का बहाव होगा, उपर से सड़क जायेगी। स्थानीय निवासियों के लिए यह एक बहुत उपयोगी होगा। नगर निगम भिलाई द्वारा नहर के उपर हुए अवैध कब्जो को रिक्त कराकर पीडब्लूडी विभाग को सौंप दिया जायेगा। नंदनी रोड से लेकर अवंती बाई चौंक तक सड़क निर्माण पीडब्लूडी विभाग द्वारा किया जायेगा। नगर निगम भिलाई द्वारा सभी से अपील की है कि लाल मार्किग के अंदर जो भी मकान या कब्जे आयेगे, उसे खाली कराया जायेगा। स्वयं के द्वारा खाली कर ले तो अच्छा है। बारिश के पहले सभी नहर के उपर से अवैध कब्जे रिक्त किए जायेगे। कब्जेधारी द्वारा स्वयं से खाली करने पर कम नुक्सान होता है। जेसीबी से करने पर अधिक नुक्सान होने की संभावना होती है। केनाल रोड के सीमांकन के दौरान पीडब्लूडी विभाग के इंजीनियर शबनम निशा अपने दल के साथ एवं निगम के जोन क्रमांक-2 आयुक्त येशा लहरे, प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे अपने दल के साथ उपस्थित रहे। बरसात आने से पहले आगे का काम शुरू हो जाएगा। ज्ञात हो कि केनाल रोड के पहले चरण का कार्य वर्ष 2018 में तात्कालीन विधायक प्रेम प्रकाश पाण्डेय के द्वारा शुरु किया गया था। तब इस केनाल रोड का कुछ लोगों द्वारा विरोध किया गया था। जो आज लोगों को लिये काफी सहायक साबित हो रही है। खुर्सीपार से नंदिनी रोड तक बनी इस केनाल रोड के बन जाने से फोललेन का यातायात दवाब काफी कम हो गया है, तथा सड़क दुर्घटना में भी कमी आई है। शहर के अन्दरुनी भाग के लिये केनाल रोड लोगों के लिये वरदान साबित हो रही है।

# एम्स रायपुर के विशेषज्ञ डॉक्टरों का खुर्सीपार में हेल्थ कैंप

**भिलाईनगर,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायपुर का सबसे बड़ा हेल्थ कैंप खुर्सीपार में 3 मई को स्वामी आत्मानंद स्कूल बालाजी नगर में लगाया जायेगा। जिसमें एम्स रायपुर के विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी सेवाएं देगे और लोगों की जांच करेगे। इस कैंप में जांच उपरांत उपचार के लिए दिशा.निर्देश दिए जाएंगे। गंभीर मरीजों को उपचार के लिए भर्ती भी कराया जाएगा। इस हेल्थ कैंप का संयोजन कर रही हैं भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व पदाधिकारी व प्रदेश नेत्री स्वाति साहू ने बताया कि 3 मई शनिवार को आयोजित इस हेल्थ कैंप में 30 डॉक्टरों व विशेषज्ञों की टीम एम्स से आ रही है। जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम भी अपनी सेवाएं देंगी। स्वाति साहू ने बताया कि सांसद विजय बघेल के विशेष मार्गदर्शन, पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय के निर्देशन में यह कैंप लगाया जा रहा है। इस कैंप में युवा नेता व श्रीराम जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष मनीष पांडेय का विशेष सहयोग हैं। इस कैंप में कार्यपालक निदेशक, सीईओ एम्स रायपुर के डॉ.अशोक जिंदल रहेंगे। वहीं वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. आनंद सक्सेना अपनी टीम के साथ रहेंगे। कार्यक्रम में अतिविशिष्ट



अतिथि के रूप में छग प्रदेश साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू, वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, भाजपा जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, दुर्ग मेयर अलका बघमार, मनीष पांडेय समेत अन्य मौजूद रहेंगे। पार्षद स्वाती साहू ने बताया कि इस हेल्थ कैंप में शामिल होने और डॉक्टरों से परामर्शन लेने के लिए पंजीयन 25 अप्रैल से शुरू हो गया है। पंजीयन के लिए संयोजक स्वाति साहू व उनकी टीम को मोबाइल नंबर- 7566086237, 9174772537, 9243944943 पर संपर्क कर सकते हैं।

# लड़कियों-महिलाओं के लिए सेल्फडिफेंस की ट्रेनिंग



**भिलाईनगर,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन की महिला प्रकोष्ठ ने देवांगन समाज के परमेश्वरी भवन प्रगति नगर रिसाली में लड़कियों एवं महिलाओं की आत्मरक्षा के लिए सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण देने की शुरुआत की। महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश संयोजिका सुमन देवांगन ने कहा कि आए दिन लड़कियों एवं महिलाओं के प्रति लगातार हो रहे अपराध चिंतनीय एवं निंदनीय है। ऐसे समय में लड़कियों एवं महिलाओं सभी के स्वाभिमान एवं आत्मरक्षा के लिए सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण दिया जाना अतिआवश्यक हो गया है। अब लड़कियां जागरूक होकर आत्म रक्षा के गुर सीखने खुद आगे आ रही हैं। मार्शल आर्ट के प्रशिक्षक अभिषेक कुमार की टीम ने जूडो कराटे के माध्यम से विभिन्न परिस्थितियों में सेल्फडिफेंस कैसे करें, इसका प्रदर्शन किया और आत्मरक्षा के गुर बताए। उन्होंने बताया कि कैसे एक पंच मारकर किसी बदमाश को चित्त किया जा सकता है। उपस्थित लड़कियों एवं महिलाओं में उत्साह देखा गया। अभिषेक मार्शल आर्ट एवं स्पोर्ट्स एकेडमी के द्वारा छोटे बच्चों को मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें अब लड़कियां एवं महिलाएं भी सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण लेंगी। इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मेघनाथ यादव ने कहा कि महिला प्रकोष्ठ की पहल सराहनीय है। ऐसे हर रचनात्मक गतिविधियों के लिए महिला प्रकोष्ठ को छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन का पूरा सहयोग मिलेगा। संगठन के उपाध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने भावी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर सुमन देवांगन, रामदुलारी ताम्रकार, शकुंतला केसकर, कुमुद ताम्रकार, डिकेश्वरी पटेल, नीता देशमुख, पुष्पा यादव, अनिता वर्मा, भूमिका देवांगन, सुमित्रा देवांगन, चित्रेखा मानिकपुरी, सुमित्रा रात्रे, दामिनी, गायत्री, कल्पना, युवती हेमलता उपस्थित थीं। संगठन के मेघनाथ यादव, संतकुमार केसकर, घनश्याम कुमार देवांगन, अनुरूप साहू, लखनलाल साहू, जीवन सिन्हा, ब्रह्मदेव पटेल, डॉ डीपी देशमुख इत्यादि उपस्थित थे।

# मैत्री विद्या निकेतन पाटन के छात्रों का जेईई मेन में उत्कृष्ट प्रदर्शन



**भिलाईनगर,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। मैत्री विद्या निकेतन इंग्लिश मीडियम स्कूल पाटन के छात्रों ने जेईई मेन परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए जेईई एडवांस के लिए क्वालिफाई किया है और विद्यालय के साथ साथ प्रदेश का नाम रोशन किया है। छात्रों ने अपनी असाधारण प्रतिभा और शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिचय दिया। जिसमें सनत कुमार पांडा ने 95.92 परसेंटाइल और प्रियांशु देवांगन ने 84.96 परसेंटाइल प्राप्त किया। मैत्री शैक्षणिक संस्थान की अध्यक्षा श्रीमती राजम सुधाकरण, निदेशक डॉ.सजीथा थंबी, एस.सजीव एवं एस. साजन, मैत्री विद्या निकेतन पाटन की प्राचार्या श्रीमती अम्बिली सुगाथा एवं समस्त शिक्षकों ने दोनों छात्रों को उनकी इस शानदार सफलता पर हार्दिक बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी। ज्ञात हो कि मैत्री विद्या निकेतन रिसाली सेक्टर के 5 छात्रों ने जेईई मेन्स 2025 परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और जेईई एडवांस के लिए पात्रता प्राप्त कर स्कूल का नाम गौरवान्वित किया। जिसमें प्रणव वर्मा ने 98.6 प्रतिशत प्राप्त किया। अन्य सफल छात्र में त्रेहान मंडल, मनीष कुमार कोशारे और तुमेश्वरी साहू। मैत्री विद्या निकेतन रिसाली सेक्टर अध्यक्ष निदेशक एस सजीव ने बताया कि उनके विद्यालय में शिक्षा के अतिरिक्त अन्य गतिविधियों में भी स्कूली बच्चों का बेहतर प्रदर्शन रहा है। स्कूल के बच्चों ने खेल में कई राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार अर्जित किये है।

# सांसद ने सायन सदन का लोकार्पण किया



**भिलाईनगर,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। पूर्व विधायक स्व. विद्यारत्न भसीन के विधायक निधि से निर्मित सायन सदन वार्ड-30 प्रगति नगर कैंप 1 में लोकार्पण सांसद विजय बघेल के द्वारा लोकार्पण किया गया। इससे इस क्षेत्र के रहने वाले वरिष्ठ नागरिकों में बहुत खुशी है। 65 वर्षीय वरिष्ठ नागरिक रामकुमार वर्मा एवं राजकुमार साहू ने बताया कि हम लोगों की बड़ी अभिलाषा थी कि यहा पर सयान सदन बने जहां पर हम लोग बैठकर अपना दुख तकलीफआपस में साझा करें। आज हम सबको बहुत ही प्रसन्नता हो रही है। यह मांग जब हम लोग स्वर्गीय भसीन जी से किए थे उन्होंने कहा था हम पूरा करेंगे। वहां उपस्थित 35 वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान शाल श्रीफल के साथ किया गया। सांसद विजय बघेल ने कहा स्वर्गीय विद्या रत्न भसीन के विधायक निधि से निर्मित तीसरा सयान सदन का उद्घाटन कर रहा हूं। मुझे बहुत खुशी होती है जब कोई उनका नाम लेता है। कार्यक्रम के दौरान नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हाए जोन अध्यक्ष जालंधर सिंहए वार्ड पार्षद सत्या देवी जयसवालए संतोष मौर्याए स्वर्गीय विद्या रत्न मशीन की पुत्री दिव्या भसीनए छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफकॉमर्स से अजय भसीनए भिलाई महिला मोर्चा अध्यक्ष स्वीटी कौशिकए सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंहए नगर निगम अभियंता संजय अग्रवालए नितेश मेश्रामए अर्पित बंजारेए जोन स्वास्थ्य अधिकारी वीरेंद्र बंजारेए जनप्रतिनिधि राजकुमार जायसवालए प्रभु नाथ मिश्राए धर्मेंद्र दिवाकरए धनराजूए भोला साहूए अशोक कुमारए पप्पू यादवए राजमणि दुबेए टाट पट्टी सेवा संघ के पदाधिकारीए स्थानीय नागरिकगण अच्युतानंद पांडेए राकेश अग्रवालए मुन्ना मौर्याए अभिषेक मिश्राए आदि उपस्थित रहे। जनसंपर्क विभागए नगर पाली निगमए भिलाई।

# श्रम संहिता कारण के प्रभाव पर सीटू का प्रस्तुतिकरण



**भिलाईनगर,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। संहिता कारण की आड़ में कर्मचारी विरोधी श्रम कानून संशोधनों को वापस लेने, सार्वजनिक उपक्रमों का निजीकरण विनिवेश कारण पर रोक लगाने न्यूनतम मजदूरी 26000 रुपए प्रतिमाह करने, न्यूनतम पेंशन 9000 प्रतिमाह करने, पुरानी पेंशन योजना बहाल करने, जैसी ज्वलंत मांगों सहित अन्य जन विरोधी मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ 20 मई को होने वाले हड़ताल को लेकर चलाए जा रहे प्रचार अभियान के तहत सीटू कार्यालय में श्रम कानून संहिताएं लागू होने के पश्चात कर्मियों पर पढ़ने वाले प्रभाव को लेकर एक पावर पॉइंट प्रस्तुतीकरण आयोजन किया गया। संहिताकरण के नाम पर केंद्र सरकार द्वारा 29 श्रम कानूनों का विलय कर अधिनियमित किए गए 4 श्रम संहिताओं में शामिल मजदूर विरोधी श्रम संशोधन वास्तव में एक ऐसा छलावा है, जिसके द्वारा विभिन्न कानूनों को सरल बनाने के घोषित उद्देश्य की आड़ में श्रमिकों से उन अधिकारों को छिना गया है, जो उन्होंने लंबे संघर्ष के पश्चात प्राप्त किया था। वेतन संहिता संसद द्वारा 2019 में पारित की गयी तथा अन्य 3 श्रम संहिताएं औद्योगिक संबंध संहिता, सुरक्षा संहिता तथा व्यवसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्यदशा संहिता, को संसद द्वारा 2020 के मानसून सत्र में पारित किया गया। 29 श्रम कानूनों को विलय कर बनाया गया है श्रम संहिताएं. के तहत दिन की अनाधिकृत अवकाश पर कट सकता है 8 दिन का वेतन, श्रम कानून मजदूरी भुगतान अधिनियम, न्यूनतम वेतन अधिनियम, बोनस भुगतान अधिनियम तथा समान मज़दूरी अधिनियम को समाहित कर बनायी गयी वेतन संहिता में न्यूनतम वेतन निर्धारित करने के वैज्ञानिक आधार को ना अपना कर फ्लोर वेज अवधारणा लाया गया है। न्यूनतम वेतन निर्धारित करने के लिए 45 वें श्रम सम्मेलन की सिफारिश है। बोनस निर्धारित करते समय कंपनी की बैलेंस शीट एवं लेखा जोखा देखने का यूनियन को प्राप्त अधिकार भी हटा लिया गया है। औद्योगिक संबंध संहिता में पंजीयक को किसी व्यवसायिक संघ द्वारा संहिता के किसी भी प्रावधान के उल्लंघन की सूचना प्राप्त होने पर उस व्यवसायिक संघ का पंजीयन निरस्त करने का अधिकार दिया गया है। निश्चित अवधि रोजगार की अवधारणा पर आधारित प्रावधान को जोड़कर प्रबंधन को अधिकार दिया गया है कि वह 60 वर्ष की सेवानिवृत्ति आयु के लिए किसी कर्मी की नियुक्ति ना कर अल्प अवधि के लिए नियुक्ति कर सकता है। 300 से कम कर्मी वाले औद्योगिक प्रतिष्ठान के मालिकों नियोक्ताओं को छँटनी तालाबंदी के लिए किसी से अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं होगी। इसके अलावा 300 से कम कर्मी वाले उद्योगों को औद्योगिक नियोजन अधिनियम स्थाई आदेश के दायरे से बाहर रखकर वहां साप्ताहिक अवकाश, प्रतिदिन काम के घंटे, अवकाश लेने के नियम, अनुशासनात्मक कार्यवाही आदि मामलों में प्रबंधन को स्वेच्छाचारिता की छूट दे दी गई है। 18000 रुपये प्रतिमाह से अधिक वेतन प्राप्त करने वाले सुपरवाइजर का कार्य करने वाले कर्मी को वर्तमान श्रम संहिताओं के प्रावधानों के अंतर्गत कर्मियों को प्राप्त अधिकारों से भी वंचित रखा गया है।

# चेंबर की बैठक में सासंद के प्रयासों को सराहा गया



**भिलाईनगर,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। भिलाई स्टील सिटी चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के आव्हान पर सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों की बैठक इंडियन कॉफी हाउस सेक्टर 10 में संपन्न हुई। स्टील सिटी चेंबर के अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन ने टीम के साथियों के साथ गुरु घासीदास सेवा समिति के नवनिर्वाचित पदाधिकारी का संस्था की ओर से स्वागत किया। इस अवसर पर जगन्नाथ मंदिर समिति सेक्टर 4, गुजराती समाज भिलाई, कालीबाड़ी सेक्टर 6, मस्जिद ट्रस्ट भिलाई, दिगंबर जैन खंडेलवाल भवन सेक्टर 6, सिंधु ब्रादर मंडल सेक्टर 4, फ्रंटियर भवन भिलाई, विवेकानंद विद्यापीठ सेक्टर 2, केरला समाजम दुर्ग. भिलाई के प्रतिनिधि सहित स्टील सिटी चैंबर परिवार के सदस्य उपस्थित थे। बैठक में लीज नवीनीकरण प्रकरण विषय पर चेंबर अध्यक्ष ने प्रकाश डालते हुए बताया कि विजय बघेल सांसद दुर्ग के मार्गदर्शन में प्रयास जारी है। उपरोक्त संदर्भ में भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा भेजे जाने वाले पत्रों को निरस्त करवाने यथोचित प्रयास किया जा रहे हैं। अधिशासी निदेशक कार्मिक एवं प्रशासन ने भी कलेक्टर दुर्ग की उपस्थिति में सांसद को जानकारी में बताया है कि भारतीय इस्पात प्राधिकरण स्तर पर इस दिशा में प्रयास किया जा रहे हैं हो सकता है दो.तीन महीने में कोई नए निर्णय आए। सांसद ने स्पष्ट कहा है की जब तक कोई सम्मानजनक कहना आ जाए तब तक ऐसे पत्रों को रोका जाना चाहिए जिस शहर में अशांति का वातावरण निर्मित न हो। ज्ञानचंद जैन ने एवं रामकुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से सामाजिक संस्थाओं से अनुरोध किया है की एकजुट रहे और अपनी-अपनी संस्थाओं की बैठक लेकर सदस्यों को जानकारी दी जाए और उन्हें एकजुट किया जाए। चेंबर के ज्ञानचंद जैन बताया कि संयंत्र के नगर सेवा विभाग के अधिकारियों की कार्यशैली जनहित में नहीं है उनके द्वारा अनावश्यक परेशान किया जा रहा है। जो निंदनीय नहीं है। ज्ञानचंद जैन ने बताया कि अप्रैल माह में जिन व्यापारियों को या संस्थाओं को भिलाई इस्पात संयंत्र ने भारतीय इस्पात प्राधिकरण द्वारा एचडीएफसी से कराए गए सर्वे के आधार पर नए दरों का इजहार किया है। उन दरों को किसी भी स्थिति में स्वीकार किया जाना संभव नहीं है। किसी शिकायत दुर्ग सांसद से विजय बघेल के माध्यम से मुख्यमंत्री से भी की जा रही है और गंभीर आपत्ति दर्ज कराई गई है। पत्र में निर्धारित दरों को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने की मांग की गई है और कहा गया है कि जब तक उच्च स्तरीय कोई नई दिशा निर्देश न आ जाए तब तक ऐसे पत्रों पर संयंत्र ऐसे पत्रों पर रोक लगाये। बैठक में उपस्थित संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने सासंद के द्वारा किए जा रहे कार्यों एवं प्रयासों की सराहना करते हुए उनके मार्गदर्शन में कार्य करने की शपथ ली।

# आयुक्त मोनिका ने पेयजल समस्या के समाधान के दिए निर्देश




**भिलाईनगर,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। गर्मी को देखते हुए रिसाली निगम आयुक्त ने टंकी के भराव स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पेयजल वितरण व्यवस्था को अति आवश्यक और महत्वपूर्ण बताते हुए अधिकारियों को सजग रहने कहा। आयुक्त रिसाली मोनिका पेयजल समस्या पर गंभीर नजर आई। उन्होंने रूआबांधा, आशीष, नगर नेवई और मरोदा ओवरहेड टैंक का निरीक्षण की। इस दौरान उन्होंने पंप ऑपरेटर द्वारा संधारित लॉगबुक का अवलोकन भी किया। मोनिका वर्मा ने निर्देश दिए कि सभी पंप ऑपरेटर ओवरहेड टैंक में जल भराव और पानी कितने मिनट तक दिए जाने का समय स्पष्ट रूप से उल्लेख करे। निरीक्षण के दौरान प्रभारी सहायक अभियंता अलिखेश गुप्ता, जलकार्य प्रभारी गोपाल सिन्हा, स्वास्थ्य विभाग प्रभारी बृजेन्द्र परिहार उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान वार्ड 34 स्थित मुख्य नेवई मार्ग में पाइप लाइन लिकेज मिला। सड़क पर पानी बहते देख आयुक्त ने नाराजगी व्यक्त की। आयुक्त ने लिकेज को शीघ्र ठीक करने के निर्देश दी है। साथ ही नेवई ओवरहेड टैंक के रिसाव को ग्रीष्मकाल के बाद ठीक करने प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने कहा। इस दौरान पंप ऑपरेटर की मीटिंग लेते हुए आयुक्त ने कहा कि हर रोज ओवरहेड टैंक से पानी का नमूना लेकर जांच के लिए भेजे।

## एक्स ओए की बैठक 3 को

**भिलाईनगर।** बीएसपी पूर्व अधिकारी संघ की आमसभा शनिवार 3 मई को सुबह 10.30 बजे प्रगति भवन सिविक सेंटर भिलाई में आयोजित की जाएगी। जिसमें आज के सबसे महत्वपूर्ण मुद्दे 11 महीने के भत्ते के बकाया भुगतान में असामान्य देरी और ईपीएस-95 पेंशन, सेल मेडिक्लेम स्कीम 2025, संविदा आधार पर डॉक्टरों के लिए ऑनलाइन अपॉइंटमेंट बुकिंग जैसे मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। एक महीने के भीतर बकाया भत्ते का भुगतान न मिलने की स्थिति में आगे की कार्रवाई पर भी बैठक में विचार.विमर्श किया जाएगा। ओए अध्यक्ष और सेफी चेयरमैन नरेंद्र बंछोर, परविंदर सिंह अंकुर मिश्रा को बैठक में भाग लेने पर संबोधित करने के लिए आमंत्रित किया गया है। बैठक में भाग लेने और सेल मेडिक्लेम योजना के महत्वपूर्ण पहलुओं और कैंसर और एआरएमडी जैसी बीमारियों के उपचार में इसकी सीमाओं पर बोलने का अनुरोध किया गया है।

# आंध्र स्वाभिमान एसो. ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**भिलाईनगर**, 28 अप्रैल (देशबन्धु)। आंध्र स्वाभिमान एसोसिएशन भिलाई द्वारा पहलगांव में हुये भीषण आतंकी हमले के के विरोध में कैंडिल मार्च निकाल कर अम्बेडकर चौक पॉवर हाउस में श्रद्धांजलि अर्पित की। इस घटना के प्रति रोष व्यक्त करते हुए आतंक वादियों के खिलाफ भारत सरकार को ठोस कारवाई का करने की आवश्यकता है। सर्व प्रथम मृतकों के आत्मा की शान्ति हेतु मौन धारण किया गया। कैंडिल जलाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई व इस घटना में घायलों के शीध्र स्वास्थ्य की कामना की गई। एसोसिएशन के अध्यक्ष के उमाशंकर राव ने बताया कि इस घटना से सभी हिन्दुस्तानियों में आक्रोश है। उन्होनें आंतकवाद को अंजाम अथवा सहयोग करने वालों के खिलाफ केन्द्र सरकार के निर्णय का स्वागत किया है। इस अवसर पर के.उमाशंकर राव, उपाध्यक्ष एम वेंकट राव, सचिव के प्रसाद राव, समाज प्रमुख बी जोगा राव, के सिरमय्या, के राजू, एम बाबू राव, डी नारायण, वी वैकुण्ठ राव, बी वेंकट राव, एस राजू, के कृष्णा मूर्ति, के रवि कुमार, पी जोगा राव एवं अन्य लोगों ने श्रध्दा सुमन अर्पित किये।

# अपराध पर पुलिस अधीक्षक ने ली बैठक



**भिलाईनगर,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग विजय अग्रवाल व्दारा पुलिस कण्ट्रोल रूम भलाई में जिले के राजपत्रित अधिकारियों, थाना, चौकी प्रभारियों की बैठक ली। बैठक के दौरान थाना, चौकी प्रभारियों को रोजनामचा समय पर रखने, लंबित अपराधों का समय पर निकाल करने विशेषकर एक वर्ष से उपर की अवधि के अपराधों का निकाल जल्द से जल्द करने, नवीन अपराधिक कानून के तहत ई.साक्ष्य मोबाईल एप्लिकेशन के माध्यम से घटना की विडियो एवं फोटोग्राफी करने, जप्ती एवं तलाशी, मेमोरण्डम तथा बयान की रिकार्डिंग करनेए नफीस सिस्टम के तहत फिंगर प्रिण्ट अपलोड करनेए निगरानी एवं गुण्डा बदमाशों चेकिंग एवं जांच की जाकर, इसकी रिपोर्ट रोजनामचा सान्हा में दर्ज किए जाने, समय पर शिकायतों का निराकरण, सुशासन तिहार के अन्तर्गत प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण किए जाने के निर्देश दिए गए। साथ थाना, चौकी प्रभारियों को अधीनस्थ विवेचना अधिकारियों को नवीन अपराधिक कानूनों के संबंध में उचित मागदर्शन देकर उनका प्रशिक्षण की बात कही। बैठक में सुखनंदन राठौर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर, अभिषेक झा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, श्रीमती पद्मश्री तंवर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आईयूसीएडब्ल्यू, चिराग जैन भापुसे नगर पुलिस अधीक्षक दुर्ग, राहुल बंसल भापुसे, सत्यप्रकाश तिवारी नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर, हरीश पाटिल नगर पुलिस अधीक्षक छावनी, अनूप लकड़ा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पाटन व जिले के समस्त थाना, चौकी प्रभारी उपस्थित थे।

**भगवान परशुराम प्राकट्य दिवस कल व 3 को शोभा यात्रा**

**महासमुंद** 28 अप्रैल (देशबंधु)। सर्व ब्राह्मण समाज महासमुंद के तत्वावधान में भगवान विष्णु के छठवें अवतार भगवान परशुराम जी का प्राकट्य दिवस 30 अप्रैल बुधवार को सुबह 9 बजे आश्रम रोड स्थित ब्रह्म निवास में मनाया जायेगा।



# एथलेटिक्स सिनथैटिक ट्रेक निर्माण हेतु महापौर ने अधिकारियों के साथ देखा स्थल



**राजनांदगांव,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। संस्कारधानी राजनांदगांव में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने एवं एथलेटिक्स खिलाडियो को खेल मे सुविधा विस्तार के लिये राजनांदगांव शहर में एथलेटिक्स सिनथैटिक ट्रेक निर्माण हेतु महापौर श्री मधुसूदन यादव ने आज अधिकारियों के साथ ढाबा में नगर सेना आफिस के पीछे की शासकीय भूमि का निरीक्षण किया।

एथलेटिक्स खेल को बढावा देने एवं संस्कारधानी के खिलाडियो को प्रोत्साहित करने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की पहल पर एथलेटिक्स सिनथैटिक ट्रेक निर्माण हेतु महापौर श्री यादव आज सुबह निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, एथलेटिक्स संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला सचिव रणविजय सिंह सहित निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, जल विभाग के प्रभारी सदस्य सुनील साहू, पार्षद रवि सिन्हा व सतीश साहू, पूर्व पार्षद श्री विजय राय तथा नगर निगम व लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ ढाबा स्थित नगर सेना आफिस के पीछे शासकीय भूमि का निरीक्षण कर अधिकारियों से चर्चा किये।

महापौर श्री यादव ने बताया कि संस्कारधानी राजनांदगांव का नाम खेल गतिविधयों में देश व प्रदेश में शिखर पर रहा है, यहा के खिलाडी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपना जौहर दिखाये है। इसी को ध्यान में रखकर विधानसभा अध्यक्ष व विधायक डॉ. रमन सिंह ने अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल में एस्टोटर्फ हाकी मैदान तथा स्टेडियम का जीर्णोद्धार कराया वही अब एथलेटिक्स खेल को बढावा देने एथलेटिक्स सिनथैटिक ट्रेक राजनांदगांव में निर्माण के लिये केन्द्र सरकार के खेलो इंडिया के तहत केन्द्रीय खेल मंत्री माननीय मनसुख मंडविया से चर्चा कर स्वीकृति दिलायी। उक्त ट्रेक निर्माण के लिये आज स्थल चयन हेतु ढाबा में नगर सेना आफिस के पीछे की शासकीय भूमि चयन हेतु अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया जा रहा है। उन्होने कहा कि एथलेटिक्स सिनथैटिक ट्रेक बन जाने से हमारे संस्कारधानी के एथलेटिक्स खिलाडी यहा खेल कर परिपच होकर प्रदेश एवं देश के प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर स्थान प्राप्त करेंगे।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि एथलेटिक्स सिनथैटिक ट्रेक निर्माण के लिए लगभग 10 एकड भूमि की आवश्यकता होगी। स्थल चयन उपरांत शासन की स्वीकृति अनुसार प्रक्रिया कर तकनीकि अधिकारी एवं वास्तुविदो के साथ खिलाडियों के सुविधा एवं मापण्ड अनुसार ड्राईंग डिजाईन तैयार कर ट्रेक का निर्माण किया जायेगा।

एथलेटिक्स संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष ने बताया कि एथलेटिक्स सिनथैटिक ट्रेक निर्माण के लिये दिग्विजय स्टेडियम का चयन किया गया था, किन्तु स्टेडियम में विभिन्न खेल गतिविधियां संचालित होने के कारण अन्य स्थल चयन करना है, स्थल चयन हेतु आज महापौर महोदय एवं जन प्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ ढाबा की शासकीय भूमि देखा जा रहा है। स्थल चयन उपरांत खेलो इंडिया के तहत मानदण्ड अनुसार एथलेटिक्स सिनथैटिक ट्रेक का निर्माण किया जायेगा।

# जागते रहो भारत यात्रा महाराष्ट्र से छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव पहुंची

**राजनांदगांव,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। जन सहयोग आधारित 100 दिवसीय महिला अपराध मुक्ति अभियान च्जागते रहो भारत यात्रा च्08 मार्च 2025 को माउन्ट आबू से आरम्भ होकर महाराष्ट्र होते हुए राजनांदगाँव जिले के ग्राम सोमनी पहुँची। ग्रामवासियों द्वारा जागते रहो भारत यात्रा के साथियों का शाल श्रीफल एवं फूलमाला से जोरदार स्वागत किया। सक्रिय ग्रामीण विकास मण्डल हरियाणा के वर्तमान अध्यक्ष, सुब्बाराव शिक्षा संस्कारशाला के संस्थापक और गांधियन सोसायटी इण्डिया से जुड़े राजेन्द्र कुमार जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम इक्कीसवीं सदी की सभ्य दुनियां के सभ्य लोग हैं। मानव सभ्यता का आधार परस्पर प्रेम, विश्वास, सम्मान और समानता के मूल सिद्धांतों पर टीका होना चाहिए। लेकिन विज्ञान, प्रौद्योगिकी और भौतिक विकास के क्षेत्र में आशा अनुरूप वृद्धि के साथ मानव मूल्यों में उसी गति से पतन हम सबकी चिन्ता और चिन्तन का विषय है। आधी आबादी आज भी असमानता और असुरक्षा का सामना करने के लिए अभिशप्त है। महिला अपराध और दुष्कर्म की आए दिन होने वाली घटनाओं ने भारतीय जनमानस को गहरी चिन्ता में डाल दिया है। महामहिम राष्ट्रपति महोदया ने भी इस पर चिन्ता व्यक्त करते हुए लिखा है कि महिला दुष्कर्म की जघन्य घटनाओं को जल्दी भूल जाना हमारी घिनौनी मानसिकता का परिचायक है। वास्तव में गहरी चिन्ता का कारण यह है कि जब तक एक महिला अथवा चार साल की अबोध बालिका के साथ हुए अमानवीय क्रूरतम अपराध की चर्चा अख़बार या टेलीविजन के पर्दे पर रहती है हमें याद रहता है और जैसे ही मीडिया से गायब हमारी स्मृति से भी गायब हो जाती है। कई बार ऐसा महसूस होता है कि हम केवल अपने घर को दुष्कर्म की पीड़ा से महफ़ूज़ देख निश्चिन्त हो जाते हैं। जागते रहो भारत यात्रा की सहयोगी संस्था जन कल्याण सामाजिक संस्थान के अध्यक्ष श्री योगेन्द्र प्रताप सिंह ने यात्रा की प्रसंसा करते हुए कहा कि हम ग्रामवासियों का सौभाग्य है कि इतने बड़े उद्देश्य के निकली यात्रा के साथियों श्री राजेन्द्र कुमार(हरियाणा), जम्मू बहन(गुजरात) विक्रम सिंह(राजस्थान) का सम्मान करने का अवसर प्राप्त हुआ। हम इस यात्रा के सहयोगी है तथा हम सभी की शुभकामनाएं है कि यात्रा अपने अंतिम उद्देश्य को प्राप्त करे। कार्यक्रम सोमनी ग्राम पंचायत मे सरपंच श्रीमती नीलिमा साहू एवं उपसरपंच श्री विजय सिंह राजपूत की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम में वरिष्ठ व्यवसायी एवं समाजसेवी सोमेश जैन, सेवानिवृत्त व्याख्याता टी एल चन्द्राकर, अमर सिंह, पूर्व सरपंच संतोष यादव, पूर्व उपसरपंच गजेन्द्र बंजारे उपस्थित थे।



# पंचायती राजव्यवस्था पर हुई व्याख्यान



**गंडई पंडरिया,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। स्व. देवी प्रसाद जी चौबे शासकीय महाविद्यालय गंडई में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा पंचायती राजव्यवस्था विषय पर विभागीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में टी.एल.वर्मा सहायक प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) पंचायती राजव्यवस्था विषय पर बात रखते हुए गांवों में राजनीतिक चेतना का विकास, मोबाइल, इंटरनेट व अन्य तकनीकी की महत्वपुर्ण भुमिका को विस्तार से बताया साथ ही शेषराम गोरे द्वारा पंचायती राजव्यवस्था के 73वां संविधान संशोधन अधिनियम पर अपना विचार प्रस्तुत किये एवं उपस्थित विभागीय छात्र-छात्राओं ने पंचायती राजव्यवस्था का विकास, महत्व, योगदान एवं त्रि-स्तरीय पंचायत व्यवस्था पर अपने-अपने विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर प्राचार्य डॉ. डी.पी. कुर्रे ने शुभकामनाएँ दी।

# कुलपति लवली ने किया लोक संगीत विभाग का निरीक्षण

## छत्तीसगढ़ी वेशभूषाओं सहित लोक वाद्ययंत्रों से हुई अवगत

**खैरागढ़,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. डॉ. लवली शर्मा ने लोक संगीत विभाग का निरीक्षण किया। इस दौरान कुलपति ने लोक संगीत विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. दीपशिखा पटेल को विद्यार्थियों की सुविधाओं के लिये आवश्यक कार्यों को तत्काल पूरा कराने की बात कही। इसके पश्चात निरीक्षण के दौरान कुलपति लवली ने छत्तीसगढ़ी वेशभूषाओं को बारिकी से जाना तथा छत्तीसगढ़ के लोक वाद्यों से भी अवगत हुईं। लोक संगीत विभाग के बाद कुलपति ने रवीन्द्र बहादुर संग्रहालय का भ्रमण कर पुरातत्व विथिकाओं से अवगत हुईं। सर्वप्रथम कुलपति को संग्रहालय के इतिहास की जानकारी दी गई जिसके बाद उन्होंने संग्रहालय स्थित सभी 6 गैलरियों का भ्रमण किया। पहली गैलरी में विश्वविद्यालय के चित्रकला विभाग के छात्रों द्वारा निर्मित चित्रों का अवलोकन किया। इसके बाद पुरातत्व विथिका गैलरी में सिंधु घाटी, मौर्य कला, शुंग कला, मथुरा एवं गांधार कला आदि की जानकारी ली। इसके अतिरिक्त विथी में प्रदर्शित प्राचीन तिजोरी एवं भोरमदेव मंदिर मॉडल में भी रूचि ली। मूर्तिकला गैलरी में सोमवंशी, कलचुरी कालीन मूर्तियों से अवगत हुईं। यहां हिन्दुओं के पंच देवता शिव, शक्ति, विष्णु, सूर्य एवं गणेश की कृतियों का भी अवलोकन किया साथ ही जैन एवं बौद्ध धर्म की कलाकृति को भी बारिकी से देखा। चित्रकला विथिका में लोक चित्रकला में प्रदर्शित आदि चित्रकला की भी जानकारी ली जो अलग-अलग प्रांतों की है। वाद्ययंत्र विथिका में तंत्री वाद्य, अवनद्ध वाद्य एवं सुषिर वाद्य यंत्रों का अवलोकन व निरीक्षण किया। अंत में प्रसिद्ध चित्रकारों द्वारा बनाई गई पेंटिंग से भी अवगत हुई जिसे विश्वविद्यालय का अमूल्य धरोहर बताया। अंत में संग्रहालय के क्यूरेटर डॉ.आशुतोष चैरे ने कुलपति को संग्रहालय संबंधी साहित्य पुस्तकें भेंट की वहीं कुलपति ने विजिटर बुक में अपनी अनुभूति को कलम के माध्यम से अभिव्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी कुलपति सचिवालय एवं सहायक कुलसचिव राजेश कुमार गुप्ता उपस्थित थे।



# उप मुख्यमंत्री अरूण साव जिले के प्रवास पर

**राजनांदगांव एवं घुमका में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल**



**राजनांदगांव,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। उप मुख्यमंत्री अरूण साव 29 अप्रैल 2025 को राजनांदगांव जिले के प्रवास पर रहेंगे। वे 29 अप्रैल को सुबह 11.30 बजे शासकीय निवास सिविल लाईन रायपुर से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 1 बजे चौखडिया पारा राजनांदगांव पहुंचेंगे। उप मुख्यमंत्री दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक चौखडिया पारा में तहसील साहू संघ राजनांदगांव के नवनिर्मित छात्रावास सामाजिक भवन लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर 1.30 बजे से दोपहर 2 बजे तक का समय आरक्षित रहेंगा। उप मुख्यमंत्री दोपहर 2 बजे चौखडिया पारा राजनांदगांव से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 2.30 बजे शासकीय कन्या विद्यालय घुमका पहुंचेंगे। वे दोपहर 2.30 बजे से दोपहर 3.30 बजे तक शासकीय कन्या विद्यालय घुमका में सामुहिक आदर्श विवाह एवं लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे। उप मुख्यमंत्री दोपहर 3.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक कर्मा भवन शीतला मंदिर तालाब के पास घुमका में भक्त माता कर्मा जयंती समारोह में सम्मिलित होंगे। उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव, कर्मा भवन शीतला मंदिर तालाब के पास घुमका से दुर्ग जिले के लिए प्रस्थान करेंगे।

# ताड़ोकी से रायपुर इलेक्ट्रिक डेमू ट्रेन को 8 बोगी के साथ किया शुभारंभ

**दल्लीराजहरा,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। रायपुर दल्लीराजहरा से रावघाट रेल लाइन के अंतर्गत यात्री डेमू ट्रेन गाड़ी का आज से ताडोकी से रायपुर इलेक्ट्रिक ट्रेन के 8 बोगी के साथ शुभारंभ किया गया है। इलेक्ट्रिक से चलने वाली यह डेमू ट्रेन गाड़ी ताड़ोकी से अंतागढ़ भानुप्रतापपुर डौण्डी सल्हाईटोला दल्लीराजहरा कुसुम कसा भैंस बोर्ड बालोद गुण्डरदेही सिकोसा रिशमा पाऊवारा मरौदा होते हुए दुर्ग से रायपुर पहुंचेगी। इसके पूर्व यह ट्रेन डीजल इंजन से चलाया जाता था इस डेमू ट्रेन के इलेक्ट्रिक से चलने के कराण पर्यावरण के लिए भी अच्छा रहेगा व यात्रीयों को सफर में लेट लतिफ से भी छुटकारा मिलेगा।यात्रियों की सुविधा में बढ़ोतरी होगी।यह जानकारी रेल्वे विभाग ने दी है।

# डोंगरगढ़ में संपर्क डिवाइस कार्यशाला संपन्न



**डोंगरगढ़,** 28 अप्रैल। विकास खंड डोंगरगढ़ के स्वामी आत्मानंद विद्यालय डोंगरगढ़ में विकास खंड स्तरीय संपर्क डिवाइस कार्यशाला का का आयोजन 21 अप्रैल से 24 अप्रैल तक दो पालियों में किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ जिला परियोजना समन्वयक सतीश ब्यौहारे, क्क्ट मनोज मरकाम, आदर्श वासनिक एवं विकास खंड स्त्रोत समन्वयक इनायत अली की उपस्थिति में किया गया। जिला परियोजना समन्वयक सतीश ब्यौहारे द्वारा संपर्क डिवाइस के साथ साथ शैक्षणिक कार्यो से संबंधित आवश्यक जानकारी एवं दिशा-निर्देश दिए गए। श्री मरकाम एवं श्री वासनिक द्वारा भी संपर्क डिवाइस के सफल क्रियान्वयन हेतु शिक्षकों को प्रोत्साहित किया गया। उक्त कार्यशाला में जिला से आए संपर्क डिवाइस विशेषज्ञों द्वारा संपर्क डिवाइस संचालन किया।

# लालबाग पुलिस की त्वरित कार्रवाई, लूट के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**आरोपी द्वारा मोटर सायकल, मोबाईल एवं नगदी रकम किया गया लूट**



**राजनांदगांव,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। इस प्रकार है कि 26 अप्रैल को प्रार्थी सहदेव गोंड पिता स्व. गौतम गोड उम्र 49 साल साकिन सेमरादैहान थाना ठेलकाडीह जिला केसीजी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 25/04/2025 की रात्रि अपने मोटर सायकल प्लेटीना क्रमांक 11 बी0एफ0 3149 में अपने साथी नकुल सिंह ठाकुर के साथ विवाह समारोह में शामिल होने ग्राम बरगा जा रहा था ट्रान्सपोर्ट नगर के पास रात्रि लगभग 10:00 बजे पानी पीने के लिये रूका था उसी समय एक व्यक्ति मां बहन की गंदी गंदी गाली गलौच करते हुये पैसा मांगा नहीं देने परे पास रखे डडा से हम दोनो को मारपीट करने लगा नकुल के पास में रखे मोबाईल तथा पैसा 1100 रूपये एवं मोटर सायकल की चाबी एक नग मोबाईल जीयो कंपनी का मोबाईल जुमला रकम 32000 रू छीन लिया। विरोध करने पर पास की झोपड़ी से तलवार लेकर निकला और मारने की धमकी देने लगा तब अपने साथी के साथ जान बचाकर भागा और किसी तरह अपने घर पहुंचा। कि रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना लालबाग में अपराध क्रमांक 195/2025 धारा 296,115(1),309(4) बीएनएस 25,27 आर्म्स एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया। मामले में कायमी की सूचना वरिष्ठ अधिकारीगणों को अवगत कराया गया एवं श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग, अति0 पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्ग दर्शन व दिशानिर्देश पर थाना प्रभारी लालबाग प्रशिक्षु भा0पु0से0 ईशु अग्रवाल के नेतृत्व मे थाने से तत्काल टीम गठित कर आरोपी की पता साजी के दौरान मुखबीर सूचना के संदेही जीतु विश्वकर्मा पिता बसंत विश्वकर्मा उम्र 24 वर्ष निवासी अटल आवास पेण्ड्री हाल ट्रांसपोर्ट नगर पेण्ड्री थाना लालबाग को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ करने पर जुर्म श्वीकार किया आरोपी से 01 नग मोटर सायकल, 01 नग मोबाईल, एवं घटना में प्रयुक्त तलवार जप्त किया जाकर धारा 25,27 आर्म्स एक्ट जोड़ा गया। आरोपी के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य का पाये जाने से आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

सम्पूर्ण कार्यवाही में प्र0आर0 प्रभात तिवारी, आर0 राकेश ठावरे, फागू साहू, राजकुमार बंजारा, मुकेश सोनवानी, म0आर0 हिमा चन्द्राकर की सराहनीय भूमिका रही।

# विधायक हर्षिता स्वामी ने बालक वेणुगोपाल वर्मा का किया सम्मान



**डोंगरगढ़,** 28 अप्रैल। विगत वर्ष अछोली के होनहार विद्यार्थी रेणुगोपाल वर्मा पिता चमन वर्मा ने मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा ग्वालियर (मध्यप्रदेश) में आयोजित तानसेन समारोह 2023 में सामूहिक तबला वादन में 1500 वादकों के साथ एक साथ तबलावादन में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज हुआ था साथ ही यूथ स्पोर्ट्स डेवलपमेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा गोवा में आयोजित 8हृद्ब तहस्ष्ठ ष्टक्क चैंपियनशिप 2024 में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान के साथ गोल्ड मेडल मिला था इस तरह इनके अनेकों प्रतिभा के धनी रेणुगोपाल को डोंगरगढ़ के लोकप्रिय विधायिका हर्षिता स्वामी बघेल ने मोमेंटो देकर उत्साहवर्धन के साथ उज्ज्वल भविष्य की कामना कर आशीर्वाद दिए इस अवसर पर रेणुगोपाल के माता पिता दादी के अलावा चुम्मन दास साहू संयुक्त महामंत्री जिला कांग्रेस कमिटी जिला राजनांदगांव जगदेव साहू व अन्य कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।

## चारभाटा स्थित सशिमं में परीक्षा परिणाम घोषित



**डोंगरगढ़,** 28 अप्रैल। सरस्वती शिशु मंदिर चारभाटा में परीक्षा परिणाम घोषित किया गया परीक्षा प्रभारी श्री मति मनीषा ने परीक्षा परिणाम की घोषणा करते हुए कक्षा अरुण में केशव 98त्न,उदय में रिद्धि साहू 98त्न,प्रथम में देवांश साहू 94.33त्नद्वितीय में विभा देवांगन 96त्नतृतीय सोनम साहू 94.33त्नचतुर्थ में प्रियंका यादव 91.33,षष्टम में झलक साहू 92.55त्न,सप्तम में नैतिक साहू 97 त्नलाकर प्रथम स्थान रहा परिणाम घोषणा के उपरांत सरस्वती शिशु मंदिर के अध्यक्ष गिरवर साहू ने उपशिथत भैया बहनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर एक ऐसा विद्यालय है जहां पुस्तकीय ज्ञान के अलावा प्रतिदिन मंत्रो उपचार के साथ शाला का शुभारंभ होता है दैनिक दिनचरिया में योग ,स्वच्छता, नैतिक शिक्षा,से संस्कार बुद्धि विकास के लिए खेल कूद की पढ़ाई की जाती है।

## प्रादेशिकी का शेष...

### नगर निगम क्षेत्र में उपलब्ध ...

विवाद सामने आ रहे है। इन मुद्दों को ध्यान में रखते हुए आज लोककर्म प्रभारी देवनारायण चंद्राकर के नेतृत्व में एमआईसी प्रभारी देवनारायण चंद्राकर के नेतृत्व में एमआईसी प्रभारियों व पार्षदों की टीम ने कलेक्ट्रट जाकर कलेक्टर अभिजीत सिंह से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपते हुए लोककर्म प्रभारी श्री चंद्राकर ने कलेक्टर से कहा कि नगर निगम दुर्ग क्षेत्र में लगातार विकास एवं निर्माण कार्य के लिये शासकीय भूमि की जरूरत पड़ती रहती है मगर नगर निगम के पास शासकीय भूमि की कोई जानकारी ही नहीं है। भूमि संबंधी जानकारी एवं उनका विवरण उपलब्ध न होने के कारण नगर निगम अपनी किसी भी निर्माण व विकास की योजनाओं को मूर्त रूप नहीं दे पा रहा है। पार्षददल ने कलेक्टर से दुर्ग नगर निगम क्षेत्र की नजूल एवं शासकीय भू राजस्व की भूमि नगर निगम को उपलब्ध कराने की मांग की है। इस प्रतिनिधि मंडल में प्रभारी देवनारायण चंद्राकर के अलावा वित्त लेखा प्रभारी नरेन्द्र बंजारे, बाजार प्रभारी चंद्रशेखर चंद्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, नीलेश अग्रवाल, के अलावा पार्षद लोकेश्वरी ठाकुर व ललिता ठाकुर भी शामिल थे।

### वित्त वर्ष 25-26 में ...

करदाता से संबंधित मांग पंजी से मिलान कर वसूली करें। अप्रेल के ही बचे हुए दिनों में वसूली और भी तेजी लाने के निर्देश दिये गये। इसके लिये वार्ड प्रभारी घरोंघर जाकर वसूली करें। जो करदाता टेक्स जमा करने में आनाकानी करते है तो उन्हें नोटिस जारी कर तालाबंदी की कार्रवाई की जायें।

समीक्षा बैठक में नामांतरण के प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने और भवन पूर्णता के आधार पर संपत्ति कर अधिरोपित करने के निर्देश दिये गये। बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जलकर की वसूली भी विभाग के साथ सामंजस्य बैठाकर की जाये। बैठक में महापौर ने कहा कि इसी प्रकार भवन शाखा से नये मकानों की जानकारी लेकर सम्पत्तिकरए जलकर व समेकितकर की वसूली करे। जिससे शतप्रतिशत वसूली हो सके। उन्होंने ये भी कहा कि बड़े बकायादारों से कड़ाई से वसूलना सुनिश्चित करे तथा प्रतिदिन की वसूली की जानकारी लेवे। महापौर श्रीमती बाघमार ने निजी हॉस्पिटलों, कॉलेज, स्कूलों में फायर सीप की जांच करने के निदेश दिए है, साथ ही फायर सेप्टी इन जगहों पर नही पाए पर जुर्माना की कार्रवाही करने की बात कही। उन्होंने यूजर चार्ज में बढ़ोतरी करने की बात कही। उन्होंने कहा कि यूजर चार्ज में कोई समझौता नही होगी। राजस्व बैठक के दौरान राजस्व अधिकारी राजकमल बोरकर, सहायक राजस्व व बाजार अधिकारी शुभम गोइर, थानसिंह यादव, रामखिलावन शर्मा, शिवा, सिद्धान्तए लक्ष्य, पवन नायक, सत्येन्द्र, निखिल, धनवर्धन, नीरज मौजूद रहें।

### भिलाई केनाल रोड चौड़ीकरण ...

ने लोक निर्माण विभाग को परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

वहीं ग्राम घुघवा (क) तहसील पाटन निवासी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आबंटित भूमि पर मकान निर्माण नही करने देने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि ग्राम घुघवा (क) में आवासीय भूमि आबंटित की गई है और प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पहली किस्त 40,000 रुपये प्राप्त हो चुका है, लेकिन वर्तमान सरपंच द्वारा उन्हें निर्माण करने से रोका जा रहा है। परिवार ने जनदर्शन में पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई। इस पर डिप्टी कलेक्टर हितेश पिस्दा ने सीईओ जनपद पंचायत पाटन को निराकरण करने को कहा।

खुर्सीपार वार्ड 49 वृंदावन होटल के पास खुल रही शराब दुकान को लेकर स्थानीय नागरिकों ने विरोध जताया। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि उक्त स्थान रिहायशी क्षेत्र है, जहां स्कूल, कॉलेज, मंदिर, मेडिकल जैसे संस्थान हैं। शराब दुकान खुलने से क्षेत्र में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा बढ़ेगा, जिससे महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा पर प्रश्न चिन्ह लग जाएगा। साथ ही खुर्सीपार जोन.2 में अवैध कारोबार जैसे कबाड़ी, जुआ, सट्टा और नशे का व्यापार भी बढ़ता जा रहा है। इस पर डिप्टी कलेक्टर ने आबकारी विभाग को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। इसके साथ ही विराट नगर वार्ड क्रमांक 51 बोरसी निवासियों ने विद्युत सुविधा की मांग की। उन्होंने बताया कि उक्त स्थान पर लगभग 10-15 मकान है। विगत एक वर्ष से वे अस्थायी कनेक्शन के सहारे बिजली ले रहे हैं क्योंकि उनके क्षेत्र में स्थायी विद्युत पोल नहीं है।

### ड्रग्स के विरूद्ध जंग...

प्रतियोगिता में प्रथम कु. जैनाब निजामी, द्वितीय स्थान कु. चुनिका चन्द्राकर एवं तृतीय स्थान पर कु. श्रद्धा डहरिया थी।

इसी के अंतर्गत अंतर्महाविद्यालयीन पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिता में कु. रिया बारले एवं कु. लिलेश्वरी साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया। एंटी ड्रग समिति के सदस्य डॉ. मोनिया राकेश, डॉ. विजय वासनिक, डॉ. अनुजा चौहान एवं गणेष राम नायक, डॉ. संध्या सिंह, डॉ. चाँदनी अफसाना, डॉ. तोशिना तेलंग, कु. प्रीति चन्द्राकर, डॉ. मोनिका देवांगन, डॉ. खेमराज चन्द्राकर, डॉ. दीक्षा जोशी, कु. निर्वेर साहू, डॉ. सीमा कालरा, कु. सृष्टि मन्ना कु. तृप्ति खरे, डॉ. वैभवशंकर सोनी, डॉ. दीपक कश्यप, डॉ. अनामिका वस्त्रकार, दीपक ठाकुर, कु. तबस्सुम के दिशा-निर्देश में छात्राओं के द्वारा महाविद्यालय परिसर एवं आस-पास को मादक पदार्थ मुक्त किया जा रहा है।

### वृद्धाश्रम में दंत एवं नेत्र...

दीपक छापरिया, ओम सत्यम शिक्षण समिति एवं जन विकास समिति के सीताराम ठाकुर, दिलीप ठाकुर, महावीर इंटर कान्टिनेटल सर्विस से नवीन जैन नरेन्द्र जैन, केन्द्रीय जेल संदर्शक नीलू सिंह डॉ. शुभी शिवशंकर धुरिया, अनिल नेताम प्रतिभा पाटिल ने अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई।

### 22 वीं ऑल इंडिया एग्री स्पोर्ट्स ...

विश्वविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता 2 से 5 मई तक आयोजित की जा रही है। इसमें देश भर के 56 भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली से संबद्ध विश्वविद्यालय एवं शैक्षणिक तथा अनुसंधान संस्थान एवं कृषि विश्वविद्यालय भाग लेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने के पूर्व छात्र-छात्राओं को 21.27 अप्रैल तक शारीरिक दक्षता एवं कौशल प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रतियोगिता में कबड्डी, एथलेटिक्स, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, खो.खो, वॉलीबॉल जैसे खेल शामिल होंगे।

कुलपति डॉ. आर.आर.बी.सिंह ने इस अवसर पर छात्र.छात्राओं को शुभकामनाएं एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि कृषि खेल कृषि क्षेत्र से संबंधित खेल गतिविधियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है जो छात्रों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के साथ-साथ खेल भावना और टीमवर्क को भी बढ़ाता है।

### एसयूसीआई ने मनाया ...

महासचिव प्रभाष घोष का वक्तव्य पढ़ा गया। केन्द्रीय कमेटी के सदस्य स्वपन चटर्जी, राज्य संगठन सचिव विश्वनाथ हारोडे ने भी सभा को संबोधित किया। यह जानकारी संगठन की राज्य कमेटी के सचिव आत्माराम साहू ने दी।

### अभा नौजवान सभा...

की तत्काल गिरफ्तारी तथा उन्हें कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की गई। नये पदाधिकारियों का चयन : इसी सम्मेलन में संगठन के नये पदाधिकारियों का चयन किया गया। इसमें अध्यक्ष वसीम कुरैशी, उपाध्यक्ष प्यारे लाल देवांगन, सचिव मनोज गुप्ता, सहसचिव आरिफ अली, व कलीम कुरैशी चुने गये। आभार प्रदर्शन रमेश दास ने किया।

### कांकेर घाटी को ...

स्थित दलहन सागर तालाब में उपस्थित जलकुंभी के दुष्प्रभाव पर शोध कार्य कर ही है। ये दोनों शोध छात्राएं शासकीय काकतीय पीजी कालेज, जगदलपुर में अतिथि सहायक प्राध्यापक के रूप में भी अपनी सेवाएं दे रही है।

समिति की गत दिवस आयोजित बैठक में कांगेर घाटी को यूनेस्कों की विश्व धरोहर सूची में स्थायी रूप से शामिल करने पर बल दिया गया। समिति की बैठक में वन विभाग जगदलपुर के श्री गुप्ता, कांगेर घाटी नेषनल प्रोजेक्ट के डायरेक्टर चूड़ामणि, वन विशेषज्ञ अप्रितम झा, भारतीय वाइल्ड लाइफसंस्थान के डॉ. भूमेश तथा भूगर्भशास्त्र के विशेषज्ञ के रूप में डॉ. स्वप्ना गुप्ता एवं कु. अरूणिमा बसु रे शामिल थे। भूगर्भशास्त्र भी इन दोनों शोधार्थियों की उपलब्धि पर विभागाध्यक्ष डॉ. एस. डी. देशमुख, प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, शोध निर्देशक शासकीय काकतीय महाविद्यालय जगदलपुर के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तथा भूविज्ञान के विभागाध्यक्ष अमितांशु शेखर झा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## निधन

### नैतिक (इशू) सांखला



**नवापारा राजिम** 28 अप्रैल। नगर के वरिष्ठ उद्योगपति एवं जैन समाज के वरिष्ठ देवराज सांखला के सुपोत्र नैतिक (इशू) सुपुत्र - युवराज साखला उम्र 17 वर्ष का 27 अप्रेल रात्रि 12.35 बजे राजिम में निधन हो गया। उसकी अंतिम यात्रा संध्या 4 बजे निज निवास राधा कृष्णा मंदिर के सामने से निकाली गई। उनकी इस अंतिम यात्रा में नगर के गणमान्य नागरिक, सामाजिक एवं परिजन शामिल थे।

### चंपा बेन पटेल



**दुर्ग,** 28 अप्रैल। प्रतिष्ठित समाज सेवी चंपाबेन पटेल (गुजराती समाज दुर्ग) का निधन 28 अप्रैल को सुबह 6.30 बजे डेनवर (संयुक्त राष्ट्र अमेरिका) में हो गया है। वे 86 वर्ष उम्र की थीं और अपने छोटे पुत्र दिलीप भाई पटेल के डेनवर (यूएसए) के यहां थी। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई है। अपने पीछे दो पुत्र हितेश भाई पटेल, दिलीप भाई पटेल, चार पुत्री इंदु बेन, लता बेन, उर्मिला बेन कल्पना बेन सहित भरापूरा परिवार छोड़ गई है। उनके निधन पर गुजराती पाटीदार समाज ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत आवास मित्र की सेवा समाप्त

**बेमेतरा,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) आवास मित्र मीना साहू, ग्राम पंचायत रौंद्रा के आश्रित ग्राम मोतेसरा के स्वीकृति वर्ष 2024-25 के आवास हितग्राही — श्रीमती कल्याणी बाई/राधेश्याम एवं श्रीमती दुगदी बाई/सुकाल — के आवास की अनुचित तरीके से जियो-टैगिंग कर प्रथम किश्त की राशि स्वीकृत कराने का पर जांच दल की रिपोर्ट के आधार पर मीना साहू को दोषी पाया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के दिशा-निर्देशों के उल्लंघन को दृष्टिगत रखते हुए उनकी आवास मित्र सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गई है।



### सुशासन तिहार

# कलेक्टर ने की आवेदनों के निराकरण की समीक्षा

■ सभी आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करें: कलेक्टर




**बेमेतरा,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। सुशासन तिहार 2025 के तहत आज कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने विकासखंड बेरला के ग्राम पंचायत देवरी में आयोजित शिविर में ग्रामीणों से प्राप्त समस्याओं, मांगों और शिकायतों के आवेदनों के निराकरण की समीक्षा की।

गौरतलब है कि सुशासन तिहार 2025 के प्रथम चरण में, 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक जिले के सभी पंचायत निकायों में समाधान पेटियां स्थापित की गई थीं, जिनमें नागरिकों द्वारा विभिन्न प्रकार के आवेदन डाले गए थे।

समाधान शिविर में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री टेकचंद्र अग्रवाल, अपर कलेक्टर श्री अनिल बाजपेयी, एसडीएम श्रीमती दीप्ति वर्मा, सरपंच सीमा सिवारे सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

बैठक में लोक स्वास्थ यांत्रिकी, विद्युत, समाज कल्याण, खनिज, स्वास्थ्य, कृषि, खाद्य, शिक्षा, राजस्व, महिला एवं बाल विकास, आदि संबंधित विभागों के अधिकारियों ने क्रमवार ढंग से अपने -अपने विभागों से संबंधित आवेदनों के निराकरण की स्थिति की जानकारी दी।

कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने निर्देश दिए कि सभी आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि लोगों की छोटी-छोटी लेकिन महत्वपूर्ण समस्याएं होती है, उनका अधिकारी त्वरित समाधान कर जनता का विश्वास अर्जित कर सकते है ।

श्री शर्मा ने बताया कि अगले चरण में 5 मई से 31 मई 2025 तक जिलेभर में समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में जनकल्याणकारी और हितग्राहीमूलक योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों को दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविरों में जिला, अनुभाग और विकासखंड स्तर के अधिकारी तथा जनप्रतिनिधियों की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, ताकि पहल को और अधिक जनोन्मुखी बनाया जा सके।

कलेक्टर ने यह भी जानकारी दी कि कुछ समाधान शिविरों में मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, मंत्रीगण, मुख्य सचिव, प्रभारी सचिव एवं राज्य शासन के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल होंगे और आवेदकों से सीधा संवाद कर समस्याओं का अवलोकन करेंगे। इसलिए सभी आवेदनों का समय रहते गुणवत्तापूर्ण निराकरण अनिवार्य है।

श्री शर्मा ने समाज कल्याण, विद्युत एवं खनिज विभाग द्वारा आवेदनों के निराकरण में अपेक्षित गुणवत्ता नहीं दिखाने पर असंतोष व्यक्त करते हुए एक सप्ताह के भीतर सभी लंबित प्रकरणों के समाधान के निर्देश दिए। वहीं खाद्य विभाग द्वारा किए गए निराकरण पर संतोष व्यक्त किया और अन्य विभागों से भी इसी तरह की तत्परता की अपेक्षा जताई।

इस दौरान कलेक्टर श्री शर्मा ने स्वयं ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। एक ग्रामीण महिला द्वारा जॉब कार्ड बनाने और एक अन्य व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड जारी न होने की समस्या पर तत्काल संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# पुश्तैनी जमीन के सीमांकन और कब्जे के लिए दो वर्षों से न्याय की बाट जोह रहा किसान



**खैरागढ़,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। किसानों के हित में सरकार का ये दावा आज हकीकत से कितना दूर है इसकी बानगी साल्हेवारा के किसान बंशीलाल पिता रामबाबू की आपबीती से साफ झलकती है। दो वर्षों से अपनी पुश्तैनी जमीन के सीमांकन और कब्जे के लिए लगातार संघर्ष कर रहे बंशीलाल के हिस्से में अब तक सिर्फ आश्वासन ही आई है। तहसील साल्हेवारा में वर्ष 2024 में दाखिल सीमांकन आवेदन पर तहसीलदार ने आदेश पारित किया था लेकिन जिम्मेदार राजस्व निरीक्षक ने सीमांकन अधूरा छोड़ दिया। इसके बाद बंशीलाल को कभी बटांकन नहीं हुआ तो कभी चार महीने बाद आएं जैसे बहानों का पुलिंदा पकड़ाया गया। आश्चर्य इस बात का है कि जब किसान ने अनुविभागीय अधिकारी, कलेक्टर, सांसद से लेकर उपमुख्यमंत्री तक की चौखट खटखटाई तब भी प्रशासन की चुप्पी नहीं टूटी। सूचना के अधिकार के तहत जवाब माँगने पर भी गोलमोल उत्तर देकर किसान को गुमराह किया गया।आज स्थिति यह है कि बंशीलाल भारी आर्थिक तंगी से जूझ रहा है, बच्चों का पालन-पोषण मुश्किल हो गया है और जीवन कर्ज के दलदल में धँसता जा रहा है। शासन-प्रशासन की संवेदनहीनता की यह मिसाल चिंताजनक है।

**प्रशासन का मौन, भ्रष्टाचार का प्रश्न**

यह मामला केवल एक किसान की पीड़ा नहीं, बल्कि एक बड़े सवाल को जन्म देता है। क्या राजस्व विभाग की निष्क्रियता और ढुलमुल रवैये के पीछे भ्रष्टाचार छिपा है? क्यों एक साधारण सीमांकन आदेश को अमलीजामा पहनाने में दो साल से ज्यादा का वक्त लग रहा है? आखिर किसानों को अधिकारों से वंचित रखना किसके हित में है? बंशीलाल जैसे सैकड़ों किसानों की तकलीफ शासन के उन दावों की पोल खोलती है जिसमें चकिसान हितैषी नीतिज का ढोल पीटा जाता है। आवश्यकता इस बात की है कि इस प्रकरण की उच्च स्तरीय जाँच करवाई जाए और दोषी अधिकारियों पर सख्त अनुशासनात्मक कार्यवाही हो। अन्यथा शासन को इस सामाजिक अन्याय की भारी कीमत चुकानी पड़ सकती है।

# फसल अवशेष जलाने पर लगा प्रतिबंध, किसानों से सहयोग की अपील



**बेमेतरा,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (ह्लत्र्ञ्ज) के निर्देशानुसार अब खेतों में फसल अवशेष जलाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है। पर्यावरण को हो रहे नुकसान को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। उप संचालक कृषि मोरध्वज डडसेना ने जानकारी दी कि आदेश का उल्लंघन करने पर कृषकों से उनके खेत के रकबे के अनुसार दंड वसूला जाएगा। दो एकड़ तक के किसानों पर 2,500 रुपए, दो से पांच एकड़ वाले किसानों पर 5,000 रुपए तथा पांच एकड़ से अधिक रकबा वाले किसानों पर 15,000 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा।

उप संचालक कृषि मोरध्वज डडसेना ने बताया कि फसल अवशेष जलाने से खेत की सतह पर मौजूद लाभकारी सूक्ष्मजीव, मित्र कीटों के अंडे तथा भूमि में पाई जाने वाली ह्यूमस नष्ट हो जाती है, जिससे भूमि की उर्वरता एवं आगामी फसल उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ता है। इसके विपरीत, फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन जैसे कम्पोस्टिंग अथवा जीरो टिलेज विधि से अवशेषों को खेत में ही सड़ने देना, मृदा की गुणवत्ता को बनाए रखने में सहायक हो सकता है।

उन्होंने यह भी बताया कि एक टन पैरा जलाने से भारी मात्रा में प्रदूषक गैसें जैसे कार्बन मोनोऑक्साइड, कार्बन डाइऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड उत्सर्जित होती हैं और करीब 199 किलोग्राम राख का उत्पादन होता है, जो पर्यावरण के लिए बेहद हानिकारक है। साथ ही, प्रति टन जलने वाले धान के पैरा से मृदा में 5.5 किलोग्राम सल्फर का नुकसान होता है।

कलेक्टर ने सभी सरपंचों से अपील की है कि वे अपने-अपने गांवों में किसानों को फसल अवशेष जलाने से रोकें और पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करें।

# मुढ़ीपार में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का शुभारंभ

## पासबुक व आधार कार्ड दिखाकर पैसे निकाल सकेंगे



**खैरागढ़,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला खैरागढ़ - छुईखदान- गंडई के सबसे बड़े ग्राम पंचायत मुढ़ीपार में गुरुवार को पंचायती राज दिवस पर अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का शुभारंभ हुआ। कॉमन सर्विस सेंटर व ग्राम पंचायत के बीच लोगों को जरूरी सुविधाएं उपलब्ध होंगे। पहले चरण में यहां गुरुवार को अटल डिजिटल सुविधा केंद्र अस्तित्व में आ चुका है। केंद्र खोलने का मुख्य उद्देश्य लोगों की गांव में ही सुविधा उपलब्ध करवाना है। ब्लॉक व जिला मुख्यालय में आने की नौबत नहीं पड़ेगी। नागरिक सुविधाओं की पहुंच संबंधित सेवाएं, वित्तीय समावेशन सेवाएं ,सीएससी की सेवाएं से जुड़ी काम केंद्र के माध्यम से ऑनलाइन होंगे।

**केन्द्र में पहुंचकर यह काम करवा सकेंगे लोग**-अटल डिजिटल सेवा केंद्र के माध्यम से जन्म -मृत्यु पंजीयन प्रमाण पत्र, आय, निवास जाति प्रमाण पत्र विवाह पंजीयन राजस्व सेवाएं संबंधित कार्यों के लिए आवेदन कर सकेंगे। वित्तीय समावेशन सेवाएं के तहत नगद आहरण ,फंड ट्रांसफर ,बीमा ऑनलाइन ,जीवन ,सामान्य ,और कृषि, पेंशन ,पैन -कार्ड संबंधित काम करवा सकेंगे। सीएससी की सेवाएं के तहत विभिन्न सरकारी योजनाओं का पंजीयन करवा सकेंगे। बिजली बिल भुगतान कर सकेंगे यात्रा के लिए रेल टिकट बुकिंग करवा सकेंगे। ई-डिस्ट्रिक्ट सेवाओं के माध्यम से प्रमाण पत्र संबंधित काम करवा सकेंगे। अधिकांश काम केंद्र के माध्यम से हो जाएगा शासन स्तर से स्पष्ट किया गया है, की पंचायत परिसर या आसपास ही केंद्र का संचालन किया जाए ताकि लोगों को गांव में भी लंबी दूरी तय न करना पड़े। पंचायत में केंद्र खुलने से लोगों के काम गांव में ही होंगे।

**वन अधिकार पट्टा का वितरण, जल संरक्षण शपथ,महिला समूहो को चेक वितरण**-ग्राम पंचायत अंतर्गत वन अधिकार पट्टा लाभार्थियों को वितरण किया गया आजीविका मिशन के तहत महिला समूह को चेक वितरण के साथ ही भू-जल संरक्षण का शपथ दिलाया गया।

**जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों की रही उपस्थिति**- कार्यक्रम में जिला के नवपदस्थ कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, जिला पंचायत के सी.ई.ओ. प्रेम कुमार पटेल,डिप्टी डायरेक्टर पंचायत मोहित ध्रुव, जिला पंचायत सभापति अरुणा सिंह अनुविभागीय अधिकारी टंकेश्वर प्रसाद साहू,जनपद पंचायत सी.ई.ओ. नारायण बंजारा, जनपद सभापति पुरषोत्तम साहू जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि त्रिपाठी,सरपंच कुमेश साहू , नरोत्तम सिन्हा अध्यक्ष सेवा सहकारी,सचिव भागवत साहू ,उप सरपंच उत्तम पटेल सहित अन्य ग्रामवासी गण उपस्थित रहे।

# आई. टी.और हेल्थ केयर के छात्रों का इंटर्नशिप सफलता पूर्वक कराया गया



**बेमेतरा,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। समग्र शिक्षा के अंतर्गत शा.बा.उ.मा.विद्यालय बेमेतरा में चल रहे व्यवसायिक पाठ्यक्रम जिसमें दो ट्रेड आई टी और हेल्थ केयर मुख्य विषय के रूप में शामिल है,इसमें छात्रों को भविष्य को संवारने और और उनके हुनर को पहचान दिलाने का प्रमुख उद्देश्य होता है, बालक बेमेतरा में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी आई के कक्षा 11वीं, 12वीं के छात्रों का इंटर्नशिप इमेज कंप्यूटर बेमेतरा में तथा हेल्थ केयर के कक्षा 11वीं, 12वीं के छात्रों का संजीवनी क्लिनिक बेमेतरा में कराया गया सभी छात्रों का मार्गदर्शन व्यवसायिक शिक्षक ते मेश्वर गजेंद्र (आई टी),प्रीति वर्मा (हेल्थ केयर) के द्वारा कराया गया विद्यालय के प्राचार्य संतराम साहू एवं टी डी जांगड़े, सी पी बंजारे,मनोज बक्शी ,सी आर ठाकुर,,उमा जोशी ,,लुमन साहू,मनमोहन अग्रवाल, मन्नेंद्र साहू,धर्मेंद्र शर्मा ,राजेंद्र साहू,गीतेश देवांगन , रामचंद्र धीवर,नंदलाल रात्रे,सुनील बघेल श्वेता मिरी ,नागेंद्र,कौशल ,पोषण एवं संस्था के सभी सदस्यों ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन ने घोषित की समाजहित में कई योजनाएं



**थानखम्हरिया,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन (सम्मेलन) (रजि.) ने समाज, कल्याण और विकास को ध्यान में रखते हुए अनेक महत्वपूर्ण योजनाओं की घोषणा की है। संगठन का उद्देश्य पूरे राष्ट्र में अग्रबंधुओं के जीवन स्तर को ऊंचा उठाना और सामाजिक सरोकारों को सशक्त बनाना है।

**घोषित योजनाओं में प्रमुख रूप से**

मंगल परिणय योजना- पूरे राष्ट्र के अग्रबंधुओं के बच्चों के विवाह संबंध स्थापित करने की पहल।

विधवा, विधुर, परित्यक्ता विवाह योजना- विधवा, विधुर और परित्यक्ताओं के लिए पुन: वैवाहिक रिश्ते स्थापित करने की योजना।

श्री अग्रसेन कन्या विवाह योजना- अविवाहित कन्याओं के विवाह के लिए मात्र ?2,51,000 की सहायता राशि।

श्री अग्रसेन सामूहिक कन्या विवाह योजना- सभी सनातन धर्मावलंबियों के लिए पूर्णत: नि:शुल्क सामूहिक विवाह आयोजन।

श्री अग्रसेन ब्याज मुक्त उच्च शिक्षा ऋण योजना- सभी सनातन धर्मावलंबियों को उच्च शिक्षा के लिए 2 लाख तक का ब्याजमुक्त ऋण।

श्री अग्र पंचायत समिति- छत्तीसगढ़ स्तर पर न्याय प्रदान करने की व्यवस्था।

श्री अग्रसेन अग अलंकरण योजना- 18 विभिन्न उत्कृष्ट क्षेत्रों में योगदान देने वाले व्यक्तियों का सम्मान।

रक्तदान, देहदान और नेत्रदान प्रोत्साहन कार्यक्रम।

गौ सेवा तथा पशु-पक्षियों की सेवा- गौशाला और उद्यानों की स्थापना और संरक्षण के लिए विशेष पहल।

छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के इस पहल से समाज में एक नई चेतना जागृत होगी और सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिलेगा। संगठन ने सभी सदस्यों और आमजन से इन योजनाओं का लाभ उठाने और सक्रिय सहयोग देने का आह्वान किया है। उक्त संगठन के इस पहल से समाज में एक नई चेतना जागृत होगी और सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिलेगा। संगठन ने सभी सदस्यों और आमजन से इन योजनाओं का लाभ उठाने और सक्रिय सहयोग देने का आह्वान किया है। इस अवसर पर श्री सियाराम जी अग्रवाल, नेतराम अग्रवाल, अशोक मोदी, राजू अग्रवाल, डॉ. अशोक अग्रवाल, सुरेश मंगल, विनोद अग्रवाल, संजय अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, पंकज गर्ग, आशीष सकसेरिया,श्री मति गंगा अग्रवाल, एवं सभी जिला अध्यक्ष उपस्थित थे। उक्त जानकारी प्रदेश युवा कोषाध्यक्ष आशीष बंसल,एवं प्रदेश उपाध्यक्ष अतुल सिंघानिया, दी।

# कोसल इंग्लिश मीडियम हायर सेकंडरी स्कूल कपसदा का 33वां वार्षिकोत्सव सम्पन्न

■ कोसल की आत्मा, छात्रों की अभिव्यक्ति, थीम पर आधारित था आयोजन



**कुम्हारी,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। निकटवर्ती ग्राम कपसदा के कोसल इंग्लिश मीडियम हायर सेकंडरी स्कूल में 33 वां वार्षिक उत्सव अत्यंत भव्यता एवं सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया गया। यह आयोजन विद्यालय के गौरवशाली मंच च्कोसल सांस्कृतिक व क्रीड़ा परिसरज्ज में आयोजित किया गया, जहाँ विद्यार्थियों की सृजनात्मकता और सांस्कृतिक समर्पण ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस वर्ष की थीम च्कोसल की आत्मा, छात्रों की अभिव्यक्तिज्ज रही, जिसे विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत, नाटक एवं कला के माध्यम से सजीव किया। पारंपरिक, समसामयिक और देशभक्ति पर आधारित प्रस्तुतियों ने मंच पर विविध रंग बिखेरे। दर्शक दीर्घा में बैठे अभिभावकों और अतिथियों ने उत्साहित होकर तालियों की गड़गड़ाहट से बच्चों का हौसला बढ़ाया।

इस अवसर पर विद्यालय में च्फ्री ड्यूज बॉल क्रिकेट कोचिंग एवं आधुनिक स्पोर्ट्स एरीनाज्ज का उद्घाटन भी किया गया, जो आने वाले समय में ग्रामीण अंचल के खेलप्रेमी विद्यार्थियों के लिए वरदान सिद्ध होगा। इस पहल की विशेष सराहना अतिथियों एवं अभिभावकों द्वारा की गई।

इस अवसर पर बोलते हुए विद्यालय के प्राचार्य चंद्रिका प्रसाद तिवारी ने उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत एवं आभार प्रकट करते हुए कहा कि विद्यालय का उद्देश्य न केवल शैक्षणिक विकास है, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व निर्माण की दिशा में निरंतर प्रयास करना भी है। उन्होंने आगामी सत्र से निऱ्शुल्क ड्यूज बॉल क्रिकेट कोचिंग की शुरुआत की घोषणा कर छात्रों को एक नया मंच प्रदान किया।

यह वार्षिकोत्सव न केवल एक सांस्कृतिक मंच था, बल्कि यह कोसल अंचल की आत्मा, गौरव और नई पीढ़ी के स्वप्नों का जीवंत प्रतिबिंब बनकर उभरा।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, शिक्षाविदों एवं समाजसेवियों की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। मुख्य अतिथि के रूम में कुम्हारी पालिकाध्यक्ष श्रीमती मीना वर्मा उपस्थित रहीं वहीं विशिष्ट अतिथियों में शुभम शर्मा (भा.ज.यु.मो कोषाध्यक्ष), श्रीमती हेमा भोजेश्वर साहू (जनपद सदस्य, अकोला), कुमन साहू (भाजपा मंडल अध्यक्ष, मुरमुंदा), नागेंद्र साहू (जनपद सदस्य, बोरसी), प्रवेश वर्मा (भाजपा मंडल मंत्री, मुरमुंदा), विक्रम शाह ठाकुर (प्रेस क्लब अध्यक्ष, कुम्हारी) एवं रामाधार शर्मा (अध्यक्ष, ह्लत्रश्वस् संस्था) उपस्थित थे।

इसके अतिरिक्त आसपास के ग्राम के सरपंच, उपसरपंच, गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, और पत्रकारगण भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

# लोडिंग ट्रॉस्पोर्टिंग ठेका कार्य तुरंत प्रारंभ कराने संयुक्त ट्रेड यूनियनों ने सौंपा ज्ञापन

■ ठेका श्रमिकों समक्ष रोजी रोटी परिवार की भरण पोषण की समस्या हुई उत्पन्न
■ जल्द कार्य प्रारंभ नही किया खदान का कार्य करेंगे ठप्प:यूनियन नेता गण



**दल्लीराजहरा,**28 अप्रैल (देशबन्धु) ।संयुक्त ट्रेड यूनियन मंच, द्वारा माईंस आफिस गेट पर धरना प्रदर्शन किया गया और मुख्य महाप्रबंधक लौह अयस्क समूह, राजहरा भिलाई इस्पात संयत्र को झरनदल्ली यंत्रीकृत खान में विगत कई वर्षों से संचालित आयरन ओर लोडिंग व ट्रॉसपोर्टिंग का ठेका कार्य अविलम्ब प्रारंम्भ कराने ज्ञापन सौंपा गया ।संयुक्त ट्रेड यूनियन के पदाधिकारियों ने बताया कि झरनदल्ली यंत्रीकृत खान से भिलाई इस्पात संयंत्र में आयरन ओर आपूर्ति के लिए विगत कई वर्षों से आयरन ओर उत्खनन-लोडिंग व परिवहन का कार्य ठेका पद्धति के तहत् कराया जाता रहा है। झरनदल्ली माइंस में उक्त ठेका कार्य 01 अप्रैल से अचानक बंद कर दिया गया है, जिससे उत्पादन प्रभावित होने के साथ-साथ आयरन ओर उत्खनन-लोडिंग व परिवहन के कार्य में लगे 74 ठेका श्रमिकों के समक्ष रोजी-रोटी व परिवार की भरण-पोषण की समस्या उत्पन्न हो गयी है, जबकि यही ठेका श्रमिक भिलाई इस्पात संयंत्र के एक दशक पूर्व आयरन ओर व संकट के दिनों में प्रबंधन को आयरन ओर उत्पादन में 60 से 70 प्रतिशत की हिस्सेदारी निभाते हुए अपना भरपूर सहयोग प्रदान कर संयंत्र को अनेकों कीर्तिमान स्थापित करनें में अहम भूमिका निभाई है। भिलाई इस्पात संयंत्र की ठेका प्रक्रिया व ठेकेदार के आपसी तालमेल नहीं होने के कारण संयंत्र के उत्पादन प्रभावित तो हो ही रहा है, वही दूसरी ओर वर्षों से कार्यरत 74 ठेका श्रमिकों को कार्य से वंचित कर दिया गया है, जो कि श्रमिकों के साथ कुठाराघात है, जिससे भविष्य में औद्योगिक अशांति के खतरे की आहट् भी सुनाई पड़ रही है, जो संयंत्र व श्रमिक हित में नही है। यूनियन के नेताओं ने आगे कहा कि झरनदल्ली यंत्रीकृत खान में विगत कई वर्षों से संचालित आयरन ओर लोडिंग व ट्रॉसपोर्टिंग का ठेका कार्य पूर्ववत अविलम्ब प्रारंम्भ कराया जाय, ताकि औद्योगिक अशांति के खतरों से बचा जा सके। यहां एक बात महत्वपूर्ण है कि जब ठेकेदार द्वारा विभागीय दर से 15, प्रतिशत अधिक दर से ठेका भरा गया है और ठेकेदार और बीएसपी प्रबंधन के बार बार बातचीत करने के बाद भी ठेकेदार अपना रेट कम करने को तैयार नहीं है तो फिर उसके बाद भी बीएसपी प्रबंधन द्वारा ठेके को निरस्त कर नया ठेका क्यों नहीं निकाला जा रहा है? और जब ठेके में ठेकेदार को नुक्सान हो रहा था तो फिर ठेके को लेने के लिए ठेकेदार द्वारा इतनी जद्दोजहद क्यों किया जा रहा है? ठेकेदार द्वारा सीधे लिखकर क्यों नहीं दिया जाता की मैं अपने रेट से एक रूपया भी कम नहीं करूंगा। ऐसा लगता है कि इन सारे प्रकरण में सिर्फ और सिर्फ ठेका श्रमिकों का और कंपनी का नुक़सान हो रहा है मगर कंपनी के जिम्मेदार अधिकारी मौन साधे हुए हैं जोकि बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है एक तरफ बीएसपी प्रबंधन अपने आप को श्रमिकों का हितैषी बतातीं है और दूसरी तरफ खुलेआम श्रमिकों का शोषण करती नजर आ रही है। यह कंपनी के जिम्मेदार अधिकारियों का दोहरा चरित्र को दिखाता है।

पिछले ठेके में ठेकेदार द्वारा सुरक्षा के मापदंडों का पालन नहीं किया गया और न ही जितने मशीने, पानी टैंकर लगाया जाना था वह लगाया गया मगर कंपनी के जिम्मेदार अधिकारी मौन स्वीकृति देते रहे और श्रमिकों का शोषण होता रहा। संयुक्त यूनियन के नेताओं ने बीएसपी प्रबंधन को स्पष्ट कर दिया है कि अगर जल्द ही झरनदल्ली का प्रारंभ नहीं किया जाता है तो खदान का काम ठप्प किया जायेगा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से एटक के अध्यक्ष श्रीनीवासलू राव, सिटू से पुरषोत्तम सिमैया, विनोद मिश्रा, इंटक से अभय सिंग, बी एम एस से मुश्ताक अहमद, लखनलाल चौधरी, संजय यादव सी एम एस एस से सोमनाथ ऊईके, शैलेश कुमार, जे एम एम से बसंत रावटे एवं सभी यूनियनों के पदाधिकारियों और सदस्य उपस्थिति रहे।

# मुढ़ीपार मे सेल्समेन की मनमानी से राशन लेने ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी

## सप्ताह भर करते है इंतजार



**खैरागढ़,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। ब्लाक के सबसे बड़े ग्राम मुढ़ीपार मे संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकान मे ग्रामीणों को राशन छुड़ाने मे लगभग छ= माह से परेशानिया हो रही है। इन दिनों यहा के ग्रामीण सप्ताह भर से अपने सारे काम काज को छोड़कर राशन दुकान के लाइन मे लगे रहते है। फिर भी दिनभर मशक्कत के बावजूद उन्हे राशन नहीं मिल पाता है। उसके बाद मायूस होकर घर चले जाते है। सेल्समेन की मनमानी

मुढ़ीपार मे संचालित राशन दुकान मे सेल्समेन की मनमानी बताया जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि हम लोग दिनभर लाइन मे लगे रहते है और वही रसुखदार लोगो को तुरंत राशन दे दिया जाता है। जिसमे सेल्समेन की भी मनमानी सामने आता है। हमारे प्रतिनिधि ने जब दोपहर में राशन दुकान पहुचे तो कुछ ही ग्रामीण राशन लेने वहां मौजूद थे बाकी हताश होकर अपने घर चले गये थे। राशन दुकान के सामने बोर्ड भी नही लगा है।

मुढ़ीपार में स्थित शासकीय उचित मूल्य की दुकान मे राशन वितरण तो किया जा रहा है लेकिन उसके सामने दुकान के नाम से एक बोर्ड या बैनर भी नही लगाया गया है। जिस पर सोसायटी प्रबंधक पर गंभीर लापरवाही दर्शाता है। वही इस मामले को लेकर मुढ़ीपार सोसायटी अध्यक्ष नरोत्तम सिन्हा के मो 9907167650 नम्बर पर संपर्क किया गया पर उनसे सम्पर्क नही हो पाया।

**उल्टा पुल्टा**

काफी दिनों बाद चिंटू पार्क में घूमने गया, घर लौटकर उसने अपनी पत्नी को बताया- जानती हो लोग मुझे भगवान मानने लगे हैं।
पत्नी- ये तुमने कैसे जाना।
चिंटू- जब में पार्क में गया था, वहां पर औरतें मुझे देख कर बोली, हे भगवान तू फिर आ गया।

# नपा अध्यक्ष अशोक जैन ने पिपराहा तालाब गहरीकरण एवं सौन्दर्यीकरण हेतु किया भूमिपूजन

**बलौदाबाजार,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत वार्ड वासियों को निस्तारी जल के साथ जल संग्रहण में सहयोग एवं भूमिगत जल स्रोत को बनाए रखने के उद्देश्य से स्थानीय वार्ड क्रमांक 6 स्थित पिपराहा तालाब के गहरीकरण किए जाने के साथ तालाब में पचरी निर्माण पार के चौड़ीकरण एवं तालाब सौन्दर्यीकरण किए जाने नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन द्वारा विधिवत रूप से भूमिपूजन किया गया। इस दौरान नगर पालिका के उपाध्यक्ष जितेंद्र महाले, वार्ड क्रमांक 6 के पार्षद हरजीत सिंह सलूजा सहित अन्य पार्षद शामिल हुए।



शासन द्वारा राज्य परिवर्तित मद अंतर्गत 60 लाख रुपए से उक्त पिपरहा तालाब के कार्य हेतु प्रस्ताव अनुरूप शासन द्वारा स्वीकृति उपरांत कार्य कराया जाना सुनिश्चित करते हुए कार्य प्रारंभ कराया गया। वार्ड क्रमांक 6 सहित आसपास के वार्ड क्रमांक 4, 5 ,7, 8, 9, 10, 13, एवं 14 वार्ड के लिए उक्त आम निस्तारी वाले तालाब का गहरीकरण कार्य बहुत आवश्यक था, आसपास के नागरिक वार्ड वासी एवं महिलाओं ने नगर पालिका अध्यक्ष श्री जैन से मुलाकात करते हुए गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य की सराहना करते हुए अन्य मांग एवं समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। नगर पालिका द्वारा आयोजित भूमि पूजन कार्यक्रम के अवसर पर नगर पालिका के उपअभियंता विनोद यादव, पार्षद अमितेश नेताम, लोकेश कुमार चेलक, सतीश पटेल, जितेंद्र कुमार डड़सेना, सुरेश कुमार घृतलहरे, गौतम सिंह चौहान, चंद्रशेखर गुप्ता, सलमान शेख, पार्षद प्रतिनिधि शशि भूषण शुक्ला, रविंद्र नामदेव, पोषण पटेल, मनीष वर्मा, फेकर जनप्रतिनिधिगण श्रीमती नीलम सोनी, योगेश अग्रवाल, रवि साहू, राहुल अग्रवाल, मयूर जैन, गुरुदत्त तिवारी, आनंद यादव, सुनील प्रजापति, हेमंत ठाकुर, शुभम चंद्राकर, संतोष साहू, नरसिंह यादव, गौरीशंकर मिश्रा, दुखित यादव, उमाशंकर मिश्रा, बबलू यादव, वार्ड की महिलाएं श्रीमती प्रीतम वर्मा, गीताबाई यादव, पार्वती चंद्राकर, बहुरा ध्रुव, मीना यादव, मधु यादव, चंदरबाई ध्रुव, रुक्मणी ध्रुव, शशि यादव, किरण यादव, भगवंतीन यादव, सविता यादव, सुशील यादव सुशीला यादव, राजकुमारी यादव, प्रभा मिश्रा, शशि ध्रुव, सुखिया यादव, राजकुमारी यादव, अंजनी यादव, माया यादव, समुंद बाई ध्रुव, बैसाखीन ध्रुव, ईश्वरी पैकरा, संतोषी यादव, धनेश्वरी ध्रुव, चंद्रकांता मिश्रा, भारती ध्रुव, कलेश्वरी यादव, डगेश्वरी यादव, मोनी मिश्रा, अनीका ध्रुव, पुन्नी बाई ध्रुव, प्रीति यादव, सुमन यादव, आशा यादव, माया यादव, नंदनी यादव, कुमरिया यादव सहित वार्डवासी व नागरिक गण उपस्थित थे।

# अक्षय तृतीया पर विवाह की तैयारियां जोरों पर, प्रतीकात्मक शादी कार्ड से प्रभावित हुए राजिम विधायक रोहित साहू






**राजिम,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में अक्षय तृतीया पर गुड्डा-गुड़िया की शादी करने की वर्षों पुरानी परंपरा है, छग प्रदेश में अक्षय तृतीया को लोग 'अक्ती' के नाम से जानते है। प्रदेश में लोग अक्ती पर्व की तैयारियां कई दिनों पहले से शुरू कर देते है और गुड्डा-गुड़ियां का विवाह रचाकर खुशियाँ मनाते हैं। राजिम क्षेत्र के ग्राम कौंदकेरा में बच्चों द्वारा अक्ति विवाह के लिए छपवाया गया कार्ड लोगों को खूब आकर्षित कर रहा है। ये कार्ड जब राजिम विधानसभा के विधायक रोहित साहू को मिला तो वे भी इससे काफ़ी प्रभावित हुए और उन बच्चों की खुशियों में शामिल होने का आश्वासन दिया। बच्चों द्वारा छपवाया गए शादी कार्ड में वर का नाम राम, पिता दशरथ एवं पता अयोध्या लिखा गया है वहीं वधूपक्ष का नाम सीता, पिता जनक और पता जनकपुरी लिखवाकर राम जी की शादी में आमंत्रित किया जा रहा है जिसे पढ़कर विधायक रोहित साहू खासे प्रभावित हुए एवं बच्चों को अपनी शुभकामनायें भी दिए। विधायक रोहित साहू ने अक्षय तृतीया के दिन बच्चों की खुशियों में शामिल होने की बात कही। बच्चे पुतला-पुतली का नकली शादी रचा कर छत्तीसगढ़ी संस्कृति को अग्रसर करेंगे ताकि इससे बच्चे जब बड़े और परिपक्व हो तो उन्हें पहले से संस्कारों के बारे में ज्ञान हो।

## प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन कल

**महासमुंद,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र महासमुन्द द्वारा जिले के शिक्षित स्थानीय बेरोजगार युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर प्रदान किया जा रहा है। 30 अप्रैल को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम हाउसिंग बोर्ड, अटल विहार कॉलोनी, रोजगार कार्यालय परिसर मचेवा महासमुन्द में आयोजित होगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि इस प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनी माइंडलैब्ज मीडिया टेक प्राइवेट लिमिटेड दुर्ग द्वारा मीटर, असेम्बलिंग स्टॉलर के कुल 300 पदों पर भर्ती की जाएगी। इन पदों के लिए इलेक्ट्रीशियन वायरमेन ट्रेड से आईटीआई उत्तीर्ण आवेदकों की >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# सरकारी कामों में अब नहीं होगी देरी, साय सरकार ने 13 सेवाएं अब पब्लिक सर्विस गारंटी एक्ट के दायरे में लाए



**नवापारा राजिम,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। शासकीय कामकाज में तेजी और पारदर्शिता लाने के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव सायं सरकार ने एक महत्वपूर्ण सुधार लागू किया है। भाजपा नेता किशोर देवांगन ने एक चर्चा के दौरान बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव सायं जनता के हित में नित नये नये आयाम गढ़ रहे हैं इसी कडी मे मुख्यमंत्री श्री सायं ने राज्य के प्रमुख विभागों की 13 सेवाओं को पब्लिक सर्विस गारंटी एक्ट के तहत लाया गया है, ताकि नागरिकों और व्यवसायियों को समय पर सेवाएं मिलें। इन विभागों में छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, सीईसीबी, वाणिज्य और उद्योग, विधिक माप विज्ञान, नगर तथा ग्राम निवेश और जल संसाधन विभाग शामिल हैं। इस कदम से मंजूरी और अनुमति की प्रक्रिया तय समयसीमा में पूरी होगी, जिससे पारदर्शिता, कार्यक्षमता और ईज ऑफडूइंग बिजनेस को बढ़ावा मिलेगा।

श्रीदेवांगन ने यह भी बताया कि नई व्यवस्था के तहत, इन 13 सेवाओं के लिए निर्धारित समयसीमा का पालन अनिवार्य होगा। यदि कोई विभाग समय पर सेवा प्रदान करने में विफल रहता है, तो संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। यह प्रणाली न केवल सरकारी कामकाज को गति देगी, ब इस नई व्यवस्था में पर्यावरण मंजूरी, >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# भाजपा शासित राज्यों की तरह छग सरकार कर्मचारियों और पेंशनरों को एरियर सहित डीए डीआर दे : रिखीराम



**महासमुंद,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। सभी भाजपा सरकारों की तरह छग सरकार भी अपने कर्मचारियों और पेंशनरों को केंद्र के देय तिथि तथा दर से डीए डीआर दे। इससे छग में भी मोदी की गारंटी पूरी होगी। उक्त बातें कर्मचारी नेता भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिलाध्यक्ष रिखीराम साहू ने कही है। उन्होंने जारी विज्ञप्ति में कहा है कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री ने अपने कर्मचारियों को केन्द्र के देय तिथि से 5 प्रतिशत महंगाई भत्ता देने की घोषणा किया है। छत्तीसगढ़ में विष्णु देव साय सरकार से अपेक्षा कर रही है। मध्यप्रदेश में सरकार बनने के बाद पहली बार जनवरी 24 में एरियर सहित 3 प्रतिशत डीए दिया था परंतु छत्तीसगढ़ सरकार ने एरियर नहीं दिया। जुलाई 24 से 3 प्रतिशत और जनवरी 25 से 2 प्रतिशत केन्द्र सरकार के देय तिथि से देने की घोषणा कर कर्मचारियों का दिल खुश कर दिया है। सबसे बड़ी बात यह है कि विगत 5 . 7 वर्षों से केन्द्र सरकार और राज्य सरकार के बीच महंगाई भत्ता किस्त के अंतर को पूरी तरह समाप्त करने का अद्भुत निर्णय लिया है। परन्तु छत्तीसगढ़ सरकार के एरियर नहीं देने के कारण निराशा है। मध्यप्रदेश राज्य पुनर्गठन अधिनियम धारा 49 के कारण दोनों राज्यों में सहमति के बिना कोई भी राज्य पेंशनरों डीआर देने का निर्णय नहीं ले सकता। इसलिए धारा 49 को विलोपित करना जरूरी हो जाता है। परंतु दोनों सरकारों के इस मामले में रुचि नहीं लेने के कारण बुजुर्ग पेंशनर 25 वर्षों से आर्थिक नुकसान उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने कुछ दिनों पहले जुलाई 24 के देय तिथि से अलग मार्च 25 से 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता देने का आदेश तो मध्यप्रदेश से पहले किया है। परन्तु पिछले कई सालों से एरियर नहीं देने की परंपरा को कायम रखते हुए लगभग 8 महीने का एरियर नहीं दिया। जबकि मोदी के गारंटी में वायदा किया गया है कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने पर केन्द्र सरकार के समान महंगाई भत्ता दिया जाएगा। श्री साहू ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आग्रह किया है कि छत्तीसगढ़ में भी अन्य भाजपा शासित राज्यों की सरकार की भांति छत्तीसगढ़ राज्य में कर्मचारियों और पेंशनरों को केन्द्र सरकार के देय दर और देय तिथि से एरियर सहित डीए डीआर देने हेतु आदेश जारी करें

# मिडिल स्कूल कोमा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा

**राजिम,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कोमा विकासखंड फिंगेश्वर जिला गरियाबंद में 28 अप्रैल को स्थानीय वार्षिक परीक्षा परिणाम कक्षा छठवी एवं सातवीं का घोषित

**कक्षा 6वी में नेमन साहू एवं सातवीं में पूनम साहू अव्वल रहे**

किया गया। विद्यालय के राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक एवं विद्यालय के प्रधान पाठक किशोर निर्मलकर ने बताया कि इस सत्र में बच्चों ने काफी अच्छा पढ़ाई किये ,जिसके कारण से उनका रिजल्ट बेहतर आया हैस सभी विषय शिक्षक ,शिक्षिकाओं द्वारा नियमित रूप से उन्हें गृह कार्य एवं कक्षा कार्य देते रहे एवं मासिक आकलन करके कमजोर बच्चों के लिए उपचारात्मक शिक्षक की व्यवस्था पर जोर दियेस जिससे बच्चों का परिणाम अच्छा देखने को मिला स कक्षा छठवीं में कुल 20 विद्यार्थियों में से सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए एवं कक्षा सातवीं में 35 विद्यार्थियों में से सभी विद्यार्थियों ने परीक्षा में सफलता प्राप्त किये।




शासन् के आदेशनुशार ग्रीष्मकालीन अवकाश 25 अप्रैल से 15 जून तक घोषित किया गया है। सभी बच्चों को शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा विषयवार 50-50 प्रश्न तैयार करके दिया गया हैस जिसे बच्चे ग्रीष्मकालीन अवकाश में प्रोजेक्ट कार्य के साथ इन प्रश्नों को हल करेंगे। इन्हे स्कूल खुलने के बाद जमा करेंगे। परीक्षा में सफल हुए सभी विद्यार्थियों को विद्यालय के प्रधान पाठक किशोर निर्मलकर ,मोहित मिश्रा ,चंद्ररेखा साहू, मधुबाला वर्मा, दीप्ति मिश्रा गंडेचा एवं पिंकी पटेल सहित ग्राम पंचायत कोमा के सरपंच बलराम साहू, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बसंत तारक, उपाध्यक्ष कुंती साहू ईश्वरी साहू, त्रिवेणी साहू लक्ष्मी साहू , घनश्याम साहू नीरा साहू धन्नू साहू, अहिल्या ,मोहन साहू, जनक साहू , लक्ष्मी तारक ने बधाई और शुभकामनाएं दिए हैं। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की शिक्षिका दीप्ति मिश्रा ने किया।

# ओलावृष्टि से किसानों की फसल बर्बाद, सर्वे कराकर मुआवजा शीघ्र दे सरकार : रश्मि



**महासमुंद,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश के किसान धूमधाम से अक्ती त्यौहार मनाने की तैयारी कर रहे थे लेकिन वहीं प्रदेश के कुछ जिलों में मौसम ने करवट ली है जिसकी वजह से बारिश और ओले गिरने से किसानो में मायूसी छा गई। बारिश और ओलों की वजह से खेतों में लगे फसल खराब हो रहे हैं, किसानों को इससे गंभीर नुकसान हुआ है। तेज हवा, बारिश और ओलों से खड़ी फसल गिर गई है। उन्होंने कहा कि महासमुंद जिले के अनेकों गांव में ओला वृष्टि से किसानों की फसल खराब होने की जानकारी आई है। किसान पहले से भारी आर्थिक तंगी से गुजर रहा है और अब इस प्राकृतिक आपदा की वजह से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। फसलों में हुए नुकसान का सर्वे कराकर मुआवजा दिलाने का काम शासन तत्काल प्रारंभ करे। डॉ रश्मि चंद्राकर ने बताया कि रबी फसल जिले के हजारों किसानों का तेज आंधी, बारिश व ओलावृष्टि से फसल पूरी तरह चौपट हो गई है। यहां के किसानों के समक्ष अब आर्थिक संकट पैदा हो गया है।कई किसान ऋण लेकर खेती कर रहे थे लेकिन बारिश के कारण फसल पूरी तरह बर्बाद हो गया है। डॉ रश्मि चंद्राकर ने बताया कि ऐसी उम्मीद किसानो को नहीं थी। जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि ने जिला प्रशासन से विज्ञप्ति जारी कर बेमौसम हुए बारिश और ओलावृष्टि से हुए नुकसान को लेकर मुआवजा और आर्थिक सहायता की मांग की है। >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## मेरे जन्मदिन पर बैनर, पोस्टर, आतिशबाजी ना करें कार्यकर्ता : नपाध्यक्ष



**महासमुंद,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने अपने जन्मदिन 1 मई के अवसर पर कार्यकर्ताओं, शुभचिंतकों, क्षेत्र वासियों को किसी प्रकार की आतिशबाजी करने व शुभकामना संदेश की बैनर, पोस्टर आदि नहीं लगाने की अपील की है। श्री साहू ने कहा कि नगर व क्षेत्र की हित उनकी प्राथमिकता है। वे अपना जन्मदिन सादगीपूर्ण तरीके से मनाएंगे। 1 मई को अपने जन्मदिन पर श्री साहू माँ महामाया की पूजा.अर्चना कर आशीर्वाद लेंगे। पश्चात दोपहर 12 बजे टाउन हॉल में कार्यकर्ताओं, शुभचिंतकों से मुलाकात करेंगे। वहीं दोपहर 1 बजे नेहरू चौक में आयोजित जनसेवा भंडारा कार्यक्रम में शामिल होंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं, शुभचिंतकों व क्षेत्रवासियों से निवेदन किया है किए नगर हित में सहयोग ही मेरे लिए जन्मदिन की बधाई के बराबर है। साथ ही आतिशबाजी, फटाके चलाकर अनावश्यक खर्च नहीं करने की भी अपील की है।

# कलेक्टर ने स्वयं आवेदक से की बात, निराकरण से आवेदक हुआ संतुष्ट



**बलौदाबाजार,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनी ने सोमवार को सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत विभिन्न विभागों को प्राप्त आवेदनों के निराकरण की समीक्षा की। इस दौरान कलेक्टर ने मछली पालन विभाग द्वारा किये गए निराकरण की समीक्षा करते हुए आवेदक भटगांव निवासी हुलस राम से स्वयं फोन पर बात की और आवेदन के सम्बन्ध में पूछ ताछ करते हुए निराकरण की जानकारी दी जिस पर आवेदक हुलस राम ने संतुष्टि जाहिर की।

हुलस राम ने अपने आवेदन में मछली पालन हेतु शेड निर्माण की मांग की थी लेकिन मछली पालन विभाग में शेड निर्माण सम्बधित कोई योजना संचालित नहीं है। मछली पालन के लिए प्रोत्साहित करने हेतु आवेदक को जानकारी दी गई कि विभाग में मछली पालन हेतु डबरी निर्माण की योजना संचालित है जिसमें हितग्राही को 40 से 60 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाता है। मछली पालन के लिए डबरी निर्माण के लिए इच्छुक होने पर इसका लाभ दिया जाएगा। कलेक्टर ने इस दौरान कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, आदिम जाति कल्याण, खाद्य, नागरिक आपूर्ति, सहकारिता, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास एवं नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा किये गए आवेदनों के निराकरण की समीक्षा की। उन्होंने सभी जिला अधिकारियो को तेजी से एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही निराकरण की जानकारी आवेदको को अवश्य देने के भी निर्देश दिये।












# हाथीगढ़ में डॉ. अंबेडकर की जयंती महिला समूहों की उपस्थिति में धूमधाम से मनाई गई

**बागबाहरा,** 28 अप्रेल (देशबन्धु)। बागबाहरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत गबौद के आश्रित ग्राम हाथीगढ़ में इस वर्ष भी संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर साहेब की जयंती पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व डिप्टी कलेक्टर विश्वास मेश्राम के साथ अनेकों प्रवक्तागण उपस्थित थे। सर्व प्रथम उपस्थित अतिथियों एवं ग्राम के वरिष्ठों व महिलाओं द्वारा डॉ बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के छायां चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं कैंडल जलाकर कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित हुए सभी अतिथियों का ग्राम के महिला समूहों द्वारा नीला गमछा एवं पुष्पहार से स्वागत किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रथम उद्बोधन के रूप में ग्राम की वरिष्ठ महिला एवं सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती चेतना व्यवहार ने सभी अतिथियों का आभार करते हुए अपने ग्राम के बारे में एवं सक्रिय महिलाओं के कार्यों के बारे में सभी अतिथियों को बताया। जिसमें गांव की एकता और बंधुता को सुनकर लोग हर्षित हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के पूर्व युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष दिनेश बंजारे ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में शिक्षा का महत्व जानना बेहद जरुरी है। बिना शिक्षा के शसक्त समाज की परिकल्पना अधूरी है।



कार्यक्रम में महाराष्ट्र से पहुंची श्रीमती रेखा गोंडाने और श्रीमती ऊषा मेश्राम ने महिलाओं को प्रौत्साहित करते हुए कहा आज हम महिलाएं हर क्षेत्र में प्रतिनिधित्व कर पा रहे हैं। मंच में खड़े होकर समानता के साथ बोल पा रहे है। यहां सभी भारतीय संविधान और डॉ.बाबा साहेब अंबेडकर की देन है। महिलाएं आज हर क्षेत्र में अग्रसर हो रही है। महिलाओं को अंबेडकर के बार में जानने और पढ़ने की जरूरत है। ग्राम की सक्रिय महिला श्रीमती मुकेश्वरी साहू ने कविता के माध्यम से अपनी बात रखी।ग्राम की महिलाओं को हर आयोजनों में एक साथ रहकर कार्यक्रम सम्पन्न करवाने की बात कही। मुख्य प्रबोधन कर्ता के रुप में अपर कलेक्टर विश्वास मेश्राम ने सभा को संबोधित करते कहा आज अंबेडकर को पूजने की नहीं उनको पढ़ाने की जरूरत है। भारतवर्ष में जन्मे तमाम महापुरुषों ने अपना सारा जीवन समाज सुधार में लगा दिया। आज हम सब को उनका अनुसरण करने की आवश्यकता है। अंतिम उद्बोधनके रूप में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जनपद पंचायत बागबाहरा के उपाध्यक्ष तरुण व्यवहार ने अपने शेरों शायरी के माध्यम से कार्यक्रम में समा बांधते हुए उपस्थिति सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। साथ में कहा हमें अपने महापुरुषों के जीवन संघर्षों से प्रेरणा लेकर समाज हित में कार्य करने की आवश्यकता है। कोई भी महापुरुषों भले ही किसी जाती धर्म या संप्रदाय में जन्म लेता है। लेकिन उनका उपदेश उनका विचार उनकी सोच सर्व समाज हित के लिए होता है। आज गांव गांव में शिक्षा का स्तर गिर रहा है। जिस समय में परिस्थितियां विपरीत थी। उस समय में हमारे महापुरुषों ने संघर्ष कर उच्च शिक्षा प्राप्त किया। और अपना पूरा योगदान जनहित में लगा दिया। आज परिस्थितिया हमारे साथ है। फिर भी हम शिक्षा को महत्व नहीं दे पा रहे हैं। इस विषय में गंभीरता से सोचने की आवश्यकता है। तरुण व्यवहार ने गांव के सक्रिय महिला समूहों को सफल कार्यक्रम के लिए शुभकामनाए दिया। तथा भविष्य में हर संभव सहायता करने की बात कही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य अतिथि विश्वास मेश्राम पूर्व अपर केलक्टर,अध्यक्षता तरुण व्यवहार उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बागबाहरा, किसान दीवान साहित्यकार, दिनेश बंजारे, विजय बंजारे, हीरा जोगी, अनूप बाघमारे, डोमन टंडन प्रधान पाठक, डॉ राजकुमार टंडन , डॉ विजय व्यवहार संचालक, विजय मिर्चे प्रोफेसर, भूपेंद्र दीवान जनपद सदस्य, बलराम ध्रुव जनपद सदस्य, रामलाल व्यवहार रिटायर्ड रेंजर, संतोष टंडन पंच, लोकेश व्यवहार ,ग्राम प्रमुख गण जोहत ध्रुव, गैंदलाल साहू, राकेश व्यवहार ग्रामीण अध्यक्ष, राजाराम साहू , गैंदलाल चंद्राकर, श्रीमती नीलू ओगरे प्रदेश अध्यक्ष रसोईया संघ ,श्रीमती चेतना व्यवहार,श्रीमती मुकेश्वरी साहू ,श्रीमती चित्रेखा टंडन,खेलन गायकवाड़, श्रीमती मुन्नी बाई,श्रीमती गायत्री व्यवहार, रितु ध्रुव राजनींदनी मन्नाडे,सहित सभी ग्रामवासी शामिल थे।

# जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के विरोध में निकली आक्रोश रैली



**सिमगा,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में कायर आतंकवादियों के द्वारा निर्दोष 28 हिंदुओं की नृशंस हत्या के विरोध में समस्त धर्म प्रेमी बंधुओ के द्वारा हाथों में काली पट्टी बांधकर नगर के प्राचीन राधा कृष्ण मंदिर से आतंकवाद एवं पाकिस्तान के खिलाफ नारे लगाते हुए आज संध्या 6 बजे आक्रोश रैली निकाली गई । आक्रोश रैली जयस्तंभ चौक में पहुंचने पर आतंकवादी एवं पाकिस्तान के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की गई एवं आतंकवाद का पुतला दहन किया गया । साथ ही एक आवेदन जिसमें उल्लेख किया गया है कि विगत कुछ वर्षों से सिमगा नगर में बाहरी व्यक्तियों का आवागमन बढ़ गया है वे लोग सिमगा में मकान किराये पर लेकर बिना पुलिस को सूचना दिये निवास कर रहें है और उनके पास कोई भी प्रकार का पहचान पत्र या दस्तावेज नहीं है । वर्तमान में देश के माहौल को देखते हुए कोई अप्रिय घटना की आशंका बनती जा रही है अत: थाना प्रभारी महोदय थाला अंतर्गत बाहरी व्यक्तियों की कढ़ाई से जाचं करे ताकि सिमगा का माहौल शांत रहे आवेदन अनुविभागीय अधिकारी सिमगा अंशुल वर्मा को प्रदेश के राज्य पाल महोदय मुख्यमंत्री गृह मंत्री एवं पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा है । आक्रोश रैली में प्रमुख रूप से धीरज जैन योगराज देवांगन नगरपालिका अध्यक्ष हरदीप सिंह भाटिया नगरपालिका उपाध्यक्ष विकास सोनकर भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी सचिन जैन सूर्यकांत ताम्रकार गगन तिवारी गगन शर्मा अभिजीत अवस्थी सुभाष देवांगन पीयूष जैन पुष्पराज देवांगन टीका जायसवाल शुभम अवस्थी रमेश देवांगन ऋषभ ताम्रकार सावन एडवानी परस पाटकर राजेश देवांगन अंकित पांडे डूपेश देवांगन सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# बेरोजगार युवा सीखेंगे कॉस्ट्यूम ज्वेलरी बनाना

**धमतरी,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। स्वरोजगार करने के इच्छुक बेरोजगार युवा कॉस्ट्यूम ज्वेलरी बनाना सीखेंगे। इसके लिए उन्हें कॉस्ट्यूम ज्वेलरी उद्यमी की नि:शुल्क ट्रेनिंग मिलेगी। ट्रेनिंग अवधि में रहने की सुविधा भी मिलेगी। इसके लिए बड़ौदा आरसेटी में तीन मई तक आवेदन लिए जाएंगे।

**■ बड़ौदा आरसेटी में 3 मई तक लिए जाएंगे आवेदन**

इस ट्रेनिंग में 18 से 45 साल तक की आयु के युवा शामिल हो सकते हैं। इसके लिए 35 सीट आरक्षित हैं। निदेशक, अनिता टुडू ने बताया कि यह ट्रेनिंग लेकर जिले के युवा आर्टिफिशियल ज्वेलरी तैयार कर हुनरमंद बन सकेंगे। युवाओं को कॉस्ट्यूम ज्वेलरी, ज्वेलरी डिजाइन, गहना बनाने की कला, अंगूठी, चूड़ी, आर्टिफिशियल ज्वेलरी निर्माण के बारे में विस्तार से बताया जाएगा। इसके अलावा बैंकिंग, कॉस्टींग और प्राइसिंग की भी जानकारी दी जाएगी।

युवाओं को शैक्षणिक प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड की फोटोकॉपी और चार पासपोर्ट फोटो के साथ आवेदन कम्पोजिट भवन के पीछे, बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान धमतरी में जमा करना होगा। अधिक जानकारी के लिए मोबाईल नंबर 73899-43193 और 88394-68509 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# भू-माफियाओं को लाभ पहुंचाने सरकार ने नामांतरण प्रक्रिया बदला: विनोद

**महासमुंद** 28 अप्रैल (देशबंधु)। पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ के जल.जंगल को बड़े उद्योगपतियों के हवाले कर भाजपा की सरकार अब प्रदेशवासियों को उनकी जमीनों से बेदखल करने की नीयत से भू.माफिआओं को लाभ पहुंचाने भूमि नामांतरण प्रक्रिया को आसान कर दिया है। नए नीयम के तहत उप पंजीयक द्वारा सीधे जमीन की नामांतरण किया जाएगा। इस नियम के तहत बिना दावा आपत्ति, बिना इस्तेहार प्रकाशन तथा बिना नोटिस तामिल किए ही नामांतरण हो जाएगा। जिससे भू.माफिआओं द्वारा फर्जीवाड़ा कर जमीन हथियाने का खेल आसान हो जाएगा। श्री चंद्राकर ने कहा कि सरकार के इस फैसले से आम जनता की जमीन पर खतरा बढ़ गया है। नामांकन की प्रक्रिया से संबंधित ग्रामसभा और तहसीलदार के अधिकारों को बाईपास करने से भू.माफिआओं के द्वारा बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़े को अंजाम दिया जाएगा। ऐसे में नामांतरण के पश्चात ऋण पुस्तिका किसके द्वारा प्रमाणित किया जाएगा राजस्व अभिलेख का संधारण कौन करेगा, गलत नामांतरण पर सुनवाई कौन करेगा क्योंकि पंजीयक के न्यायिक अधिकार नहीं होते। साय सरकार का फोकस आम जनता का हित नहीं बल्कि भू.माफिआओं के अवैध गतिविधियों को संरक्षण देने में है। श्री चंद्राकर ने कहा कि



वर्तमान प्रक्रिया में सारे नियमों को ताक पर रखकर भू.माफिआओं द्वारा बड़े पैमाने पर जमीनों की अवैध रजिस्ट्री . बिक्री करने के अनेक मामले सामने आ चुके हैं। यदि नामांतरण प्रक्रिया को और आसान कर उप पंजीयक को सारे अधिकार दे दिए जाते हैं तो जमीन कब्जे, अवैध खरीदी.बिक्री के मामलो में वृद्धि होगी। अनेकों मामले में माफिआओं ने जमीन क्रेता को बताएं बिना ही बैंकों में कर्ज हेतु दर्ज जमीन या बंधक भूमि को बेच दिया है। नामांतरण के लिए मामला तहसील और संबंधित ग्राम सभा तक पहुंचता है तो इस तरह की त्रुटियां फर्जीवाड़े उजागर हो पाते हैं। अब जब नए आदेश के अनुसार उप पंजीयक कार्यालय में रजिस्ट्री होते ही स्वत: नामांतरित हो जाएगा तो ऐसे फर्जीवाड़े को पकड़ना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन होगा। नए आदेश के मुताबिक बिना किसी जांच के नामांतरण पूरा हो जाता है, तो असली मालिक को बिना सूचना के ही जमीन से हाथ धोना पड़ेगा। और तो और सरकारी भूमि, पट्टे की भूमि, आदिवासी की भूमि, कोटवारी भूमि, अवैध प्लाटिंग, अहस्तांतरणी भूमि, शामिलात खाता की भूमि या मिसल से अधिक रकबे की भूमि को भी अब रजिस्ट्री करवाकर नामांतरण के दायरे में लाने का षडयंत्र रचा गया है। श्री चंद्राकर ने कहा कि भू.माफिआओं को लाभ पहुंचाने साय सरकार ने आसान रास्ता बना दिया है।

# डिजिटल सेवा केंद्र का शुभारम्भ

**नगरी,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत सिहावा में पंचायती राज दिवस के शुभ अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के आदेशानुसार अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र का शुभारंभ किया गया। राज्य सरकार ने यह सुविधा नगरी ब्लॉक के दस पंचायतों को दिया है



जिसमें आवास योजना के हितग्राही महतारी वंतन पेंशन योजना एवं राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे सीधे हितग्राहियों को डिजिटल बैंक सुविधा के माध्यम से मिलेगा, ग्राम वासियों को यह सुविधा मुफ्त में बिना किसी शुल्क के दिया जायेगा साथ ही ग्राम वासियों को इधर उधर भटकना नहीं पड़ेगा विभिन्न प्रकार के पंजीयन का लाभ भी इस सुविधा केन्द्र से होगा, एक राष्ट एक चुनाव की भी ग्राम वासियों ने सहमति जताई, जल संरक्षण के लिए जल को कैसे बचाया जाए, चाहे गिरते हुए जल स्तर के विषय में गहन विचार किया गया, वाटर हार्वेस्टिंग हेतु सभी को प्रेरित किया गया एवं शपथ दिलाया गया। इस अवसर पर स्वच्छता समिति की सभापति श्रीमती प्रेमलता नागवंशी, सिहावा सरपंच उषा नाग, उपसरपंच सुनील निर्मलकर, पंच लोकेश्वर पटेल, सारथी, ग्राम सभा अध्यक्ष श्रीकष्यप सहित समस्त पंचगण एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# निर्दोष पर्यटकों पर गोलीबारी महाव्यापारी संघ मगरलोड ने दी श्रद्धांजलि

## आतंकवादियों का पुतला जलाया पाकिस्तान मुर्दाबाद के लगे नारे

**मगरलोड,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। जम्मू कश्मीर के प्रमुख पर्यटक स्थल पहलगाम में 22 अप्रैल को पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा किए गए नरसंहार एवं हमारे देश के 27 निर्दोष हिंदुओं की गोली मारकर की गई हत्या के विरोध में महाव्यापारी संघ मगरलोड भैंसमुंडी द्वारा 25 अप्रैल को स्वर्ण जयंती स्मारक चौक के पास पाकिस्तानी आतंकवादियों का पुतला दहन किया गया एवं दिवंगत आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजली अर्पित किया गया एवं दिवंगत परिवार के लिए इस दुख की घड़ी को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना परमपिता परमेश्वर से की गई।



इस अवसर पर मुख्य रूप से महाव्यापारी संघ के अध्यक्ष विश्वजीत साहू,उपाध्यक्ष देवेंद्र साहू,सचिव सुखदेव राम साहू, कोषाध्यक्ष संतोष साहू, सलाहकार मैनसिंह हिरवानी, राजू चंद्राकर,दिनेश अग्रवाल, कार्यकारणी सदस्य अजय साहू, घनश्याम बिन्झेकर,मोनू चौहान, यशवंत साहू,मनीष साहू,सुरेश साहू,दुजेश साहू,राजेश साहू, लोकेश कंसारी,मुरली सिन्हा, भीम यादव, देवराज देवांगन,बसंत साहू, भागवत साहू,यादराम गायकवाड,चुंमन साहू,नेहरू साहू,ओंकार साहू,देवाराम बिन्झेकर, राजुराव,मनसुख देवांगन, हर्ष साहू, कोमल साहू, विष्णु साहू,लल्ला साहू,मीडिया प्रभारी ज्ञानदेव साहू,पवन निषाद, नीलम साहू, सुरेश साहू, बंटी सिन्हा एवं बहुत से व्यापारियों ने उपस्थित होकर बढ़ते आतंकवादी पर अंकुश लगाने की आवाज उठाई एवं पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए गए।

# नक्शा प्रोजेक्ट के तहत् जिले में ड्रोन फ्लाई सर्वे प्रारंभ

**■ निगम क्षेत्र का एक सप्ताह में पूरा होगा सर्वे का काम**

**धमतरी,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर नगर निगम क्षेत्र धमतरी में नक्शा प्रोजेक्ट के तहत् ड्रोन फ्लाई सर्वे आज से प्रारंभ हो गया है। प्रतिदिन 5 शेड्यूल में ड्रोन फ्लाई कर एक सप्ताह के भीतर निगम क्षेत्र में सम्मिलित 40 वार्डो एवं पेरी अर्बन क्षेत्र का ड्रोन सर्वे पूर्ण कर लिया जायेगा। कलेक्टर श्री मिश्रा ने इसके लिए क्लस्टरवार बनाये है। इसके साथ ही अधिकारियों-कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया है। जिले में उक्त सर्वे हेतु सर्वे आफ इंडिया द्वारा आरवी इंजीनियरिंग कंस्ल्टेंसीज लिमिटेड, हैदराबाद को वर्क एजेंसी नियुक्त किया गया है। नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत शामिल 40 वार्डो का क्षेत्रफल 23.40 वर्ग किमी है। जिसका केएमएल फाईल तैयार किया गया है। उसी के आधार पर 120 ग्राउंड कंट्रोल प्वाईंट और 2 बेस प्वाइंट निर्धारित किया गया है। राज्य में पहली बार 3डी इमेज वाली 2डी कैमरा व 4 एम आविलक एंगल्ड कैमरा युक्त ट्रीनिटी ड्रोन से सर्वे कर अर्थरिक्टिफाईड इमेजिंग तैया कर जिला को प्रेषित किया जायेगा। जो जिओरिफ्रेस्ड नक्शा होगा। ओ आर आई मैप 1 और मौका में निर्मित भवन विन्यास परिसंपत्तियों का भौतिक सत्यापन गठित 12 कलस्टर के टीम द्वारा किया जायेगा एंव प्रारंभिक अभिलेख तैयार किया जायेगा। एसओआई से प्राप्त मैप 2 का प्रारंभिक प्रकाशन कर दावा आपत्ति आहूत की जायेगी।



दावा आपत्तियों का विधिपूर्वक निराकरण उपरांत प्राप्त नक्शा मैप 3 की अंतिम प्रकाशन कर दावा आपत्ति आहूत कर निराकरण उपरांत ऑनलाईन अभिलेख तैयार किया जायेगा।

**'नक्शा परियोजना में धमतरी सहित राज्य के तीन शहर शामिल'**

भारत सरकार की यह महत्वपूर्ण परियोजना देश के 26 राज्यों और तीन केन्द्र शासित प्रदेशों के 141 जिले के 152 शहरों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू की गई है। छत्तीसगढ़ राज्य से इस परियोजना के लिए धमतरी, जगदलपुर और अम्बिकापुर नगरीय निकायों का चयन किया गया है। धमतरी नगरनिगम क्षेत्र सहित लगभग साढ़े 23 वर्गकिलोमीटर क्षेत्र का ड्रोन सर्वे किया जाएगा। धमतरी शहरी क्षेत्र में शामिल गोकुलपुर, सोरिदभाट, बठेना और हटकेश्वर में भी हवाई सर्वे किया जाएगा।

**'ऐसे होगा सर्वे का काम'**

धमतरी नगरनिगम क्षेत्र का सबसे पहले चरण में ड्रोन से हवाई सर्वे कर ड्रोन से फोटो और वीडियो डेटा के रूप में संग्रहित किए जाएंगे। ड्रोन में लगे 2 डी नादिर कैमरा और ऑब्लिक एंगल कैमरा से विभिन्न कोणों से भवनों और अन्य संरचनाओं की फोटोग्राफी की जाएगी। निडार सेंसर कैमरे से पहाड़ी और अन्य दुर्गम क्षेत्रों की उन्नत 3 डी तकनीक वाली सटिक फोटोग्राफी होगी। दूसरे चरण में हवाई सर्वे के आंकड़ों का राजस्व एवं नगर निगम के अमले द्वारा जमीन पर भौतिक सत्यापन किया जाएगा। तीसरे चरण में लोगों से दावा- आपत्तियां आमंत्रित कर उनके निराकरण के बाद सभी को उनकी सम्पत्तियों का अर्बन प्रॉपर्टी कार्ड उपलब्ध कराया जाएगा। इस प्रकार संग्रहित सम्पूर्ण डेटा और सम्पत्तियां नक्शा पोर्टल पर भी ऑनलाईन उपलब्ध रहेंगी, जिन्हें आमजन अपने उपयोग के अनुसार समय-समय पर पोर्टल से ऑनलाईन प्राप्त कर सकेंगे।

# कलेक्टर की पहल पर दिनेश को मिलेगी बीमा की राशि

## करेलीबड़ी गांव में पेयजल समस्या का शीघ्र होगा निराकरण, जनदर्शन में मिले 57 आवेदन

**धमतरी,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। लोगों की समस्या, मांग एवं शिकायतों के त्वरित निराकरण हेतु प्रत्येक सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन का आयोजन कलेक्टोरेट में किया जाता है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने आज जिले के दूर-दराज से आये ग्रामीणों की समस्या व शिकायतें सुनी और उनका गंभीरता से निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। नगरी निवासी दिनेश कुमार नेताम ने आज जनदर्शन में पहुंचकर बताया कि उनका परिवार तेन्दूपत्ता संग्रहण का कार्य करता है। बीते वर्ष उनकी पत्नी की मृत्यु हो गयी हैं। शासन द्वारा तेन्दूपत्ता संग्राहकों को प्रदान की जाने वाली बीमा की राशि अब तक नहीं मिल पायी है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने उक्त आवेदन पर शीघ्र कार्यवाही करने हेतु वनमंडलाधिकारी को निर्देशित किया। वहीं ग्राम परसट्टी निवासी दिव्यांग मानिकराम साहू ने अपनी भूमि का सीमांकन कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर श्री मिश्रा ने इस प्रकरण पर तत्काल कार्यवाही करने के लिए एसडीमए धमतरी को निर्देशित किया। इस




अवसर पर कलेक्टर श्री मिश्रा ने दिव्यांग मानिकराम साहू से शासन की अन्य योजनाओं का लाभ लेने को भी कहा। मानिकराम ने बताया कि उनका दिव्यांग प्रमाण पत्र बन चुका है और शासन की पेंशन योजना का लाभ भी मिल रहा है।

इसी तरह सरपंच, ग्राम पंचायत करेलीबड़ी ने अपने आवेदन में पेयजल, नवीन बोर, ग्राम विकास हेतु नवीन कार्य स्वीकृत करने, निस्तारी हेतु तालाबों में पानी देने सहित अन्य समस्या संबंधी आवेदन प्रस्तुत किये। कलेक्टर ने एसडीएम कुरूद और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को क्षेत्र में पेयजल की समस्या को खत्म करने शीघ्र कार्यवाही कर अवगत कराने कहा। वहीं नारी गांव के ग्रामीणों ने क्षेत्र में चल रही अवैध रेत खदानों को तत्काल प्रभाव से बंद कर कार्यवाही करने हेतु आवेदन दिया, जिस पर कलेक्टर ने खनिज विभाग के अधिकारियों को उचित कार्यवाही करने कहा।

# चिटौद में आतंकवाद का पुतलादहन एवं मृतकों को श्रंद्धाजलि दी गई

**धमतरी/पुरूर,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। जम्मू कश्मीर के पहलगांव में 22 अप्रेल को हुए आंतकी हमले के विरोध में क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों मे भी आंतकवादियों का पुतला दहन कर पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए केंडल मार्च कर मृतक पर्यटकों को श्रंद्धाजलि देकर देश के प्रधान मंत्री से आतंकवाद के खिलाफ कठोर कदम उठाये जाने की मांग किये है।

ग्राम चिटौद में हिन्दू परिषद, सोनहाबादर के कलाकारों एवं पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामिणों ने गांधी चैक पर एकत्रित होकर केंडल मार्च कर आंतकवाद का पुतला बनाकर उन्हे चप्पल एंव जूतों से मारते हुए उसे घसीट कर पाकिस्तान एवं आंतकवाद के विरूद्ध नारेबाजी करते हुए पुतला का दहन किया गया। इस अवसर पर सोनहाबादर के संचालक जितेन्द्र साहू ने कहा कि पर्यटकों से धर्म पूछकर उन पर हमला करना सम्पूर्ण मानवता को शर्मसार करने वाला है। हम देश के प्रधानमंत्री श्री मोदी से निवेदन करते है कि आतंकवाद के खिलाफ कठोर कदम उठाए जांए ताकि देश की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके श्री साहू ने कहा कि हम पुरे देशवासी प्रधानमंत्री के साथ है आंतकवाद को पनाह देने एवं देश में घुसंकर कर निर्दोष पर्यटकों पर धर्मपूछकर मारने वाले पाकिस्तान का नामों निशान मिटा देना चाहिए।

कार्यक्रम में भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के जिला महामंत्री सुरेन्द्र तिवारी ने कहा कि आतंकी भारत



की धर्य का परीक्षा न लें अब हमारे देश की सेना पाकिस्तान के घर में घुस कर इन आंतकवादियों का सफाया करेगें। हमारा देश हमेशा ही शांति चाहा है लेकिन अब नया भारत है और देश के प्रधानमंत्री मोदी जी है गृहमंत्री अमीत साह जी है जो पाकिस्तान का नामो निशान मिटा देगें और देश की जनता की यही मांग भी है। उन्होने कहा कि आंतकी लगातार एक विशेष समुदाय को लक्ष्य कर सनातन संस्कृति को मिटाने का प्रयास कर रहा है जो कभी सफल नही होगा। इस दौरान ग्रामीणों ने आतंकवाद के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर पुतला दहन किया गया पश्चात मृतको को श्रंद्धाजलि देकर एवं घायलों के लिए दीप जलाकर उनके शीर्ध्र स्वस्थ्य होने की कामना की गई।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत चिटौद के सरपंच तीरथ यादव, बनवाली मेश्राम, देवलाल साहू, गोकुलराम साहू, परस राम साहू, चंद्रहास साहू, अघनूराम साहू, लोकेश साहू रघुवीर साहू, रूद्रेश टेकाम, राजा साहू, लोकनाथ पटेल, पंकज साहू, मुरारी साहू, तुलाराम साहू, यशवंत साहू, जगनूराम साहू, राजेश साहू, जगनूराम साहू, बसंत साहू, नान्हू नेताम, कृष्णकांत नागवंशी सहित महिला कमांडों की बहने सहित ग्रामवासी काफी संख्या में उपस्थित थे। इसी प्रकार ग्राम पुरूर में भी जनआदर्श सेवा समिति एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने केंडल मार्च कर मृतक पर्यटकों के लिए श्रंद्धाजलि सभा कर केन्द्र सरकार से आंतकवाद एवं पाकिस्तान के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाने की मांग किये है। अध्यक्ष मुकेश यादव ने देश की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु सभी देशवासियों को एक जूट होकर सरकार के साथ मिलकर आंतक के खिलाफ इस लड़ाई में सहयोग करने की अपील की।

## भगवान परशुराम प्राकट्य दिवस कल व 3 को शोभा यात्रा

**महासमुंद** 28 अप्रैल (देशबंधु)। सर्व ब्राह्मण समाज महासमुंद के तत्वावधान में भगवान विष्णु के छठवें अवतार भगवान परशुराम जी का प्राकट्य दिवस 30 अप्रेल बुधवार को सुबह 9 बजे आश्रम रोड स्थित ब्रह्म निवास में मनाया जायेगा।



# बौखलाया सूरज हो रहा आगबबूला...!

**भाटापारा,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। सूर्य चमक लगभग 12 घंटे। नमी महज 35 प्रतिशत। तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा। सूर्य की पराबैंगनी किरणें बेहद तीव्र। यही वजह है कि तीव्र गर्मी महसूस की जा रही है। सामान्य से दो घंटे ज्यादा चमक रहा है सूर्य। ग्रामीण क्षेत्र की तुलना में शहरी क्षेत्र इस चमक से ज्यादा गर्म इसलिए हो रहा है क्योंकि भूमि उपयोग में परिवर्तन तेजी से हो रहा है। घटती हरियाली और बढ़ती पक्की संरचनाएं तेजी से गर्मी के समय और दिन बढ़ा रहीं हैं।

**बड़ी वजह**

छत्तीसगढ़ में अप्रैल, मई के महीने सबसे गर्म माने जाते हैं लेकिन यह पहला साल है, जब तापमान सामान्य से ज्यादा महसूस किया जा रहा है। अनुसंधान में जो बातें सामने आई हैं, वह चिंता बढ़ाने वाली हैं। विकास के नाम पर वृक्षों की कटाई और ऐसी पक्की संरचनाओं के निर्माण को प्राथमिकता, जो तापमान बढ़ाते हैं। इसके अलावा पौधरोपण में ऐसी प्रजातियों के रोपण से दूरी बनाना जो सूखे दिनों में नमी बनाए रखतीं हैं।

**भूमि उपयोग में परिवर्तन**

सड़क, इमारत और औद्योगिकीकरण की वजह से भूमि का उपयोग बदला है। इसमें हो रही वृद्धि साल-दर- साल गर्मी को बढ़ा रही है। दूसरी बड़ी हानि घटते भूजल भंडार के रूप में सामने है। बचाव के उपाय हैं लेकिन अपनाने को लेकर शासकीय और निजी क्षेत्र जैसी अनदेखी कर रहे हैं उसने संकट को और भी बढ़ाया हुआ है क्योंकि नमी की मानक मात्रा समाप्त हो चुकी है।

**कमी प्री- मानसून बारिश में**

आमतौर पर अप्रैल, मई के महीने में प्री-मानसून बारिश और आंधी राहत देती हैं और मानसून की राह



**सामान्य से दो घंटे ज्यादा चमक रहा है सूर्य**

आसान करती है लेकिन बीते दो साल से प्री-मानसून बारिश की मात्रा कम होती देखी जा रही है। नया परिवर्तन यह भी कि इसमें विलंब होना देखा जा रहा है। इसने भी गर्मी को तेज बनाया हुआ है। हरित क्षेत्र के विस्तार जैसे विकल्प हैं लेकिन गंभीर नहीं हैं, हम और हमारा छत्तीसगढ़।

**पौधरोपण है समाधान**

मौजूदा तीव्र गर्मी की मुख्य वजह तेजी से घटती हरियाली और भूमि उपयोग में असंतुलित परिवर्तन है। समाधान के रूप में विकास कार्यों के साथ हरित क्षेत्र का समानांतर विस्तार जरूरी है। सूखा सहनशील, गहन छायादार एवं स्थानीय जलवायु अनुकूल वृक्ष प्रजातियों का बड़े पैमाने पर रोपण करना चाहिए। शहरी और औद्योगिक क्षेत्रों में च्ग्रीन बेल्टज्‍ विकसित कर तापमान वृद्धि को नियंत्रित किया जा सकता है। प्रत्येक विकास योजना में हरित संतुलन को अनिवार्य रूप से शामिल करना समय की मांग है। तभी हम भविष्य की अत्यधिक गर्मी और जल संकट से बचाव कर पाएंगे।

– **अजीत विलियम्स,** साइंटिस्ट (फॉरेस्ट्री), बीटीसी कॉलेज ऑफ़ एग्रीकल्चर एंड रिसर्च स्टेशन, बिलासपुर

**प्री-मानसून वर्षा में गिरावट से कृषि संकट गहराया**

प्री-मानसून बारिश की घटती मात्रा और समय में हो रही देरी कृषि क्षेत्र के लिए गंभीर चिंता का विषय है। इस परिवर्तन के कारण मिट्टी की नमी में असमानता बढ़ गई है, जिससे खरीफ फसलों की समय पर बुवाई प्रभावित हो रही है। इस अनिश्चितता से निपटने के लिए सूखा सहनशील फसल किस्मों को प्राथमिकता देनी चाहिए। खेतों में वर्षा जल संरक्षण तकनीकों को अपनाकर और गहरी जुताई जैसे उपायों से मिट्टी में नमी बनाए रखना जरूरी है। समय रहते मृदा स्वास्थ्य सुधार कार्यक्रम और स्थानीय मौसम आधारित कृषि योजनाओं को लागू करना ही भविष्य की जलवायु चुनौतियों का प्रभावी समाधान हो सकता है।

– **डॉ. एस.आर. पटेल,** रिटायर्ड साइंटिस्ट (एग्रोनॉमी), इंदिरा गांधी कृषि विवि, रायपुर

# नगर साहू समाज द्वारा संत माता कर्मा जयंती व सम्मान समारोह का आयोजन

**फिंगेश्वर,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर साहू संघ फिंगेश्वर एवं ग्रामीण साहू समाज लालपुर, फिंगेश्वर, दर्रीपार, गदहिडिही के तत्वाधान में नगर साहू समाज भवन में धूम-धाम एवं हर्षोल्लास के संत माता कर्मा जयंती एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि माननीय विधयक रोहित साहू जी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष श्री भुनेश्वर साहू जी ने किया। विधायक श्री रोहित साहू जी ने कहा कि अगर अपने बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करना है तो प्रत्येक व्यक्ति को प्रति वर्ष एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। आज गर्मी साल दर साल बढ़ती जा रही है, अगर समय रहते अपने पर्यावरण के प्रति जागरूक नहीं हुए तो आने वाले दिनों में विकट समस्या आने वाली है। रबी फसल में अधिकतर किसान धान की खेती करते है, जिसकी खेती के लिए पानी की आवश्यकता अधिक होती है। धान की खेती के लिए धरती माँ के सीने में छलनी कर कर के पानी को निकाल रहे है। भूमिगत पानी पीने के पानी का सर्वोत्तम साधन है इसे हम अंधाधुन उपयोग करेंगे तो वह दिन दूर नहीं जब हम पीने के पानी के लिए तरसते हुए नजर आएंगे। गरियाबंद जिला के फिंगेश्वर ब्लॉक जल स्तर के मामले में अति संवेदनसील की श्रेणी में है जो चिंतनीय विषय है। श्री साहू घोषणा किया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में 1 से 2 एकड़ सरकारी भूमि को चिन्हित कर वृक्षारोपन का सघन कार्यक्रम करवाने के लिए कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईवो को निर्देशित किये है। कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री भुनेश्वर साहू ने कहा कि हम साहू, पटेल, निषाद, सतनामी तो है लेकिन इससे पहले सभी हिन्दू है। जाती केवल हमारे पूर्वजों द्वारा रोटी बेटी की व्यवस्था के लिए बनाया गया व्यवस्था है। हम सभी को एक होकर देश के विकाश में योगदान देना है। और बेटी के विवाह में एक पेड़ जरूर लगाने की अपील किये है।स्वागत उद्बोधन नगर साहू समाज के अध्यक्ष उमाशंकर साहू जी ने किया साथ ही सामाजिक भवन निर्माण हेतु ग्रामीण साहू समाज फिंगेश्वर एवं नगर साहू समाज फिंगेश्वर के लिए 25 लाख रु का सर्वसुविधा युक्त भवन का मांग रखा जिसे विधायक जी ने अपनी सहृदयता दिखाते हुए समाज की मांग को पूरा करने का घोषणा भी किया जिसका सभी स्वजनों ने विधायक जी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सभी सामाजिक जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे जिस में प्रमुख रूप से नारायण साहू, लाला साहू, नंदनी ओंकार साहू, डॉ रामकुमार साहू , डॉ महेंद्र साहू , रामू राम साहू, राम जी साहू, हरिस साहू, डॉ दीलिप साहू, हेमंत साहू, गंगा राम साहू, मिंजुन साहू, राजू साहू, प्रवीण साहू, रूप सिंग साहू, उमाशंकर साहू, मंथिर साहू, भुवन साहू, कुंजबिहारी साहू, हिरामन साहू, चंद्रिका साहू, छगन साहू, नोस राम साहू, मुकेश साहू, जितेंद्र साहू, टिकेश साहू, बेद लाल साहू, सहित सभी सामाजिक जन उपस्थिति रहे।



**जल स्तर में कमी का कारण अंधाधुंध रबी फसल के लिए बोर खनन : विधायक रोहित साहू**

# हथंबद में छत्तीसगढ़ मिडिया एसोसिएशन का मासिक बैठक



**खरोरा,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। बलौदाबाजार जिला के सिमगा ब्लांक के ग्राम पंचायत हथबंद मे छत्तीसगढ़ मिडिया एसोसियेशन का समीक्षा मासिक बैठक दिन रविवार को ग्राम पंचायत भवन मे संपन्न हुआ । उक्त बैठक में विभिन्न निर्णय लिये गये । छत्तीसगढ़ मिडिया एसोसियेशन के मासिक बैठक में जनहित से संबंधित विषयों पर चर्चा किया गया। जिसमें समाचार प्रकाशन से लेकर निडर,व मुखर जनहित राष्ट्रहित लोकहित व पत्रकार के हित में विभिन्न पहलुओ व पत्रकारो पर हो रहे हमलो,दुर्वेहर, पर विशेष रुप से विचार विमर्श किया गया बैठक जिला के पदाधिकारी अजय नेताम जी के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ बैठक मे मुख्य रूप से जिला के मिडिया प्रभारी अजय नेताम,सिमगा ब्लॉक अध्यक्ष थानेश्वर साहू ,सिमगा ब्लाक संरक्षक रामेश्वर जांगड़े ब्लाक महासचिव तिल्दा से सौरभ यादव सिमगा ब्लॉक उपाध्यक्ष दिलीप वर्मा, सदस्य अरु वर्मा, एवंम पत्रकार साथी गण भी उपस्थित थे।

## शिविर में 799 आवेदकों का बना लर्निंग लायसेंस



**बलौदाबाजार,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। राज्य शासन द्वारा सुशासन तिहार 2025 के तहत आमजन द्वारा ड्रायविंग लायसेंस से संबंधित मांग के त्वरित निराकरण हेतु जिला परिवहन कार्यालय बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा 26 एवं 27 अप्रैल 2025 को परिवहन सुविधा केन्द्र के माध्यम से लर्निंग लायसेंस बनाने हेतु शिविर आयोजित किया गया था। शिविर में कुल 799 लोगों को लर्निंग लायसेंस जारी किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कसडोल विकासखण्ड के ग्राम पिपरछेड़ी एवं रिकोकला, विकासखण्ड पलारी में ग्राम सरसेनी, बलौदाबाजार विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कोरदा एवं ग्राम चितावर, भाटापारा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत देवरी एवं कोनी, सिमगा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बुचीपार एवं चण्डी, बिलाईगढ़ अंतर्गत गाताडीह एवं बलौदी में आयोजित किया गया।

## आतंकियों के कायराना हरकत का विरोध



**नगरी,** 28 अप्रैल। हिंदू जागरण मंच खंड नगरी सर्व समाज ने जम्मू-कश्मीर के पहलगांव में आतंकीयो द्वारा निर्दोष निहत्थे पर्यटकों के ऊपर हमला करना आतंकियों का कायरता पूर्ण हरकत बताया है, जिसका हिंदू जागरण मंच खंड नगरी और सर्व समाज कड़ी शब्दों में निन्दा किया है। आतंकी एक विशेष समुदाय को लक्ष्य कर सनातन संस्कृति को मिटाने का प्रयास कर रहा है लेकिन कभी भी वह सफल नहीं हो पाएगा भारत शांति चाहता है युद्ध नहीं उकसाने का प्रयास न करें भारत में सर्व धर्म के मानने वाले लोग रहते है जिसका भारत सम्मान करता है हिंदू जागरण मंच खंड नगरी ने दिवंगत आत्माओं को मोमबत्ती जला कर सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित किया। श्रद्धांजलि में सरपंच अमृत नाग, हिंदू जागरण मंच खंड नगरी संयोजक करण सेन, सह संयोजक शिवांश साहू, ग्राम संयोजक हरलाल नाग, सह संयोजक खेलन कश्यप,घुनेश्वर मंडावी, मोहित जैन, रुपनरायन कश्यप, चम्मच यादव, नेहरू बिसेन, बबलू साहू, रमेश कश्यप, चंद्र भान साहू, सौरभ साहू, अनिल नाग, हेमनाथ बोरझरिया, जीवन साहू,बोजू शेष,गीलवील,बबा समुद्र मौजूद रहे।

# नगरी में नरसंहार का खुलकर हुआ विरोध




**नगरी,** 28 अप्रैल। नगर की सड़के उस वक्त गूंजती रही जब नगर के सर्व समाज के द्वारा निर्दोष लोगों को चुन-चुन कर मारने वाले आतंकियों का विरोध जताया। नगर के सड़कों पर सोमवार को पाकिस्तान के खिलाफ लोगो का गुस्सा जमकर फुटा लोग पाकिस्तान मुर्दाबाद के साथ और कई नारे लगाए, पाकिस्तानी झंडे को पैरों से रौंदते रैली निकली, जिसमें बड़ी संख्या में लोग स्वमेव उपस्थित रहे। पाकिस्तान आतंकियों ने पहलगाम में निहत्थे निर्दोष लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी, जिससे पूरा देश आहत हुआ है। इसी तारतम्य में नगर के सड़कों पर सर्व समाज के लोगों ने भी रैली निकली और बजरंग चौक में मृतकों को मौन रहकर मोमबत्ती के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान पुलिस की चाकचौबंद व्यवस्था रही।

## आज शासकीय आईटीआई भटगांव में प्लेसमेंट कैम्प

**बिलाईगढ़,** 28 अप्रैल (देशबंधु)। राज्य शासन द्वारा विभिन्न ट्रेडों में आईटीआई उत्तीर्ण युवाओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर प्रदान किया गया है। सुजुकी मोटर गुजरात द्वारा 300 पदों पर नियुक्ति हेतु शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) भटगांव में 29 अप्रैल मंगलवार को सुबह 9.30 बजे प्लेसमेंट कैंप का इंटरव्यू आयोजित किया गया है। संस्था के प्राचार्य ने बताया कि इसमें 18 से 26 वर्ष के युवा साक्षात्कार में भाग ले सकेंगे। साथ ही इसमें 24 हजार 550 रुपए की मासिक वेतन एवम अन्य सुविधाएं कंपनी द्वारा दी जाएगी। इस संबंध में जानकारी के लिए मोबाईल नंबर 8770483564, 9770676439 पर संपर्क कर सकते हैं।

## नगर में ओलावृष्टि के सांथ ही झमाझम बारिश से मौसम सुहाना

**सिमगा,** 28 अप्रैल। आज दोपहर दो बजे के आसपास नगर का मौसम इस तरह बदला कि तेज आंधी, तूफान के सांथ ही 15, मिनट तक ओलावृष्टि तथा बड़ी बड़ी बूंदों के सांथ ही झमाझम बारिश से मौसम सुहाना हो गया ।चल रही लू के थपेडों के बीच इस भीषण गर्मी से लोगों को राहत महसूस हो रही है तथा आज दिन भर धूप छाँव की लिपाछुपी चलती रही । थोड़ी देर के लिए नगर में विघुत आपूर्ति भी बाधित हुई । वहीं कई पुराने वृक्ष गिरकर धराशाई हो गए एवं कई घरों के टीन वाले छप्पर भी हवा के चलते उड़ गए।



# शराब कोचिया को किया गया गिरफ्तार

**आरोपी से 20 लीटर हाथभट्ठी की कच्ची महुआ शराब किया गया जप्त**



**बिलाईगढ़,** 28 अप्रैल (देशबंधु)। पुलिस अधीक्षक अंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशन पर तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निमिषा पांडे अनुभागीय अधिकारी पुलिस विजय ठाकुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उप. निरीक्षक शिव कुमार धारी के नेतृत्व में आज दिनांक 28,04,25 को मुखबिर की सूचना पर ग्राम बिलाईगढ़ मे रेड कार्यवाही कर अवैध महुआ शराब, हाथ भठ्ठी का,बिक्री करने हेतु रखे रंगे हाथ पकड़ा गया। आरोपी अजय कुमार वासुदेव पिता परदेसी वासुदेव उम्र 32 वर्ष साकिन वार्ड नंबर 7 बिलाईगढ़ थाना बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के कब्जे से कुल 20 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 2000 ? को मुताबिक जब्ती पत्रक समक्ष गवाह के जप्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया, जिसे मा, न्यायालय द्वारा न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। प्रकरण की सम्पूर्ण कार्यवाही में स्‍ढ्ढ शिव कुमार धारी ।।ष्ट किशोर खटकर आरक्षक प्रत्येन बर्मन कमल कुर्रे म. आर. प्रीति खड़िया समस्त थाना स्टाफ विशेष योगदान रहा।

# जनपद अध्यक्ष उषा ने लगाया जनचौपाल



**पिथौरा,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। जनपद पंचायत अध्यक्ष उषा पुरुषोत्तम धृतलहरे ने शनिवार 26 अप्रैल को जनचौपाल लगा , भेंट-मुलाकात 5 ग्रामों में तिलांजनपुर, सावित्रीपुर, भोजपुरी, श्रीरामपुर,और बिजेमाल में आयोजित किया। जनपद अध्यक्ष उषा धृतलहरे व जनपद सदस्य पुरुषोत्तम धृतलहरे ने लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी और कई शिकायतों का तुरंत ही निराकरण किया व कुछ मांगे ग्रामवासियों की कुछ मांगो को जल्द ही पूरा करने को आश्वस्त दिया गया। इस जनचौपाल कार्यक्रम में जनपद पंचायत पिथौरा की अध्यक्ष उषा धृतलहरे , जनपद सदस्य पुरुषोत्तम धृतलहरे , बसना विधायक के निजी सचिव नरेंद्र बोरे पूर्व सरपंच सपोस बबीता बघेल , मंडल महामंत्री मनोज बारीक , झाडूराम परमार ,गोकुलानंद प्रधान , सावित्रीपुर सरपंच कमल बारीक बिजेमाल के सरपंच गुड्डु खान, आजूराम अनंत, राकेश पटेल, गणेश पटेल, सुशीला कुर्रे ,धनुर्जय बंजारे , बसंत कुर्रे, केतब बारीक, दिलीप प्रधान , दिलीप बारीक, नरेश पांडा, शंकरलाल पांडा, किरण पटेल, दीपक अनंत व पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, और ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# राजस्व पटवारी संघ जिला धमतरी का निर्वाचन संपन्न

**जी जामगांव** 29 अप्रैल (देशबन्धु)। राजस्व पटवारी संघ जिला धमतरी का निर्वाचन संपन्न हुआ । यह आयोजन डॉ भीमराव अंबेडकर मंगल भवन भखारा भथेली में रखा गया था। प्रारंभ में भारतमाता के तैलचित्र में माल्यार्पण किया गया ।आये आगंतुक कमलेश तिवारी,नरेंद्र पांडे,यसवंत देवांगन,लोकेश साहू,तुलेश राम कोमर्रा,गणेश राम दीवान, का स्वागत करते हुए धमतरी जिले के समस्त पदाधिकारी मंचस्थ हुए ।सम्मेलन में को सम्भोधित करते हुए प्रांतीय प्रवक्ता श्री वीरेन्द्र बैस जी ने सभी साथियो का अभिवादन करते हुए संघ की मजबूती ,एकता व अपनी कार्यकुशलता से राजस्व पटवारी संघ हमेशा धमतरी में अव्वल रहा है,रहेगा ।पायलट प्रोजेक्ट की शुरुवात धमतरी जिला से ही होता आया है ,जिसे तन मन धन से समय पर लक्ष्य को पाने में सफल हुए है इसके लिए चाहे साधन,संसाधन हमेशा से कमी रही है पटवारी कभी हिम्मत नही हारा है ।तत्पश्चात जिला पदाधिकारी के मनोनयन की प्रक्रिया में 3 उम्मीदवार जिला अध्यक्ष के लीये,वासुदेव भोई,प्रकाश साहू, योगेंद्र कलमकार ,तैयार हो गए,2 कोषाध्यक्ष विनोद पटेल,रजनी आनेश्वरी,एवम सचिव के लिए निर्विरोध विकास साहू जी रहे ।जिसमे श्री वासुदेव भोई जी जिला अध्यक्ष 60 मतों से विजयी रहे ।कोषाध्यक्ष के लिए श्री विनोद पटेल जी 81 मतों से विजयी हुए। श्री विकास साहू जी को जिलासचिव निर्विरोध चुने गए । निर्वाचन अधिकारियो के द्वारा नव निर्वाचित प्रतिनिधियों कोप्रमाण पत्र वितरण कीया गया ।सम्मान नव निर्वाचित अध्यक्ष ने पूर्व अध्यक्षश्री जीवराखन कस्यप को श्रीफल एवं मोमेंटो भेंट किया,अतिथियो को भी सम्मान पूर्वक श्री फल, मोमेंटो भेंट कर विदाई दिया गया। इस पल के साक्षी देवेंद्र साहू,बलदाऊ ठाकुर,हेमंत चंद्राकर,राजेश चंद्राकर,किशोर कश्यप,मोहर पटेल,पाल सिंह ध्रुव, भूपेंद्र ध्रुव, सुरेंद्र ध्रुव, रजनी आनेश्वरी एवम जिला के समस्त राजस्व पटवारी साथी उपस्थित थे।



## निधन

### नैतिक (इशू) सांखला



**नवापारा राजिम** 28 अप्रैल। नगर के वरिष्ठ उद्योगपति एवं जैन समाज के वरिष्ठ देवराज सांखला के सुपोत्र नैतिक (इशू) सुपुत्र - युवराज साखला उम्र 17 वर्ष का 27 अप्रेल रात्रि 12.35 बजे राजिम में निधन हो गया । उसकी अंतिम यात्रा संध्या 4 बजे निज निवास राधा कृष्णा मंदिर के सामने से निकाली गई। उनकी इस अंतिम यात्रा में नगर के गणमान्य नागरिक, सामाजिक एवं परिजन शामिल थे।

### चंपा बेन पटेल



**दुर्ग,** 28 अप्रैल। प्रतिष्ठित समाज सेवी चंपाबेन पटेल (गुजराती समाज दुर्ग) का निधन 28 अप्रैल को सुबह 6.30 बजे डेनवर (संयुक्त राष्ट्र अमेरिका) में हो गया है। वे 86 वर्ष उम्र की थीं और अपने छोटे पुत्र दिलीप भाई पटेल के डेनवर (यूएसए) के यहां थी। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई है। अपने पीछे दो पुत्र हितेश भाई पटेल, दिलीप भाई पटेल, चार पुत्री इंदु बेन, लता बेन, उर्मिला बेन कल्पना बेन सहित भरापूरा परिवार छोड़ गई है। उनके निधन पर गुजराती पाटीदार समाज ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

## प्रादेशिकी का शेष...

### प्लेसमेंट कैम्प का ...

आवश्यकता है। चयनित युवाओं को 12,500 रुपए मासिक वेतन प्रदान किया जाएगाए साथ ही बाइक के लिए 2500 और भोजन हेतु 1500 रुपए का अतिरिक्त भत्ता भी दिया जाएगा। भर्ती महासमुन्द जिले के लिए की जा रही है। इच्छुक एवं योग्य आवेदक निर्धारित तिथि को अपनी शैक्षणिक योग्यता प्रमाणपत्र की छायाप्रति के साथ उक्त स्थल पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठाएं।

### सरकारी कामों में अब नहीं होगी देरी ...

औद्योगिक लाइसेंस, माप-तौल प्रमाणन, टाउन प्लानिंग अनुमोदन और जल संसाधन से संबंधित अनुमतियां जैसी सेवाएं शामिल हैं। पहले इन सेवाओं में देरी के कारण व्यवसायियों और आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। अब तय समयसीमा के साथ यह सुनिश्चित होगा कि आवेदनों का निपटारा जल्द से जल्द हो।

### ओलावृष्टि से किसानों की फसल ...

बेमौसम बरसात और ओलावृष्टि से आम के फल भी बर्बाद हो गए। इस बार आम की बेहतर पैदावार की उम्मीद थी, फलों से आम के पेड़ लदे थे, लोगों को उम्मीद थी कि आम इस बार किसानों को समृद्ध बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। आम के पेड़ों पर लदे आम नष्ट हो गए लेकिन ओलावृष्टि के कारण सब कुछ नष्ट हो गया। एक झटके में सबकुछ समाप्त हो गया डॉ रश्मि चंद्राकर ने बताया कि किसान फसलों की देखभाल बच्चों की तरह करते थे लेकिन एक झटके में सबकुछ समाप्त हो गया। खेतों में जो भी लगा था सब नष्ट हो गया, कर्जा लेकर किसानों ने खेती बारी किये थे, लेकिन सब खत्म हो गया और अब कर्ज के बोझ से दब गए हैं मुआवजा राशि मिलनी चाहिए क्योंकि ये प्राकृतिक आपदा थी और किसानों को भारी नुकसान हुआ है। चार महीने की मेहनत के बाद अचानक हुई इस बारिश ने सब कुछ बर्बाद कर दिया है। प्रशासन ध्यान दे मुआवजे की प्रक्रिया के लिए किसानो को दफ्तरों के चक्कर लगाने न पड़े अधिकारी तत्काल मौके पर जाकर किसानों की खराब हुई फसल का मुआयना करें और नुकसान की रिपोर्ट बनाकर शीघ्र सरकार को भेजें, ताकि किसानों को मुआवजा जल्दी मिल सके।

## शास. पूमा शाला बोरसी में परीक्षा परिणाम घोषित किया गया



**राजिम,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बोरसी में 26 अप्रेल को कक्षा 6वी एवं 7वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया. कक्षा छठवीं परीक्षा परिणाम प्रथम उर्मिला साहू ,द्वितीय अलीसा निषाद ,तृतीय दुर्गा साहू एवं कक्षा सातवीं परीक्षा परिणाम प्रथम जाह्नवी देवांगन , द्वितीय हिना साहू ,तृतीय ईश्वरी साहू रहे ।. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत बोरसी श्रीमती सती अनुसूईया साहू अध्यक्ष गजेन्द्र साहू उपसरपंच विशेष अथिति डॉ लोकेश सिन्हा अध्यक्ष एमएस बोरसी, मिथलेश देवांगन एवं प्राचार्य श्रीमती एस पवार थी। इस अवसर पर मुख्य अथिति श्रीमती साहू ने बच्चों को सफलता के लिए शुभकामनायें दी तथा कमजोर बच्चों को अधिक मेहनत करने की सलाह दी. प्रधान पाठक ए आर साहू ने बच्चों की कम उपस्थिति पर चिंता जाहिर किया. उप सरपंच गजेंद्र साहू, डॉ लोकेश सिन्हा एवं श्रीमती एस पवार ने भी बच्चों को बधाई दी. परीक्षा परिणाम का वाचन ध डी के साहू आभार प्रदर्शन आर एन सिन्हा ने किया, कार्यक्रम का संचालन सुश्री व्ही देवानी ने किया।

## कौन्दकेरा के बच्चों द्वारा मनाया गया पृथ्वी दिवस

**राजिम,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर विकासखंड के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कौन्दकेरा के ओजोन इको क्लब बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा पृथ्वी दिवस एवं पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम मनाया गया इसके अंतर्गत प्राचार्य एमआर रात्रे ने विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामना देते हुए ग्लोबल वार्मिंग वृक्षों की कटाई एवं वृक्षारोपण के संदर्भ में गहन विचार विमर्श किये एवं बढ़ते गर्मी में लू से बचाव के उपाय बताएं वहीं शिक्षक दुष्यंत वर्मा ने पृथ्वी की संरचना ग्लोब व मानचित्र की जानकारी प्रदान किए इस अवसर पर कक्षा बारहवीं एवं स्काउट गाइड बच्चों ने ग्रीष्मकालीन अवकाश में पेड़ पौधों की देखरेख एवं संरक्षण की जिम्मेदारी ली ।पर्यावरण संरक्षण के अंतर्गत विद्यालय परिसर में दुष्यंत वर्मा ने पेड़ पौधों में बारकोड लगाकर पेड़ पौधों के विभिन्न औषधि गुणों एवं लाभ से अवगत कराया इस कार्यक्रम में शिक्षक दीनुराम यदु, के के सिन्हा ,एल आर साहू, छगनलाल साहू ,अंजू डेकर,मीनाक्षी शर्मा, स्मृति चंद्रवंशी रितेश पटेल, कृष्णा कंसारी भावना देवांगन धनेंद्र टंडन एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।



# हिन्दू संगठन ने पहलगाम में मृत लोगों को कैंडल जलाकर दी श्रद्धांजलि



**बागबाहरा,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। सर्व हिंदू समाज संगठन ने पहलगाम में हुए हमले में मृत लोगों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित कर आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। ताकि जम्मू कश्मीर में शांति का माहौल बना रहे। लोग वहां के खूबसूरती पर्यटन का लाभ ले सकें। बागबाहरा शहर भाजपा मंडल एवं सर्व हिंदू समाज संगठन के द्वारा झलप चौक में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें हमारे हिन्दू धर्म के निर्दोष पर्यटकों ने अपनी जान गवाई है। उन दिवंगत आत्माओं को भगवान अपने श्री चरणों में जगह दे। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में हिंदूओं के ऊपर नरसंहार में हुए आतंकी हमले की कड़ी निदा करते हुए आतंकियों के खिलाफ तत्काल कार्यवाही कर उसे कड़ी सजा मिलनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार से यही विनती गुजारिश करते हैं। जो भी आतंकी इस घटनाक्रम में सम्मिलित है। उसका खात्मा हो जाना चाहिए। क्योकि आतंकवादी कब कहाँ पर हमला कर दे उसका कोई ठिकाना नहीं। आतंकवादी संगठन का सफाया कर पुन: जम्मू कश्मीर के पहलगाम में शांति का माहौल बना रहे। ताकि पर्यटको को भारत का स्वर्ग जम्मू कश्मीर का जो सदियों से चला आ रहा है वह बरकार बना रहे।

# भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ में खोड़स राम कश्यप को बनाया गया जिलाध्यक्ष

## राज्य सरकार से एरियर सहित 5 प्रतिशत महंगाई राहत की मांग की



**बलौदाबाजार,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के प्रमुख अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बी के वर्मा, राष्ट्रीय मंत्री पूरनसिंह पटेल के उपस्थिति और छत्तीसगढ़ के प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव की अध्यक्षता में पेंशनर संगठन के बलौदाबाजार भाटापारा जिले में विस्तार और पेंशनरों समस्याओं के निदान को लेकर सर्किट हाउस बलौदाबाजार में 28 अप्रैल को पेंशनरों की बैठक संपन्न हुआ।

बैठक में कश्मीर के पहलगांव में हुए हमले की निंदा करते हुए उनके प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत पुण्यात्माओं को सद्गति एवं घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने की ईश्वर प्रार्थना किया गया। बैठक में शिक्षा विभाग बलौदा बाजार भाटापारा से सेवानिवृत प्रधान पाठक खोड़स राम कश्यप को भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश जिला बलौदाबाजार-भाटापारा का सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। बैठक में मुख्य अतिथि बी के वर्मा ने अपने संबोधन में बताया कि भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ राष्ट्रीय विचार धारा को लेकर पेंशनरों के हित में काम करने वाला आल इंडिया स्तर का एकमात्र संगठन है जो देश में 22 राज्यों में काम कर रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य में भी सक्रियता के साथ अग्रणी संगठन के रूप में अपनी पहचान बना चुकी है।

### कश्मीर में आतंकवादी घटना में मारे गए लोगों श्रद्धांजलि दी गई

उन्होंने बैठक में राज्य सरकार से पेंशनरों और परिवार पेंशनरों के लिए केन्द्र के समान केन्द्र के देय तिथि से एरियर सहित 5 प्रतिशत महंगाई राहत देने की मांग की।

बैठक में अपना विचार व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय मंत्री पूरन सिंह पटेल ने रिटायर और रिटायर होने वाले कर्मचारियों को पेंशन प्रकरण के निराकरण में घूसखोरी से बचने की सलाह देते हुए अपने अधिकारों के लिए सजग रहने आव्हान किया। बैठक में प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव ने पेंशनरों के महंगाई राहत रोके जाने पर सरकार के प्रति आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार मध्य प्रदेश राज्य पुर्नगठन अधिनियम 2000 की धारा 49 के नाम पर अन्याय कर रही है। विधानसभा चुनाव के दौरान मोदी की गारंटी के तहत केंद्र के देय तिथि से डीए डीआर देने की घोषणा को छत्तीसगढ़ सरकार झूठा साबित करने का काम कर रही है। इसके अलावा पेंशनरों की सारांशीकरण राशि की कटौती की अवधि कम करने, 65 वर्ष की आयु से अतिरिक्त पेंशन देने, दैनिक वेतनभोगी की संपूर्ण सेवाकाल को पेंशन गणना में शामिल करने, रेल यात्रा में छूट को पुन: बहाल करने, पेंशनरों को मृत्यु पर एग्रेसिया देने, पेंशन को आयकर से मुक्त करने, भारत भ्रमण की सुविधा देने, राज्य में बस यात्रा में छूट के आदेश का परिपालन करने, कैशलेश मेडिकल की सुविधा देने आदि विषयों पर विस्तार से जानकारी देकर इन पेंशनर हितैषी मांगों पर चर्चा की गई। बैठक में केंद्र सरकार द्वारा पेंशनरों को आठवें वेतनमान में लाभ देने के मामले में 25 मार्च को पारित वित्त विधेयक पेंशन नियम में संशोधन प्रस्ताव का विरोध करने का निर्णय लिया गया।

इस संगठनात्मक प्रवास पर बलौदाबाजार-भाटापारा जिले की बैठक में प्रदेश महामंत्री अनिल गोल्हानी, प्रदेश संगठन मंत्री टी पी सिंह, सेवानिवृत दैनिक वेतन भोगी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक अनिल पाठक, संभागीय अध्यक्ष आर के श्रीवास्तव आदि ने भी विचार व्यक्त किया और पेंशनरों की समस्याओ का समाधान किया। बैठक में टेसुलाल धुरंधर, एस एम पाध्ये, डॉ जयनारायण केसरवानी, आर एन वर्मा, सुरेन्द्र कुमार वर्मा, रामायण प्रसाद पटेल, राजेश्वर प्रसाद सेन, वेदराम वर्मा, नारायण लाल चंद्राकर, टी सी वर्मा, गंगा प्रसाद यदु, सोनचंद वर्मा, तारण सिंह ठाकुर, रामेश्वर प्रसाद साहू, जे आर ध्रुव, मुन्ना लाल वर्मा, घनश्याम पटेल, जामवंत वर्मा, ज्ञानसिंह चंदेल, चोवा राम साहु आदि ने भी विचार व्यक्त किया। बैठक का संयोजन, संचालन और आभार प्रदर्शन नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष खोड़स राम कश्यप द्वारा किया गया। बैठक उपरांत अनेक लोग भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ की आजीवन सदस्यता ग्रहण किया।

# आज पृथ्वी दिवस पर धूप-छांव का मनुष्य के जीवन में बड़ा महत्व : किशोर देवांगन



**नवापारा राजिम,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। आज पृथ्वी दिवस है इस पृथ्वीदवस पर धूप-छाँव का खेल मनुष्य के जीवन में अनवरत चलता रहता है। कभी वह छाया का आनन्द लेता है, तो कभी वह पृथ्वी के तपते धूप में परेशान होता है। छाया में जब मनुष्य बैठता है, तब उसकी थकान दूर होती है। उसे ठण्डक का अहसास होता है और आए हुए पसीने से छुटकारा मिलता है। यदि वह किसी वृक्ष की छाया में बैठता है, तो शीतलता के साथ-साथ मीठे फल भी मिलते हैं। वहाँ बैठे पक्षियों का मधुर गान सुनने को मिलता है। कुत्ते बातें भाजपा नेता किशोर देवांगन में आज पृथ्वी दिवस के अवसर पर एक चर्चा के दौरान व्यक्ति की ।

उन्होंने पृथ्वी दिवस के अवसर पर मनुष्य के जीवन में धूप छांव से मनुष्य के शरीर में बढ़ाने वाले प्रभाव से अवगत कराते हुए बताया कि धूप के वीआईपी रीत मनुष्य जब पृथ्वी पर चलता है, तब उसे थकावट महसूस होती है। गर्मी लगती है और पसीना भी आता है। कई लोगों का चेहरा धूप में चलने से लाल हो जाता है। इस तरह मनुष्य को बहुत कष्ट होता है। वह इधर-उधर छाया की तलाश करने लगता है, ताकि उसे राहत मिल सके। मनुष्य को सूर्य की गर्मी में कष्ट का अनुभव होता है, पर उससे होने वाले लाभ उसे दिखाई नहीं देते।

श्रीदेवांगन ने आगे कहा कि सूर्य के प्रकाश से रात्रि के अन्धकार का नाश हो जाता है और सारी पृथ्वी जगमगा उठती है। मनुष्य के स्वास्थ्य के लिए भी धूप की बहुत आवश्यक होती है। प्रात: कालीन धूप में नंगे पाँव चलने से मनुष्य का शरीर नीरोग रहता है। इससे आँखों की रोशनी बढ़ती है। धूप में बैठने से विटामिन डी की कमी दूर होती है।छाया यदि मनुष्य को सुख देती है, तो सूर्य की गर्मी भी उसके लिए आवश्यक होती है। वास्तव में जीवन में छाया यानी सुख-समृद्धि आने पर मनुष्य बहुत प्रसन्न होता है, बल्लियों उछलता है। उस समय उसके पाँव धरती पर नहीं पड़ते। मानो वह किसी और ही ग्रह का प्राणी बन गया हो। तब वह अपने बराबर किसी दूसरे को नहीं समझता। वह हर किसी को देख लेने की हिमाकत करने लगता है। वह स्वयं को ईश्वर से भी महान समझने की भूल कर बैठता है। इसके विपरीत धूप का सामना होने पर मनुष्य परेशान हो जाता है। इन्सानी प्रकृति है कि तब वह भगवान को कोसता है, उसे लानत-मलानत करता है। वह दुख सहन करने के लिए कतई तैयार नहीं होता। उस समय मनुष्य को स्मरण रखना चाहिए कि इन दुखों और परेशानियों को भोगने के अतिरिक्त उसके पास और कोई चारा नहीं है। ये सब उसकी अपनी बोई हुई फसल है, जिसे वह काट रहा है।

मनुष्य यदि इस धूप-छाँव के खेल को समझ जाए, तो उसे न कोई परेशानी होगी और न ही कोई कष्ट होगा। वह हर स्थिति में इस द्वन्द्व को सहन करने की क्षमता धारण कर लेता है। फिर उसे इन विपरीत अवस्थाओं में स्थितप्रज्ञ बनने से कोई नहीं रोक सकता। मनुष्य को सदा ही यह स्मरण रखना चाहिए कि जैसे कर्म वह अपने पूर्व जन्मों में करके आता है, उन्हीं की फसल को वह इस जन्म में काटता है। इसके लिए किसी को भी दोष देना व्यर्थ होता है।

# छड़ीया के सरपंच द्वारा सुख और दुख मे किया जाता है आर्थिक मदद

**रोहांसी/बलौदाबाजार,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। पलारी के ग्राम पंचायत छड़ीया के नवनिर्वाचित सरपंच प्रिया मोहन बंजारे द्वारा अनोखी पहल की गई है जिससे ग्रामवासी भुरी भुरी प्रशंसा कर रहे हैं। दरअसल गांव मे लड़का हो या लड़की की शादी उनके सहयोग राशि प्रदान कर आर्थिक सहायता दी जाती है। सरपंच प्रतिनिधि मोहन बंजारे द्वारा जरूरतमंद परिवार से व्यक्तिगत मिलकर चाहे किसी भी समुदाय का हो सहयोग राशि देते हैं। जिसमे लड़के के शादी मे 2 हजार, लड़की की शादी में 3 हजार रुपये अपने ओर प्रदान करते हैं। इसके अलावा दुख के घड़ी मे भी 5 हजार रुपये की आर्थिक मदद करते हैं। सरपंच प्रिया मोहन बंजारे ने कहा कि इंसान होने के नाते लोगो को सुख दुख खड़ा मे खड़ा होना चाहिए इससे अपनापन का एहसास होता है तथा यही यही सच्ची मानवता है।



# नवनियुक्त कलेक्टर बी.एस. ऊइके ने कुलेश्वर महादेव मंदिर में की पूजा-अर्चना



**राजिम,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले का कार्यभार संभालने के बाद बीएस उईके ने रविवार को राजिम स्थित त्रिवेणी संगम के प्रसिद्ध कुलेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ की पूजन-अभिषेक गरियाबंद कलेक्टर बीएम ऊइके ने विधिवत पूजा कर जिलेवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

पूजन कार्यक्रम के दौरान जिले के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे। नए कलेक्टर ने मंदिर परिसर में भगवान कुलेश्वर महादेव का जलाभिषेक कर अपने कर्तव्यों के सफल निर्वहन और जिले की उन्नति के लिए आशीर्वाद मांगा।

इस अवसर पर मंदिर समिति और स्थानीय श्रद्धालुओं ने कलेक्टर का स्वागत किया और उनके कार्यकाल में जिले के विकास की अपेक्षा जताई। कलेक्टर ऊइके ने भी सभी से सहयोग और समर्थन का आग्रह करते हुए जिले के समग्र विकास के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया।

# नपाध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने सुनी ऑटो संघ की समस्या



**भाटापारा,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। आज नगर पालिका परिषद भाटापारा के अध्यक्ष श्री अश्विनी शर्मा जी ने नयागंज वार्ड की महिलाओं एवं ऑटो संघ के साथियों से भेंट कर उनकी विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को सुना।

बैठक के दौरान नागरिकों ने अपने वार्ड की मूलभूत सुविधाओं, ऑटो स्टैंड की व्यवस्था, यातायात संचालन, जल निकासी, स्वच्छता और सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी समस्याओं को विस्तार से प्रस्तुत किया।

अध्यक्ष श्री अश्विनी शर्मा जी ने सभी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक संज्ञान में लेते हुए उपस्थित नागरिकों को शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि नगरवासियों की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण नगर पालिका परिषद की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया जाएगा ताकि क्षेत्र में त्वरित सुधार कार्य प्रारंभ हो सके। बैठक में महिलाओं ने विशेष रूप से सफाई व्यवस्था, जल आपूर्ति और सार्वजनिक शौचालय की मांग उठाई, वहीं ऑटो संघ के प्रतिनिधियों ने पार्किंग स्थल के समुचित प्रबंधन एवं ऑटो चालकों के हित संरक्षण हेतु आवश्यक सुझाव दिए।

श्री शर्मा जी ने कहा कि नगर की प्रगति में हर नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण है और सभी के सहयोग से भाटापारा को एक आदर्श नगर बनाने के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेंगे।

# गुलाब गार्डन में बिना अनुमति हरे-भरे पेड़ों की कटाई, लकड़ी भी गायब हो गए





**नयापारा राजिम,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। पेड़ धरती के श्रृंगार होते हैं । मानव जीवन पेड़ों पर निर्भर है।इन भरे पेड़ों पर जब आरी चलती है तो ऐसा लगता है कि हमारे सीने पर आरी चल रही है। आपको बता दें कि रायपुर रोड स्थित नवापारा नगर के सबसे बड़े गुलाब गार्डन में बिना किसी अनुमति के हरे-भरे पेड़ों की कटाई का मामला सामने आया है। इस भीषण गर्मी में पेड़ काटे जाने से नागरिकों में आक्रोश है।स्थानीय नागरिक दिलीप पंजवानी ने जब इस पर सवाल किया तो नगरपालिका के एक कर्मचारी ने जवाब दिया कि लकड़ी तो होली जलाने वालों ने ले ली। जबकि होली का पर्व दो महीने पहले ही बीत चुका है, जिससे जवाब पर संदेह बढ़ गया है।वहीं नेता प्रतिपक्ष संध्या राव ने भी सवाल उठाते हुए कहा कि अगर सुधार कार्य करना था तो पहले सूखी डालियों को हटाया जाना चाहिए था, न कि हरे-भरे पेड़ों को काटा जाए। संध्या राव ने बिना उच्चाधिकारियों की अनुमति के इस कार्य को गलत बताया।

सूत्रों के अनुसार, गार्डन से काटी गई लकड़ी को बिना किसी वैध प्रक्रिया के बाहर कर दिया गया। अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि लकड़ी कहां गई और किसके द्वारा ले जाई गई। नगरवासियों ने मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफसख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसे मामलों पर रोक लगाई जा सके।

# लक्ष्मीनारायण का सराहनीय प्रयास



**भाटापारा,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। आज दिनांक 28 5 2025 दिन सोमवार को भाटापारा नगर की श्री वृंदावन कॉलोनी परिसर में कॉलोनी के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण सोनी के द्वारा एक विशेष पहल की गई जिसमें कॉलोनी के सभी 102 मकानों में निशुल्क आ्श ठंडा पानी प्रतिदिन दिया जाएगा, इसका उद्घाटन हमारे मुख्यअतिथि नगर पालिका अधिकारी श्री जफर खान जी, कॉलोनी के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण सोनी के साथ ही कॉलोनी परिवार के वरिष्ठ सदस्य अजय ठाकुर, यशवंत अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, अजय गुप्ता, विकास हरबंस, संतोष शर्मा, भास्कर वैष्णव, रवि भक्त, हरीश राजपाल, राहुल गोस्वामी, दिलीप दिलीप वर्मा कॉलोनी परिवार की महिलाएं एवं अन्य कॉलोनी कॉलोनी परिवार उपस्थित थे

# डूमरपाली में हाट बाजार का शुभारम्भ कर जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम ठाकुर हुए सम्मानित



**बागबाहरा,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। आदिवासी ध्रुव गोंड समाज फिंगेश्वर राज के पदाधिकारियों ने जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम ठाकुर को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। वहीं अपने क्षेत्र के ग्राम डूमरपाली (आमाकोनी) में नए हाट बाजार का शुभारम्भ कर गांव को विकास की ओर ले जाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। जिससे ग्रामवासियों में खुशी की लहर है। क्षेत्रीय भ्रमण कार्यक्रम के दौरान खल्लारी भाजपा मंडल के ग्राम पंचायत डुमरपाली (आमाकोनी) में 'हॉट बाजार' के शुभारम्भ कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने के लिए ग्रामवासियों ने जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर को आमंत्रित किया था। जिसमें उपस्थित होकर उक्त कार्यक्रम में शामिल हुए। तथा सर्वप्रथम इष्टदेव की पूजा वंदना के पश्चात सभा को संबोधित कर हॉट बाजार उदघाटन कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री ठाकुर ने हाट बाजार में आगंतुक दुकानदारों का स्वागत अभिनंदन कर स्वयं सब्जियां खरीद कर उदघाटन कार्यक्रम को संपन्न किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत डुमरपाली (आमाकोनी) की सरपंच श्रीमती खिलेश्वरी दीवान, सरपंच प्रतिनिधि लोमस दीवान ,अध्यक्ष भाजपा खल्लारी मंडल महिला प्रभाग श्रीमती कल्पना सिन्हा ,अजय ध्रुव, उपाध्यक्ष जनजाति मोर्चा बागबाहरा ग्रामीण मंडल, ओमप्रकाश ध्रुव, सामाजिक कार्यकर्ता सहित पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित होकर हॉट बाजार उदघाटन कार्यक्रम में शामिल हुए। इसी तरह आदिवासी ध्रुव गोंड समाज फिंगेश्वर राज 84 की वार्षिक महासभा का आयोजन कोसमखूँटा (जामगांव) में आयोजित किया गया था। जिसमें तृतीय सत्र के बैठक में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर ने अपनी उपस्थित प्रदान कर सम्मिलित हुए। तथा उपस्थित समाजजनों को संबोधित करते हुए समाज जनों का आतिथ्य के लिए अपना आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित किया। फिंगेश्वर राज के समाज प्रमुखजनों ने स्मृति चिन्ह भेंट कर श्री ठाकुर का मंच में सम्मान किया गया। इस अवसर पर अजय ध्रुव, ओमप्रकाश ध्रुव एवं ध्रुव गोंड समाज फिंगेश्वर राज - 84 के समस्त सर्कल अध्यक्ष सहित अधिक संख्या में समाज के कुटुम्बजन /मातृ शक्ति /युवा एवं युवती शक्तियां

# सनातनी धर्म सेना ने पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में निकाली मशाल यात्रा



**भाटापारा,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। पहलगाम में हुए आतंकी हमले और सैलानियों की निर्माण हत्या के विरोध में सनातनी धर्म सेना भाटापारा के द्वारा विशाल मशाल यात्रा निकाली गई। मशाल यात्रा बस स्टैंड से आरंभ हो कर नगर भ्रमण कर भारत माता चौक पहुँची ।यात्रा के दौरान युवा भारत माता की जय पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते रहे। विदित हो कि पहलगाम आतंकी हमले में 26 लोगों की जान गई थी, जिनमें से अधिकांश पर्यटक थे और भारत के अलग-अलग राज्यों से जम्मू-कश्मीर घूमने पहुंचे थे.

बताया जा रहा है कि आतंकवादी बैसरन घाटी के घास के मैदान में आए थे, जिसे मैगी पॉइंट या मिनी स्विटजरलैंड के नाम से जाना जाता है. वे बॉडी कैमरा और एके-47 राइफलों से लैस थे. आतंकवादियों ने पर्यटकों से नाम पूछे और हिंदुओं को निशाना बनाया। आतंकवादियों ने करीब 15 मिनट तक फायरिंग की और निर्दोष लोगों का कत्लेआम किया।

मशाल यात्रा में पहुँचे अश्वनी शर्मा ने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर में गहरी पीड़ा व्यक्त करता हु, पीड़ित परिवारों के प्रति हर भारतीय के मन में गहरी संवेदना है.आगे कहा कि हमलावरों को कठोरतम जवाब दिया जाएगा और पीड़ितों को न्याय मिलकर रहेगा ।यात्रा में शामिल हुवे

कार्यक्रम में मातृशक्ति के रूप में नीरा साहू, आयशा खान, बड़ी तदात में नगरवासी एवं सनातनी धर्म सेना के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# ग्रामीण क्षेत्र में आज भी पुरानी परंपरा से किया जा रहा कृषि कार्य



**भरूवाडीह/बलौदाबाजार,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। अंचल के किसान खरीफफसल की तैयारी में जुट गये हैं। आज आधुनिक युग में अनेकों प्रकार के मशीनरी एवं रासायनिक खादों के उपयोगिता के बावजुद भी मिट्टी को ऊर्वरा बनाने खेतों में पुरानी पद्धति से भाठागांव, कोकड़ी, रिसदा, पुरान, ठेलकी, खम्हरिया, चांपा, सैहा, बेल्हा, गितकेरा, औंरासी, चुचरूंगपुर, सरसेनी, गुमा, पौंसरी, भरूवाडीह, ढ़ाबाडीह, खैरवारडीह, ढनढनी, सरकीपार, पीपराही, सेम्हराडीह, चँडी, खपराडडीह, रवेली सहित रावन के किसान बैलगाड़ी में घुरूवा से गोबर के जैविक खाद का उपयोग आज भी कर रहे है। स्थानीय रावन के किसान कालिका वर्मा ने बताया कि तीन एकड़ में खाद डाल चुके हैं। पारम्परिक तरीके बैल गाड़ी और फावड़ा से खाद डालते हुए, मेहनत से पसीने और मिट्टी के अनोखे संगम के महक से आहें भर के मन हर्षित होकर रोमांचित हो उठता है और माँ धरती के प्रति कृतज्ञता प्रकट करता है।

# भारत माता सेवा ट्रस्ट के तत्वाधान में 2 मई को कोटना, सकोरा वितरण एवं सम्मान समारोह

**बलौदाबाजार,** 28 अप्रैल (देशबन्धु)। भारत माता सेवा ट्रस्ट के तत्वाधान में दक्षित परगनिहा जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर गौ रक्षा एवं पशु संरक्षण जागरूकता हेतु ''कोटना, सकोरा वितरण'' एवं सम्मान समारोह का आयोजन 2 मई को शाम 4 बजे से दशहरा मैदान बलौदाबाजार स्थित यज्ञ स्थल में किया गया है।

उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन उपस्थिति रहेंगे। अध्यक्षता भारत सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष टेसूलाल धुरंधर करेंगे। अति विशिष्ठ अतिथि के रूप में श्रीमती वंदना तिवारी राज्य मुख्यालय आयुक्त गाईड, डा. प्रकाशानंद महाराज संचालक ज्योतिर्गमय आश्रम बलौदाबाजार, पुहुप राम यदु अध्यक्ष छ.ग. ठेठवार यादव महासभा भाटापारा एवं सेवानिवृत्त सीईओ उपस्थित रहेंगे। उक्त कार्यक्रम में नगरवासियों को अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील आयोजन समिति द्वारा की गई है।

आयोजन समिति में डा. राधेश्याम पटेल, धीरज बाजपेयी, मनहरण लाल साहू, राज कुमार बंजारे, नीरज परगनिहा, कुमारी इन्दू जांगडे, यशवर्धन मोनू वर्मा, मोनिका परगनिहा, डमरूधर वर्मा, बंशीलाल वर्मा शामिल है।